पौष शुक्ल पक्ष द्वादशी 7:52 उपरांत त्रयोदशी विक्रम संवत 2080
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
लखनऊ, सोमवार, 22 जनवरी 2024
वर्ष 33, अंक 352, पृष्ठ 24+24+20
मूल्य 5 रुपये
2 राज्य, 6 संस्करण
www.amritvichar.com

# अमृत विचार

एक सम्पूर्ण अखबार



अमेरिका में लगा 300 फुट ऊंचा राम मंदिर का भव्य बिलबोर्ड 22






# ॥ पुर सोभा कछु बरनि न जाई ॥

**पुण्य सलिला सरयू तीरे बसी मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की जन्मस्थली अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर के निर्माण के साथ ही विकास का उज्ज्वल अध्याय जुड़ रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रयासों एवं सतत अनुश्रवण से अयोध्या अपने त्रेतायुगीन वैभव को प्राप्त करने की ओर अग्रसर है। सप्तपुरियों में श्रेष्ठ इस नगरी को इस तरह सजाया, संवारा जा रहा है कि उसमें आध्यात्मिकता के साथ आधुनिकता भी झलके। वर्ल्ड क्लास हवाई यात्रा, बेहतर सड़कें, तेज रफ्तार वाली रेलगाड़ियां, हर वर्ग के लोगों के ठहरने के लिए धर्मशालाएं और होटल, स्वच्छता और सुरम्यता, हर प्रकार की सुविधाओं से लैस अयोध्या श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों के लिए भी सुगम बन गई है।**

## महर्षि वाल्मीकि अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट से जुड़ी देश-दुनिया

अवधपुरी में लगभग 1,463 करोड़ रुपये से तैयार महर्षि वाल्मीकि अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा संचालित हो चुका है। अब देश ही नहीं, बल्कि विदेश से भी राम भक्त वायु मार्ग से अयोध्या पहुंचने लगे हैं। महर्षि वाल्मीकि अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे ने अवधपुरी को वैश्विक पटल पर स्थापित कर दिया है। प्रथम चरण के अंतर्गत टर्मिनल बिल्डिंग के निर्माण सहित रनवे का उच्चीकरण किया गया है। रनवे की लंबाई 2200 मीटर व चौड़ाई 45 मीटर है। दूसरे चरण में रनवे 3700 मीटर का हो जाएगा। यहां पर एक साथ 8 एयरक्राफ्ट पार्किंग की सुविधा उपलब्ध है। टर्मिनल बिल्डिंग में 500 यात्रियों के आवागमन की क्षमता है। 200 वाहन पार्किंग (150 कार एवं 50 बड़े वाहन) की सुविधा भी है। इसके अलावा दो एप्रेन बनकर तैयार हो चुके हैं।

**1463**
करोड़ रुपये की लागत

**2200**
मीटर रनवे की लंबाई

**500**
यात्रियों की आवागमन क्षमता





## अयोध्या धाम जंक्शन

अयोध्या के विकास में 30 दिसम्बर 23 की तिथि ने नया अध्याय जोड़ दिया। । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस दिन रामनगरी से विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। लोकार्पित योजनाओं में अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन प्रमुख है। पूरा रेलवे स्टेशन वातानुकूलित है। ₹241 करोड़ की लागत से बने व 10,650 वर्ग मीटर में फैले इस रेलवे स्टेशन की मौजूदा क्षमता 50 हजार यात्रियों की है, जिसे बढ़ाकर एक लाख यात्री तक किया जायेगा। खूबसूरत भवन, पार्किंग, कर्मचारियों के लिए आवास, रेलवे पुलिस के लिए कार्यालय, तीन नए प्लेटफार्म, स्टेशन तक बेहतर सड़कों, ड्रेनेज सहित अन्य काम तीव्र गति से हुए। यहां बुजुर्गों और दिव्यांगों की सुविधा के लिए लिफ्ट व एस्केलेटर, वाशरूम, पेयजल बूथ, फूड प्लाजा समेत अन्य सुविधाएं विकसित हो चुकी हैं। दिव्यांगों के लिए रैंप की व्यवस्था की गयी है। यहां क्लॉक रूम, पर्यटक सूचना केंद्र, यात्रा डेस्क, शिशु देखभाल कक्ष के अलावा बड़ा कानकोर्स क्षेत्र, वीआईपी लाउंज आदि सुविधाएं भी हैं।

## सोलर स्ट्रीट लाइट्स

सूर्यवंश की गौरवशाली राजधानी अब सूर्य की ही आभा से नव्य-भव्य स्वरूप प्राप्त करने के साथ वैश्विक कीर्तिमान स्थापित करने की दिशा में भी तेजी से आगे बढ़ रही है। अयोध्या में लक्ष्मण घाट से लेकर गुप्तार घाट होते हुए निर्मली कुंड तक (10.2 किमी) 470 सोलर स्ट्रीट लाइट्स से मार्ग जगमगाएगा। परियोजना के अंतर्गत लक्ष्मण घाट से गुप्तार घाट तक 310 सोलर लाइट्स स्थापित की जा चुकी हैं, जबकि गुप्तारघाट से लेकर निर्मली कुंड तक 1.85 किमी के क्षेत्र में 160 सोलर पावर्ड स्ट्रीट लाइट्स का कार्य गतिमान है। यह सभी लाइट्स एलईडी आधारित हैं, जो 4.4 वाट पावर की होने के साथ ही स्मार्ट टेक्नोलॉजी से युक्त है।

## बेहतरीन मल्टीलेवल पार्किंग



अयोध्या में कलेक्ट्रेट के निकट राज्य स्मार्ट सिटी योजनांतर्गत 3708.49 लाख रुपये से मल्टीलेवल पार्किंग का निर्माण कराया गया है। नवनिर्मित लक्ष्मण कुंज स्मार्ट व्हीकल मल्टी स्टोरी पार्किंग में 282 चार पहिया तथा 309 दो पहिया वाहन खड़े हो सकेंगे। पार्किंग के साथ ही बिल्डिंग के सामने 1500 से अधिक दो पहिया वाहनों के पार्किंग की सुविधा उपलब्ध होगी। अब तक टेढ़ीबाजार पूर्वी, टेढ़ीबाजार पश्चिमी, कौशलेश कुंज व अमानीगंज में मल्टीलेबल पार्किंग बन चुकी है।

## बेहतर सड़कों से सुगम आवागमन

देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों एवं श्रद्धालुओं के लिए डबल इंजन की सरकार ने शानदार कनेक्टिविटी प्रदान की है। अयोध्या के रास्ते चौड़े हो चुके हैं। यहां सड़क नेटवर्क का ऐसा विस्तार हुआ है कि अयोध्या नगरी अलग रंग-रूप में दिखाई देने लगी है। भव्य श्रीराम मंदिर तक अलग-अलग स्थानों से सीधी रोड कनेक्टिविटी का विस्तार किया जा रहा है। इससे आवागमन बेहतर और सुगम हो गया है।

### पूर्वांचल एक्सप्रेसवे

पूर्वांचल एक्सप्रेसवे से अयोध्या तक पहुंचने की राह आसान हुई है। लखनऊ से गाजीपुर तक 340 किलोमीटर लंबा यह एक्सप्रेसवे बाराबंकी, अमेठी, सुलतानपुर, अयोध्या, अंबेडकरनगर, आजमगढ़, मऊ व गाजीपुर जनपद से होकर गुजरता है।

### गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे

पूर्वांचल एक्सप्रेसवे 91 किमी लंबे गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे से जुड़ेगा। यह लिंक एक्सप्रेसवे गोरखपुर बाई पास (राष्ट्रीय राजमार्ग-27) पर जैतपुर ग्राम से प्रारंभ हुआ है। इससे गोरखपुर, आजमगढ़, अंबेडकरनगर, संत कबीर नगर जनपदों से अयोध्या की कनेक्टिविटी आसान हो जायेगी। इसके साथ ही लखनऊ से गोरखपुर मार्ग को 6 लेन किया जा रहा है, जो अयोध्या का सफर सुगम बनायेगा।

## आधुनिक टेंट सिटी



पीएम मोदी के विजन और सीएम योगी के प्रयासों के फलस्वरूप अयोध्या में कई प्रकार की सुविधाओं का विकास हो रहा है। इन्हीं में से एक है यहां की आधुनिक टेंट सिटी, जिसे अयोध्या विकास प्राधिकरण (एडीए) द्वारा डेवलप किया गया है। यह टेंट सिटी डबल ऑक्यूपेंसी वाली लग्जरी व सेमी लग्जरी कैटेगरी सुइट बेस्ड है। यहां ठहरने वाले श्रद्धालुओं को प्रकृति की छांव में पौराणिक व आधुनिक अयोध्या के समावेश की अनुभूति होगी। वुडन डेक बेस्ड इन टेंट्स में रहने वाले लोगों को शानदार इंटीरियर्स के साथ आराम कुर्सी, सोफे, डाइनिंग लाउंज, पर्सनल वाल्ट, रूम हीटर, एसी व हाई स्पीड इंटरनेट समेत तमाम सहूलियतें मिलेंगी। यहां बोनफायर, कल्चरल इवेंट्स के लिए ओपन एयर थिएटर और सोविनियर शॉप की भी सहूलियतमिलेगी।

## श्रद्धा पथ

### राम पथ (सहादतगंज से नया घाट मार्ग तक)

कुल लंबाई : 12.94 किमी. | विशेषता : 4 लेन | लागत : ₹845 करोड़



अयोध्या में पूर्व में जहां तुलसी उद्यान था, आज वहां पर राम पथ विकसित हो चुका है। नया घाट मार्ग से सहादत गंज के लगभग 13 किलोमीटर के रास्ते को चार लेन चौड़ा किया गया है। पहले यह सड़क महज दो लेन की थी। मार्ग में पड़ने वाले भवनों, प्रतिष्ठानों व दुकानों को एक रंग में रंगा गया है।

### धर्म पथ (साकेत धाम पेट्रोल पम्प से लता मंगेशकर चौक तक)

कुल लंबाई : 2 किमी. | विशेषता : 4 लेन | लागत : ₹65.40 करोड़



इस मार्ग का 4 लेन चौड़ीकरण करने के साथ ही यहां भव्य द्वार का निर्माण भी किया गया है। साथ ही इसका सौंदर्यीकरण करके व्यापक रूप से इसे विकसित किया गया है। इस मार्ग पर सीएनजी आधारित सार्वजनिक परिवहन की सुविधा दी गयी है। ईवी परिवहन को भी प्रोत्साहन दिया जा रहा है।

### भक्ति पथ (अयोध्या मुख्य मार्ग से हनुमान गढ़ी होते हुए श्रीराम जन्मभूमि मंदिर मार्ग तक)

कुल लंबाई : 0.742 किमी. | विशेषता : 4 लेन | लागत : ₹68.04 करोड़



इस मार्ग को अतिक्रमण मुक्त बनाकर 4 लेन रोड में परिवर्तित किया गया है। टेराकोटा कलाकृतियों और भित्ति चित्रों की योजनाबद्ध डिजाइन, विरासत को संरक्षित करते हुए अयोध्या की जीवंतता को दर्शाती है। यहां पर फसाड लाइटिंग भी की जा रही है।

### श्रीराम जन्मभूमि पथ (सुग्रीव किला से श्रीराम जन्मभूमि मंदिर मार्ग तक)

कुल लंबाई : 0.566 किमी. | विशेषता : 2 लेन | लागत : ₹41.02 करोड़



इस मार्ग को डबल लेन बनाने के साथ ही यहां सीसीटीवी के जरिये स्मार्ट सर्विलांस की व्यवस्था भी शुरू हो गई है। ये हाई स्पीड इंटरनेट एक्सेस जोन भी है और यहां 5जी के साथ ही फ्री वाई-फाई की सुविधा भी उपलब्ध होगी।

पौष शुक्ल पक्ष द्वादशी 7:52 उपरांत त्रयोदशी विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

लखनऊ, सोमवार, 22 जनवरी 2024

वर्ष 33, अंक 352, पृष्ठ 24+24+20

मूल्य 5 रुपये

2 राज्य, 6 संस्करण

# अमृत विचार

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com





अमेरिका में लगा 300 फुट ऊंचा राम मंदिर का भव्य बिलबोर्ड 22


# अद्भुत, अलौकिक, मनमोहक ... अवध नगरी

**प्राण प्रतिष्ठा की शुभ घड़ी**

## दोपहर 12 बजकर 29 मिनट 8 सेकेंड से 12 बजकर 30 मिनट 32 सेकेंड, जोग लगन ग्रह बार तिथि सकल भए अनुकूल.. जैसा दृश्य

## अयोध्या में प्रधानमंत्री मोदी और विभिन्न वर्गों के 15 यजमान संकल्प लेकर मंत्रोच्चार के बीच भव्य मंदिर में रामलला की करेंगे प्राण-प्रतिष्ठा

## देशभर के लाखों मंदिरों में एक साथ गूंजेंगे घंटे-घड़ियाल होगी आरती, शाम को हर घर दिवाली, होगी आतिशबाजी 10 लाख रामज्योति जलाने को तैयार रामनगरी

धीरेंद्र सिंह, अयोध्या

**अमृत विचार :** फूलों की खुशबू और रंग-बिरंगी रोशनी में नहाई श्रीराम जन्मभूमि मंदिर की भव्यता देखते बन रही है। अद्भुत, अलौकिक, मनमोहकदृश्यों के बीच देश-विदेश के करोड़ों रामभक्तों को अब सोमवार की शुभघड़ी दोपहर 12 बजकर 29 मिनट 8 सेकेंड से 12 बजकर 30 मिनट 32 सेकेंड का बेसब्री से इंतजार है। जब प्रभु रामलला अपने दिव्य बाल स्वरूप का दर्शन देंगे। ठीक उसी पल अयोध्या समेत विश्व के लाखों मंदिरों में एक साथ घंटे-घड़ियाल की ध्वनि पर भये प्रकट कृपाला..की आरती सुख-समृद्धि और संतोष देने वाली होगी। शाम होते ही लोग रामज्योति जलाकर दिवाली मनाएंगे। आतिशबाजी की तैयारी भी है।

सरयू रविवार की सुबह भी रोज की तरह अपने रौ में थीं, लेकिन भक्तों का उत्साह कोहरे की धुंध भरी हाड़ कंपाती ठिठुरन में भी गजब का दिखा। नियमित स्नान करने वाले साधु-संत और स्थानीय लोग तो डुबकी लगाकर सरयू मैया और जय सियाराम का जयघोष कर ही रहे थे, बाहर से आए भक्तों का उत्साह भी कम नहीं था। स्नान करने वाले सबसे अधिक युवा थे, उनमें भी सप्ताह भर से पैदल चलकर आने वाले ज्यादा दिखे। उत्तर प्रदेश के तमाम जिलों से मनाही के बाद आने वालों का तांता थम नहीं रहा है। जबकि महाराष्ट्र, राजस्थान, मध्यप्रदेश, प. बंगाल, बिहार, उड़ीसा समेत दक्षिण के राज्यों से तमाम व्यापारी लोग जगह-जगह भक्तों की सेवा और भंडारा का संचालन करते मिले। नया घाट से हनुमानगढ़ी तक तरह-तरह के भक्ति गीत और जय जयकार के बीच लोग अयोध्या को सजाने के लिए मोदी-योगी की तारीफ करते मिले। श्रीराम जन्मभूमि ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय के मुताबिक रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा योग का शुभ मुहूर्त पौष शुक्ल कूर्म द्वादशी विक्रम संवत 2080 यानी, सोमवार को अभिजीत मुहूर्त में किया जाएगा। यह मुहूर्त दोपहर में 12 बजकर बजकर 29 मिनट 8 सेकेंड से 12 बजकर 30 मिनट 32 सेकंड तक होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विभिन्न वर्गों के 15 यजमान संकल्प लेकर मंत्रोच्चार के बीच जब भव्य मंदिर में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा करेंगे तो, वह क्षण अविस्मरणीय होगा।

कारसेवकपुरम में मिले उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद अयोध्या में वे विरोधियों पर प्रहार करते हुए रामचरित मानस की चौपाई जाको प्रभु दारुण दुख दीना..और जाकी रही भावना जैसी.. सुनाकर कोसते रहे। साध्वी ऋतंभरा बोलीं- करोड़ों रामभक्त भाव विभोर हैं, अयोध्या में उत्सव है, देशभर से पहुंच रहे रामभक्त सुध-बुध खो बैठे हैं। 500 साल का संघर्ष अब उल्लास लेकर आया है। उधर, संघ और विहिप के लोग प्रधानमंत्री समेत 8 हजार आमंत्रित अतिविशिष्ट अतिथियों के स्वागत सत्कार में कोई कमी न रहे, इसे लेकर व्यस्त दिखे। संघ प्रमुख मोहन भागवत ने भी आकर तैयारी का जायजा लिया। विहिप के नेतृत्व में 12 हजार 500 एक ही रंग की राम नाम लिखी लाल रंग पगड़ी सभी अतिथियों को कार्यक्रम से पहले पहनाई जाएगी, साथ ही गदा और प्रसाद भी भेंट किया जाएगा।



अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के लिए सज-धज कर तैयार श्रीराम जन्मभूमि मंदिर।

> राम मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा का कार्यक्रम अभिजीत मुहूर्त में किया जाएगा। अभिजीत मुहूर्त में दोपहर 12 बजकर बजकर 29 मिनट 8 सेकंड से लेकर 12 बजकर 30 मिनट 32 सेकंड तक होगा। 84 सेकंड का विशेष मुहूर्त है। रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा पौष माह के द्वादशी तिथि को अभिजीत मुहूर्त, इंद्र योग, मृगशिरा नक्षत्र, मेष लग्न एवं वृश्चिक नवांश में पूरा होगा।
> **-गणेश्वर शास्त्री द्रविड़,** मुख्य आचार्य



अयोध्या में भव्य सजावट के बीच सुरक्षा के लिए तैनात पुलिसकर्मी।

### प्राण प्रतिष्ठा से पहले दो घंटे गूंजेगी मंगल ध्वनि

श्रीराम जन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा से पहले विभिन्न राज्यों के पच्चीस प्रमुख और दुर्लभ वाद्य यन्त्रों का दो घंटे मंगल वादन होगा। इनमें उप्र का पखावज, बांसुरी, ढोलक, कर्नाटक का वीणा, महाराष्ट्र का सुंदरी, पंजाब का अलगोजा, ओडिशा का मर्दल, मध्यप्रदेश का संतूर, मणिपुर का पुंग, असम का नगाड़ा और काली, छत्तीसगढ़ का तंबूरा, बिहार का पखावज, दिल्ली की शहनाई, राजस्थान का रावणहत्था, बंगाल का श्रीखोल, सरोद, आंध्र का घटम, झारखंड का सितार, गुजरात का संतार, तमिलनाडु का नागस्वरम, तविल, मृदंग और उत्तराखंड का हुड़का की मंगलध्वनि बचेगी। इस कार्यक्रम के परिकल्पनाकार और संयोजक यतीन्द्र मिश्र हैं, जो प्रख्यात लेखक, अयोध्या संस्कृति के जानकार और कलाविद् है।

### सड़कों पर झूम रहे लोग, हर ओर भाव-भजन और भंडारा

अयोध्या में सड़कों पर मौसम का मिजाज भक्तों के भाव के आगे खुद ही ठंडा पड़ा जा रहा है। लोग केसरिया ध्वज थामे और राम नाम का जयकारा लगाते हनुमानगढ़ी में दर्शन कर रहे हैं। राम जन्मभूमि में दर्शन बंद हैं, पर लोगों को इससे फर्क नहीं पड़ रहा है। 22 जनवरी में बस एक रात बाकी है और श्रद्धालु जोश से लबरेज हैं। इस दौरान राजनीतिक चर्चाएं और विरोधियों पर हमले भी खूब हो रहे हैं। हनुमानगढ़ी के पुजारी राजू दास कहते हैं कि यह दिन देखने के लिए आंखें तरस रही थीं। प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी ने सबका सपना साकार किया है। उधर, संस्कृति व पर्यटन विभाग ने सरयू घाट पर 10 लाख रामज्योति जलाने की तैयारी पूरी कर ली है। यहां लेजर शो देख लोग भावविह्वल हो उठते हैं। जोधपुर से आए संत संदीपनी रामधर्म लोगों को संदेश देते दिखे कि दीप जलाने के साथ गरीब को अन्न-कपड़ा भी जरूर दें।

### 50 मिनट पूजा में रहेंगे मोदी, होगी पुष्प वर्षा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अयोध्या में पौने पांच घंटे तक रुकने का कार्यक्रम है। वे प्राण प्रतिष्ठा पूजा कार्यक्रम में करीब 50 मिनट तक रहेंगे। इस दौरान सेना के हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा होगी। प्रधानमंत्री सोमवार सुबह 10 :20 बजे अयोध्या एयरपोर्ट पहुंच जाएंगे। प्रधानमंत्री का दिन में 11 से 12 बजे का समय रिजर्व रहेगा।

### बाजार में दीपावली जैसा माहौल, गूंज रहा राम आएंगे तो अंगना सजाऊंगी..

अयोध्या और अयोध्या जिला मुख्यालय के बाजारों में दीप, घी और पटाखे खरीदती महिलाओं को लग रहा है कि मानो अगले दिन दीपावली हो। बस लक्ष्मी-गणेश की मूर्ति की जगह लोग केसरिया ध्वज खरीद रहे हैं। राम आएगें तो अंगना सजाऊंगी.., मेरे झोपड़ी के भाग आज खुल जाएंगे, राम आएंगे..आदि कैसेट हर दुकान पर बजाए जा रहे हैं। महिलाएं कहती हैं कि रामलला के मंदिर में विराजने की खुशी में वे घर-आंगन की सफाई करके सोमवार को रामज्योति जलाकर दिवाली मनाएंगी। यह त्योहार अब हर साल होगा।

### 500 वर्षों का संघर्ष 84 सेकेंड के विशेष मुहूर्त में होगा पूरा

500 वर्षों का संघर्ष आज 84 सेकेंड के विशेष मुहूर्त में पूरा हो जाएगा। भव्य राम मंदिर में रामलला के दिव्य प्रतिमा को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा अभिषेक किया जाएगा। प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान में 15 यजमान समेत मुख्य यजमान डॉ अनिल मिश्रा, संघ प्रमुख मोहन भागवत, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के साथ ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास और महासचिव चंपत राय शामिल रहेंगे। वहीं श्रीराम जन्मभूमि परिसर में देश-विदेश के लगभग 8000 अतिथि भी मौजूद होंगे।

### पवित्र सरयू के जल से रामलला को स्नान कराने के बाद हुआ शैयाधिवास

राम मंदिर में प्रभु रामलला के प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान रविवार को 125 कलशों में पवित्र जल से स्नान कराएं जाने के बाद मध्याधिवास में विधि विधान पूर्वक 121 पुरोहितों ने वैदिक मंत्रोच्चारण से हवन कुंड 1008 आहुतियां डाली गई। वहीं शाम होते ही रामलला को लोरी सुनाकर शैयाधिवास संस्कार कराए जाने के साथ अधिवास सम्पन्न कराया गया। सोमवार सुबह एक बार फिर से तालियां बजाकर मंत्रोच्चार कर घंटे घड़ियाल मंगल ध्वनि से प्रभु को उठाया जाएगा और प्राण प्रतिष्ठा का मुख्य उत्सव संपन्न होगा।

### हाईटेक सुरक्षा : कड़े पहरे में अयोध्या:

प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में अभूतपूर्व सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं। किसी भी तरह की संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के लिए रेड और येलो जोन में एआई युक्त 400 कैमरे लगाए गए हैं, जो इंटीग्रेटेड कमांड ऐंड कंट्रोल रूम से जुड़े रहेंगे। ये कैमरे फेस रिकॉग्निशन और ऑटोमेटिक नंबर प्लेट रिकॉग्निशन सिस्टम से लैस हैं। जिले में करीब 9700 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। 12 हजार से ज्यादा पुलिस अधिकारी व कर्मचारी सुरक्षा में तैनात किए गए हैं। इसके अलावा एसपीजी और एटीएस समेत खुफिया एजेंसियां सतर्क हैं।

### मंदिर-मस्जिद विवाद का अंत करने वाले 5 जजों में आ रहे सिर्फ एक

सुप्रीम कोर्ट ने आज से से करीब सवा चार पहले दिए ऐतिहासिक फैसले में सदियों से चले आ रहे विवाद पर मंदिर के पक्ष में फैसला दिया था। फैसला सुनाने वाले पांच जजों की बेंच को भी मंदिर ट्रस्ट की तरफ से न्यौता दिया गया था, लेकिन सूत्र बताते हैं कि केवल एक जज ने ही अयोध्या आने की हामी भरी है। अन्य एक ने हां या ना में जवाब नहीं दिया है। शेष 3 जजों ने निजी कारणों का हवाला देते हुए नहीं आने की बात कही है।

---

**सूचना**

आज के अंक के साथ रामलला प्राण प्रतिष्ठा पर 24+20 पृष्ठों का विशेषांक लेना न भूलें।
कुल पृष्ठ 24+24+20=68

**एक नजर**

### दिल्ली एम्स में आज खुली रहेंगी ओपीडी सेवाएं

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) दिल्ली ने रविवार को कहा कि बाह्य रोगी सेवाएं (ओपीडी) 22 जनवरी को खुली रहेंगी। साथ ही एम्स ने अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए अपराह्न 2 :30 बजे तक सेवाएं बंद करने के अपने फैसले को पलट दिया। एम्स, दिल्ली ने आज जारी एक नए कार्यालय ज्ञापन में कहा कि इस कार्यालय के 20 जनवरी के परिपत्र के क्रम में, उन्हें किसी भी असुविधा से बचाने और रोगी देखभाल की सुविधा के लिए आउट पेशेंट सेवाओं (ओपीडी) सहित सभी नैदानिक सेवाएं खुली रहेंगी। अस्पताल ने अपने पहले ज्ञापन में सूचित किया था कि अयोध्या में राम लला प्राण प्रतिष्ठा पूरे भारत में मनाई जाएगी लिहाजा संस्थान 22 जनवरी को 14 :30 बजे तक आधे दिन के लिए बंद रहेगा।

### गुजरात के मेहसाणा में राम शोभायात्रा पर पथराव

**मेहसाणा।** गुजरात के मेहसाणा जिले में रविवार को भगवान राम की शोभा यात्रा के दौरान पथराव किए जाने पर पुलिस ने आंसू गैस के गोले दागे। पुलिस महानिरीक्षक वीरेंद्र सिंह यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश के अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह की पूर्व संध्या पर यह घटना खेरालु कस्बे में हुई और स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को आंसू गैस के तीन गोले दागने पड़े। यादव ने कहा कि घटनास्थल पर तलाशी अभियान के बाद 15 लोगों को हिरासत में लिया गया है। शोभा यात्रा के साथ चल रहे पुलिसकर्मियों ने आगे इस तरह की किसी भी घटना को रोकने के लिए तत्काल कार्रवाई की और स्थिति को नियंत्रित कर लिया। उन्होंने कहा कि ऐसा नहीं लगता कि पथराव में कोई गंभीर रूप से घायल हुआ है। स्थिति शांतिपूर्ण है और क्षेत्र में पुलिस गश्त बढ़ा दी गई है।

## ज्ञानवापी और शाही ईदगाह हिंदुओं को सौंपें मुसलमान

- आर्कियोलॉजिस्ट केके मोहम्मद ने एक साक्षात्कार के दौरान जाहिर की राय
- केके ने ही बाबरी ढांचे की जांचकर मंदिर के अवशेष मिलने की रिपोर्ट दी थी

तिरुअनंतपुरम, एजेंसी

राम जन्मभूमि मंदिर के बारे में जांच के बाद अहम निष्कर्ष निकालने वाले पुरातत्वविद (आर्कियोलॉजिस्ट) केके मोहम्मद ने कहा है कि मुसलमानों को वाराणसी की ज्ञानवापी और मथुरा की शाही ईदगाह मस्जिदों को हिंदुओं को सौंप देना चाहिए। यह बात उन्होंने एक न्यूज एजेंसी को दिए एक साक्षात्कार में कही। केके मोहम्मद भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के नॉर्थ जोन के क्षेत्रीय निदेशक के तौर पर 2012 में सेवानिवृत्त हो चुके हैं। केके मोहम्मद 1976 में बीबी लाल की उस टीम का हिस्सा थे, जिसने बाबरी मस्जिद की खुदाई की थी।

केके मोहम्मद ने ज्ञानवापी और मथुरा की शादी ईदगाह से जुड़े सवाल पर कहा कि इन्हें हिंदुओं को सौंपना ही इस मुद्दे का एकमात्र समाधान है। सभी धर्मगुरुओं को एकजुट होकर इन संरचनाओं को हिंदू समुदाय को सौंप देना चाहिए। काशी, मथुरा और अयोध्या हिंदुओं के लिए बहुत खास हैं क्योंकि ये भगवान शिव, भगवान कृष्ण और भगवान श्रीराम के जीवन से जुड़े हैं। यहां बनी मस्जिदों के लिए मुसलमानों की कोई भावना नहीं है।

केके ने कहा कि बाबरी ढांचे में खुदाई करने वाली टीम के लीडर प्रोफेसर बीबी लाल थे। तब हमें ऐसे कई स्तंभ मिले जिन पर हिंदू मंदिरों से मिलते-जुलते शिलालेख थे। इमारत की दीवारों पर भी हिंदू देवी-देवताओं की मूर्तियां बनी थीं, जिन्हें कई जगहों पर खंडित कर दिया गया था।

## इसरो ने जारी की राम मंदिर की स्वदेशी उपग्रह से खींची तस्वीर




**बेंगलुरु।** रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर विश्वभर में उत्साह है। मंदिरों को फूलों से सजाया गया है। रामनगरी रोशनी से जगमगा रही है। इस बीच भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने मंदिर से जुड़ी ऐसी तस्वीरें साझा की, जिसे आप बार-बार देखेंगे। जी हां...इसरो ने अपने स्वदेशी उपग्रहों की मदद से अंतरिक्ष से राम मंदिर की तस्वीरें खींची। रिमोट सेंसिंग सैटेलाइट से ली गई इस तस्वीर में अयोध्या स्थित 2.7 एकड़ में फैले राम जन्मभूमि स्थल को देख सकते हैं। अयोध्या में बन रहे राम मंदिर की इस तस्वीर को इसरो ने पिछले वर्ष 16 दिसंबर को ली थी। हालांकि उसके बाद से अयोध्या में घने कोहरे के चलते अन्य तस्वीरों को लेना कठिन हो गया था। इसरो द्वारा उपग्रह से ली गई तस्वीरों में दशरथ महल और सरयू नदी साफ दिख रही हैं, साथ ही अयोध्या के रेलवे स्टेशन भी दिखा दे रहा है। गौरतलब है कि फिलहाल अंतरिक्ष में भारत के 50 से अधिक उपग्रह हैं, जिनमें से कुछ का रिजॉल्यूशन एक मीटर से भी बहुत कम है। इन तस्वीरों को भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी के हैदराबाद स्थित राष्ट्रीय रिमोट सेंसिंग सेंटर से क्लिक किया गया है।

## ईडी का गुजरात, दिल्ली में छापा

### कबूतरबाजी रैकेट में शामिल लोगों के खिलाफ कार्रवाई

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रविवार को गुजरात और दिल्ली में कुछ प्रमुख साजिशकर्ताओं के खिलाफ छापेमारी की है, जो भारतीय नागरिकों को फर्जी वीजा और पासपोर्ट का उपयोग करके विदेश भेजने का रैकेट चलाते थे। ये छापेमारी 19-20 जनवरी को गुजरात के अहमदाबाद, सूरत और मेहसाणा तथा दिल्ली में 22 स्थानों पर की गई। ये स्थान लोगों को अवैध तरीके से विदेश भेजने में सहायता के मामले में प्रमुख साजिशकर्ताओं बॉबी उर्फ भरतभाई पटेल, चरणजीत सिंह और अन्य से जुड़े थे। पटेल को इस मामले में 2022 में गुजरात पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया था और वह उसी वर्ष हुए डिंगुचा मामले में भी शामिल था, जिसमें कनाडा से अमेरिका में अवैध रूप से प्रवेश करने का प्रयास करते समय एक भारतीय परिवार के चार व्यक्तियों की भयंकर ठंड के चलते मौत हो गई थी। आरोपियों के खिलाफ धनशोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) की विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज ईडी का मामला भारतीय नागरिकों को 2015 से अवैध रूप से विदेश भेजने में उनकी कथित संलिप्तता के लिए भारतीय दंड संहिता और पासपोर्ट अधिनियम के तहत गुजरात पुलिस की ओर से दर्ज की गई दो प्राथमिकी से उपजा है। आरोपी विभिन्न देशों के वीजा प्राप्त करने के लिए फर्जी दस्तावेजों के आधार पर भारतीय नागरिकों को ''जाली या फर्जी पासपोर्ट के साथ अवैध रूप से विदेश भेजने के लिए भारी धनराशि लेते थे।

आरोपी एक यात्री से 60-75 लाख रुपये, जोड़े से 1-1.25 करोड़ रुपये और माता-पिता के साथ बच्चे होने पर 1.25-1.75 करोड़ रुपये लेते थे। दो दिनों की छापेमारी के दौरान लगभग 1.5 करोड़ रुपये नकद और विदेशी मुद्रा में लगभग 21 लाख रुपये के अलावा दस्तावेज जब्त किए गए हैं।

### दिल्ली के आभूषण समूह की करोलबाग स्थित दुकानें कुर्क कीं

ईडी ने करोड़ों रुपये की कथित बैंक ऋण धोखाधड़ी की जांच के तहत 'श्री राजमहल ज्वेलर्स' समूह की दिल्ली के करोल बाग बाजार क्षेत्र में स्थित दुकानों को कुर्क कर लिया है। संघीय एजेंसी ने रविवार को यह जानकारी दी। ये संपत्तियां गिन्नी गोल्ड प्राइवेट लिमिटेड और इसके निदेशक-सह-प्रवर्तकों गिन्नी देवी तथा रीना गोयल की हैं। एजेंसी ने कहा कि गिन्नी गोल्ड, श्री राजमहल ज्वेलर्स प्राइवेट लिमिटेड की एक समूह कंपनी है।

---

**आस्था** राम को निहारने को आतुर अयोध्या की आज पूरी हुई मनोकामना, रामनगरी में भक्ति-भाव का ज्वार, देश-विदेश से खिंचे चले आ रहे श्रद्धालु

# अयोध्या में अब इतिहास नहीं बल्कि युग बदल रहा

अनिल त्रिगुणायत, अयोध्या

**अमृत विचार :** सिलचर से लेकर काठियावाड़ तक और कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक राम नाम की गूंज हैं, धूम है। अपने देश के अलावा नेपाल, भूटान, मारीशस, बांग्लादेश, इंडोनेशिया, मलेशिया आदि से भी राम भक्त आए हैं। राम में अटूट आस्था व विश्वास रखने वाले वे लोग जो राम को ही जीते हैं। जिनकी आस्था, अस्मिता, आत्मगौरव, अभिमान राम के अलावा दूजा नहीं। वे सभी धर्म नगरी अयोध्या में आ रहे, अधिकांश आ भी गए हैं। कोई सिर पर राम की पादुका रखे पैदल तो कई कार-बस, ट्रेन-प्लेन से चले आ रहे हैं। राम



जन्मभूमि मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर समूचा देश भक्ति भाव में झूम रहा है। पूरा देश सबकुछ भूलकर मानों राम नाम का संकीर्तन और नृत्य कर रहा है। प्रत्येक व्यक्ति आह्लादित, उमंगित व उर्जित है।... हो भी क्यों न? करीब 500 वर्षों की प्रतीक्षा के बाद अयोध्या में आज अपने श्रीराम जो पधार रहे हैं। अयोध्या ने न जाने कितने दौर देखे हैं। सरयू ने देखा

> बरसों की तपस्या आज पूरी हो रही है। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा हो रही। यह हमारे लिए परम सौभाग्य की बात है। पूर्वजों के साथ हमारा जीवन भी धन्य हो गया है। अयोध्या के कण-कण में राम समा गए हैं।
> **- आचार्य सत्येंद्र दास,** मुख्य पुजारी, राम मंदिर, अयोध्या।

है अपने राम को। अवध को। राम वनगमन को। निषादराज के संवाद को। सरयू ही है जिसने देखा है युगों को। सरयू ही तो है जिसमें राम समा गए। राम ने अयोध्या के गुप्तार घाट पर समाधि ली थी। अयोध्या में अब इतिहास नहीं बल्कि युग बदल रहा। अवध त्रेता युग की ओर जाती प्रतीत हो रही। राम की प्रतीक्षा के आतुर अवध की मुराद आज पूरी हो रही। मृदंग की अनुगूंज फिजाओं में तैर रही है। अयोध्या अब आतुर है अपने राम के लिए, हमारे राम के लिए। आज बरसों की प्रतीक्षा समाप्त हो रही है। अयोध्या में आज राम आज पधार रहे हैं। जड़वत अहिल्या का मानों पुनः उद्धार करने आ रहे हैं। राम आगमन की खुशी में सरयू का घाट सूर्य की किरणों के मानिंद अपनी आभा बिखेरने को आतुर हो चला है। सरयू तो राम को उलाहना देने को व्याकुल सी हैं। मानों कहना चाह रही कि हे राम... तुम इतने वर्षों तक कहां थे? क्या तुम्हें मेरी याद तनिक भी न आई?

अनहद नाद के स्वर अयोध्या के साथ पूरे देश में गुंजायमान है। आमजन में इतनी प्रसन्नता कि भावों में अभिव्यक्ति नाकाफी। चाहे वे दूर-दूर से आए बच्चे हों या बूढ़े अथवा जवान। सभी राम की भक्ति-भाव में डूबते-उतराते दिख रहे हैं। नावों-स्टीमरों पर सवार होकर सरयू की लहरों से अटखेलियां कर रहे, राम भजन का तरन्नुम छेड़ रहे। राम मंदिर की शिलाओं पर उकेरे गए चित्र, फंतासियां व प्रतिमाएं अपने राम के स्वागत को बेचैन हैं। चंदन घिसकर तिलक तैयार हो गए हैं। राम भक्तों के भाल तिलक से सज गए हैं। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर आम जनमानस अलौकिकता का बोध कर रहा है। देश में अलग प्रकार का ही वातावरण है।

### अयोध्या आकर जीवन किया धन्य



ब्रह्मचारी कैलाश



साध्वी पद्मिनीपुरी



कल्याण स्वामी



स्वामी सवितानंद

यह यथार्थ है कि यहां पहुंचने वाले सभी भक्तों के कांधे पर राम नाम का अंगौछा पड़ा है। भक्तों में ऐसा उत्साह अभूतपूर्व है। हो भी क्यों न? यह बदलती अयोध्या है। राम का चिंतन व राम की ही बात। मनु से बाल्मीकि, व्यास व तुलसी की यह यात्रा जो है। राम नगरी अयोध्या आने की खुशी व्यक्त करते हुए कर्नाटक के वेल्लारी जिला निवासी कल्याण स्वामी व केरल के एरणाकुलम जिले के सवितानंद बताते हैं कि अयोध्या आकर उन लोगों ने अपने पूर्वजों के सपने को भी साकार कर दिया है। उन्हें राम से लगभग मिला ही दिया है। महाराष्ट्र के पालघाट निवासी भास्करानंद, कोलकाता के ब्रह्मचारी कैलाश व छत्तीसगढ़ के बिलासपुर निवासी साध्वी पद्मिनीपुरी ने तो इतना कह दिया कि दिवंगत माता-पिता को तारने के लिए ही वे प्राण प्रतिष्ठा समारोह में रामनगरी आए हैं।




# श्रीरामोत्सव

"राम मंदिर के निर्माण की यह प्रक्रिया राष्ट्र को जोड़ने का उपक्रम है।"
-नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री



सप्तपुरियों में प्रथम श्रीअयोध्या धाम में
प्रभु श्रीराम के बाल रूप विग्रह का
प्राण प्रतिष्ठा समारोह



गरिमामयी उपस्थिति

**नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री

**आनंदीबेन पटेल**
राज्यपाल, उत्तर प्रदेश

**डॉ. मोहनराव भागवत**
सरसंघचालक, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ

**योगी आदित्यनाथ**
मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश

**महंत नृत्यगोपाल दास**
अध्यक्ष, श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास

एवं अन्य गणमान्य महानुभाव

दिनांक : 22 जनवरी, 2024 | समय : अपराह्न 12:20 बजे | स्थान : श्रीराम जन्मभूमि मंदिर, श्रीअयोध्या धाम

लाइव प्रसारण DD NEWS व Youtube.com/DDNEWS Youtube.com/dduttarpradesh एवं UPGovtOfficial CMOUttarpradesh CMOfficeUP

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश

## शहर में आज

- त्रिवेणी नगर में श्री पार्वती माता सामाजिक सेवा संस्थान की ओर से प्रभात फेरी व राम नाम संकीर्तन का आयोजन - 10:00 बजे।
- राजधानी स्थित ईको गार्डन में स्मारक संरक्षण कर्मियों का धरना - 12:00 बजे।
- चौक स्टेडियम में हेमवती नंदन बहुगुणा मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट के मुकाबले - 1:00 बजे।
- रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर महिला मंडली द्वारा आलमबाग के गुरुनानक नगर में संगीतमय सुंदरकांड के पाठ का आयोजन - 1:00 बजे।

# अभी चार दिन और कोहरे से राहत की संभावना नहीं

## लखनऊ और आसपास के इलाकों में गलन से नहीं मिली निजात, कोहरे और दृश्यता को लेकर मौसम वैज्ञानिकों का अलर्ट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** कोहरे के साथ-साथ गलन भी बढ़ती जा रही है। मौसम विभाग का अनुमान है कि अगले चार दिन कोहरा छंटने की उम्मीद नहीं है। इसके साथ ही गलन भी बढ़ेगी। आने वाले दिनों में बूंदाबांदी की भी संभावना है।

लखनऊ और उसके आसपास रविवार दोपहर तक धुंध छायी रही। दिन बढ़ने पर बदली छा गई। फिर ठंडी हवाओं ने न्यूनतम तापमान को और अधिक गिरा दिया। मौसम वैज्ञानिक एके सिंह के अनुसार, आने वाले चार दिनों में गलन और कोहरे में वृद्धि होने की संभावना है। बीमार व्यक्ति लगातार ठंडी हवाओं के संपर्क में न रहें। मौसम वैज्ञानिक का कहना है कि जरूरी होने पर ही घर से बाहर निकलना बेहतर रहेगा। फिलहाल गलन कम होने की संभावना कम है। पश्चिमी विक्षोभ और पहाड़ों की ओर से चल रही ठंडी हवाओं के कारण बूंदाबांदी की संभावना भी है।

**दृश्यता रहेगी कम**

लखनऊ और उसके आसपास रविवार सुबह दृश्यता शून्य से लेकर 50 मीटर तक दर्ज की गई। मौसम विभाग की ओर से वाहन चालकों को सलाह दी गई है कि दिन और रात दोनों ही समय वाहन की रफ्तार कम रखें।

**बढ़ सकता है कोहरा**

लखनऊ और उसके आसपास क्षेत्रों में कोहरा और आद्रता दोनों में परिवर्तन के संकेत मिल रहे हैं। मौसम विभाग के अनुसार, लखनऊ, सीतापुर, हरदोई, बाराबंकी और उन्नाव जनपदों में कोहरे की तीव्रता बढ़ सकती है। ऐसे में फसलों पर असर पड़ने की संभावना जताई गई है।



राजधानी में पड़ रही कड़ाके की ठंड, कोहरे और गलन से लोगों का बुरा हाल है, सिर से लेकर पैर तक ऊनी कपड़े पहनने के बावजूद अलाव की आंच से ही राहत मिलती है, इसी क्रम में रविवार को एनबीआरआई परिसर में आग तापते लोग।


**आने वाले दिनों में बूंदाबांदी व हल्की बारिश की संभावना**

### लखनऊ से कम अयोध्या का तापमान

रविवार को लखनऊ का न्यूनतम तापमान 7 डिग्री सेल्सियस रहा। वहीं अयोध्या में तापमान 6 .5 डिग्री रिकार्ड किया गया। सोमवार को अयोध्या के तापमान में और भी कमी आएगी। न्यूनतम तापमान 6 डिग्री होने की संभावना मौसम विभाग की ओर जताई गई है। वहीं अधिकतम तापमान 15 से 17 डिग्री के बीच रहेगा। कोल्ड डे की संभावना बन रही है।

## कैमरे के माध्यम से प्लेटफार्म पर रखी जा रही नजर

**अमृत विचार, लखनऊ :** चारबाग ओर लखनऊ जंक्शन पर सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। 120 सीसीटीवी कैमरों से स्टेशन के हर प्लेटफार्म पर नजर रखी जा रही है। आरपीएफ और जीआरपी जवान प्लेटफार्म पर गस्त कर रहे हैं। यात्रियों के पहचान पत्र के साथ उनका लगेज भी चेक किया जा रहा है। रविवार को आरपीएफ, जीआरपी के साथ श्वान दल और बम निरोधक दस्ते से प्लेटफार्मों की चेकिंग की गई। सोमवार को अयोध्या में आयोजित होने वाले प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के चलते रेलवे स्टेशन की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत किया गया है। कैमरों के माध्यम से सरकुलेटिंग एरिया, प्लेटफॉर्मों, पासर्ल घरों, सैलून साइडिंग, कैबवे, पार्किंग आदि जगहों पर नजर रख रहे हैं।



## एक नजर

### हिन्दू महासभा की यात्रा पहुंची लखनऊ

**अमृत विचार, लखनऊ।** मथुरा से अयोध्या के लिए निकली हिन्दू महासभा की यात्रा रविवार को कुर्सी रोड स्थित प्रदेश कार्यालय पहुंची। इस यात्रा का प्रदेश अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी ने स्वागत किया। यात्रा में शामिल लोगों में अभूतपूर्व उत्साह देखने को मिला। यात्रा के हिन्दू महासभा के प्रदेश कार्यालय पहुंचने पर प्रदेश महामंत्री सिद्धार्थ दुबे, कोषाध्यक्ष चंदौली शुक्ला और सुनील सिंह आदि ने स्वागत किया। यह यात्रा शाम को अयोध्या के लिए रवाना हो गई। हिन्दू महासभा के मथुरा जिलाध्यक्ष छाया गौतम के नेतृत्व में निकल रही इस यात्रा में जिला महामंत्री चन्द्रकांत पाण्डेय, युवा जिलाध्यक्ष नीरज गौतम, महासचिव नीतू सक्सेना, सचिव जयप्रकाश सिंह, पवन गौतम और राजू आदि शामिल हैं।

### जनेश्वर मिश्र पार्क में आज निःशुल्क प्रवेश

**अमृत विचार, लखनऊ :** अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के सजीव प्रसारण के लिए लखनऊ विकास प्राधिकरण एलईडीए स्क्रीन लगाएगा। लोग समारोह का पार्क से ही आनंद उठा सकेंगे। एलडीए उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी ने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा समारोह का पार्क में सजीव प्रसारण किया जाएगा। इसके लिए पार्क में एलईडीए स्क्रीन लगाई जाएगी। उन्होंने बताया कि 22 को पार्क में प्रवेश नि:शुल्क रहेगा। लोग परिवार संग पार्क में सैर कर सकेंगे साथ ही समारोह का आनंद ले सकेंगे।

## एलडीए में राम चरित मानस पाठ का आयोजन

**अमृत विचार, लखनऊ :** अयोध्या में भगवान राम के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अवसर पर रविवार को लखनऊ विकास प्राधिकरण में अखण्ड रामचरित मानस पाठ की शुरुआत हुई। इस मौके पर उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी व अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा सहित अन्य अधिकारियों, अभियंताओं व कर्मचारियों ने प्राधिकरण भवन स्थित मंदिर में पाठ किया। प्राधिकरण परिवार द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में सभी कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। जिनके द्वारा विधि विधान के साथ पूजा-अनुष्ठान करते हुए राम चरित मानस का संगीतमयी पाठ किया गया। कार्यक्रम संयोजक विनोदनी मिश्रा, दिनेश कुमार शुक्ला व महेन्द्र कुमार दीक्षित ने बताया कि 22 जनवरी को पूर्णाहुति दी जाएगी।

## अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा होगी तो लखनऊ में रामलीला

**अमृत विचार, लखनऊ :** सोमवार को अयोध्या में हो रही प्राण प्रतिष्ठा के क्रम में लखनऊ के दुबग्गा बाजार में रामलीला उत्सव का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम संयोजक बीनू शुक्ला ने बताया कि चौक की रामलीला में 15 साल तक राम की भूमिका निभाने वाले बहुमुखी प्रतिभा के धनी अमित दीक्षित रामजी लम्बे समय के बाद एक बार फिर राम की भूमिका निभाएंगे। दुबग्गा बाजार में शाम छह बजे से होने वाली इस रामलीला में राम की भूमिका निभाने जा रहे अमित दीक्षित ने कहा कि प्राण प्रतिष्ठा से बहुत उत्साहित हूं। लम्बे अर्से तक राम की भूमिका का निर्वाह किया है। कल प्राण प्रतिष्ठा पर रामलीला हो रही है तो राम बनने से बहुत खुशी हो रही है।


























## एक नजर

### वीरेंद्र राठौर व चेतन चौहान बने न्याय यात्रा के विशेष समन्वयक

**अमृत विचार, लखनऊ :** कांग्रेस ने भारत जोड़ो न्याय यात्रा को सफल बनाने के लिए उप्र समेत 11 राज्यों में पार्टी के सचिवों को विशेष समन्वयक बनाया है। प्रदेश के लिए वीरेंद्र सिंह राठौर व चेतन चौहान को जिम्मेदारी दी गई है। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव केसी वेणुगोपाल की ओर जारी पत्र के अनुसार बीएम संदीप व चेतन चैहान को असम, धीरज गुर्जर व ऊषा नायडू को पश्चिम बंगाल, वीरेंद्र सिंह राठौर व प्रदीप नरवाल को बिहार, चेतन चौहान व काजी निजामुद्दीन को झारखंड, बीएम संदीप व राम किशन ओझा को ओडिशा, धीरज गुर्जर व ऊषा नायडू को छत्तीसगढ़, प्रदीप नरवाल व ऊषा नायडू को मध्य प्रदेश, चेतन चौहान व रामकिशन ओझा को राजस्थान, वीरेंद्र राठौर व प्रदीप नरवाल को गुजरात और धीरज गुर्जर, बीएम संदीप व चेतन चौहान को महाराष्ट्र का विशेष समन्वयक बनाया गया है।

# शिक्षा निदेशक के रडार पर आए 14 बीएड प्रवक्ता

## प्रबंधकों की भूमिका पर भी सवाल, जांच शुरू, कामचलाऊ व्यवस्था दिखा कर किया गया था विनियमितीकरण

जीशान कदीर, लखनऊ

एक्सक्लूसिव

- कानपुर देहात, हाथरस, संतकबीरनगर, हमीरपुर जनपदों से जुड़े हुए हैं मामले

**अमृत विचार :** उच्च शिक्षा विभाग में सहायक प्रवक्ताओं की नियुक्तियां फिर चर्चा में है। इस बार प्रकरण चार जनपदों के महाविद्यालयों में वर्ष 2014 में हुई 14 नियुक्तियों से जुड़ा हुआ है। साक्ष्यों की गंभीरता को देखते हुए उच्च शिक्षा निदेशक ने भर्ती प्रक्रियाओं की जांच नए सिरे से शुरू करा दी है। उच्च शिक्षा निदेशालय की ओर से कानुपर देहात, हाथरस, संतकबीरनगर और हमीरपुर जनपदों से संबंधित विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों के प्राचार्यों को पत्र भेजकर आख्या व साक्ष्य संकलन किये जाने के लिए कहा गया है।

वर्ष 2014 और उससे पहले उप्र के महाविद्यालयों में हुई सहायक प्रवक्ताओं की नियुक्ति में हुई अनियमितताओं के मुद्दे को अमृत विचार लगातार उठा रहा है। इस बार की कड़ी में वर्ष 2014 में हुई बीएड सहायक प्रवक्ताओं की नियुक्तियां शामिल हैं। दावा है कि कानपुर देहात, हाथरस, संतकबीरनगर और हमीरपुर जनपद के चार महाविद्यालयों में सहायक प्रवक्ताओं की नियुक्तियां प्रबंधकों के विवेक से की गईं। इनको विनियमितीकरण का आधार बनाकर सहायक प्रवक्ता बना दिया गया। शिकायतकर्ता सलिल तिवारी ने आरटीआई और मानव संपदा पोर्टल में अंकित तथ्यों को आधार बनाकर भर्ती प्रक्रिया को चुनौती देते हुए सहायक प्रवक्ताओं की नियुक्तियों को अवैध बताया। इन्हीं शिकायतों का आधार उच्च शिक्षा निदेशालय ने लिया है। उच्च शिक्षा निदेशालय के निदेशक प्रोफेसर ब्रम्हदेव बताते हैं कि शिकायतकर्ता द्वारा चार जनपदों में स्थित चार महाविद्यालयों में हुई सहायक प्रवक्ता पदों की नियुक्ति को अवैध बताते हुए साक्ष्य प्रस्तुत किये गए हैं। 14 प्रवक्ताओं की नियुक्ति से जुड़े प्रकरण को लेकर कानपुर देहात, हाथरस, संतकबीरनगर और हमीरपुर जनपद से संबंधित विश्वविद्यालयों और महाविद्यालय के प्राचार्यों से साक्ष्य मांगे गए हैं, सप्ताह भर का समय भी सुनिश्चित किया गया है।

### आरोपों के घेरे में पांच विवि से जुड़े चार महाविद्यालय

उप्र में छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय के अलावा सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु, बुंदेलखण्ड झांसी विश्वविद्यालय और डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय आगरा से संबद्ध चार महाविद्यालय के प्रबंधक नियुक्तियों को लेकर आरोपों के घेरे में हैं। इस नियुक्ति में सहायक प्रवक्ता डॉ. विकास, डॉ. अभिनव, डॉ. उमेश चन्द्र, डॉ. सीता, डॉ. रमा, डॉ. देवेन्द्र कुमार, डॉ. दीपा, डॉ. विमलेश, डॉ. देवेन्द्र, डॉ. पूर्णेश, डॉ. श्याम नारायण आदि शामिल हैं। इनके अनुमोदन कटआफ डेट 31 अगस्त 2003 के बाद के बताए जा रहे हैं।

### नियुक्तियों में नियम दरकिनार

उच्चतर शिक्षा सेवा चयन आयोग तृतीय संशोधन अधिनियम 28 दिसंबर वर्ष 2006 को पूर्ववर्ती सरकार द्वारा पारित किया गया। जिसमें उल्लेख था कि कटऑफ तिथि 31 अगस्त 2003 के पूर्व ही विधिवत चयनोपरांत अर्ह प्रवक्ताओं का विनियमितीकरण किया जाएगा। लेकिन वर्णित कटऑफ तिथि के बाद 14 में से 11 शिक्षकों की नियुक्ति कर दी गई। तीन अन्य में भी अनियमितताएं की गईं। ऐसे में 14 नियुक्तियों को अवैद्य बताया गया है।

# अंतरराज्यीय जालसाज गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- लाटरी निकलने या पीएफ खाता पूर्ण होने का झांसा देकर करते थे ठगी

**अमृत विचार :** एसटीएफ और मुंबई पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में रविवार की देर रात अंतरराज्यीय स्तर पर ठगी करने के आरोपी को गिरफ्तार किया गया। वह लाटरी निकलने या पीएफ खाता पूर्ण होने का झांसा देकर अंतरराज्यीय स्तर के विभिन्न खातों में पैसा मंगाकर ठगी करता था। ऐसे ही एक मामले में उसके खिलाफ मुंबई में मुकदमा दर्ज है, जिसमें फरार चल रहा था। गोरखपुर के तिवारीपुर निवासी गयासुद्दीन खान उर्फ सानू के खिलाफ इंदौर (मध्य प्रदेश) तथा हापुड़ (उप्र) में चार मामले पहले से दर्ज हैं। उसके पास से 51 हजार रुपये नकद, मोबाइल और आधार कार्ड आदि बरामद किया गया है। मुंबई पुलिस उसे ट्रांजिट रिमांड पर अपने साथ ले गई।

मुंबई पुलिस ने उसके गोरखपुर आने की सूचना के बाद एसटीएफ से संपर्क किया। उसके बाद दोनों टीमें सक्रिय हुईं और महफिल मैरेज हाल इलाहीबाग थाना तिवारीपुर से दबोच लिया। गयासुद्दीन ने पूछताछ में बताया कि उनका का एक गिरोह है, जिसके कुछ सदस्य पूर्व में मुम्बई पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए जा चुके हैं। यह गैंग लोगों को फोन करके लाटरी निकलने या पीएफ खाता पूर्ण होने का झांसा देकर कुछ पैसा अपने खाते में जमा करवाकर ठगी करता है। मुम्बई में इस गैंग ने विभिन्न खातों में करोड़ों रुपये जमा करवाकर ठगी की है।

# पूरे प्रदेश में 24 घंटे होगी बिजली आपूर्ति

## अयोध्या में बिजली आपूर्ति की व्यवस्था रहेगी चौकस, पावर कॉरपोरेशन ने अफसरों को दिए निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सौर ऊर्जा से जगमग होगी राम नगरी



**अमृत विचार :** अयोध्या में 22 जनवरी को बिजली आपूर्ति की चौकस व्यवस्था रहेगी। साथ ही, सौर ऊर्जा से राम नगरी जगमग होगी। इसके साथ ही, पूरे प्रदेश में चौबीस घंटे निर्बाध बिजली आपूर्ति की जाएगी। पावर कॉरपोरेशन ने अयोध्या में तैनात अफसरों को निर्बाध बिजली आपूर्ति के निर्देश दिये हैं।

कॉरपोरेशन के अधिकारियों ने बताया कि अयोध्या में 15 जनवरी से ही निर्बाध बिजली आपूर्ति की व्यवस्था की गई है, जो 24 जनवरी तक लगातार जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि मुख्य अभियंता स्तर समेत बिजली आपूर्ति से जुड़े सभी अधिकारियों को सतर्क रहने के लिए कहा गया है। पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष डॉ. आशीष कुमार गोयल ने बताया कि मुख्यमंत्री व ऊर्जा मंत्री के निर्देश के तहत प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम को देखते हुए पूरे प्रदेश को प्रकाश युक्त करने का निर्णय लिया गया है। इसी क्रम में पावर कारपोरेशन के मुख्यालय शक्ति भवन, एसएलडीसी भवन सहित सभी प्रमुख भवनों को प्रकाशमय कर दिया गया है। अध्यक्ष ने बताया है कि 22 जनवरी को पूरे प्रदेश के सभी क्षेत्रों को 24 घंटे कटौती मुक्त बिजली आपूर्ति होगी। विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे पूरी तरह सावधानी बरतें, ताकि सबको अनवरत बिजली प्राप्त हो सके। इसके लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएं।

### अयोध्या बन रही देश की पहली सोलर सिटी : एके शर्मा

**अमृत विचार, लखनऊ :** नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने कहा कि अयोध्या देश का पहली सोलर सिटी बन रही है। उन्होंने कहा कि अयोध्या के सरायरासी और रामपुर हलवारा में राज्य सरकार और एनटीपीसी के संयुक्त सहयोग से स्थापित हो रही 40 मेगवाट सौर ऊर्जा परियोजना का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है।

दो दिन पहले अयोध्या में परियोजना का निरीक्षण कर लौटे ऊर्जा मंत्री ने कहा कि अयोध्या धाम राम की नगरी है और राम सूर्य के उपासक हैं। जल्द ही सौर ऊर्जा परियोजना को पूरा कर बिजली आपूर्ति शुरू की जाएगी। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि इस परियोजना से उत्पादित बिजली दर्शननगर बिजलीघर को 132 किलोवोल्ट, 5.5 किमी लम्बी ट्रांसमिशन लाइन द्वारा संचारित की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस परियोजना से लगभग 8.65 करोड़ यूनिट का वार्षिक उत्पादन होगा, जो अयोध्या नगर की 30 प्रतिशत ऊर्जा की आपूर्ति करेगा और लगभग 80 हजार टेन कार्बन उत्सर्जन में कमी भी आएगी। अयोध्या धाम में स्थापित हो रहे 40 मेगावॉट के सौर ऊर्जा परियोजना के निर्माण में लगभग 1.04 लाख 550 वॉट के बाईफेसिअल सोलर पैनल लगाये जाने हैं। इसमें 36 हजार पैनल्स लगाये जा चुके हैं। इस परियोजना को पूरा करने के लिए 300 से 350 कार्मिक व 25-30 अभियंता दिन-रात प्रयासरत हैं।

ऊर्जा मंत्री ने बताया कि अयोध्या को सौर ऊर्जा से प्रकाशमय करने के लिए व्यापक इंतजाम किये गये हैं। सोलर पावर्ड स्ट्रीट्स लाइट्स की सबसे लंबी श्रृंखला अयोध्या में संचालित की गई है। इस परियोजना के तहत 10.15 किमी तक 470 सोलर पावर्ड स्ट्रीट लाइट्स लगाकर यूपीनेडा अयोध्या की गौरवगाथा में एक नया अध्याय जोड़ रही है। अयोध्या में लक्ष्मण घाट से लेकर गुप्तार घाट होते हुए निर्मली कुंड तक 10.2 किमी में 470 सोलर स्ट्रीट लाइट्स लगाई गई है। गुप्तारघाट से लेकर निर्मली कुंड तक 1.85 किमी में 160 सोलर पावर्ड स्ट्रीट लाइटें लगाई गई हैं।



राजभवन स्थित मंदिर में रविवार को पूजा-अर्चना करतीं राज्यपाल आनंदीबेन पटेल व अन्य श्रद्धालु। अमृत विचार

## राजभवन के मंदिरों में हुआ सुंदरकांड का पाठ

**अमृत विचार, लखनऊ :** अयोध्या में राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर राजभवन परिसर में भक्ति कार्यक्रमों का सिलसिला रविवार को भी जारी रहा। आज यहां स्थित शिव मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में सुंदरकांड का पाठ, राम रक्षा स्त्रोत व हनुमान चालीसा के पाठ के साथ स्थानीय कलाकारों की ओर से भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के जरिए राम के नैतिक, सामाजिक व मानव मूल्यों की स्थापना का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के बाद श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरण भी किया गया। राजभवन के अधिकारियों के अनुसार, प्राण प्रतिष्ठा को लेकर राजभवन स्थित सभी मंदिरों के अलावा सभी कार्यालयों पर भव्य सजावट व प्रकाश व्यवस्था भी कराई गई है।

## सपा क्षेत्रवार आयोजित करेगी पीडीए पखवाड़ा

**अमृत विचार, लखनऊ :** समाजवादी पार्टी 26 जनवरी से प्रदेश की सभी विधानसभा क्षेत्रों में पीडीए पखवाड़ा का आयोजन करेगी। विधानसभा क्षेत्रवार संगठन के पदाधिकारी बैठक कर तिथिवार सेक्टरवार कार्यक्रम तय करेंगे कि किस-किस तारीख को किस स्थान पर पीडीए जन पंचायत होगी।

सपा प्रमुख अखिलेश यादव के निर्देश पर प्रस्तावित बैठक की जानकारी देते हुए राष्ट्रीय प्रवक्ता राजेन्द्र चौधरी ने बताया कि विधानसभा क्षेत्रों में कार्यक्रम सम्पन्न कराने हेतु जिला संगठन के दो-दो पदाधिकारियों को जिम्मेदारी दी जायेगी। जिस सेक्टर में कार्यक्रम होंगे उसकी सूचना प्रदेश कार्यालय को भेजी जायेगी। उन्होंने बताया कि भाजपा सरकार में पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यकों एवं महिलाओं के ऊपर किए जा रहे पक्षपात, शोषण, उत्पीड़न तथा सामाजिक अन्याय के विरुद्ध पीडीए जन पंचायत के माध्यम से लोकतंत्र और संविधान को मजबूती से लागू कराना समाजवादी पार्टी का लक्ष्य है।

## अयोध्या में एसबीआई की मोबाइल एटीएम वैन शुरू

**अमृत विचार, लखनऊ :** एसबीआई बैंक ने अयोध्या में आंगतुकों के लिए एक मोबाइल एटीएम वैन की शुरूआत की है। इस कार्यक्रम में आरएम अयोध्या संजीव कुमार यादव एवं अन्य लोग उपस्थित रहें। यह मोबाइल एटीएम वैन अयोध्या आये हुए लोगों को आने-जाने की सुविधा उपलब्ध करायेगी। इसी क्रम में लखनऊ मण्डल के महाप्रबंधक शरद चांडक ने दर्शनार्थियों की सुविधा के लिए श्रीराम जन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र को चार गोल्फ कार्ट भेंट की। इस कार्यक्रम में श्रीराम जन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र के महासचिव चंपत राय, मंदिर निर्माण समिति दिल्ली के अध्यक्ष नृपेन्द्र मिश्र एवं कई पदाधिकारी शामिल हुए।

# अयोध्या में स्वास्थ्य सुविधाएं कुंभ मेले के समान : ब्रजेश पाठक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- चिकित्सा सेवाएं भक्तों के लिए 15 फरवरी तक जारी रहेंगी
- अस्थायी अस्पताल और एक दर्जन स्वास्थ्य शिविर कार्यरत



**अमृत विचार :** अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दौरान राजकीय अवकाश घोषित है, मगर सभी अस्पताल सक्रिय रहेंगे। अयोध्या में उपलब्ध चिकित्सा सेवाएं भक्तों के लिए 15 फरवरी तक जारी रहेंगी। मेला क्षेत्र में सामान्य बीमारी ही नहीं हृदय की समस्याओं के मामलों से निपटने के लिए अस्थायी अस्पतालों और चिकित्सा शिविरों को पर्याप्त संसाधनों के साथ सुसज्जित किया गया है। प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत एमआरआई एवं कैथ लैब की सुविधा निजी क्षेत्र के माध्यम से किफायती दरों पर उपलब्ध कराई गई है। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा, अयोध्या में स्वास्थ्य सुविधाएं कुंभ मेले के समान हैं।

मेला क्षेत्र में उपलब्ध व्यवस्थाओं में जरूरतमंद लोगों को मिनटों में स्वास्थ्य लाभ देने के इंतजाम किये गये हैं। साथ ही क्षेत्र में 20-20 बिस्तरों वाले अस्थायी अस्पताल और एक दर्जन स्वास्थ्य शिविर कार्यरत हैं, जिनमें डॉक्टर, दवाएं हैं और गंभीर रोगियों को स्थानांतरित करने के लिए अस्पतालों को संबद्ध किया गया है। स्वास्थ्य विभाग के नोडल अधिकारी डॉ. विकासेन्दु अग्रवाल ने बताया कि अयोध्या में 100 से अधिक एम्बुलेंस, ब्लड बैंक, ऑक्सीजन संयंत्र, अतिरिक्त आईसीयू और सामान्य बेड की व्यवस्था और नैदानिक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। इसके अलावा अयोध्या मेडिकल कॉलेज में 50 बेड का ट्रॉमा सेंटर आरक्षित है। विभिन्न विशेषज्ञता के चार चिकित्सकों की एक टीम, पैरामेडिकल स्टाफ, एम्बुलेंस के साथ चिकित्सा शिविर 24 घंटे चल रहे हैं। गंभीर रोगियों के लिए राज्य सरकार द्वारा राजश्री दशरथ राजकीय मेडिकल कॉलेज और प्राइवेट अस्पतालों में आईसीयू सुविधा व 50 बिस्तरों की व्यवस्था और ऑपरेटिंग थिएटर के इंतजाम किये गए हैं।

### एनएमओ टीम रहेगी सक्रिय

राष्ट्रीय मेडिकोज संगठन (एनएमओ) ने विभिन्न राज्यों से डॉक्टरों की एक टीम बुलाई है, जो 15 से 22 जनवरी तक अयोध्या में तैनात रहेंगे और अयोध्या में विभिन्न स्थानों पर चौबीस घंटे पांच शिविर आयोजित करेंगे। अयोध्या के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय जैन ने बताया कि 20 प्राथमिक चिकित्सा केंद्रों में मरीजों की आमद बनी हुई है, अधिकतर श्रद्धालु मौसमी बीमारियों के आ रहे हैं। सर्दी, खांसी या बुखार के अधिकांश मरीज आ रहे हैं।

### राजधानी में भी व्यवस्थाएं

स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ. ब्रजेश राठौर ने बताया कि लखनऊ में भी अयोध्या आने वाले भक्तों को चिकित्सा सुविधा के लिए विभिन्न अस्पतालों में 200 बिस्तर आरक्षित करने के अलावा, अयोध्या की ओर जाने वाले राजमार्गों पर 12 चिकित्सा शिविर स्थापित किए गए हैं।



त्रिवेणी नगर स्थित श्री दक्षिणमुखी संकट मोचन हनुमान मंदिर से निकाली गई श्रीराम की शोभायात्रा में शामिल भक्त। अमृत विचार

## निकाली गई श्रीराम की शोभायात्रा

**अमृत विचार, लखनऊ :** त्रिवेणी नगर स्थित श्री दक्षिण मुखी संकट मोचन हनुमान मंदिर से रविवार को आचार्य अमित कृष्ण के नेतृत्व में श्रीराम की दिव्य और भव्य शोभायात्रा निकाली गई। रास्ते में लोगों ने पुष्पवर्षा और आरती करके शोभायात्रा का स्वागत किया। इस दौरान लोगों ने शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालुओं को जलपान कराया।

# भर्ती के लिए ऑनलाइन परीक्षा 29 से

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

पुलिस रेडियो संवर्ग

- 11 जिलों में 8 फरवरी तक होने वाली परीक्षा की तिथि, जिला और पाली तय

**अमृत विचार :** उप्र पुलिस रेडियो संवर्ग में प्रधान परिचालक से लेकर कार्यशाला कर्मचारी तक विभिन्न पदों पर होने वाली सीधी भर्ती के लिए 29 जनवरी से ऑनलाइन लिखित परीक्षा शुरू होगी। आठ फरवरी तक चलने वाली यह परीक्षा प्रदेश के 11 जिलों में चयनित परीक्षा केंद्रों पर प्रतिदिन दो पालियों में होगी। पहली पाली की परीक्षा सुबह 10 बजे से 12.30 तक और दूसरी पाली तीन बजे से 6.30 बजे तक होगी।

उप्र पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड के अपर सचिव ने यह जानकारी दी है। उन्होंने बताया है कि सभी अभ्यर्थियों की ऑनलाइन लिखित परीक्षा की तिथि, पाली और परीक्षा जिला-शहर की सूचना का लिंक भर्ती बोर्ड की वेबसाइट पर कल 22 जनवरी को अपलोड कर दिया जाएगा। अभ्यर्थी अपना पंजीकरण संख्या एवं जन्मतिथि के माध्यम से लॉगिन करके अपनी सूचना चेक कर सकते हैं। इस परीक्षा की प्रक्रिया के बारे में जानकारी के लिए सैम्पल टेस्ट लिंक भी भर्ती बोर्ड की वेबसाइट पर उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि संबंधित अभ्यर्थियों को प्रवेश-पत्र, परीक्षा की तारीख से दो दिन पहले बोर्ड की वेबसाइट पर उपलब्ध कराए जाएंगे। प्रवेश-पत्र पर परीक्षा की तारीख और समय के साथ परीक्षा केंद्र का नाम व पते की सूचना भी रहेगी। अभ्यर्थी वेबसाइट पर दिए गए लिंक पर अपना पंजीकरण संख्या तथा जन्मतिथि अंकित कर अपना प्रवेश-पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। प्रवेश-पत्र डाउन लोड करने के लिए लिंक, उसी समय बोर्ड पर प्रदर्शित किया जाएगा। बोर्ड के अपर सचिव ने कहा है कि प्रवेश-पत्र के संबंध में होने वाली असुविधा के निराकरण के लिए हेल्पलाइन नंबर- 7550004136, 7550004137 पर अभ्यर्थी संपर्क कर सकते हैं।

## नाराज केजीएमयू कर्मी 29 को करेंगे प्रदर्शन

**अमृत विचार, लखनऊ :** किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के करीब तीन हजार कर्मचारियों को कई वर्षों से प्रोन्नति नहीं मिल पा रही है। कर्मचारियों ने 29 जनवरी को प्रदर्शन करने का एलान किया है। केजीएमयू कर्मचारी परिषद के अध्यक्ष विकास सिंह ने बताया है कि 29 जनवरी को कुलपति और रजिस्ट्रार कार्यालय पर प्रदर्शन कर कर्मचारी अपनी मांग रखेंगे। इस दौरान जरूरत पड़ी तो कार्यालयों पर ताला भी लगा दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि बीते दस वर्षों से कर्मचारियों के प्रमोशन नहीं हुए हैं। करीब दो वर्षों से कार्मिकों के एसीपी को लेकर ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। कर्मचारियों की इन समस्याओं को लेकर कई बार अधिकारियों से बात हुई, पत्राचार हुए, लेकिन किसी ने कोई ध्यान नहीं दिया।

# निजी मेडिकल कॉलेजों में शिक्षकों की लगेगी बायोमेट्रिक हाजिरी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मेडिकोज के लिए प्रस्तावित नेक्सट परीक्षा 2025 तक टलने के बाद नेशनल मेडिकल कमीशन (एनएमसी) ने बेहतर पढ़ाई के लिए शिक्षकों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। निजी मेडिकल कॉलेजों में शिक्षकों की बायोमेट्रिक उपस्थिति अनिवार्य कर दी है। हालांकि इस संबन्ध में चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक किंजल सिंह ने प्रदेश में किसी प्रकार की गाइडलाइन जारी होने से इंकार किया है, उन्होंने कहा कि गाइडलाइन का अवलोकन करने के बाद ही कोई टिप्पणी की जाएगी।

चिकित्सा संस्थानों में बायोमेट्रिक उपस्थिति की अनिवार्यता है, मगर सख्ती से अनुपालन न होने की दशा में कॉलेजों में शिक्षकों की उपस्थिति पर संशय बना रहता है। नाम न छापने की शर्त पर अधिकारी ने बताया कि निजी कॉलेजों द्वारा गेस्ट शिक्षक के रूप में एनएमसी को फैकल्टी की सूची दी जाती है, बावजूद चिकित्सक छात्रों की पढ़ाई बाधित होती है। शिकायतों को संज्ञान लेकर एनएमसी ने बायोमेट्रिक उपस्थिति का अनुपालन सख्ती से कराने का निर्णय लिया है। इससे कॉलेज में शिक्षक की उपस्थिति की ऑनलाइन निगरानी की जा सकती है। यह व्यवस्था अभी विषय विशेषज्ञ शिक्षक (पीजी) पर लागू होगी।

## शिविर में 66 लोगों ने कराई आंखों की जांच

**अमृत विचार, लखनऊ :** मोतीनगर के महाराजा अग्रसेन विद्यालय में निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। अग्रवाल शिक्षा संस्था के मंत्री सुधीर एस हलवासिया ने बताया कि प्रदीप वैद के सौजन्य से मानसरोवर ऑय फॉउन्डेशन द्वारा आयोजित कराए गए इस शिविर में 66 लोगों की आंखों की जांच कर दवाइयां वितरित की गईं। वहीं, 18 मोतियाबिंद ग्रसित मरीजों ने निशुल्क ऑपेरशन के लिए पंजीकरण कराया जोकि आगामी रविवार को डॉ. संजीव हंसराज द्वारा किया जाएगा। इस मौके पर राजेन्द्र अग्रवाल, धर्मपाल अग्रवाल, विनोद अग्रवाल, संजय बंसल, जितेन्द्र जिन्दल, सीपी अग्रवाल, नीरज अग्रवाल, मनोज हवेलिया, सचिन कंछल मौजूद रहे।

# गोरखनाथ समेत अन्य ट्रेनों का संचालन बहाल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल पर बुढ़वल-सीतापुर खंड पर स्थित सीतापुर-सीतापुर सिटी स्टेशनों के मध्य पैच दोहरीकरण कार्य और छह फरवरी को रेल संरक्षा आयुक्त के निरीक्षण कार्य स्थगित होने के कारण पूर्व निरस्त की गई गाड़ियों का संचालन बहाल कर दिया गया है। साथ ही मार्ग परिवर्तन एवं शार्ट टर्मिनेशन, शार्ट आरिजिनेशन निरस्त कर गाड़ियों का संचालन बहाल कर दिया गया है और ये गाड़ियां पूर्ववत चलाई जायेंगी। सीआरएस निरीक्षण स्थगित होने के चलते जो पूर्व में ट्रेनें निरस्त की गई थीं उनमें ट्रेन नंबर 04353/04354 बालामऊ-सीतापुर-बालामऊ अनारक्षित स्पेशल का संचालन बहाल कर दिया गया है और ये गाड़ियां पूर्ववत चलाई जाएंगी।

### पूर्व में मार्ग परिवर्तित की गई गाड़ियां

ट्रेन नंबर 15212/15211 अमृतसर-दरभंगा-अमृतसर एक्सप्रेस, ट्रेन नंबर 22424/22423 अमृतसर-गोरखपुर-अमृतसर एक्सप्रेस और 15532 अमृतसर-सहरसा एक्सप्रेस पूर्व निर्धारित मार्ग से चलाई जाएंगी।

### पूर्व में शार्ट टर्मिनेट व शार्ट ओरिजिनेट गाड़ियां

ट्रेन नंबर 05453/05454 गोंडा-सीतापुर-गोंडा अनारक्षित स्पेशल, ट्रेन नंबर 05490/05489 डालीगंज-मैलानी-लखनऊ अनारक्षित स्पेशल ट्रेन नंबर 05491/05492 मैलानी-सीतापुर-मैलानी अनारक्षित स्पेशल, ट्रेन नंबर 05086 लखनऊ जं.-शाहगढ़ अनारक्षित स्पेशल, ट्रेन नंबर 05085/05494 मैलानी-डालीगंज-मैलानी अनारक्षित स्पेशल, ट्रेन नंबर 05088/05087 डालीगंज-मैलानी-डालीगंज अनारक्षित स्पेशल, ट्रेन नंबर 05493 शाहगढ़-डालीगंज अनारक्षित स्पेशल, ट्रेन नंबर 15009/15010 गोरखपुर-मैलानी-गोरखपुर एक्सप्रेस, 12107/12108 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-सीतापुर-लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस का शार्ट टर्मिनेशन, शार्ट ओरिजिनेशन निरस्त कर दिया गया है। ये पहले की तरह ही चलेंगी।

### राजधानी सहित अयोध्या रूट पर दो दिन नहीं चलेंगी ट्रेनें

अयोध्या में होने वाले प्राण प्रतिष्ठा के चलते रेल प्रशासन ने अयोध्या रूट पर दो दिन ट्रेनें नहीं चलाने का निर्णय लिया है। जिसके चलते डिब्रूगढ़ से 21 से 24 जनवरी तक चलने वाली ट्रेन नंबा 20503 डिब्रूगढ़-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग कामाख्या-गोलपारा टाउन-न्यू बोंगाईगांव के रास्ते आएगी। वापसी में नई दिल्ली से 22 से 24 जनवरी को चलने वाली 20504 नई दिल्ली-डिब्रूगढ़ राजधानी एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग न्यू बोंगाईगांव-गोलपारा टाउन-कामाख्या के रास्ते चलाई जाएगी। रेलवे ने छह स्टेशनों पर चल रही रेल डबलिंग के लिए कुछ ट्रेनों को निरस्त करने का आदेश दिया है। इससे रेल यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

# रेलपथ की देखीं व्यवस्थाएं

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल के तुलसीनगर-मालीपुर-जाफरगंज रेलखंड के 17.34 किमी. रेलपथ के दोहरीकृत एवं विद्युतीकृत रेल मार्ग के कार्य का रेल संरक्षा आयुक्त, उत्तर परिमंडल, दिनेश चंद देशवाल ने निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान सीआरएस ने तुलसीनगर, मालीपुर और जाफरगंज स्टेशनों का निरीक्षण करते हुए स्टेशन पर पैनल रूम , संरक्षा अभिलेखों, संरक्षा संबंधी कार्यालयों, संरक्षा के सभी आवश्यक मानकों, संसाधनों, उपकरणों, को परखा। उन्होंने रेलपथ सहित अन्य समस्त आवश्यक प्रक्रियाओं का ट्रॉली द्वारा तुलसीनगर से मालीपुर एवं मालीपुर से जाफरगंज के मध्य गहनता से निरीक्षण किया। मार्ग में पड़ने वाले समपार गेट, टर्न आउट, सिग्नलिंग व्यवस्था तथा रेलपथ की संरक्षा की व्यवस्थाओं को देखा। उन्होंने तुलसीनगर से जाफरगंज के मध्य स्पीड ट्रायल किया। इस निरीक्षण में मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण), एके सिंघल, अपर मंडल रेल प्रबंधक, वाराणसी, लाल जी चौधरी भी उपस्थित रहे। इस रेलपथ के दोहरीकरण कार्य के उपरांत इस रेलखंड पर यात्रियों की यात्रा अधिक सुविधाजनक और संरक्षित होगी। साथ ही इस पथ पर गाड़ियों को अधिकतम गति से संचालित किया जा सकेगा।

## अयोध्या मार्गों पर सुचारू यातायात की रहेगी व्यवस्था

**अमृत विचार, लखनऊ :** अयोध्या में 22 जनवरी को प्रस्तावित प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने वाले विशिष्ट लोगों के सड़क मार्ग से आवागमन के लिए व्यवस्था की गई है। लोक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता प्रांतीय खंड मनीष वर्मा ने बताया कि लखनऊ-अयोध्या मार्ग, लखनऊ-कानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर शहरी भाग व शहीदपथ मार्ग से पॉलीटेक्निक चैराहे के मध्य रोड सेफ्टी से सम्बन्धित सभी कार्य कराये गये हैं। इसी मार्ग पर पॉलीटेक्निक चैराहे पर फ्री लेफ्ट टर्न, फुटपाथ मरम्मत, बोलार्ड लगाने के कार्य के साथ ही यातायात के लिए सुरक्षात्मक कार्य पूर्ण कराये जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस वे से लखनऊ आने वाले विभाग के अनुरक्षणाधीन मार्गों पर यातायात की सुगमता के लिए मार्ग की मरम्मत व सड़क सुरक्षा से सम्बन्धित कार्य भी पूरे करा दिये गये हैं। लखनऊ से अयोध्या मार्ग पर पड़ने वाले मटियारी चैराहे पर भी कार्य पूरा कराया जा चुका है।

## एक नजर

### मनकामेश्वर मंदिर में दीपोत्सव और रामलीला का मंचन



**अमृत विचार, लखनऊ :** मंदिर की महंत देव्या गिरी ने बताया कि राम लला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर मंदिर में विशेष आयोजन होंगे। सुबह आरती से पहले दीप प्रज्ज्वलित किया जाएगा। इसके बाद बाबा का श्रृंगार व भव्य आरती होगी। शाम पांच बजे से रामलीला का मंचन व आरती दीपोत्सव होगा। इसके अलावा सारा दिन संगीतकार भजन-कीर्तन होंगे। सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। गोमती आरती भी धूमधाम से होगी।

### राम भरत मिलाप और राज्याभिषेक कार्यक्रम



**अमृत विचार, लखनऊ :** अयोध्या में रामलला प्राण प्रतिष्ठा के आयोजन को लेकर अलीगंज नया हनुमान मंदिर में 18 जनवरी से रामलीला का आयोजन किया जा रहा है। मंदिर के पुजारी देवी शंकर मिश्र ने बताया कि सोमवार सुबह 10 बजे से पांच कुंडीय महायज्ञ का आयोजन होगा। इसके बाद दोपहर 12 बजे से रामलीला में भरत मिलाप एवं राज्याभिषेक के कार्यक्रम का मंचन होगा। इसके अलावा नए हनुमान मंदिर से पुराने हनुमान मंदिर तक ढोल नगाड़ों के साथ राम बरात निकाली जाएगी। इसके पहले सुबह 10 बजे हवन और दोपहर एक बजे से भंडारा और प्रसाद वितरण किया जाएगा। भक्तों के लिए मंदिर सामान्य दिनों की तरह खुला रहेगा।

# लखनपुरी तैयार, हर कामगार को मिला 'काम' का उपहार

## प्राण प्रतिष्ठा अयोध्या में होने जा रही लेकिन तैयारी पूरे देश में की गई है, इसी बीच राजधानी में मंदिर भी तैयार और बाजार भी...

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्राण प्रतिष्ठा अयोध्या में होने जा रही है लेकिन तैयारी पूरे देश में हो रही है। लखनऊ में मंदिर भी तैयार हैं और बाजार भी। मन्दिरों में जश्न की तैयारी है। साफ-सफाई का अभियान जोरों पर है। कील कांटे दुरुस्त किए जा रहे हैं। घरों में दीवाली मनाने की तैयारी है। बाजार राम के कटआउट से लेकर रामनामी ध्वजाओं से पटे पड़े हैं। तरह-तरह की झालरें हैं। दियाली है, बंदनवार हैं। खुशियों की हर सामग्री बाजार में मौजूद है। व्यापारियों के पास समय नहीं है। हर कोई सबसे पहले जरूरी चीजें खरीद लेने को बेचैन नजर आ रहा है। अयोध्या में आज प्रधानमंत्री प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम में शामिल होंगे तो लखनऊ में अयोध्या जैसी खुशियां ही नजर आएंगी। विपक्षी भले ही टिप्पणी कर रहे हों, कुछ हो या न हो लेकिन यह सच है कि छोटे कामगारों को बड़ा काम मिला है। बाजार का कोई भी हिस्सा अछूता नहीं है। पीएम का विजन हर हाथ को मिले काम की झलक रोजगार की भरती रफ्तार में देखने को साफ मिल रही है। इन्हीं सब बातों पर लोगों के विचार जानने 'अमृत विचार पहुंचा कामगारों के द्वार'...



नरही में डिजाइनर दीया दिखाते विक्रेता आकाश।



वृंदावन योजना के सेक्टर-12 में दीये की दुकान लगाए जवाहर लाल।



तेलीबाग स्थित मंडी में चाक पर दीया बनाता कुम्हार अजय प्रजापति।



कुम्हार मंडी में एक दुकान पर दीया खरीदते लोग।

### 'अमृत विचार पहुंचा कामगारों के द्वार'

**अमृत विचार, आपके द्वार टीम : नीरज मिश्र, संजीव पांडेय, गोपाल सिंह, पंकज द्विवेदी, नीरज अभिषेक, अमित पांडेय, छायाकार राजकुमार वाजपेयी।**

**दियाली बिक्री के लिए अब विशेष मौकों का इंतजार नहीं**

जो कुम्हार पहले दीये और पूजन से जुड़े मिट्टी के आइटम की बिक्री के लिए दीवाली और विशेष मौकों का इंतजार करते थे। अब मिट्टी के आइटम की मांग इतनी ज्यादा है कि जरूरत के मुताबिक आज वे उनकी आपूर्ति नहीं कर पा रहे हैं। सामान्य दियाली ही नहीं डिजाइनर दीये हाथों-हाथ उठ रहे हैं। उठे भी क्यों न, मात्र दो माह बाद एक बार फिर दीपावली मनाने का उत्सव जो आया है। सोमवार को अयोध्या में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम है। दीपावली मनाने के लिए मंदिरों और घरों में दीपक रोशन होंगे। इससे बाजारों में दियाली की मांग बढ़ गयी है। छोटे और गरीब कामगारों के लिए बड़ा अवसर है। दुकानदारी बढ़ी है। ऐसे में कुम्हार व मिट्टी के धंधे से जुड़े छोटे कारोबारियों के चेहरे खुशी से खिल उठे हैं। रविवार को शहर के हर इलाके में दीये और दियाली की दुकानें सजी थीं। माल आते ही 'उड़नछू' हो गया। जो दियाली 100 रुपये सैकड़ा थी आज उनकी कीमत दो सौ रुपये सैकड़ा थी। वहीं डिजाइनर दिया 5 से लेकर 100 रुपये पीस तक बिक रहा था। यानी जितनी 'कुशल कारीगरी' उतना ही मुनाफा। तेलीबाग के कुम्हार मंडी में 40 से 50 वर्षों से लगभग 15 प्रजापति परिवार चाक पर दियाली और कुल्हड़ तैयार कर रहे हैं। उनका कहना है कि यह पहला मौका है जब दीपावली के बाद दियाली की इतनी मांग बढ़ी है। कारोबारियों का कहना है कि दीपावली पर जो माल नहीं बिक पाया था वह भी निकल गया है। मौसम खराब होने के कारण माल तैयार नहीं कर पा रहे हैं। मांग देखते हुए आस-पास के जिलों से माल मंगाना पड़ रहा है।

### रामोत्सव ने दी रोजगार को रफ्तार

तेलीबाग के कुम्हार मंडी निवासी निखिल कुमार प्रजापति परिवार में सबसे छोटे हैं। तीन पीढ़ियों से उनके यहां दियाली और कुल्हड़ तैयार किए जाते हैं। उन्होंने बताया कि अयोध्या में रामोत्सव के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोगों से अपने घरों में दीपावली मनाने की अपील की थी। इस संदेश का फायदा मिट्टी का काम करने वाले छोटे कामगारों को हुआ है। दीपावली का जो माल बचा था वह निकल गया है।

### बिके लाखों दीये

गोंडा के मनकापुर निवासी जवाहर लाल प्रजापति वृंदावन योजना के सेक्टर-12 में दुकान लगाते हैं। उन्होंने बताया कि एक दिन में दो बोरा दियाली बिक गयी। दीपावली पर 5,000 दियाली बच गयी थी। साधारण दियाली की मांग ज्यादा है। दीपावली पर भी 100 रुपये सैकड़ा का रेट था, अभी भी उसी दाम पर बेच रहे हैं। यह बानगीभर है, जिले के हर क्षेत्र और बाजारों में बिक्री का यही हाल है। गिनती थोड़ा मुश्किल है, लेकिन कह सकते हैं कि लाखों दीये बिके हैं या फिर बाहर भेजे जा रहे हैं।

### एक दुकान से अयोध्या भेजी गईं 20,000 दियाली

तेलीबाग के कुम्हार मंडी निवासी अजय कुमार प्रजापति लगभग 40 वर्षों से मिट्टी की दियाली और कुल्हड़ बना रहे हैं। उनका कहना है कि अयोध्या में रामोत्सव से मांग बढ़ी है। पिछले 10 दिनों में 6,700 दियाली तैयार की थी। दीपावली पर जो माल बचा था उसमें से 20,000 दियाली अयोध्या भेजी जा चुकी है। फुटकर दुकानदार हमसे 60 रुपये सैकड़ा दियाली ले जा रहे हैं और 100 या फिर उससे अधिक रुपये में बेच रहे हैं।

### खूब बिक रही दियाली

आकाश नरही बाजार में ठेले पर मिट्टी के बर्तन और दीये की दुकान लगाते हैं। उन्होंने बताया कि दियाली की मांग सबसे ज्यादा है। दियाली एक रुपये और डिजाइनर दिये 30, 50 और 1,00 रुपये पीस बिक रही हैं। प्रधानमंत्री की घोषणा के बाद दीया बिकने लगा है। इससे छोटे कारोबारियों का रोजगार बढ़ा है।



राजधानी में हर सड़क, गली और चौराहे पर बिक रहे रामनामी ध्वज। अमृत विचार



श्रीराम के कटआउट के साथ कारीगर करण।

# कटआउट से बेरोजगारी आउट, झंडे ने बनाया काम, बोलो... जय श्रीराम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**▸▸ प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के एक दिन पहले राजधानी में हाथों-हाथ बिका राम नामी झंडा**

**अमृत विचार :** राम बनाएंगे बिगड़े काम... झंडा लहराओ, बोलो जय श्री राम... का उद्घोष करते हुए बाजारों में झंडे बेचे जा रहे हैं। कटआउट की मांग इतनी थी कि रविवार की शाम तक अधिकांश दुकानों से भगवान राम के कटआउट बिक गए। कटआउट और झंडा बेचने वालों की आंखों में चमक जहां प्राण प्रतिष्ठा समारोह की थी वहीं दिल में इस बात की खुशी भी थी कि इस ठंडे मौसम में उनके घरों को चूल्हा ठंडा होने से बच गया। विक्रेताओं के अनुसार इस मौसम में हम लोग काम की तलाश में रहते हैं। लेकिन प्राण प्रतिष्ठा समारोह के चलते झंडे और कटाआउट की डिमांड इतनी हो गई कि तमाम खाली लोगों को काम मिल गया। अयोध्या में राज तिलक की तैयारी को लेकर राजधानी के घर-घर में राम नामी झंडा लहरा रहा है।

अमीनाबाद बाजार में झंडा बेच रहे अनुज ने बताया कि हम लोग त्योहारों और मौसम के अनुसार ही काम करते हैं। छोटी पूंजी होने के कारण बड़ा व्यापार नहीं कर पाते। ऐसे में इन दिनों में हमारे घरों का खर्च चलाना मुश्किल होता है। कुछ दिनों पूर्व तक जो झंडा हम 60 रुपए का बेच रहे थे वहीं आज 100 रुपए का बिका। 30 मीटर का झंडा 1000 रुपए में बिका। कटआउट व्यवसाई करण ने बताया कि पिछले दो दिन से कटआउट की जबरदस्त मांग है। थर्माकोल और दफ्ती से तैयार किए गए कटआअट आज एक हजार रुपये तक बिके। पांच फिट के कटआउट को लोगों ने डेढ़ हजार रुपये तक में खरीदा। झंडा और कटआउट तैयार करने में हमारा परिवार कई दिन से लगा था। तब उम्मीद नहीं थी कि व्यापार इतना बढ़ जाएगा।



विक्रेता अनुज

# गुलाब हुआ सुर्ख, गेंदा भी महका, बढ़ गए दाम

## 200 की जगह 700 रुपये किलो तक पहुंचा गुलाब, गेंदा 80 से 200 रुपये किलो हुआ

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर राजधानी में फूलों की कीमत आसमान छू रही है। गुलाब के भाव जहां 700 रुपये किलो पहुंच गया है। वहीं गेंदा भी आज 200 रुपए किलो तक बिका। अयोध्या में सोमवार को आयोजित होने वाले कार्यक्रम को लेकर राजधानी के मंदिरों के साथ ही लोग अपने घरों में भी पूजा-अर्चना करेंगे। ऐसे में लोगों ने फूल-मालाओं की खरीदारी भी एक दिन पहले कर ली गई। मांग को देखते हुए फूल व्यवसायियों ने कीमत बढ़ा दी थी। इस सीजन में जहां फूल व्यवसायियों का कारोबार घट जाता है। लेकिन प्राण प्रतिष्ठा समारोह के चलते फूलों की मांग बढ़ी तो किसान से लेकर मंदिरों के बाहर छोटी-छोटी दुकान लगाने वाले माली को भी फायदा हुआ है।



चौक स्थित मंडी में फूलों की खरीदारी करते लोग। अमृत विचार

बड़े इमामबाड़े के पीछे गेंदा मंडी और चौक फूल मंडी में आज सुबह से शाम तक खरीदारों की भीड़ लगी रही। फूल मंडी के सचिव कल्लू ने बताया कि फूलों की मांग अचानक बढ़ गई। उन्होंने बताया कि लखनऊ में संडीला, बालामऊ, कसमंडी, मलिहाबाद और माल क्षेत्र से फूल लाए गए। जो किसान 30 रुपये किलो गेंदा बेचते थे, उन्हें आज 100 रुपये किलो का दाम मिला। इसी तरह से गुलाब की कीमत 150 से 200 रुपये तक होती थी, लेकिन आज उन्हें 300 से 400 रुपये प्रति किलो का भाव मिला।

**इतना आर्डर कि रातभर तैयार की लड़ी और माला**

मंदिर के बाहर फूल व्यवसायी पंकज ने बताया कि इतना आर्डर है कि बीती रात माल और लड़ी तैयार की लेकिन अभी तक काम पूरा नहीं हो सका। घर के अधिकांश सदस्य भी इस काम में जुट गए हैं। सोमवार को तमाम घरों में फूल माला भेजनी है। इसके लिए काम चल रहा है। प्राण प्रतिष्ठा के चलते इस बार हमारी कमाई बेहतर हुई है।



व्यवसायी पंकज



व्यवसायी मुन्ना

एक अन्य फूल व्यवसाई मुन्ना ने बताया कि फूलों के बाजार में पहली बार इतनी अग्रिम बुकिंग हुई है। बाजार में भाव बढ़ने के कारण हमें थोड़ी परेशानी जरूर हुई। लेकिन फूल और मालाओं की मांग इतनी अधिक है कि सोमवार को शायद हमारे घर में भी फूल न मिले।



राजेन्द्र नगर के महाकाल मंदिर से निकाली गई शोभा यात्रा में शामिल श्रद्धालु। अमृत विचार

### हनुमान सेतु मंदिर में लगी एलईडी स्क्रीन, दिखेगा अयोध्या का सीधा प्रसारण

**अमृत विचार, लखनऊ :** हनुमान सेतु मंदिर में राम नवमी की तरह कार्यक्रम होंगे। मंदिर के पुजारी विकास त्रिवेदी ने बताया कि श्रीराम का भव्य अभिषेक होने के साथ पूजा पाठ व भजन-कीर्तन होंगे। प्रवचन हाल में कथा वाचक प्रदीप पांडेय द्वारा राम कथा होगी। शाम को भार्गव महिला सभा द्वारा दो हजार दिए प्रज्ज्वलित किए जाएंगे। इसके पहले सुबह 7 बजे से अयोध्या में रामलला प्राण प्रतिष्ठा का सीधा प्रसारण दिखाए जाने के लिए हाल में स्क्रीन लगाई गई है।



विकास त्रिवेदी



मालवीय नगर के आनन्देश्वर देव मंदिर से ममता चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा राम दरबार की स्थापना से पूर्व निकाली गई शोभा यात्रा में मूर्तियों के साथ श्रद्धालु।

### महाकाल मंदिर में होगी रामलला की प्राण प्रतिष्ठा

**अमृत विचार, लखनऊ :** रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में राजधानी के राजेन्द्र नगर में स्थित महाकाल मंदिर में सोमवार को राम दरबार की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम 12:29 पर शुरू होगा। जिसमें राम दरबार को पूरे विधि विधान से पूजा पाठ करके स्थापित किया जाएगा। कार्यक्रम में हजारों लोग उपस्थित होंगे। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 4 बजे से भस्म आरती से होगी और पूरे दिन कार्यक्रम आयोजित होते रहेंगे। शुभ मुहूर्त में राम दरबार की प्राण प्रतिष्ठा होगी और उसके बाद महा आरती होगी। महाकाल मंदिर ट्रस्ट के संरक्षक अतुल मिश्रा ने बताया कि पिछले तीन दिनों से कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

### सुभाष मार्ग स्थित श्रीराम मंदिर में प्रसाद वितरण

**अमृत विचार, लखनऊ :** सुभाष मार्ग राजा बाजार स्थित राम मंदिर में विशेष आयोजन किया गया है। भगवान श्री राम की भव्य आरती के साथ अयोध्या जैसा माहौल बनाया जाएगा। यहां के पुजारी पं. नरेन्द्र अवस्थी ने बताया कि सोमवार को बाकायदा पाठ होगा। मंदिर को सजाया जाएगा और प्राण प्रतिष्ठा के दौरान आरती और प्रसाद वितरण किया जाएगा। हम सभी इसको एक पर्व की तरह मना रहे है।

# इलेक्ट्रॉनिक दीयों की धूम, झालर के साथ चमचमाते धनुष व तीर

## झालर लगाने वाले कारीगरों ने भी वसूला मोटा मेहनताना, मंदिर और घरों को सजाने वालों की बढ़ी मांग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्राण प्रतिष्ठा समारोह मनाने के लिए राजधानी के बाजारों में भीड़ देखने को मिली। घरों, दुकानों और कार्यालयों को सजाने के लिए रविवार को नाका स्थित बिजली बाजार में श्रद्धालुओं ने जमकर झालरों की खरीदारी की। इलेक्ट्रानिक दीयों की धूम है। विभिन्न प्रकार की झालरों की बिक्री में आई उछाल के बाद इनके दामों में भी खासी बढ़ोतरी हो गई। दियाजाल, इलेक्ट्रिक धनुष तीर, और तिरंगा झालरों की जबरदस्त डिमांड देखने को मिली। व्यापारियों के अनुसार अयोध्या में हो रही प्राण प्रतिष्ठा समारोह के चलते बाजार में खासी रौनक है। ऑफ सीजन हो चुके इन झालरों की बिक्री में आई तेजी ने बाजारों को खुशी से भर दिया है।




राजधानी के बाजारों में बिजली की झालरों व सजावटी लाइटों की खूब बिक्री हुई। अमृत विचार

दीपावली पर्व में भी झालरों सहित कई तरह के बिजली उपकरणों की बिक्री इस स्तर पर नहीं पहुंचती थी, जितनी कि आज पहुंची है। इस सीजन में हो रही बिजली के सामानों और झालरों की बिक्री ने बाजार को उत्साह से भर दिया है।

प्राण प्रतिष्ठा समारोह के चलते बिजली बाजार भी रोशनी से भर गया है। रंगीन बल्ब और कई वैराइटी की झालरों की बिक्री ने बाजार में जान फूंक दी है। झालरों की बढ़ी डिमांड के कारण इनके दामों में भी खासा उछाल आया है। जिन झालरों की कीमत 40 रुपये से लेकर 120 रुपये पीस थी। वही आज 300 रुपये से लेकर 400 रुपये तक हो गई है। नाका स्थित हैरी लाइट हाउस के गुरुमीत सिंह ने बताया कि इस सीजन में तो झालरों और रंगीन बल्बों को कोई पूछता तक नहीं था। प्राण प्रतिष्ठा समारोह के चलते झालरों का स्टॉक खत्म हो गया है। दूसरे प्रांतों से सामान मंगवाया गया है। समारोह के कारण हमारे बिजनेस को भी उछाल मिल गया है। दियाजाल, तिरंगा, राइस और हार्ट शेव की झालरों को श्रद्धालु सबसे ज्यादा पसंद कर रहे हैं।

अलीगंज के डंडइया बाजार में बिजली कारोबारी अमित प्रजापति ने बताया कि झालरों की बिक्री ने हमें भी उत्साह से भर दिया है।

### घरों में झालर लगाने को ढूंढे नहीं मिल रहे लोग

घरों, दुकानों और कार्यालयों को झालरों से सजाने के लिए बिजली मैकेनिक ढूंढे नहीं मिल रहे हैं। अचानक आई तेजी के चलते इन मैकेनिकों के दामों में भी खासा उछाल आ गया है। न्यू नेशनल लाइट के सूरज प्रजापति ने बताया कि समारोह के कारण हम लोगों को भी काम मिल गया है। इन दिनों में हम लोग खाली बैठने को मजबूर होते हैं। लेकिन आज घरों के सजाने के लिए 1500 रुपये से लेकर 2000 रुपये तक मिल रहे हैं। महानगर के सुशील लाइट हाऊस के राजू कश्यप ने बताया कि ऐसे समारोह तो रोज होने चाहिए। जितना काम दीपावली में नहीं मिला, आज चारों तरफ से घरों, दुकानों को सजाने के लिए बुलाया जा रहा है। हम लोगों को बड़ा काम मिला है और पैसा भी मिल रहा है। सबसे ज्यादा वॉम लाइट, तिरंगा और घरों में दियाजाल लगाने के लिए बुलाया जा रहा है।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

# ॥ रघुकुल तिलक सुजन सुखदाता ॥



"भगवान राम की जन्मभूमि पर बन रहा मंदिर सदियों की प्रतीक्षा के बाद हम भारतीयों के धैर्य को मिली विजय का प्रतीक है। आज हमें सौभाग्य मिला है कि श्रीराम का भव्यतम मंदिर बनता देख पा रहे हैं। अयोध्या की अगली रामनवमी पर रामलला के मंदिर में गूंजने वाला हर स्वर पूरे विश्व को हर्षित करने वाला होगा।"


-नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री

# रघुकुल रीति सदा चलि आई
# प्रान जाहुँ बरु बचनु न जाई



## दिव्य एवं अलौकिक श्रीराम जन्मभूमि मंदिर

श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में 46 द्वार स्थापित किये जाएंगे, 42 दरवाजे स्वर्णजड़ित होंगे, जिन पर 100 किलोग्राम सोने की परत चढ़ाई जाएगी



सुदृढ़ एवं मजबूत संरचना, रिक्टर स्केल पर 8 की तीव्रता के भूकंप से भी 2,500 वर्षों तक किसी भी प्रकार की क्षति संभव नहीं

श्रीराम जन्मभूमि मंदिर त्रिपुरुष प्रसाद का साकार रुप है, जहां ब्रह्मा, विष्णु एवं महेश त्रिदेव अपने-अपने स्थान पर विराजमान हैं। मंदिर की नींव में स्थित ताम्रधातु ब्रह्मस्वरूप, श्रीरामलला विष्णुस्वरुप एवं मंदिर के गोलाकार परिक्रमा पथ की संकल्पना शिवस्वरुप में की गई है।



प्राचीनतम नागर शैली में बना अष्टकोणीय मंदिर

श्वेत संगमरमर से निर्मित मंदिर के गर्भगृह में प्रभु श्रीराम के बाल रुप विग्रह की प्राण-प्रतिष्ठा, प्रथम तल पर श्रीराम दरबार के होंगे दर्शन





मंदिर के चारों ओर आयताकार परकोटे का निर्माण, जिसकी कुल लंबाई 762 मीटर है


प्रत्येक वर्ष राम नवमी के दिन प्रभु श्रीराम की जन्म बेला में विशेष यंत्र द्वारा श्रीरामलला के मस्तक पर सूर्य की किरणों को केंद्रित कर 'सूर्यतिलक' किया जाएगा





श्रीराम जन्मभूमि मंदिर लोहे के उपयोग से पूर्ण रुप से मुक्त है एवं विशेष तकनीक से जमीन के ऊपर इसका निर्माण कंक्रीट का प्रयोग किए बिना किया गया है

मंदिर के स्तंभ व भित्तियों पर देवी-देवताओं तथा देवांगनाओं की भावपूर्ण प्रतिमाएं एवं कलाकृतियां



दारिद्रय रोग दु:खानि बंधन व्यसनानि च।
आत्मापराध वृक्षस्य फलान्येतानि देहिनाम्।

दरिद्र रोग दुख बंधन और बताएं यह आत्मा रूपी वृक्ष के अपराध का फल है जिसका उपभोग मनुष्य को करना ही पड़ता है।

## संपादकीय

# विश्वास की एकजुट शक्ति

अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का देश व दुनिया को लंबा इंतजार रहा। राम जन्मभूमि पर मंदिर में बहु प्रतिक्षित प्राण प्रतिष्ठा सोमवार को हो जाएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सभी धार्मिक अनुष्ठानों में शामिल होंगे। देश भर के साथ ही दुनिया भर में कुछ भारतीय दूतावासों में कार्यक्रम की लाइव स्क्रीनिंग की योजना बनाई गई है। राम मंदिर राम से जुड़ी सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत को दर्शाता है और हिंदुओं के लिए अत्यधिक सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व को प्रदर्शित करता है। धार्मिक आस्था का प्रतीक होने के साथ-साथ, श्री राम मंदिर एक अद्भुत वास्तुशिल्प कृति है। मंदिर का निर्माण भारतीय नागर शैली में किया जा रहा है। नागर शैली प्रमुख रूप से उत्तर भारत में मंदिर निर्माण शैली रही है। इस शैली के मंदिर हिमालय से विंध्याचल पर्वत के बीच बनाए गए हैं। श्री राम जन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष गोविंद देव गिरि ने कहा है कि राम मंदिर के निर्माण में अब तक 1,100 करोड़ रुपये से अधिक खर्च हो चुके हैं तथा काम पूरा करने के लिए 300 करोड़ रुपये की और आवश्यकता हो सकती है, क्योंकि अभी निर्माण पूरा नहीं हुआ है। कहा जा सकता है कि अपनी आधी-अधूरी अवस्था में भी इस मंदिर का महत्व भारत में किसी भी अन्य धार्मिक संरचना से बेजोड़ है। अयोध्या राम मंदिर का उद्घाटन एक ऐतिहासिक मील का पत्थर है। प्राण प्रतिष्ठा समारोह का हिस्सा बनने के लिए कारपोरेट कंपनियों में होड़ रही। एक रिपोर्ट के मुताबिक राम मंदिर और पर्यटन बढ़ाने के लिए किए गए दूसरे उपायों से उत्तर प्रदेश सरकार को अगले वित्तीय वर्ष में 25,000 करोड़ रुपये की अतिरिक्त कमाई होने का अनुमान है। प्रधानमंत्री मोदी की 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' पहल इस मंदिर के साथ गहराई से जुड़ी दिखती है। मंदिर निर्माण से पूरे देश को एकता के सूत्र में बांधने और भारत को सुपर साफ्ट पावर के रुप में उभारने में मदद मिलेगी। आर्थिक और सैन्य शक्ति के अलावा, सॉफ्ट पावर का विचार पिछले कुछ दशकों के दौरान आकर्षण का केंद्र बना है। आध्यात्मिकता, योग, दर्शन, धर्म आदि के साथ-साथ अहिंसा, लोकतांत्रिक विचार आदि भारत के सॉफ्ट पॉवर के प्रमुख उदाहरण हैं। भारतीय कला, संस्कृति, विभिन्न प्रकार के व्यंजन, त्योहार, संगीत और नृत्य आदि ने सदियों से दुनिया भर के लोगों को आकर्षित किया है। राम मंदिर अयोध्या में विश्वास की एकजुट शक्ति का जीवंत प्रमाण है। साथ ही भारत की आध्यात्मिक विरासत के रूप में, यह मंदिर अयोध्या को भारत की आध्यात्मिक राजधानी बनाने में अहम भूमिका निभाएगा।

# कलात्मक अभिव्यक्तियों में रामकथा के रूप



रणवीर सिंह फोगाट
इतिहासकार

पाठ भिन्नताओं की साहित्यिक समीक्षाएं और प्रलेखन बहुत हुआ है। रामचरित और उत्तर रामचरित अर्थात रामराज्य के समय को लेकर लोकमानस की अभिव्यक्ति विजुएल आर्ट्स और प्रतिमा सृजन कौशल के द्वारा भी हुई। एलोरा में गुफा संख्या 16 अर्थात, कैलाश मंदिर में एक भित्तिपट्ट पर रामचरित को शैलो रिलीफ (उभरा अंकन) में अंकित किया गया है।

करीब 1958-60 का समय होगा जब मैंने पहली बार ननिहाल में रामलीला का मंचन देखा था। कलाकार बाहर से आए थे जिन्हें नाना ने बुलाया था। इसका मुझ पर बड़ा प्रभाव रहा। शाम होते ही रामलीला मैदान की फिजां एक मेले का रूप धर लेती थी और आधी रात के बाद तक लोग कंबल या रजाई ओढ़ कर मंचन देखते रहते थे। ऐसा ही था लोकमानस। सन 1985 तक भी कभी-कभी रामलीला का मंचन कुछ देर तक देखने का चाव बना रहा था। बाद में कुछ स्थानों पर और मुहल्लों की मंचन पार्टियां खर्चा निकालने की मंशा से किसी संपन्न व्यक्ति को रोजाना ही उस दिन के अध्याय का आरंभ करने से पहले मंच से पर्दा उठाने और सांयकालीन गतिविधि शुरू करने के उद्घाटन करवाने लगीं। दानदाताओं की होड़ लग जाती ताकि उनका नाम मंच से उद्घोषित किया जाए और वे परम श्रद्धालुओं की सूची में नाम दर्ज करवा सकें।

कुछ और वर्ष बीते तो रामलीला के मंच से फ़िल्मी गाने, हंसी-मज़ाक के एपिसोड और जादूगरों तक को बुलाया जाने लगा। तब से अपुन का मन उच्छाट हो गया। सन 1990 के आते रामलीला के पाठ और रामायण के टेक्स्ट को एक्स्प्लोर करने की इच्छा जाग्रत होने लगी तो ग्राम्यांचलों और नगरों के सांस्कृतिक अध्ययन के दौरान यह कोशिश रहती कि रामायण से संबद्ध 'टेक्स्ट्स' और मंचन प्रणालियों के तौर-तरीकों और इसके कंटेंट के अलावा संबद्ध प्रतीकों, कास्ट्यूम, मुखौटे, गायन, चित्रण, खिलौने, भित्तिचित्रण, नाव, सिंहासन और, स्थापत्य के प्रतीकों के एल्व्युशन के बारे में जानकारी जुटाई जाए जिनकी बदौलत श्रीराम का यशोगान वैभव पूर्ण ही नहीं प्रभावपूर्ण भी हो।

मालूम पड़ा कि रामायण की 300 से अधिक भिन्न भाषाओं-बोलियों में प्रतियां मौजूद होने के बावजूद बहुत सी बिलकुल ही स्थानीय 'थिएट्रिकल डिलीवरी' के अनुसार थीं जिनमें उर्दू, हिन्दवी और अवधी के अलावा ब्रज भाषा का दिल्ली से पश्चिम के क्षेत्र में प्रभाव था जैसे कि अन्य स्थानों पर कनपुरिया, गढ़वाली, कुमाऊंनी, बुंदेली, ठेठ अवधी, मैथिलि और भोजपुरी। 'प्रिंटेड टेक्स्ट' से बहुत पहले रामकथा



भारतवर्ष के करीब सभी क्षेत्रों में मौखिक माध्यम से पद्यात्मक शैली में पहुंच चुकी थी क्योंकि इसी शैली में कंठस्थ करना व्यवहार्य है। श्रीलंका के राजा रावण पर जीत के उपरान्त, सीता जी को मुक्त कराके श्रीराम जब अयोध्या लौटे इसके बाद ऋषि वाल्मीकि ने रामायण का पद्यात्मक टेक्स्ट डेवलप किया जैसा कि इस बारे महंतों का विचार है। महर्षि कम्ब और वाल्मीकि रचित इस महाकाव्य में निहित संदेशों ने भारतीय मानस को सहस्त्रों वर्ष तक जीवन के लिए महत्वपूर्ण, आधार दिशा-निर्देश (फंडामेंटल टेनेट्स ऑफ़ सोशल लाइफ) दिए हैं। हमारे व्यवहार, नीति, गृह संचालन, समाज संपर्क, प्रकृति और जीवों के प्रति दृष्टिकोण, संयम, कर्म, व्यापार, अनीति-दुर्नीति और इसके दुष्परिणाम, सत्कर्म, राज्य सञ्चालन और नीति, लोकनीति और लोकमत, अस्त्र-शस्त्र उपयोग की नीति और रणनीति और सद्विद्या के बारे में बहुत बताया है।

रामायण महाकाव्य में दिया गया 'वैल्यू सिस्टम' ही सनातन है, भारतीयों के मानस और रगों में दौड़ते खून में मिला हुआ है। इस जीवन मूल्यों वाली प्रणाली ने न केवल भारत के हिंदू समाज बल्कि अन्य गैर-हिन्दू समाज और सुदूर पूर्व के देशों कंबोडिया, इंडोनेशिया और फिलिपीन समाज, की वैचारिक आनुवंशिकी (जेनेटिक ट्रेट्स) को भी गहरे से प्रभावित किया। वाल्मीकि रामायण और 16 वीं सदी में रचित रामचरितमानस वृहत मानवीय मूल्यों को समाहित किये हुए ग्रंथ हैं जिस विश्व साहित्यिक धरोहर माना गया। अंग्रेजी भाषा में हम इसे 'मोस्ट-कॉम्प्रेहेंसिव ह्यूमन वैल्यू सिस्टम' कह सकते हैं। साहित्यिक रूपांतरणों की विकास यात्रा में 'दशरथ जातक' की कथा वाल्मीकि रामायण से बिलकुल अलग कथा है। बौद्ध रामायण में कथा को अलग ढंग से विकसित किया गया है। बौद्धों पर और जैन मुनियों पर रामकथा का प्रभाव उन द्वारा विकसित किये गए पाठ में देखा जा सकता है। स्कॉलर लोग दक्षिण भारत में तमिल देश में तमिल ऋषि कम्ब रचित रामायण को वाल्मीकि रामायण से पहले का लिखा हुआ मानते हैं। रामायण की विभिन्न कृतियों के रचना काल की शुरुआत को विद्वानों ने पहले तो ईसा पूर्व 1500 वर्ष माना, लेकिन बाद में इसे ईसा पूर्व 400 वर्ष कहा है। संस्कृत और तमिल भाषाओं के अतिरिक्त भारत की क्षेत्रीय भाषाओं-बोलियों में रामायण का पाठ समय-समय पर विकसित होता रहा है और क्षेत्रीय या स्थानीय तौर से जो पाठ मंचन के लिए अर्थात, रामलीला को नाट्य रूप में प्रस्तुत करने के लिए लिखित विवरण के अलावा भाष्य और संवाद के रूप विकसित किये गए उनके लिए स्थानीय बोलियों में स्क्रिप्ट लिखी गई। रामलीला की स्क्रिप्ट्स में मूल तत्व तो वही रहे जो आदि-महाकाव्य में कम्ब और वाल्मीकि ने रामायण कृतियों में शामिल किए थे लेकिन लोकभाषा के स्तर पर उतारते समय इनमें स्थानीय मिठास, संदेश को संप्रेषित करने की ताकत और प्रभाव एवं ग्राह्यता में लोकरुचि का ध्यान रखा गया था।

पाठ भिन्नताओं की साहित्यिक समीक्षाएं और प्रलेखन बहुत हुआ है। रामचरित और उत्तर रामचरित अर्थात रामराज्य के समय को लेकर लोकमानस की अभिव्यक्ति विजुएल आर्ट्स और प्रतिमा सृजन कौशल के द्वारा भी हुई। एलोरा में गुफा संख्या 16 अर्थात, कैलाश मंदिर में एक भित्तिपट्ट पर रामचरित को शैलो रिलीफ (उभरा अंकन) में अंकित किया गया है। लोक में 'राम' से श्री राम अलग हैं। 'राम' प्रकृति का पर्याय है तो श्रीराम, मर्यादा पुरुषोत्तम हैं। भौगोलिक क्षेत्रों के परिवेश को अध्ययन हेतु देखें तो जनपदीय सांस्कृतिक भिन्नता होने से लोक मानस में अयोध्या के राजा राम की अनेक छवियां बनाने में लोकभाषा के रामायण पाठ का बराबर का महत्व है। यह भी देखा गया है कि सर्वजन हिंदू वैष्णव आस्था स्थलों में ही नहीं बल्कि सामान्य लोगों की अन्य संपदाओं (मटेरियल कल्चरल प्रॉपर्टीज) यथा तालाबों के घाट और इन पर निर्मित सराय-तिबारी, स्मारक 'छतरी' और चूने में पलस्तर की गयी भित्तियों की सतह के अलावा स्त्री आभूषण कंठाहार के फूल (पेंडेंट) में भी भगवान राम की ठप्पायुक्त छवि (एम्बॉस्ड इमेज) का वजूद देखा जाता है।

नगरों और ग्राम्यांचलों में मौजूदा और खंडित भवनों के अलावा शेखावाटी अंचल के ठिकानों पर हवेलियों और निवास हेतु निर्मित दुर्गों, पश्चिमी उत्तरप्रदेश के मंदिरों की भित्तियों, देहरादून गुरु रामराय स्थापित दरबार के उच्च प्रवेश द्वार झंडा साहिब की भित्तियों और आलिंदों में, ओरछा नरेश के राजमहल और यहीं मौजूद लक्ष्मीनारायण मंदिर में अंकित भित्तिचित्रों में रामचरित से संबंधित चित्रांकन देख कर अहसास होता है कि प्रत्येक ज्ञात कला माध्यम से श्रीराम की छवियां गढ़ने में भारतीय चितेरों ने लग्नपूर्वक काम किया। रामायण की हस्तलिखित किताबों में चित्रांकन भी मिलता है। हरियाणा। मध्यप्रदेश और बुंदेलखंड, गुजरात में भित्ति चित्रांकन का प्रलेखन कार्य करते हुए 30 वर्ष के समय में मुझे काफी संख्या में लोकशैली, ढूंढाड़, पूर्व-पंजाब के पहाड़ी क्षेत्रों, शिमला हिल स्टेट्स और जम्मू के बसोहली में पहाड़ी चितेरों द्वारा अंकित भित्तिचित्र जितना वैविध्य लिए देखने को मिले उतने ही प्रभावपूर्ण वे चित्रांकन देखे गए जो श्रीकृष्ण के जीवन प्रंसगों से संबंधित रहे। हरियाणा की कुछेक स्मारक छतरियों के गुंबद की छत में श्री राम और रावण के बीच हुए युद्ध के चित्र पैनल तो पूरी युद्ध कथा कहते हैं। कहीं-कहीं तो हवेली के प्रवेश द्वार की धनुषाकार 'डाट' में और कहीं मंदिरों के परिक्रमा पथ और ड्योढी में इस युद्ध का शानदार चित्रांकन अभी तक मौजूद है। आधुनिक समय में श्री राम के प्रति आस्था के विस्तार को डिजिटल टेक्नोलॉजी के नज़रिए से देखें तो एनीमेशन मूवीज और एपिसोड्स हमें दिखाई देते हैं जो श्री रामचरित को हजार साल आगे तक थ्री-डी इमेजिंग से शाश्वत कर देंगे जैसे कि 'रामायण –द लीजेंड ऑफ़ प्रिंस राम', 'रामायण –द एपिक' और अन्य के द्वारा।

## प्रसंगवश

# अन्य धर्मावलंबी राम भक्त



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

श्रीराम का व्यक्तित्व इतना विराट,उदात्त और लोकाभिराम है कि उनके भक्त न केवल हिंदू बल्कि अन्य धर्मावलंबी भी रहे हैं। गौरांग ईसाई भी इसमें पीछे नहीं। इटली के डा.तेस्सीतोरी ने 1910 में वाल्मीकि रामायण और तुलसीकृत रामचरितमानस के तुलनात्मक अध्ययन पर एक शोध प्रबंध लिखा और प्रकाशित करवाया। उन्हें इसी पर डाक्ट्रेट की उपाधि मिली। ब्रिटिश विद्वान डा.आर.ग्राउज़े ने 1912 में मानस का अंग्रेज़ी अनुवाद किया और 1955 में पादरी एटकिंस ने इंग्लिश में दोहा चौपाइयों में मानस अनूदित की।

वे भारत आए तो थे ईसाई धर्म प्रचार हेतु, पर प्रभावित हो गए राम चरित्र और तुलसी से। रूस के डा.वरान्निकोव ने रूसी भाषा में छंदोबद्ध रामचरितमानस अनूदित की, जिसे 1948 में रूसी विज्ञान अकादमी ने प्रकाशित किया। सिख समुदाय के गुरु गोविंदसिंह ने "रामावतार"शीर्षक काव्य ग्रंथ सृजित किया,जिसमें 864 छंदों में संपूर्ण रामकथा वर्णित है। राम भक्ति में मुसलामान भो पीछे नहीं रहे।रहीम कवि गोस्वामी तुलसीदास के मित्र तो थे ही,उनसे रामकथा सुना करते थे। "जेहि रज ऋषिनारी तरी सो ढूंढत गजराज" लिखकर उन्होंने श्रीराम द्वारा अहल्या उद्धार को सभक्ति स्मरण किया है। राम के गुणों के मुरीद होकर ही डा.इक़बाल ने लिखा है' "हैं राम के वजूद में हिंदोस्तां को नाज़।

अहले नज़र समझते हैं उनको इमामे हिंद।"कैफी और महकम ने राम जी का गुणगान उर्दू कविता में किया है। जफरअली खां ने "हिंदुओं की तहज़ीब"पुस्तक में श्रीराम के चरित्र बखान किए हैं।भारत के बाहर विश्व के तमाम देशों में नगरों के नाम राम पर हैं, जैसे अफगानिस्तान में 'रामगुल' अर्जेंटीनी में 'रामल्लो', फ्रांस में 'रामटुएल'जर्मनी में 'रामबो' सऊदी अरब में 'रामलटधाम' ,फिलीपीन्स में, रामोज़'यू ए ई में 'राम्स'आदि। यह सब राम भक्ति की विश्व व्यापकता का परिचायक है।

# तुलसीदास की अयोध्या में उपेक्षा



कनक तिवारी
पूर्व महाधिवक्ता,छत्तीसगढ़

भक्ति का रास्ता सुझाते भी तुलसीदास स्वर्ग और नर्क को लेकर संशयवादी मिथक नहीं रचते। उन्होंने वैतरणी पार करना नहीं बताया।

रामचरित मानस के पाठक और श्रोता अशिक्षित, अल्पशिक्षित और अर्द्धशिक्षित जनमानस में ज्यादा हैं। किताबें रटकर थीसिस लिखने वालों से कहीं ज्यादा तुलसीदास करोड़ों अवाम के असल 'मन की बात' हैं। तुलसीदास भारत की जनवादिता, जनसुलभता और जनस्वीकारोक्ति के सबसे स्वीकृत कवि हो गए हैं। रामचरित मानस को पढ़ने से कहीं ज्यादा कानों से सुनते साहित्य की जिजीविषा मनुष्य की स्वायत्तता के विकास के लिए सक्रिय हो जाती है। रामचरित मानस काव्य के बनिस्बत जनविश्वास का आदर्शों के लिए प्रामाणिक कबूलियतनामा है। महाकवि ने कल्पना से राष्ट्रनायक ईजाद कर मनुष्य जीवन में आ चुकी, आने वाली, आ सकने वाली सभी चुनौतियों, उम्मीदों और घटनाओं का ताना बाना बुन दिया, जिससे आने वाली सदियों में भविष्य के किरदार तुलसी द्वारा सुझाए और ढूंढे रास्ते का मर्म बूझ सकें।

16 वीं, 17 वीं सदी में तुलसीदास प्रजातंत्र, समाजवाद और धर्मनिरपेक्षता के आदर्शों से बनी संवैधानिक व्यवस्था की इन्हीं शब्दों में पैरवी नहीं कर सकते थे। तुलसी सामंती व्यवस्था के विरोधी थे। वे अकबर के दरबारी कवि नहीं बने। तुलसी ने कहा, 'मणि मानिक महंगे किए। सहजे तृण जल नाज। ऐते तुलसी जानिए राम गरीब निवाज।' लोकतंत्र का मकसद तुलसी और राम के भक्त गांधी ने भी एक शब्द में ढूंढ़ा कि भारत में 'रामराज्य' स्थापित हो। तुलसी का सुराज और गांधी का स्वराज क्या मौजूदा जनतंत्र में नहीं, संभावित रामराज्य में ही है? गरीबी पर तुलसीदास ने ज्यादा तीखा और सीधा हमला किया। वे कहते हैं गरीबी का दुख संसार की माया कहकर मिटाया नहीं जा सकता। कवितावली में भूख और गरीबी का वर्णन तुलसीदास ने आत्मा के खून से लिखा। 'नहिं दरिद्र सम दुख जग माही। संत मिलन सम सुख जग नाहीं।' कवि ने गरीबी को रावण कहा जिसने सारे संसार को दबा रखा है। गांधी और विवेकानंद ने भी दरिद्रनारायण शब्द इस्तेमाल किया। वे प्रजा पीड़क राजाओं को शाप देते कहते हैं राज करत बिनु काज ही, सजहिं कुसाज कुठाट। तुलसी ते दसकंध ज्यों, जइहैं बारह बाट।

दो सबसे बड़े जनधर्मी योद्धा-विचारक विवेकानंद और गांधी पर तोहमत है कि वे वर्ण व्यवस्था के हिमायती थे और जातिवाद के खिलाफ उन्होंने मुखर होकर बड़ी सामाजिक लड़ाई नहीं लड़ी। पीछे इतिहास में लौटें। ठीक यही आरोप तुलसीदास के व्यवहार में भी है। वे ब्राह्मण थे और उन्हें ब्राह्मण होने का गुमान भी था। उन्होंने वर्ण व्यवस्था के जुमले में ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, शूद्र जैसे शब्दों का उल्लेख भी किया है। यही उल्लेख सामाजिकता में इक्कीसवीं सदी तक भी मुखर हो रहा है। रामचरित मानस या तुलसी का अन्य साहित्य पढ़कर उनके सवर्ण मित्रों का ब्यौरा नहीं मिलता कि उनके जरिए तुलसी ने कोई सामाजिक उथल-पुथल की पहल की हो। इसके बरक्स दर्जनों लोग तुलसी के अंतरंग रहे हैं। उनके दोस्तों में पासी, अहीर, जुलाहा, केवट जातियों के कई लोग थे। तुलसी ने रामलीला कराने की पेशकश की। तो यही लोग उनमें शबरी, निषाद, केवट और तमाम तरह के पात्रों का अभिनय करते थे। भक्ति का रास्ता सुझाते भी तुलसीदास स्वर्ग और नर्क को लेकर संशयवादी मिथक नहीं रचते। उन्होंने वैतरणी पार करना नहीं बताया। वे साफ कहते हैं अपने दुख दूर करना है। तो इसी दुनिया में रहकर ही उससे जद्दोजहद करो। मुसीबतों का मुकाबला करो और याद रखो राम तुम्हारे साथ हैं। राम मनुष्य देह लेकर धनुष बाण के साथ तुम्हारे दुखों को मारने नहीं आएंगे। राम अंदर की अपराजेय आत्मा की ताकत हैं। वह ताकत मनुष्य को हर मुसीबत से लड़ने का जो हौसला देती है। उसी हौसले का नाम राम है। राममयता मनुष्य होने के अस्तित्व का मायने है। यही वजह है तुलसीदास के राम गांधी तक पहुंचते-पहुंचते समावेशी चरित्र के संवैधानिक भारतीय हो सकते हैं। बीसवीं सदी के सबसे प्रभावशाली, ताकतवर और लोकप्रिय हिन्दी कवि सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' की दो सर्वश्रेष्ठ रचनाओं में एक है 'राम की शक्ति पूजा' और दूसरी है 'तुलसीदास'। 'निराला' की तुलसीदास से बेहतर रचना शायद अब तक नहीं लिखी गई है। निराला ने तुलसी के लिए कहा 'करने को ज्ञानोद्धत प्रहार। तोड़ने को विषम वज्र-द्वार। उमड़े, भारत का भ्रम अपार हरने को।' निराला के मुताबिक तुलसीदास जानते थे कि सामान्य जनता के लिए किताबी अध्ययन आधारित ज्ञानमार्ग मुश्किल रास्ता है। इसलिए तुलसीदास ने जानबूझकर भक्ति मार्ग का रास्ता सुझाया। तुलसीदास ने समझ का एक नायाब सूत्र दिखाया। कहा कि भक्ति का आग्रह, दुराग्रह नहीं सत्याग्रह है।

## सोशल फोरम

# रामलला की छवि





श्रीकांत अस्थाना
वरिष्ठ पत्रकार

परंतु ये मूर्ति तो माता कौशल्या की गोद में उतरे या घुटनों के बल चलते या ठुमक ठुमक कर चलते रामलला की नहीं हो सकती...

जब भी कोई 'रामलला' कहता है तो उसके मन-मस्तिष्क में कैसी छवि होती है? निश्चय ही ऐसे बालक की छवि होती है जिसने मां कौशल्या की बात सुनने के बाद वह लीला शुरू की जिस पर कवि ने लिखा था कि '... सुनि बचन सुजाना, रोदन ठाना होई बालक सुर भूपा...'। इससे भी ज्यादा संभावना इस बात की है कि 'रामलला' शब्द का उच्चारण करते समय उसके मन में वह छवि हो जो अति लोकप्रिय भजन 'ठुमुकि चलते रामचंद्र, बात पैंजनियां...' से उपजती है।

परंतु ये मूर्ति तो माता कौशल्या की गोद में उतरे या घुटनों के बल चलते या ठुमक ठुमक कर चलते रामलला की नहीं हो सकती... ये नवजात या शिशु ( स्थानीय बोली में 'जनमतुआ') रामलला की छवि तो किसी हाल में नहीं है। ये तो शैशव पार कर आए बाल राम जी की छवि हो सकती है.. , जिन लोगों ने इस मूर्ति का चयन किया था क्या उन्हें याद था कि किसकी मूर्ति बनवा रहे हैं? स्वयंभू रामलला विराजमान को किनारे करने का खेल खेल रहे लोगों को भी समय किनारे करेगा ही...परंतु रामलला विराजमान की स्वयंभू मूर्ति के स्थान पर उनके ही मंदिर में उनके सात-आठ वर्षीय बाल रूप की स्थापना का क्या औचित्य है?

यह सब कर रहे लोग तो प्रश्नों का उत्तर नहीं देंगे, परंतु आप तो इस पर विचार कर सकते हैं....।

-फेसबुक वॉल से

# रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा और सांस्कृतिक भाव-बोध



डॉ. साकेत सहाय
भाषा एवं संचार विशेषज्ञ

भारतीय संस्कृति की चारित्रिक आधारशिला ही राम पर आधारित है। भारतीय संस्कृति राम को एक व्यक्ति नहीं वरन् एक संस्कृति के रूप में देखती है और जीती है।

22 जनवरी का दिन हम सभी के लिए बेहद ऐतिहासिक है। रामलला अपनी जन्मभूमि में पुनः स्थायी रूप से भव्य मंदिर में विराजमान हुए। यह कोई साधारण घटना नहीं है। इस परिघटना की भारत के सांस्कृतिक, सामाजिक पुनरुत्थान में अभूतपूर्व भूमिका होगी। श्रीराम भारतवासियों के लिए आराध्य मात्र नहीं वरन हमारी जीवन शैली के प्रतीक हैं। श्रीराम जैसे नायक जिस समाज के समक्ष उपस्थित हो उसे दूसरों के समक्ष देखने की क्या आवश्यकता? श्रीराम भारतीय संस्कृति के प्रणेता हैं। चाहे सुख हो या दुःख श्रीराम सभी में प्रेरणा देते हैं। प्रभु श्रीराम स्वयं इन परिस्थितियों का सामना करते हुए मर्यादा पुरुषोत्तम बने। उनके लिए मर्यादा ही सबसे बड़ा पाथेय रहा। पितृ, मातृ, पति, मित्र, शासक, प्रशासक, नीतिज्ञ इत्यादि के प्रत्येक धर्मपालन में राम हमारे समक्ष सबसे बड़े आदर्श के रूप में उपस्थित हैं।

राम हमारी विरासत हैं, उमंग हैं, संस्कृति एवं संस्कार हैं। उनसे भारतीय सभ्यता-संस्कृति पुष्पपित-पल्लवित हुई। राम को जानने-समझने के लिए यह जरूरी है कि हम मर्यादा पुरुषोत्तम के जीवन मूल्यों को रामायण एवं रामचरितमानस जैसे ग्रंथों के माध्यम से समझें। समाज जिन आदर्शों, मूल्यों से ऊर्जस्वित होता है वे सभी इन ग्रंथों में हैं। श्रीराम लला की प्राण-प्रतिष्ठा हमें हीनता-बोध से उबरने का भी बोध कराती हैं। साथ ही, इतिहास की भूलों को सुधारने का भी। देश के विरुपित इतिहास के माध्यम से आम जनमानस को कुंठित एवं हीनता-बोध से ग्रसित करने का जो कुमार्ग अपनाया गया था, हमें विश्वास है कि आज की यह प्राण-प्रतिष्ठा उसे धर्म-संस्कार-परंपरा की मर्यादित स्वर देगी। इस स्थापना से बहुसंख्यक समाज के बहाने बहुस्तरीय रुप में सामाजिक एकता का मार्ग प्रशस्त होगा। श्रीराम मंदिर की स्थापना से समाज में, व्यवस्था के, एकता के स्वर मर्यादित होंगे।

राम हमारे देश में कथा भी हैं, व्यथा भी हैं, बुढ़ापा हैं, बचपन हैं, जवानी हैं। राम-राम, सियाराम के अभिवादन से लेकर राम-नाम सत्य तक सबमें राम शामिल हैं। भारतीय मन हर स्थिति में राम को साक्षी बनाने का अभ्यस्त है। दुःख में, 'हे राम', पीड़ा में, 'ओह राम', लज्जा में, 'हाय राम', अशुभ में, 'अरे राम राम', अभिवादन में, 'राम राम', शपथ में, 'राम दुहाई', अज्ञानता में, 'राम जाने', अनिश्चितता में, 'राम भरोसे', अचूकता के लिए, 'रामबाण', सुशासन के लिए, 'रामराज्य', मृत्यु के लिए, 'राम नाम सत्य'। इस प्रकार की अभिव्यक्तियां पग-पग पर 'राम' को हम सभी के साथ खड़ा करतीं हैं और राम भी इतने सरल हैं कि हर जगह वे अपने भक्तों के लिए खड़े हो जाते हैं। कहा भी गया है 'जिसका कोई नहीं... उसके 'राम'हैं-'निर्बल' के बल "राम" और अंत में 'हम तो जाते अपने गांव... सबको राम राम राम! सिखों के दसवें गुरु, ख़ालसा पंथ के संस्थापक गुरु गोविंद सिंह जी प्रभु श्रीराम की स्तुति करते हुए लिखते हैं – श्री रघुनन्दन को भुज तें जब छोर मरागन बान उड़ाने,/ भूमि मकाम पतार पर रहे नहि जान पछाने। तोर साह सुवाहन के तन माह करी नहि पार पराने,/ देव फरोटन घोटन कोट भटान में जानको जान पछाने।

राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त कहते हैं-'राम तुम्हारा चरित्र स्वयं ही काव्य है/ कोई कवि बन जाये सहज संभाव्य है।' राम हमारे समाज में धर्म, आचरण, शील और मर्यादा के प्रतीक पुरुष के रूप में स्थापित है। रामजी भारतीय संस्कृति के उच्च आदर्शों के प्रतीक पुरूष इसलिए माने जाते है क्योंकि वे हमारे सनातन मूल्यों को सहज भाव से अपनाते नजर आते हैं। इन्हीं आदर्शों के फलस्वरूप भारतीय जनमानस ने श्रीराम को एक प्रतीक पुरूष के रूप में अपनाया है। हमारे शास्त्र पिता, भाई के रूप में श्रीराम के आदर्शों को अपनाने की सलाह देते है। श्रीराम कहते हैं- मुझे पूजकर न अपनाओं, बल्कि मुझे अपने आचरण व्यवहार में शामिल करो।'राम हमारे लिए केवल ईश्वर मात्र नहीं वरन् इस व्यवस्था के उन्नायक है, नियंता है।

भारतीय संस्कृति की चारित्रिक आधारशिला ही राम पर आधारित है। भारतीय संस्कृति राम को एक व्यक्ति नहीं वरन् एक संस्कृति के रूप में देखती है और जीती है। यही कारण है कि भारत या भारतीय संस्कृति में आस्था रखने वाला प्रत्येक समुदाय धर्म से ऊपर राम को प्रतीक पुरुष मानता है। भारतीय संस्कृति के वे संस्कार पुरुष माने गए हैं।सूफी कवियों ने भी राम को उसी रूप में अपनाया। दक्षिण-पूर्व एशिया के देश आज भी राम को अपनी राष्ट्रीय आस्था एवं परंपरा का प्रतीक मानते है। राम सदाचार के प्रतीक हैं, और इन्हें मर्यादा पुरुषोत्तम कहा जाता है। राम का नायकत्व समृद्ध भारतीय परंपराओं के साथ ही भारतीय साहित्य की समृद्धि का भी उदाहरण हैं। राम भारतीय साहित्य के साथ ही दक्षिण-पूर्व एशिया के लोकनायक के रूप में भी उभरते हैं। रामायण का व्याख्यायित एवं विश्लेषित रूप 'राम का अयन'है, जिसका अर्थ है 'राम का यात्रा पथ'। श्रीराम भारतीय संस्कृति की उदात्त अभिव्यक्ति हैं। उनकी संपूर्ण गाथा मानव के 'मानव' बनने का इतिहास है।

# कागजों में हमेशा जिंदा रहेंगी कुर्रतुल ऐन हैदर



हफीज किदवई
लेखक

लखनऊ के करीब ही एक मशहूर सूफी संत हुए हैं,उनके चांदनी बिछे फ़र्श पर गाव तकिया लगाए बैठी हुई ऐनी आपा को देखा है। क्या समझ थी हमारी, कुछ भी तो नही,बस उलझे हुए बालों में उलझी उलझी बातें करने वाली कोई खूबसूरत सी उलझी हुई बूढ़ी औरत और जब वह चली गईं,तो किसी ने कहा, कुर्रतुल आई थीं, कौन कुर्रतुल, अरे कुर्रतुल ऐन हैदर, ऐनी आई थी। नहीं पता था कि वह कौन हैं, कौन थीं और जब पता चला,तो वह बहुत दूर चली गईं और तमाम किस्से हम सबकी दहलीज़ पर छोड़ गईं। जिन्हें पढ़-पढ़ लिखना सीखा। कुर्रतुल ऐन हैदर की तरह बैठना हमें आज भी आता है।

वह जो कहती थीं कि देखो बारिश हमारी ज़ुबान में कितनी तरह हो सकती है,बताओ,यह फुहार जैसे अल्फ़ाज़ कहां हैं। खैर अलीगढ़ से निकली लखनऊ में पली बढ़ी,पाकिस्तान का रुख किया मगर, दिल जो हिंदुस्तानी धड़कन लिए हुआ बसता था,वापिस ले आया उस आंगन, जिसके लिए बनी थीं ऐनी आपा। ईरान की मशहूर कवियत्री कुर्रतुल ऐन ताहिरा के नाम पर उनके वालिद सैयद हैदर यलदरम ने उनका नाम रखा था,जो खुद बहुत ऊंचे दर्जे के लेखक थे। ऐनी आपा की मां नज़र बिन्ते बाकिर भी उर्दू की मशहूर लेखक थीं। ऐनी आपा के नाम से अपनों के बीच मशहूर थीं,वह बहुत कम उमरी में लिखने लगी, वह एहसास की मलिका थीं,उन्हें अल्फ़ाज़ से खेलना बचपन में ही आ गया था। वैसे कुर्रतुल ऐन हैदर के बारे में कितना कुछ कहा जा सकता है, बस यह कह सकते हैं कि उनकी आग का दरिया काफ़ी है, उस गहराई को समझने के लिए,जो उनमें थी। मेरे घर में एक लड़की का नाम ऐनी सिर्फ इसलिए रख दिया गया क्योंकि उसके वालिद के साथ ऐनी आपा बेसाख़्ता हंस दिया करती थी, खूब बतियाती थीं और उसकी वालिदा की हल्की हरी आंखे देखकर हंसकर कहती थीं, ईरानी बिल्ली। उनका लेखन वाकई एक समंदर है, जिसे पढ़कर पार करना सबके बस का नही है। ज्ञानपीठ,साहित्य अकादमी, पद्मश्री,पद्मभूषण, ग़ालिब एवार्ड,सोवियत लैंड नेहरू एवार्ड, इक़बाल एवार्ड सब कुर्रतुल ऐन हैदर के ज़ेवर थे और ऐनी आपा इन सबसे अलग एक सीमाबी शख़्सियत थीं। कुर्रतुल ऐन हैदर कागज़ों में हमेशा ज़िंदा रहेंगी,कहानियों में,उपन्यासों में और हमारी यादों में।

## एक नजर

### बड़ा व छोटा इमामबाड़ा आज पर्यटकों के लिए रहेगा बंद

**लखनऊ :** अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर हुसैनाबाद ट्रस्ट के अधीन बड़ा इमामबाड़ा, छोटा इमामबाड़ा और पिक्चर गैलरी बंद रहेगी। अपर नगर मजिस्ट्रेट और हुसैनाबाद ट्रस्ट के प्रभारी अधिकारी ब्रजेश कुमार वर्मा ने बताया कि 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह के मद्देनजर हुसैनाबाद ट्रस्ट के अध्यक्ष और लखनऊ के जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार ने बड़ा इमामबाड़ा, भूलभुलैया, छोटा इमामबाड़ा, शाही हम्माम और पिक्चर गैलरी पर्यटकों के लिए बंद रहेगी।

### सफाई कर्मियों को विधायक ने किया सम्मानित

**लखनऊ :** मनकामेश्वर मंदिर में स्वच्छ तीर्थ अभियान के बाद भाजपा के वरिष्ठ नेता नीरज सिंह ने उपस्थित स्वच्छता कर्मियों को फूल माला पहनाई और शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। सफाई कर्मियों के साथ भोजन किया। उन्होंने कहा कि प्रभु राम कण-कण में विद्यमान हैं। उनके जन्म स्थान पर भव्य राम मन्दिर बनकर तैयार है। सोमवार को मन्दिर में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम होगा। उस समय हम सब सीधा प्रसारण देखकर दर्शन के बाद शाम को मिलकर दीपावली मनाएंगे। सह भोज के दौरान भाजपा नगर उपाध्यक्ष घनश्याम दास अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

# युवाओं को रोजगार दे रही फूलों की खेती: एम देवराज

## 24 रनिंग ट्रॉफी के अलावा विजेताओं को मिले 215 पुरस्कार, रनिंग चैलेंज कप रहा प्रतियोगिता में अव्वल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** व्यवसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग के प्रमुख सचिव ने कहा कि फूलों की खेती और बागवानी युवाओं को रोजगार दे रही है। ऐसे में हमें कौशल विकास और इस तरह के कार्यक्रम समय-समय पर आयोजित करते रहने चाहिए। गुलाब ग्लैडियोलस प्रदर्शनी के समापन अवसर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए प्रमुख सचिव ने प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करते हुए उन्हें सम्मानित भी किया।

व्यवसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग (सीएसआईआर) के प्रमुख सचिव एम देवराज गुलाब एवं ग्लैडियोलस प्रदर्शनी के समापन अवसर पर प्रतिभागियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान संस्थान में आयोजित प्रदर्शनी के दौरान सम्मिलित प्रतिभागियों को शासन की योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रम में शामिल होकर किसानों और युवाओं को लाभ भी हासिल होता है। वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद -सीमैप के निदेशक डॉ. पीके त्रिवेदी ने कहा कि पूरे देश में सीएसआईआर फ्लोरीकल्चर मिशन को लागू करके किसानों को लाभान्वित भी कर रहा है। कार्यक्रम के दौरान एसीएसआईआर गाजियाबाद के निदेशक डॉ. मनोज कुमार धर ने फूलों की खेती और पौधों के संरक्षण के क्षेत्र में एनबीआरआई के प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक डॉ. अजित कुमार शासनी, वैज्ञानिक डॉ. श्रीकृष्ण तिवारी सहित अन्य उपस्थित रहे।

दो दिवसीय वार्षिक गुलाब एवं ग्लैडिओलस प्रदर्शनी का समापन समारोह संस्थान के सेन्ट्रल लॉन पर सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर कुल 24 रनिंग चैलेंज ट्रॉफी, शील्ड कप एवं विभिन्न विजेताओं को 215 पुरस्कार प्रदान किया। जिसमें प्रथम 81, द्वितीय 76 एवं 58 सांत्वना पुरस्कार वितरित किये गए। कुल 47 प्रदर्शकों द्वारा 448 प्रविष्टियां भी प्रदर्शित की गईं।



एनबीआरआई परिसर में गुलाब एवं ग्लैडियोलस प्रदर्शनी में डॉ. कृष्ण तिवारी, आईएएस एम देवराज और डॉ. मनोज कुमार धर द्वारा पुरस्कार प्राप्त करने वाले विजयी प्रतिभागी। अमृत विचार



गुलाब एवं ग्लैडियोलस प्रदर्शनी का अवलोकन करतीं युवतियां। अमृत विचार

### इन पुरस्कारों से सम्मानित हुए प्रतिभागी

आयुक्त (कमिश्नर) रनिंग चैलेंज कप वर्ग ए में सबसे अधिक अंक प्राप्त किये। राजा भद्री रनिंग चैलेंज शील्ड सर्वोत्तम भारतीय प्रजनित एचटी गुलाब वर्ग ने प्राप्त की। परसी-लैंकास्टर चैलेंज कप प्रदर्शनी के सर्वोत्तम एचटी लाल गुलाब (ई-1) फ्लोरीबंडा गुलाब के नाम रहा। चौधरी अकबर हुसैन मेमोरियल रनिंग ट्रॉफी प्रदर्शनी के सर्वोत्तम सुगन्धित हाइब्रिड टी गुलाब की रही। हृदय प्रसाद तिवारी रनिंग चैलेंज शील्ड धारीदार एचटी गुलाब को मिली। कई अन्य सम्मान भी प्रतिभागियों को मिले।

## लविवि ने एनआईआरएफ को सौंपा डेटा

**लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय ने एक बार फिर अपना डेटा राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआईआरएफ) को सौंप दिया है। ये संस्था देश भर में उच्च शिक्षा संस्थानों का मूल्यांकन करती रही है। जो अकादमिक उत्कृष्टता, अनुसंधान कौशल और समग्र संस्थागत प्रदर्शन को प्रदर्शित करता है।

इस बार एनआईआरएफ विवि से जुड़े शिक्षण संबंधी विस्तृत आंकड़े लिये हैं। इनमें शिक्षण, सीखना और संसाधन, अनुसंधान और व्यावसायिक अभ्यास, स्नातक परिणाम, आउटरीच और समावेशिता और अवधारणा शामिल हैं। विवि के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने कहा कि शैक्षणिक और अनुसंधान उत्कृष्टता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता हमेशा अटूट रही है। एनआईआरएफ सबमिशन हमारे विवि की उपलब्धियों, नवाचारों,और छात्रों और समुदाय पर परिवर्तनकारी प्रभाव को प्रदर्शित करने का उत्कृष्ट अवसर है। हमारे अनुसंधान, शिक्षण और सीखने के सूचकांकों में सुधार होने की उम्मीद है।

# दो पालियों में हुआ सीटेट परीक्षा का आयोजन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से आयोजित होने वाली सीटेट परीक्षा का आयोजन हुआ। दो पालियों में आयोजित परीक्षा के दौरान सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त रहे। परीक्षा के दौरान बिगड़े मौसम का असर भी देखने को मिला।

पात्रता परीक्षा सीटेट लखनऊ सहित अन्य शहरों में आयोजित हुई। जिले के अलग अलग विद्यालयों में आयोजित पहली पाली की परीक्षा 9.30 से आरंभ होकर 12 बजे तक चली। दूसरी पाली का आयोजन दोपहर 2 बजे से आरंभ हुआ, जो 4 बजे तक चला। इस दौरान मौसम का असर परिक्षार्थियों पर देखने को मिले। दोनों पालियों के दौरान सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त देखने को मिले।

### प्रवेश पत्र को लेकर कुछ स्थानों पर रोक-टोक

कुछ परीक्षा केन्द्रों पर प्रवेश पत्र को लेकर रोक- टोक देखने को मिली। बताते हैं कि कई छात्र प्रवेश पत्र लाना भूल गए। ऐसे में उन्हें रोक-टोक का सामना करना पड़ा। हलांकि कुछ देर में अभ्यर्थियों द्वारा प्रवेश पत्र वेबसाइड से डाउन लोड कर लिया गया।

### लगाई गई बॉयोमेट्रिक उपस्थिति

परीक्षा केंद्र में अभ्यर्थियों की बॉयोमेट्रिक अटेंडेंस अनिवार्य थी। ऐसे में अभ्यर्थियों को ये प्रक्रिया को अपनाना पड़ा। परीक्षा केन्द्र में उपस्थित स्टाफ द्वारा इस व्यवस्था को पूरा कराया गया।

# हजरत अली का जन्मदिन 25 को

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ इमामबाड़ा आगा बाकर में जश्न-ए-मौलूदे हरम का होगा आयोजन

**अमृत विचार :** शिया मुसलमानों के पहले इमाम हजरत अली का जन्मदिन आगामी 25 जनवरी को मनाया जायेगा। इस मौके पर कई स्थानों पर महफिलों और नज्र की तैयारियां चल रही हैं। इस मौके पर इमामबाड़ों, मस्जिदों, कर्बलाओं और दरगाहों के साथ-साथ घरों को सजाने की तैयारियां भी चल रही हैं।

गोमती तट स्थित हैदरी मस्जिद में 25 जनवरी को जश्न-ए-मौला अली शीर्षक से महफिल का आयोजन किया जायेगा। इस मौके पर मौलाना कल्बे जवाद, मौलाना रजा हुसैन और मौलाना हबीब हैदर भी मौजूद रहेंगे। इमामबाड़ा आगा बाकर में जश्न-ए-मौलूदे हरम का आयोजन किया जाएगा। यह जश्न 24 जनवरी की रात को किया जायेगा। इस महफ़िल में मौलाना सदफ जौनपुरी, मौलाना अली मुत्तकी जैदी, संचालन नय्यर मजीदी करेंगे।



सुशांत गोल्फ सिटी में स्वच्छता अभियान के दौरान सड़क पर झांडू लगाते कालोनी के निवासी। अमृत विचार




हेल्थ कैंप में जांच करवाते लोग। अमृत विचार

### समय पर जांच बीमारियों से रोकथाम में सहायक: डीपी यादव

**अमृत विचार, लखनऊ :** दृष्टि मेडिकल स्टोर और डॉ. लाल पैथलैब्स के संयुक्त तत्वावधान में 20 एवं 21 जनवरी को दो दिवसीय मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया। यह आयोजन चिनहट कोतवाली रोड पर हनुमान मंदिर के निकट दृष्टि मेडिकल स्टोर में हुआ। हेल्थ कैंप में लगभग डेढ़ सौ लोगों ने अपनी जांच करवाई। कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी के नेता वरिष्ठ समाजसेवी और भारतीय लोक स्वास्थ्य संघ के अध्यक्ष डीपी यादव ने कहा कि इलाज में लाखों खर्च करने के कारण देश में हर साल करीब 4 .6 प्रतिशत लोग गरीब हो जाते हैं। शुरुआती जांच न होने के कारण बहुत सी बीमारियां कालांतर में गंभीर और जटिल रूप धारण कर लेती हैं। यदि बीमारी का पता शुरुआती दौर में ही चल जाए तो निश्चित रूप से उनको नासूर बनने से रोका जा सकता है। यदि बीमारियों के कारण बढ़ रही गरीबी को हमें रोकना है तो निश्चित रूप से हमें स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत करना होगा। इस मेगा हेल्थ कैंप में डॉ .लाल पैथ लैब्स की तरफ से डॉ .संजय श्रीवास्तव और समाजसेवी शैलेंद्र यादव का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता ने मंदिर में लगाई झाड़ू

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

▸▸ भाजपा महानगर ने चलाया धार्मिक स्थलों पर स्वच्छता अभियान

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवाहन पर भाजपा महानगर ने रविवार को धार्मिक स्थलों पर स्वच्छता अभियान चलाया। मंत्री स्वतंत्र देव सिंह और विधायक नीरज सिंह ने डालीगंज के मनकामेश्वर मंदिर में एवं राज्यसभा सांसद व राष्ट्रीय प्रवक्ता भाजपा सुधांशु त्रिवेदी और महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने चंदर नगर के सनातन धर्म मंदिर में सफाई की।

सांसद बृजलाल ने पंचमुखी हनुमान मन्दिर, प्रदेश महामंत्री एमएलसी अनूप गुप्ता ने विभव खंड गोमती नगर के हनुमान टेकरी मंदिर, एमएलसी मुकेश शर्मा ने मौलवी गंज के दुर्गा मंदिर, विधायक नीरज बोरा ने पुराना हनुमान मंदिर अलीगंज और मनकामेश्वर मंदिर, एमएलसी लालजी निर्मल ने विकास नगर शिव मंदिर में कार्यकर्ताओं संग श्रमदान किया और मंदिर व आस-पास झाड़ू और पोछा लगाकर स्वच्छता अभियान चलाया।

राष्ट्रीय प्रवक्ता ने कहा कि हम सबके मन में जितनी भी मलिनता थी वह सब दूर हो गई। भव्य राम मंदिर में विराजमान राम लला की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठित होने जा रही है।



चंदर नगर स्थित सनातन मंदिर में सफाई करते भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु।

## मध्यांचल वितरण निगम में भी चला स्वच्छता अभियान

**लखनऊ :** प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अवसर पर रविवार को मध्याचंल मुख्यालय पर साफ-सफाई की गई। इस दौरान लेसा के आला अधिकारी मौजूद रहे।

जनसम्पर्क अधिकारी शालिनी यादव ने बताया कि स्वच्छता अभियान के तहत पूरे मंध्याचंल परिसर को साफ करने का कार्य किया गया। इसके साथ ही लेसा के सभी जोनों,मण्डलीय और खण्डलीय उपकेंद्रों के परिसरों मे हुई साफ-सफाई के कार्यो में अधिकारियों ने भी हिस्सा लिया।

# हाथों में झाड़ू पकड़ कर सफाई करने निकल पड़े

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

▸▸ सुशांत गोल्फ सिटी में निवासियों ने चलाया स्वच्छता अभियान

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवाहन पर सुशांत गोल्फ सिटी में क्षेत्रीय निवासियों ने सुबह सफाई अभियान चलाया। जिसमें कालोनी के निवासियों ने पार्क नंबर 11 में बैठक करके स्वच्छता और स्वयं सेवा के महत्व पर चर्चा की गयी। इसके बाद लोगों ने हाथों में झाड़ू पकड़ी और सफाई करने सड़कों पर निकल पड़े।

कमांडेंट राजेन्द्र नाथ के नेतृत्व में गठित की गयीं टोलियों ने अलग-अलग गलियों में जाकर श्रमदान किया। निवासियों का जोश देखते ही बनता था। युवा, बुजुर्ग हों या फिर महिलाएं सभी ने स्वच्छता अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कालोनी की हर गली और कोने में झाड़ू लगाकर कूड़ा डस्टबिन में डाल दिया। इस अभियान में अंसल के सफाईकर्मियों ने भी सहयोग दिया।

स्वच्छता अभियान में वीके सिंह, कैप्टन आलोक जैन, ओपी राय, पत्रकार शारदा शुक्ला समेत 84 वर्षीय वरिष्ठ साहित्यकार रघोत्तम शुक्ल सहित स्थानीय निवासियों ने भागीदारी निभाई।

# धरना स्थल पर मनाएंगे दीपोत्सव

**अमृत विचार, लखनऊ :** अयोध्या नगरी में श्रीराम लला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह कार्यक्रम को देखते हुए स्मारक संरक्षण समिति के कर्मचारियों द्वारा चल रहे अनिश्चित कालीन धरना के 36वें दिन सोमवार को दीपोत्सव का कार्यक्रम ईको गार्डेन में पर मनाया जायेगा।

ज्ञात हो कि स्मारक संरक्षण समिति के कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर पिछले 35 दिन से ईको गार्डेन में धरना दे रहें है। कर्मचारियों का कहना है कि अभी तक कोई ठोस आश्वासन नहीं मिला है और न ही कोई सक्षम अधिकारी धरनारत कर्मचारियों के बीच में आया। कर्मचारियों ने कहा कि प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम पूरा देश हर्षोल्लास के साथ मना रहा है। 5300 स्मारक कर्मचारी धरना स्थल पर ही दीपोत्सव कार्यक्रम मनाएंगे।

# रोजाना दो घंटे अतिरिक्त काम करेंगे समाजवादी शिक्षक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** समाजवादी शिक्षक सभा महानगर ने अपने शिक्षकों से अपील की है कि हम सभी अगले 100 दिन दो घण्टे रोजाना अतिरिक्त काम करेंगे। इस प्रकार औसतन 200 घंटे अथक कार्य करके आने वाले लोकसभा चुनाव में सपा को अधिकाधिक सीटों पर विजय दिलाने का कार्य करेंगे।

यह आह्वान शिक्षक पदाधिकारियों ने मनोनयन पत्र वितरित समारोह में किया। समाजवादी पार्टी ज़िला कार्यालय में रविवार को संपन्न कार्यक्रम में शिक्षक सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं मंडल प्रभारी शाह आलम खान की अध्यक्षता में संपन्न कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष डॉ.एसपी सिंह पटेल ने पत्र वितरित किये। कोषाध्यक्ष प्रो.वंदना वर्मा , सचिव डॉ. आक़िल हुसैन, प्रभारी महानगर दिनेश सिंह, सचिव अवधेश सिंह यादव, महानगर अध्यक्ष डॉ. मोहम्मद हबीब, महासचिव डॉ. रामकिशोर रावत सहित अन्य नवनियुक्त पदाधिकारियों को मनोनयन पत्र दिए है। प्रदेश अध्यक्ष डॉ.एसपी सिंह पटेल ने कहा समाजवादी नेता डॉ.लोहिया , अम्बेडकर और मुलायम सिंह की विचारधारा को आगे बढ़ाने का कार्य किया जा रहा है।

# हाई अलर्ट मोड पर रहेगा केजीएमयू

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) में सामान्य दिनों की तरफ ओपीडी सेवायें बहाल रहेंगी। शनिवार रात यह आदेश केजीएमयू प्रशासन की तरफ से जारी कर दिया गया है। इससे पहले केजीएमयू प्रशासन की तरफ से ओपीडी बंद रखने के आदेश जारी हुए थे, लेकिन बाद में यह आदेश वापस ले लिया गया।

संस्थान के प्रवक्ता डॉ. सुधीर सिंह ने बताया कि ओपीडी और इमरजेंसी सेवायें पूरी क्षमता के साथ चलाने का आदेश जारी किया है। साथ ही हाई अलर्ट पर भी रहने को कहा गया है।

### पीजीआई : ओपीडी में नए मरीज नहीं देखे जाएंगे

प्रदेश सरकार की तरफ से 22 जनवरी को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है। जिसके तहत संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान (एसजीपीजीआई) में सोमवार को ओपीडी में नये पंजीकरण नहीं होंगे। जिन पुराने रोगियों को ओपीडी परामर्श के लिए पहले से ही तारीख दी गयी है, उन्हें ओपीडी में देखा जाएगा व जिन रोगियों की विभिन्न विभागों में जांचों की तारीख है, उनकी जांचे भी होंगी। लैब यथावत चलेगी। वहीं ओपीडी सैम्पल कलेक्शन बंद रहेगा आकस्मिक सेवाएं जारी रहेंगी।

### लोहिया संस्थान में भी ओपीडी सेवाएं रहेंगी जारी

सोमवार को भले ही अवकाश का दिन घोषित किया गया हो, लेकिन डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में चिकित्सा सुविधा अलर्ट मोड पर रहेगी। इमरजेंसी सेवाओं की तरह ओपीडी सेवाएं भी जारी रहेगी। मरीजों के लिए सामान्य दिनों की तरह ओपीडी व्यवस्था संचालित होगी। जिसके चलते पर्चा काउंटर और बिलिंग काउंटर भी खुले रहेंगे। इसके अलावा बलरामपुर, सिविल, लोकबंधु, बीकेटी के रामसागर मिश्र अस्पताल,बीआरडी सहित अन्य सरकारी अस्पतालों की भी ओपीडी सामान्य दिनों की तरह संचालित होंगी।

## प्रकाश पर्व पर गुरुद्वारा सदर में सजा विशेष दीवान

**लखनऊ :** गुरुद्वारा सदर में रविवार को गुरु गोविंद सिंह के प्रकाश पर्व पर विशेष दीवान का आयोजन किया गया। गुरुद्वारा कमेटी के अध्यक्ष तेजपाल सिंह ने बताया कि शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के इंदरजीत सिंह ने कीर्तन मोली का गायन कर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

ज्ञानी हरविन्दर सिंह ने गुरु गोविंद सिंह का जीवन वृतांत को कथा के माध्यम से प्रस्तुत किया। वीर दविन्दर सिंह ने बसंत राग में कीर्तन किया। हजूरी रागी अवनीत सिंह ने कीर्तन कर लोगों को विभोर कर दिया। हरपाल सिंह जग्गी ने बताया कि डायोगनास्टिक सेंटर की ओर से चिकित्सा शिविर भी लगाया गया। बाद में यहां गुरु के लंगर का आयोजन किया गया।

# सहारा, फोर्टिफाई और टेक्ट्रो क्लब ने दर्ज की जीत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

फुटबॉल टूर्नामेंट



**अमृत विचार :** लखनऊ फुटबॉल एसोसिएशन की देखरेख में खेले जा रहे हेमवती नंदन बहुगुणा मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट में रविवार को सहारा क्लब, फोर्टिफाई क्लब और टेक्ट्रो क्लब ने जीत दर्ज की। चौक स्टेडियम पर आज खेले गए पहले मुकाबले में सहारा क्लब ने युवा क्लब को 1-0 से हरा दिया। सहारा क्लब के निरंजन जंगशाही ने 42वें मिनट में एकमात्र गोल किया, जो निर्णायक साबित हुआ।

दूसरे मैच में मिलानी क्लब और फोर्टिफाई क्लब के बीच जोरदार भिड़ंत हुई। मैच के प्रथम हाफ में मिलनी क्लब के मोहित ने 10 वें मिनट में गोल कर टीम को 1-0 से बढत दिला दी। लेकिन यह बढ़त बहुत देर कायम नहीं रह सकी। फोर्टिफाई क्लब की ओर से रंजन ने 27 वें मिनट में गोल कर1-1 से स्कोर बराबरी पर ला दिया। इसके बाद मैच में दोनों टीमें एक-दूसरे पर कोई गोल नहीं दाग सकी और मुकाबला बराबरी पर छूटा। इसके बाद ट्राईब्रेकर का सहारा लिया गया, जिसमें फोर्टिफाई क्लब ने मिलानी क्लब को 5–3 हरा दिया।

तीसरा मैच टेक्ट्रो क्लब और पुलिस न्यू ब्वॉयज के बीच हुआ मुकाबला भी 2-2 की बराबरी पर छूटा। पुलिस न्यू बॉयज क्लब के सचिन नें 17 वें मिनट और दिव्यांशु ने 28 मिनट में गोल किए। मैच के दूसरे हॉफ में पुलिस न्यू ब्वॉयज की गलत टैकल के कारण टेक्ट्रो क्लब को पेनल्टी मिली, जिसमें टेक्ट्रो क्लब के विकास ने गोल बदला। अंतिम समय में टेक्ट्रो क्लब के अरनव ने 58 वें मिनट गोल कर के स्कोर को 2-2 से बराबर कर दिया।

परिणाम के लिए ट्राईब्रेकर का सहारा लिया गया, जिसमें टेक्ट्रो क्लब ने 6-5 से जीत दर्ज की। सोमवार को सहारा क्लब के सामने गुरु गोविंद सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज की चुनौती होगी जबकि दूसरे मुकाबले में टेक्ट्रो क्लब और फोर्टिफाई क्लब के मध्य मुकाबला होगा।

### लखनऊ मंडल सेमीफाइनल में

खेल निदेशालय की देखरेख में बस्ती में आयोजित की जा रही पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्टेट फुटबॉल टूर्नामेंट में लखनऊ मंडल ने क्वार्टर फाइनल मैच में अयोध्या मंडल को 2-0 से हराया और सेमीफाइनल में जगह बनाई। लखनऊ मंडल की ओर से प्रियांशु वर्मा ने 26वें मिनट और आदित्य सिंह 42वें मिनट में गोल किया।

## गणतंत्र दिवस पर होगी क्रासकंट्री दौड़

**लखनऊ :** गणतंत्र दिवस यानि 26 जनवरी को बालक और बालिकाओं के लिए 5 किलोमीटर की क्रास कंट्री दौड़ आयोजित की जाएगी। खेल विभाग की देखरेख में आयोजित होने वाली यह प्रतियोगिता नेशनल पीजी कॉलेज, हनुमान सेतु पुल सुभाष चौराहा से मुड़कर केडी सिंह बाबू स्टेडियम के पहले गेट पर खत्म होगी।

दोनों वर्गों में प्रथम छह स्थान पर रहने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया जाएगा। इच्छुक खिलाड़ी किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय आकर अपनी प्रविष्टि करा सकते हैं। यह जानकारी क्षेत्रीय क्रीड़ाअधिकारी अयज सेठी ने रविवार को दी।

# उत्तर प्रदेश के विक्रांत ने चटकाए तीन विकेट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

कर्नल सीके नायडू ट्रॉफी



**अमृत विचार :** पुडुचेरी के नयन कंगायन (नाबाद 72 रन) ने उत्तर प्रदेश के खिलाफ मोर्चा संभाले रखा। कर्नल सीके नायडू ट्रॉफी के तहत खेले गए रविवार से शुरू हुए मुकाबले का पहला दिन मौसम से प्रभावित रहा। आज का खेल खत्म होने तक पुडुचेरी ने 4 विकेट खोकर 110 रन बना लिए।

स्पोर्ट्स गैलेक्सी स्टेडियम में खराब मौसम के चलते मुकाबला 3.45 घंटे की देरी से शुरू हुआ। 1.15 बजे शुरू हुए मुकाबले में उत्तर प्रदेश के कप्तान कृतज्ञ सिंह ने टॉस जीतकर पुडुचेरी को बल्लेबाजी का न्यौता दिया। 25 रन के योग पर पुडुचेरी टीम को पहला झटका लगा। जसवंत श्रीराम तीन रन के निजी योग पर विक्रांत की गेंद पर क्लीन बोल्ड हो गए। इसी स्कोर पर तीसरे क्रम पर बल्लेबाजी करने आए कमलेश खाता खोले बिना विक्रांत की गेंद पर बोल्ड हुए। 37 रन के योग पर पुडुचेरी का तीसरा विकेट गिरा। कुशल प्रजापति विक्रांत का तीसरा शिकार बने। इसके बाद नितिन चार रन के निजी योग पर आउट हो गए। इसके बाद आकाश ने आकर नयन के साथ मोर्चा संभाला।

इस दौरान नयन ने अपना अर्धशतक पूरा किया। मैच के दौरान आकाश की मांसपेशियों में खिंचाव आ गया और उन्हें रिटायर होकर पवेलियन का रुख करना पड़ा। 3.54 मिनट पर खराब रोशनी के कारण मैच रोकना पड़ा। उस समय तक पुडुचेरी ने 28 ओवर में चार विकेट खोकर 110 रन बना लिए थे। यूपी की ओर से बाएं हाथ के तेज गेंदबाज विक्रांत चौधरी ने आठ ओवर में 20 रन देकर तीन विकेट चटकाए।





"यहां विकास की भव्यता दिख रही है, तो कुछ दिन बाद यहां विरासत की भव्यता और दिव्यता दिखने वाली है। यही विकास व विरासत की बात 21वीं सदी में भारत को सबसे आगे ले जायेगी। आने वाले समय में अयोध्या नगरी, क्षेत्र ही नहीं, बल्कि पूरे उत्तर प्रदेश के विकास को दिशा देने वाली है"

**-नरेन्द्र मोदी,** प्रधानमंत्री

# अयोध्या
## विरासत वही पहचान नयी

**पुण्य सलिला सरयू तीरे बसी मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की जन्मस्थली अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर के निर्माण के साथ ही विकास का उज्ज्वल अध्याय जुड़ रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रयासों एवं सतत अनुश्रवण से अयोध्या अपने त्रेतायुगीन वैभव को प्राप्त करने की ओर अग्रसर है। ₹31,000 करोड़ की 178 परियोजनाओं से अयोध्या का स्वरूप निखर रहा है। सप्तपुरियों में श्रेष्ठ इस नगरी को इस तरह सजाया संवारा जा रहा है कि उसमें आध्यात्मिकता के साथ आधुनिकता भी हो। वर्ल्ड क्लास हवाई यात्रा, बेहतर सड़कें, तेज रफ्तार वाली रेलगाड़ियां, हर वर्ग के लोगों के ठहरने के लिए धर्मशालाएं और होटल, स्वच्छता और सुरम्यता, हर प्रकार की सुविधाओं से लैस अयोध्या श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों के लिए भी सुगम बन गई है।**




## इंटरनेशनल एयरपोर्ट से राह हुई आसान

**1463** करोड़ रुपये की लागत | **2200** मीटर रनवे की लंबाई | **500** यात्रियों की आवागमन क्षमता

श्रीअयोध्या धाम आने वाले श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों के लिए महर्षि वाल्मीकि अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा अयोध्या धाम संचालित हो चुका है। प्रथम चरण के अंतर्गत टर्मिनल बिल्डिंग के निर्माण सहित रनवे का उच्चीकरण किया गया है। रनवे की लंबाई 2200 मीटर व चौड़ाई 45 मीटर है। दूसरे चरण में रनवे 3700 मीटर का हो जाएगा। यहां पर एक साथ 8 एयरक्राफ्ट पार्किंग की सुविधा उपलब्ध है। टर्मिनल बिल्डिंग में कुल 500 यात्रियों के आवागमन की क्षमता है। 200 वाहन पार्किंग (150 कार एवं 50 बड़े वाहन) की सुविधा भी है। इसके अलावा दो एप्रेन का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। परियोजना की लागत ₹1,463 करोड़ है।

इस हवाई अड्डे का निर्माण नागर वास्तुकला शैली में किया गया है। यह पूरी तरह से श्रीराम के जीवन से प्रेरित है। बाहर की तरफ, तीर-धनुष का बड़ा म्यूरल (भित्ति-चित्र) लगाया गया है। संरचना में सात शिखर हैं। मुख्य शिखर मध्य में है और हवाई अड्डे के सामने और पीछे तीन-तीन शिखर हैं। सात शिखर रामायण के सात कांडों पर आधारित हैं और उन पर मूर्तियां तथा सजावट भी उनको दर्शाते हुए की गई हैं। यहां की लैंडस्केपिंग में पंचतत्व का ध्यान रखते हुए रंगों का प्रयोग किया गया है जो पंचतत्व पृथ्वी, आकाश, वायु, जल और अग्नि से प्रेरित हैं। इसके अलावा तीन फ्लोर ऊंचा राम दरबार और मधुबनी पेंटिंग में 'सीता-राम विवाह' का चित्रण भी लोगों को आकर्षित कर रहा है। इस हवाई अड्डे का निर्माण पर्यावरण के अनुकूल जीआरसी तकनीक से किया गया है।

**स्वच्छ अयोध्या - स्वच्छ प्रदेश**

## स्वच्छता का 'कुंभ मॉडल'

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अयोध्या को दुनिया की सबसे स्वच्छ नगरी बनाने का आह्वान किया था। उनकी मंशा के अनुरूप रामनगरी में कुंभ-2019 का स्वच्छता मॉडल लागू किया गया है। अयोध्या के लता मंगेशकर चौक पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वयं झाड़ू लगाकर 14 जनवरी को स्वच्छ तीर्थ महाभियान का शुभारंभ किया। इस अभियान से शिक्षकों, विद्यार्थियों, मंगल दलों, सामाजिक कार्यकर्ताओं को जोड़कर अयोध्या को स्वच्छ रखा जायेगा।

मुख्यमंत्री ने नगर निगम के स्वच्छता वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए पूरे प्रदेश को साफ-सुथरा एवं स्वच्छ बनाने का आह्वान किया।

स्वच्छता अभियान के अंतर्गत हर गांव-नगर, धार्मिक-पर्यटन-तीर्थ स्थलों एवं सार्वजनिक स्थलों पर सफाई अभियान चलाया जा रहा है। सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने के लिए भी जनजागरूकता बढ़ायी जा रही है।



# अवधपुरी की आर्थिक उड़ान

राम नगरी अब आर्थिक क्षेत्र में भी सफलता का नया अध्याय लिख रही है। आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना को साकार करते हुए यूपीजीआईएस के दौरान हुए एमओयू से अयोध्या में करीब ₹1.54 लाख करोड़ के निवेश करार हुए हैं। इनके धरातल पर उतरने से लगभग 1.3 लाख रोजगार सृजित होंगे।

**20 प्रमुख निवेश प्रस्ताव**

| विभाग | प्रस्तावित निवेश (₹ करोड़) | रोजगार (लगभग) |
|---|---|---|
| मत्स्य | 50100 | 10030 |
| नगर विकास | 34000 | 7235 |
| पर्यटन | 17945 | 24712 |
| आवास | 14949 | 6038 |
| ऊर्जा, अतिरिक्त श्रोत | 14603 | 14135 |
| चिकित्सा शिक्षा | 10409 | 25417 |
| कृषि | 5000 | 1000 |
| उच्च शिक्षा | 1505 | 180 |
| यूपीसीडा | 1445 | 2645 |
| चिकित्सा स्वास्थ्य | 1062 | 6375 |

| विभाग | प्रस्तावित निवेश (₹ करोड़) | रोजगार (लगभग) |
|---|---|---|
| वन | 719 | 3694 |
| सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्योग | 626 | 5412 |
| गीडा | 500 | 150 |
| उद्यान | 485 | 3400 |
| तकनीकी शिक्षा | 185 | 1503 |
| दुग्ध विकास | 176 | 475 |
| आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक | 106 | 650 |
| आयुष | 100 | 350 |
| खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति | 96 | 100 |
| सहकारिता | 57 | 100 |

## ओडीओपी स्टोर

एक जनपद एक उत्पाद
उत्तर प्रदेश

स्थानीय स्तर के उत्पादों को वैश्विक पहचान दिलाने में ओडीओपी कार्यक्रम महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उत्तर प्रदेश सरकार अयोध्या में स्टैंडर्ड मॉडल बनाकर ओडीओपी का स्टोर स्थापित करने जा रही है। यहां गुड़ बनाने का काम पारम्परिक रूप से किया जा रहा है। मुख्य रूप से गुड़ और गुड़ से बने खाद्य पदार्थों का उत्पादन होता है। इसके अलावा योजना के लाभार्थी को आधार से भी जोड़ा जायेगा तथा घरेलू एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर स्थानीय उत्पादों को प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल व इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेन ट्रेड से सहयोग भी लिया जायेगा।



## लता मंगेशकर चौक

नयाघाट चौराहे का जीर्णोद्धार व सौंदर्यीकरण करके इसे सुर साम्राज्ञी लता मंगेशकर को समर्पित करते हुए लता चौक अयोध्या के नाम पर लोकार्पित किया गया। यहां विशाल वीणा स्थापित की गई, जो अयोध्या में आकर्षण का केंद्र बनी है। यह अयोध्या का प्रमुख सेल्फी प्वाइंट भी है।

## व्यवसाय को नई दिशा

श्रीराम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के बाद अवधपुरी ही नहीं बल्कि आस-पास के क्षेत्रों में आर्थिक गतिविधियों में वृद्धि होगी। आने वाले दिनों में करोड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं, पर्यटकों के आगमन से विभिन्न प्रकार के रोजगार, व्यवसाय आदि में बढ़ोतरी होगी। होटल इंडस्ट्री के प्रमुख पांच सितारा ब्रांड ताज, रेडिसन, आईटीसी आदि ने नगर में होटल खोलने की इच्छा जताई है। वहीं देश की सबसे बड़ी मिनरल वाटर कंपनी, बिसलेरी यहां एक ग्रीनफील्ड प्लांट लगाने जा रही है।

## हेलीकॉप्टर सेवा

उत्तर प्रदेश सरकार जल्द ही राज्य के 6 जनपदों से श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों के लिए हेलीकॉप्टर सेवा उपलब्ध कराने जा रही है। यह सेवा गोरखपुर, वाराणसी, लखनऊ, प्रयागराज, मथुरा और आगरा से मिलेगी। इसके अलावा ऑपरेटर मॉडल पर श्रीराम मंदिर सहित नगर के प्रमुख स्थल हनुमान गढ़ी, सरयू घाट की हवाई सैर कराने की तैयारी की जा रही है। यह हवाई सफर 15 मिनट का होगा।

## विभिन्न भाषाओं में साइन बोर्ड

देश-विदेश से पधारने वाले श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों की सुविधा के लिए शहर में विभिन्न भाषाओं में साइन बोर्ड लगाये जा रहे हैं।




## नगर का सौंदर्यीकरण

शहर को सुंदर स्वरूप प्रदान करते हुए विभिन्न कुंडों, तालाबों और प्राचीन सरोवरों का सौंदर्यीकरण किया गया है।



# दीपोत्सव
## संस्कृति एवं प्रकाश का उत्सव

योगी सरकार बनने के बाद प्रतिवर्ष अयोध्या में दीपोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। वर्ष 2017 में 1.71 लाख दीप प्रज्ज्वलन से शुरू हुआ दीपोत्सव हर वर्ष नये वर्ल्ड रिकॉर्ड कायम कर रहा है। 11 नवंबर, 2023 को अयोध्या में जब 22.23 लाख दीप प्रज्ज्वलित हुए, तो इन दीयों के प्रकाश से त्रेतायुगीन अवधपुरी जैसी अनुभूति हुई। जो भी इस अद्भुत, अकल्पनीय आयोजन का साक्षी बना, वह राममय हो गया। ड्रोन से की गई दीपों की गणना के उपरांत रामनगरी ने दीपोत्सव में लगातार 7वीं बार अपना ही कीर्तिमान तोड़ दिया। 22.23 लाख दीयों के एक साथ प्रज्ज्वलित होने का रिकार्ड गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में फिर दर्ज किया गया। प्रतिवर्ष देश-विदेश से लाखों पर्यटक एवं श्रद्धालु इस पावन नगरी में प्रभु श्रीराम के आगमन एवं रिकार्ड दीप प्रज्ज्वलन के साक्षी बनते हैं।




## राम वन गमन पथ

**₹4403 करोड़ की लागत से 147.2 किमी. लंबे राम वन गमन पथ का निर्माण कार्य प्रगति पर**

अयोध्या से चित्रकूट तक जिस रास्ते से प्रभु श्रीराम ने वनवास का सफर तय किया था, उसे 4 लेन नेशनल हाइवे बनाने का कार्य प्रगति पर है। इस राम वन गमन पथ के निर्माण को केंद्र व प्रदेश सरकार ने उच्च प्राथमिकता पर रखा है। पीएम गतिशक्ति पोर्टल के माध्यम से इस मार्ग के निर्माण की निगरानी रखी जा रही है। इसके बन जाने से अयोध्या धाम से चित्रकूट की यात्रा महज 2 घंटे में पूरी हो जायेगी।

## सोलर स्ट्रीट लाइट्स

सूर्यवंश की गौरवशाली राजधानी अब सूर्य की ही आभा से नव्य-भव्य स्वरूप को प्राप्त करने के साथ वैश्विक कीर्तिमान स्थापित करने की दिशा में भी तेजी से आगे बढ़ रही है। 22 जनवरी के पहले अयोध्या में लक्ष्मण घाट से लेकर गुप्तार घाट होते हुए निर्मली कुंड तक (10.2 किमी) 470 सोलर स्ट्रीट लाइट्स लगा दी जायेंगी। परियोजना के अंतर्गत लक्ष्मण घाट से गुप्तार घाट तक 310 सोलर लाइट्स स्थापित की जा चुकी हैं, जबकि गुप्तारघाट से लेकर निर्मली कुंड तक 1.85 किमी के क्षेत्र में 160 सोलर पावर्ड स्ट्रीट लाइट्स लगाने का कार्य जारी है। यह सभी लाइट्स एलईडी आधारित हैं, जो कि 4.4 वाट पावर की होने के साथ ही स्मार्ट टेक्नोलॉजी युक्त हैं।

## विश्वस्तरीय ग्रीनफील्ड टाउनशिप



**2182** करोड़ रुपये परियोजना लागत | **1407** एकड़ क्षेत्रफल | **448** एकड़ अतिरिक्त विस्तार

अयोध्या के आधुनिक बदलाव के केंद्र में ग्रीनफील्ड टाउनशिप है, जो भविष्य में एक आदर्श शहर बनने की अवधारणा पर आधारित विशाल परियोजना है। यह टाउनशिप लखनऊ-गोरखपुर राजमार्ग के दोनों किनारों पर 1407 एकड़ में फैली हुई है। इसके अलावा 448 एकड़ का अतिरिक्त विस्तार किया जायेगा। शुरुआती चरण में मठों और आश्रमों के लिए 28 भूखंड निर्धारित किए गए हैं। ये 1,966 वर्ग मीटर से लेकर 10,417 वर्ग मीटर तक के हैं। इसके अतिरिक्त 12 होटल भूखंड भी हैं, जिनका आकार 1,543 वर्ग मीटर से 9,252 वर्ग मीटर तक है। टाउनशिप की डिजाइन अयोध्या के मौजूदा सांस्कृतिक परिदृश्य के साथ एकीकृत होगी। इमारतों और सार्वजिनक स्थानों पर पारंपरिक वास्तुशिल्प व स्थानीय शिल्प कौशल, खूबसूरती के साथ झलकेगा।।



"मानवीय जीवन के सभी हिस्से भगवान के आदर्शों से प्रेरणा प्राप्त करते हैं। अयोध्या से जुड़ी हजारों करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं के लिए पूरा प्रदेश प्रधानमंत्री जी का आभार प्रकट कर रहा है। 22 जनवरी को प्रभु श्रीराम के स्वयं के मंदिर में विराजमान होने के अवसर पर अयोध्या में अतिथि देवो भव: का अनुभव देश व दुनिया को कराया जायेगा"

**-योगी आदित्यनाथ,** मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश

**चार पथों ने लगाये चार चांद**

**राम पथ** (सहादतगंज से नया घाट मार्ग तक)

कुल लंबाई : 12.94 किमी. | विशेषता : 4 लेन | लागत : ₹845 करोड़

नयाघाट चौराहे का जीर्णोद्धार व सौंदर्यीकरण करके इसे सुर साम्राज्ञी लता मंगेशकर को समर्पित करते हुए लता चौक के नाम पर सीएम योगी की उपस्थिति में 28 सितंबर 2022 को लोकार्पित किया गया। इससे जुड़ने वाले मार्ग को सिंगल लेन के बजाय 4 लेन में कन्वर्ट किया गया है। पार्किंग के लिए भी उत्तम व्यवस्था की गई है।



**धर्म पथ** (साकेत धाम पेट्रोल पम्प से लता मंगेशकर चौक तक)

कुल लंबाई : 2 किमी. | विशेषता : 4 लेन | लागत : ₹65.40 करोड़

इस मार्ग का 4 लेन चौड़ीकरण करने के साथ ही यहां भव्य द्वार का निर्माण भी किया जा रहा है। इस मार्ग पर निजी एवं सार्वजनिक परिवहन सीएनजी आधारित हैं। ईवी परिवहन को भी प्रोत्साहन दिया जा रहा है। साथ ही इसका सौंदर्यीकरण करके व्यापक रूप से विकसित किया जा रहा है।



**भक्ति पथ** (श्रृंगार हाट से श्रीराम जन्म भूमि मंदिर मार्ग तक)

कुल लंबाई : 0.742 किमी. | विशेषता : 4 लेन | लागत : ₹68.04 करोड़

इस मार्ग को अतिक्रमण मुक्त बनाकर 4 लेन रोड में परिवर्तित किया गया है। धर्मपथ के किनारे टेराकोटा कलाकृतियों और भित्ति चित्रों की योजनाबद्ध डिजाइन, विरासत को संरक्षित करते हुए अयोध्या की जीवंतता को दर्शाती है। यहां पर फसाड लाइटिंग भी की जा रही है।



**श्रीराम जन्मभूमि पथ** (सुग्रीव किला से श्रीराम जन्मभूमि मंदिर मार्ग तक)

कुल लंबाई : 0.580 किमी. | विशेषता : 2 लेन | लागत : ₹41.02 करोड़

इस मार्ग को डबल लेन बनाने के साथ ही यहां सीसीटीवी के जरिये स्मार्ट सर्विलांस की व्यवस्था भी शुरू हो गई है। ये हाई स्पीड इंटरनेट एक्सेस जोन भी है और यहां 5जी के साथ ही फ्री वाई-फाई की सुविधा भी उपलब्ध कराने की तैयारी है।



## बेहतर सड़कों से सुगम यातायात

देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों एवं श्रद्धालुओं के लिए डबल इंजन की सरकार ने शानदार कनेक्टिविटी प्रदान की है। अयोध्या के रास्ते चौड़े हो चुके हैं, यहां सड़क नेटवर्क का ऐसा विस्तार हुआ है कि अयोध्या नगरी अलग रंग-रूप में दिखाई देने लगी है। भव्य श्रीराम मंदिर तक अलग-अलग स्थानों से सीधी रोड कनेक्टिविटी का विस्तार किया जा रहा है। इससे आवागमन बेहतर और सुगम हो गया है।

**पूर्वांचल एक्सप्रेसवे**

पूर्वांचल एक्सप्रेसवे से अयोध्या तक पहुंचने की राह आसान हुई है। लखनऊ से गाजीपुर तक 340 किलोमीटर लंबा यह एक्सप्रेसवे बाराबंकी, अमेठी, सुलतानपुर, अयोध्या, अंबेडकरनगर, आजमगढ़, मऊ व गाजीपुर जनपद से होकर गुजरता है।

**गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे**

पूर्वांचल एक्सप्रेसवे 91 किमी लम्बे गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे से जुड़ेगा। यह लिंक एक्सप्रेसवे गोरखपुर बाई पास (राष्ट्रीय राजमार्ग-27) पर जैतपुर ग्राम से प्रारंभ हो रहा है। इससे गोरखपुर, आजमगढ़, अम्बेडकरनगर, संत कबीर नगर जनपदों से अयोध्या को कनेक्टिविटी मिलेगी। इसके साथ ही लखनऊ से गोरखपुर को 6 लेन किया जा रहा है, जो अयोध्या के लिए सफर सुगम करेगा।

## एक नजर

### लक्षिता को एक लाख डॉलर की स्कॉलरशिप

**अमृत विचार, लखनऊ :** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, अलीगंज प्रथम कैम्पस की छात्रा लक्षिता गौतम को उच्चशिक्षा हेतु अमेरिका की प्रतिष्ठित लोयला यूनिवर्सिटी द्वारा एक लाख अमेरिकी डालर की स्कॉलरशिप से नवाजा गया है। लक्षिता को यह स्कॉलरशिप चार वर्षीय उच्चशिक्षा अवधि के दौरान प्रदान की जायेगी। लक्षिता ने इस सफलता का श्रेय विद्यालय के शिक्षकों व विद्यालय के शान्तिपूर्ण शैक्षिक वातावरण को दिया है। सीएमएस के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने बताया कि सीएमएस एसएटी (सैट) एवं एडवान्स प्लेसमेन्ट (एपी) टेस्ट सेन्टर भी है जो उत्तर प्रदेश एवं आसपास के अन्य राज्यों के छात्रों को विश्व के सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालयों में स्कॉलरशिप के साथ उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अवसर उपलब्ध करा रहा है।



प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर राजधानी की प्रमुख इमारतों व चौराहों को रंग-बिरंगी लाइटों से सजाया गया है, इसी क्रम में रौशनी से जगमग गोमतीनगर स्थित 1090 चौराहा। अमृत विचार

# प्राण प्रतिष्ठा : विश्वविद्यालयों में चला स्वच्छता अभियान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ लखनऊ विवि के कुलपति ने मंदिर में की सफाई

**अमृत विचार:** लखनऊ स्थित विश्वविद्यालयों में रविवार को भी स्वच्छता अभियान चला। लविवि में महमूदाबाद छात्रावास सहित अन्य छात्रावासों में सघन अभियान के रूप में साफ-सफाई कराई गई। उधर भाषा विवि में कुलपति ने स्वयं साफ-सफाई में सहयोग किया।

स्वच्छता अभियान लखनऊ विश्वविद्यालय के महमूदाबाद छात्रावास से शुरू हुआ। इसके बाद हबीबुल्लाह छात्रावास और कैलाश छात्रावास में स्वच्छता अभियान चला।

हबीबुल्लाह छात्रावास स्थित शिव मंदिर की सफाई में कुलपति प्रोफेसर एके राय शामिल हुए। इस अवसर पर प्रो. मधुरिमा लाल, डॉ. ओपी शुक्ला, डॉ. बबिता जायसवाल, महेश चन्द्र शुक्ला सहित अन्य सम्मिलित हुए। उधर ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में कुलपति प्रोफेसर नरेन्द्र बहादुर सिंह के नेतृत्व में विवि परिसर की साफ-सफाई कराई गई। इस अवसर पर प्रोफेसर चंदना डे, उपकुलसचिव दीप्ति मिश्रा सहित अन्य उपस्थित थे।

**सुंदरकांड का आयोजन:** भाषा विवि परिसर में सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान कुलपति प्रो. एनबी सिंह के अलावा डॉ. मनीष कुमार, डॉ. लक्ष्मण सिंह, डॉ. राजकुमार सहित विवि के शिक्षकगण, छात्र और कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

**दीपोत्सव शुरू:** लविवि में दो दिवसीय विजयादिवस दीपोत्सव शुरू हुआ। कार्यक्रम विवि के द्वितीय परिसर स्थित अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान मर्यादा पुरुषोत्तम राम, सीता और लक्ष्मण की पुष्पों से निर्मित कलाकृति तथा 51 सौ दीपों को सजाया गया। इस अवसर पर डीन प्रोफेसर एके सिंह सहित संकाय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

### लविवि से निकली शोभा यात्रा

लखनऊ विश्वविद्यालय में छात्रों द्वारा शोभा यात्रा निकाली गई। गेट नंबर एक से शुरू हुई शोभा यात्रा परिसर से होती हुई हनुमान सेतु मंदिर तक गई। यहां भारत मां के जयकारे लगे। बाद में बड़ी संख्या में छात्रों ने हनुमान चालीसा का पाठ किया। शोभायात्रा में युवराज, शिवम् सिंह सम्राट, राजाराम कुशवाहा, हृदयंश, अनिवेश, अमन दूबे, शिवाजी यादव, प्रदीप मौर्य, शशिप्रकाश, अमित सिंह, समीर, प्रतीक, प्रिंस, रजत, दिव्यांश गुप्ता सहित अन्य छात्र सम्मिलित रहे।



सुंदरकाण्ड का पाठ करते भाषा विवि के कुलपति प्रो. एनबी सिंह व अन्य। अमृत विचार

# राम के स्वागत में जगमग हुई लखनपुरी

## एलडीए ने प्रमुख चौराहों, सड़कों, स्मारकों व पार्कों को सजाया

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

▶▶ बटरफ्लाई, नमस्ते, दीपक अक्षत कलश की आकृति वाली एलईडी लाइटें बढ़ा रहीं अयोध्या मार्ग की शोभा

**अमृत विचार :** भगवान राम की अगवानी को लखनऊ (लखनपुरी) जगमगी रही है। अयोध्या मार्ग की दीवारें जय सियाराम बोल रही हैं। लखनऊ विकास प्राधिकरण ने राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के लिए शहर को दुल्हन की तरह सजाया है।


एलडीए उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी ने बताया कि अमौसी एयरपोर्ट से लेकर कमता और मटियारी चौराहे तक सभी प्रमुख चौराहों, सड़कों, पार्कों व स्मारकों को आकर्षक लाइट से सजाया गया है। सड़क किनारे बिजली के खंभों व चौराहों पर बटरफ्लाई, नमस्ते, दीपक एवं अक्षत कलश की आकृति वाली एलईडी लाइटें लगायी गयी हैं। इसके अलावा बिजली के खम्भों को मल्टीकलर एलईडी स्ट्रिप तथा चौराहों को रंगबिरंगी झालरों से सजाया गया है। शहीद पथ, लोहिया पथ, जी-20 रोड आदि मुख्य मार्गों के किनारे लगे पेड़ों व हॉर्टीकल्चर वर्क को फसाड लाइटों से रोशन किया है।

### अयोध्या मार्ग तक कराई वॉल पेंटिंग

लखनऊ विकास प्राधिकरण ने अयोध्या मार्ग पर फ्लाईओवर की दीवारों पर वॉल पेंटिंग कराई है। जिसमें प्रभु श्रीराम के जन्म से लेकर लंका विजय कर वापस अयोध्या आगमन की कहानी को दर्शाया गया है। उपाध्यक्ष ने बताया कि इन चित्रों को विभिन्न कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने बनाया है।

### 10 हजार गमले लगाये

उपाध्यक्ष ने बताया कि अमौसी अमौसी एयरपोर्ट, वीरवर लक्ष्मण चौराहा, कारगिल विजय स्मृतिका, मुख्यमंत्री आवास चौराहा, 1090 चौराहा, समतामूलक चौक, लोहिया चौराहा व इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान चौराहे पर लाइटिंग के साथ हॉर्टीकल्चर के भी आकर्षक कार्य कराये गये हैं। एयरपोर्ट समेत विभिन्न स्थानों पर वर्टिकल गार्डेन तैयार किये गये हैं। गोल्डन साइप्रस, बिस्मारकिया, एरिका, फाईकस पान्डा, रिजनॉल्ड, लरेटा व सीजीएम आदि प्रजातियों के लगभग 10,000 फूलदार गमले भी लगाये गये हैं।



अयोध्या मार्ग पर स्थित फ्लाईओवर पर की गई वॉल पेंटिंग। अमृत विचार

### 23 से चलेंगी राम-रथ बसें

**अमृत विचार, लखनऊ :** श्रद्धालुओं का सफर आसान बनाने को रविवार को दस राम रथ बसों का लोकार्पण आलमबाग टर्मिनल पर किया गया। प्रमुख सचिव परिवहन एल.वेंकटेश्वर लू और प्रबंध निदेशक मासूम अली सरवर ने दस राम रथ, बीएस-6 बसों को हरी झंडी दिखाई। लखनऊ सहित पांच शहरों से इन राम रथ बसों का संचालन अयोध्या के लिए किया जाएगा। 23 जनवरी से बसों का संचालन शुरू होगा। अयोध्या धाम दर्शन करने आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या लगभग एक लाख प्रतिदिन हो सकती है।

इन बसों में लखनऊ से अयोध्या तक का प्रतिव्यक्ति किराया 253 रुपये वाराणसी से अयोध्या तक 338 रुपये, प्रयागराज से अयोध्या तक 273 रुपये, गोरखपुर से अयोध्या तक 211 रुपये और बलिया से अयोध्या तक प्रति व्यक्ति किराया 370 रुपये निर्धारित किया गया है।

### धर्म संसद के मद्देनजर निकाली गई रथयात्रा

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्राण प्रतिष्ठा के क्रम में लखनऊ में 24 से 28 जनवरी तक होने वाली धर्म संसद के मद्देनजर रविवार को सुशांत गोल्फ सिटी स्थित इस्कान मंदिर से रथयात्रा निकाली गई। इस्कान मंदिर के अध्यक्ष अपरिमेय श्याम दास ने रथ यात्रा में शामिल होने आये लोगों का स्वागत करते हुए कहा कि श्रीमद्भागवत में बताया गया है कि हम सब शरीर नहीं आत्मा हैं। उन्होंने कृष्ण महामन्त्र के संकीर्तन के साथ रथयात्रा का शुभारम्भ किया। धर्म संसद का प्रचार प्रसार के लिए निकली यह रथयात्रा इस्कान मंदिर से निकलकर अयप्पा मंदिर, हनुमान सेतु, मनकामेश्वर मंदिर, कोनेश्वर मंदिर, बुद्धेश्वर मंदिर, आलमबाग गुरुद्वारा, संत निरंकारी भवन, संत आसूदाराम धाम सहित शहर के कई धर्मस्थलों पर गई। रथयात्रा पर रास्ते में कई जगह पुष्पवर्षा की गई। शोभायात्रा प्रभारी देवेन्द्र शुक्ल, अजय त्रिपाठी और धर्म संसद के संयोजक डॉ. प्रवीण इस रथयात्रा में साथ-साथ रहे। यह रथ यात्रा जिन मंदिरों में पहुंची सभी जगह पूजन-अर्चन और प्रसाद वितरण किया गया। हनुमान सेतु पर रथयात्रा का दिवाकर त्रिपाठी ने और मनकामेश्वर मंदिर में महंत देव्या गिरि ने स्वागत किया।

# राम जन्मभूमि पहुंचने में न होने पाए असुविधा



अयोध्या रोड के निरीक्षण के दौरान मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब व अन्य अधिकारी।

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ मंडलायुक्त ने किया निरीक्षण अधिकारियों को दिए निर्देश

**अमृत विचार :** अयोध्या में भगवान राम के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की तैयारियों का मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने रविवार शाम जायजा लिया। उन्होंने हजरतगंज से लेकर मुख्यमंत्री आवास होते हुए अयोध्या रोड पर कमता, मटियारी, चिनहट एवं पॉलीटेक्निक चौराहे पर साज-सज्जा एवं तैयारियां परखीं। मंडलायुक्त ने अधिकारियों को सुरक्षा, कानून व्यवस्था और सफाई पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पंचायत विभाग, पर्यटन विभाग सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों से कहा कि श्रद्धालुओं को श्री राम जन्मभूमि पहुंचने में कोई परेशानी न होने पाए। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए पर्याप्त मात्रा में पुलिस फोर्स की तैनाती की जाए, जिससे कोई भी अप्रिय घटना न हो पाए। निरीक्षण में एलडीए उपाध्यक्ष इंद्रमणि त्रिपाठी, नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह सहित संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

## चित्रकला प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

**राजाजीपुरम :** अयोध्या धाम में श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर राजाजीपुरम लवली शर्मा फाउंडेशन की ओर से रविवार को चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता में कई स्कूल के बच्चों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। बच्चों ने राम मंदिर, श्रीराम संग माता सीता, अयोध्या नगरी, राम भक्त हनुमान एवं अन्य चित्रों के मध्यम से अपनी प्रतिभा दिखाई। जिसमें सूरज वर्मा, अर्पित शर्मा और निजी कन्नौजिया विजयी रहे। संस्था प्रमुख लोक राज शर्मा ने सभी बच्चों को टेलीविजन पर अयोध्या से प्राण प्रतिष्ठा का सीधा प्रसारण देखने के लिए प्रेरित किया और घरों पर राम भजन कीर्तन करने के लिए प्रोत्साहित किया। मौके पर संस्था की पूजा विरमानी, आदित्य गौतम, किरन विरमानी सहित अन्य बच्चें मौजूद रहे।

# जो बीत गया वो बीत गया, जो आज है उसका स्वागत कीजिए

शबाहत हुसैन विजेता, लखनऊ

### आंखों देखी अयोध्या की हर घटना

▶▶ आपसी जुड़ाव को कमजोर नहीं करना चाहिए: सुनील बत्ता

**अमृत विचार:** राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की घड़ी आई है तो राम मंदिर जाने वाली चार लेन की सड़क पर राम मंदिर का जश्न ही नजर नहीं आता बल्कि वर्ष 1990 और 1992 का संघर्ष वाला दौर भी याद आता है। प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होने वालों में भी ऐसे बहुत से लोग हैं जिन्होंने संघर्ष के उस दौर को जिया भी है। साध्वी ऋताम्भरा ने लखनऊ से अयोध्या रवाना होते वक्त उस दौर की बहुत सी बातों को याद किया था।

फिल्म निर्देशक सुनील बत्ता उन दिनों लखनऊ दूरदर्शन के लिए काम करते थे। बाबरी मस्जिद का गिरते हुए वीडियो उन्होंने ही शूट किया था जिसे दूरदर्शन ने दिखाया था। सुनील बत्ता से बात हुई तो बोले कि रात गई बात गई। गुजरे हुए वक्त की बात क्या करना। आज जो हो रहा है उसका स्वागत कीजिये। गुजरे वक्त की बात कर हमें आपसी जुड़ाव को कमजोर नहीं करना चाहिए।

**हर मुद्दे पर लोगों को आसानी से जोड़ लेते हैं पीएम:** प्राण प्रतिष्ठा से पहले पूरे देश के राम मय हो जाने का श्रेय वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देते हैं। वह कहते हैं कि वह सबको जोड़ना जानते हैं। अटल का अस्थि कलश हो, हर घर तिरंगा अभियान हो, थाली बजाना हो या फिर मामला राम मंदिर का हो, वह हर बार बड़ी कुशलता से लोगों को जोड़ ले जाते हैं। उन्होंने बाजार को जोड़ दिया है। एक कैमरामैन पिछले कई दिनों से मशीन लगाकर रामनामी झंडे छाप रहा है। उसके पास दम मारने की फुर्सत नहीं है। ऐसे ही बहुत से लोगों को काम मिला है। लोग अपना पैसा खर्च कर झंडे खरीद रहे हैं। संघ की यह शुरू से परम्परा रही है कि व्यक्ति को नहीं परिवार को जोड़ो। घरों में जाकर खाना इसी परम्परा का हिस्सा है।



### पकड़ा भी नहीं जाना और समाज को भी जगाना

अयोध्या में उस दौर की हर करवट उन्होंने देखी थी। वह बताते हैं कि साध्वी ऋतंभरा कम उम्र की थीं और बहुत अच्छा और बहुत ओजस्वी बोलती थीं। उनका एक ही मकसद था कि पकड़ा भी नहीं जाना है और समाज को भी जगाना है। वह जानती थीं कि गिरफ्तार हो गईं तो समाज को जगाएगा कौन।

### रूह कंपा देने वाला मंजर था: नय्यर



फोटोग्राफर नय्यर जैदी ने भी 90 और 92 में अयोध्या को करीब से देखा। 1990 में मस्जिद के गुम्बद पर चढ़े कोठारी बंधुओं की पुलिस की गोली से हुई मौत और उसके बाद पुलिस व पीएसी के लाठी चार्ज, आंसूगैस से मची भगदड़ से बड़ी संख्या में लोग घायल हुए थे। अयोध्या में हर तरफ बदहवासी का माहौल था। 1992 में जब भीड़ ने बाबरी मस्जिद को ढहा दिया था तब कोई बवाल नहीं हुआ था लेकिन उसके बाद पीएसी ने फोटोग्राफरों पर लाठीचार्ज कर दिया था। सभी के कैमरे तोड़ दिए गए थे। वह बताते हैं कि जब हंगामा हुआ उससे पहले एक कैमरे से रील निकालकर अपने मोजे में रख ली थी, वह रील बच गई। दूसरे कैमरे में लगी रील नहीं बच पाई क्योंकि कैमरा ही तोड़ दिया गया। अखबारों में जो तस्वीरें छपी थीं वह विश्व हिन्दू परिषद के एक फोटोग्राफर ने खींची थीं। वह बताते हैं कि मरने वालों की संख्या 1992 में ज्यादा थी। इसकी वजह यह रही कि जितनी भीड़ गुम्बद के ऊपर थी उससे कहीं ज्यादा मस्जिद के अंदर थी। लोग अन्दर से भी तोड़ रहे थे। इमारत गिरी तो बड़ी संख्या में लोग अन्दर दब गए थे। जिन्हें निकाल-निकालकर अस्पताल भेजा जा रहा था। रूह कंपा देने वाला मंजर था। घायलों और मरने वालों को तेजी से अस्पताल भेजने का इंतजाम भी नहीं था क्योंकि रास्ते संकरे थे और वह भी भीड़ से भरे थे। इमारत में दबे लोगों का सच कहीं बाहर न चला जाए शायद इसलिए फोटोग्राफरों पर हमला बोला गया था। बाद में फैजाबाद के जिलाधिकारी ने पीएसी की गाड़ी से सभी फोटोग्राफरों को फैजाबाद लाकर छोड़ दिया था। फोटोग्राफरों ने लखनऊ लौटकर मुकदमा भी दर्ज कराया था। यह मुकदमा रायबरेली की विशेष कोर्ट में चला था। सरकार ने कैमरों का मुआवजा भी दिया था।

# ट्रेनों से पहुंचे अतिथियों का हुआ स्वागत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ


▶▶ तिलक लगाकर अयोध्या के लिए किया रवाना

▶▶ अयोध्या धाम के लिए 44 बसें रवाना

**अमृत विचार:** दिल्ली, देहरादून, पंजाब सहित कई राज्यों से दिग्गज अतिथि ट्रेनों के माध्यम से लखनऊ पहुंचे। जिला प्रशासन और संघ के कार्यकर्ताओं ने चारबाग रेलवे स्टेशन पहुंचकर प्राण प्रतिष्ठा में आमंत्रित लोगों का स्वागत किया

इन्हें वीआईपी गेस्ट हाउस भेजकर वहां से अयोध्या के लिए रवाना किया गया। अतिथियों में बलदानी शांति लाल जैन, डॉ. वीरेंद्र चंदेली, सामाजिक कार्यकर्ता कालीचरन मलिक, इग्नू के कुलपति नरेंद्र राय, भारतीय लोक सेवा आयोग के विजयानंद के अलावा चरनजीत और पूरन सिंह का भव्य स्वागत किया गया। प्राण प्रतिष्ठा में आने वालों के स्वागत में चारबाग रेलवे स्टेशन पर जिला प्रशासन और संघ की ओर से कैंप लगाए गए। श्रद्धालुओं और आमंत्रित अतिथियों के माथे पर तिलक लगाकर अयोध्या रवाना किया गया। 600 से अधिक साधु-संत विभिन्न ट्रेनों से चारबाग रेलवे स्टेशन पहुंचे। चारबाग रेलवे स्टेशन पर जगह-जगह श्रीराम के कटआउट लगाए गए हैं। भंगवा झंडे से स्टेशन के हर प्लेटफार्म को सजाया गया है। हर प्लेटफॉर्म पर लगी दुकानों पर श्रीराम के झंडे लहराते नजर आए। अधिकांश यात्री राम के कटआउट के साथ सेल्फी लेते दिखे। श्रद्धालुओं को अयोध्या रवाना करने के लिए 40 रोडवेज बसें सुबह ही यहां लगा दी गई थीं।

संघ के कार्यकर्ता ने बताया कि इन्हें अयोध्या के टेंट सिटी में ठहराया जा रहा है। अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के चलते गोरखपुर वाली बसों के रूट आज बदले रहे। रविवार को चारबाग, आलमबाग, कैसरबाग और अवध बस स्टेशन से गोरखपुर के लिए तकरीबन 44 बसें रवाना की गईं।

LiFE Lifestyle for Environment
TowerVision® Infrastructure Sharing
LAKSHYA Empowering Lives...
आओ स्वचछ एवं सुंदर बनाए अयोध्या धाम, जहाँ जन्मे प्रभु श्रीराम
(एक कदम कार्बन फुट प्रिंट कम करने की ओर)
Community Engagement in Ayodhya for making Clean and Green Ayodhya Nagar Nigam

Supported by: CSR Initiative of Tower Vision India Private Limited
Implemented by: Lakshya-"A Society For Social And Environmental Development"
D-906,G Floor, Bindapur, DDA Flat, New Delhi-110059
Email: lakshyafordevelopment06@gmail.com,lakshya.lucknow06@gmail.cominfo@lakshyafordevelopment.org
Contact No. : 9871423768,8934056189

## एक नजर

### डीएम व एसपी ने परखीं हाईवे की सुरक्षा

**बाराबंकी :** अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार व पुलिस अधीक्षक दिनेश सिंह द्वारा राजमार्ग पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। लखनऊ सीमा पर स्थित विभिन्न थानों के स्थानों जैसे-चौपुला, सफदरगंज व अहमदपुर टोल प्लाजा आदि ड्यूटी में लगे पुलिस कर्मियों को सतर्क दृष्टि रखने को निर्देशित किया। साथ ही अयोध्या के निवासी व आकस्मिक वाहन तथा प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में सम्मलित होने वाले पासधारक महानुभावों को छोड़कर अन्य सभी प्रकार के वाहनों को निर्धारित रूट डायवर्जन किए जाने के निर्देश दिए। बाराबंकी पुलिस द्वारा लगातार बैरिकेटिंग कर संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की सघन चेकिंग की जा रही है।

# राजधानी के अस्पतालों में एक हजार बेड आरक्षित

## अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** अयोध्या में रामलला प्राण प्रतिष्ठा आयोजन में देश विदेश से मेहमान आ रहे हैं। उनके स्वास्थ्य को लेकर स्वास्थ्य महकमा अलर्ट है। राजधानी के छोटे-बड़े अस्पतालों में 1000 से ज्यादा बेड आरक्षित किए गए हैं।

इनमें केजीएमयू, पीजीआई, लोहिया संस्थान और बलरामपुर अस्पताल में 50-50 बेड शामिल हैं। जिनमें 15-15 वेंटिलेटर बेड हैं। सिविल, लोकबंधु समेत दूसरे अस्पतालों में भी 30-30 बेड आरक्षित किए गए हैं।

**▸▸ सभी अस्पतालों में 400 डॉक्टर व 2000 से अधिक पैरामेडिकल स्टाफ मुस्तैद**

डॉ. मनोज अग्रवाल के मुताबिक हिन्द, मेयो, टीएसएम, इंटीग्रल व एरा मेडिकल कॉलेज में भी मरीजों के इलाज के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। चंदन, अपोलो, बीकेटी के मां चन्द्रिका देवी समेत दूसरे निजी हॉस्पिटल भी अलर्ट मोड में हैं। उन्होंने बताया कि सभी अस्पतालों में 400 डॉक्टर व 2000 से अधिक पैरामेडिकल स्टाफ भी मुस्तैद हैं। अस्पतालों में सभी प्रकार की पैथोलॉजी व रेडियोलॉजी जांच की सुविधाएं 24 घंटे चलेंगी।इसके अलावा अयोध्या जाने वाले प्रमुख मार्गों पर 12 अस्थायी अस्पताल बनाए गए हैं। जिनमें इमजरेंसी में प्राथमिक इलाज मुहैया कराने की पूरी सुविधा है।

यहां से गुजरने वालों को दिक्कत होने पर इलाज मिल सकेगा। मरीजों को मुफ्त दवाएं मिलेंगी। बीपी, शुगर आदि जांच की भी सुविधा है। इन अस्थायी अस्पतालों में एम्बुलेंस भी लगाई गई है। जिसकी मदद से घायलों को निकट के सरकारी व प्राइवेट अस्पताल में भर्ती किया जा सकेगा।

### एयरपोर्ट व बस अड्डों पर भी मिलेंगी स्वास्थ्य सेवाएं

हवाई जहाज, रेलवे, बस आदि मार्ग से आने वालों को जरूरत पड़ने पर तुरंत इलाज मिल सकेगा। इसके लिए इन सभी स्थानों पर डॉक्टर व पैरामेडिकल स्टाफ की टीमें तैनात की गई है। गंभीर मरीजों को अस्पताल में शिफ्ट करने के लिए इन स्थानों पर सात एडवांस लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंस लगाई गई हैं। हाईवे पर भी स्वास्थ्य विभाग की टीमें मुस्तैद हैं। यहां से गुजरने वालों को जरूरत पड़ने पर इलाज उपलब्ध कराया जाएगा।



नेशनल सेवस इको अचीवर्स क्विज में जीतने वाली टीम के साथ शिक्षक व अन्य। अमृत विचार

# नेशनल सेवस इको अचीवर्स क्विज का हुआ आयोजन

**अमृत विचार, लखनऊ :** रोटरी क्लब ऑफ लखनऊ ट्रांस गोमती ने सेवस वाइल्ड लाइफ मैगजीन के सहयोग से रविवार को सिटी मोंटेसरी स्कूल की स्टेशन रोड शाखा में नेशनल सेवस इको अचीवर्स क्विज़ 2023 –2024 लखनऊ संस्करण का आयोजन किया। यह प्रश्नोत्तरी कक्षा पांच, छह और सात के छात्रों के लिए थी। इसका उद्देश्य बच्चों में एक मजबूत पर्यावरण चेतना विकसित करना था। संयोजक जवाहर मखीजा इसका संचालन किया। इसमें क्लब के अध्यक्ष, कई पर्यावरण प्रेमी और रोटेरियन शामिल हुए। पंकज मितल अध्यक्ष, कोषाध्यक्ष अजय कपूर, सुधीर हलवासिया, जनरल वीएम कालिया और उनकी पत्नी, सुमित मित्तल, अतुल देव, राजेश पोद्दार, विनोद सिंह के साथ अंकुश मित्तल मौजूद रहे। इला भार्गव ने क्विज़ मास्टर श्रवण कुमार का स्वागत किया। जिन्होंने इंदौर से पूरी यात्रा की और ऑडियो विजुअल और बजर राउंड के साथ बहुत ही इंटरैक्टिव तरीके से क्विज़ का संचालन किया। इस प्रश्नोत्तरी के पीछे मुख्य विचार वन्य जीवन और प्रकृति के बारे में जागरूकता पैदा करना, छात्रों को भविष्य की पीढ़ी के लिए बेहतर विरासत छोड़ने के लिए संसाधनों के संरक्षण के बारे में शिक्षित करना था। एलिमिनेशन राउंड आउट में 14 टीमों ने भाग लिया। जिनमें से छह टीमों को अंतिम क्विज़ राउंड के लिए चुना गया। सिटी राउंड के विजेता सेठ एमआर जयपुरिया फरवरी 2024 के अंत में मुंबई में राष्ट्रीय फाइनल में भाग लेंगे। सीएमएस महानगर और सिटी मोंटेसरी स्कूल राजाजीपुरम कैंब्रिज सेक्शन को क्रमश : प्रथम उपविजेता और द्वितीय उपविजेता चुना गया।

# यहियागंज के किराना व्यापारियों ने निकाली राम-जानकी झांकी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** यहियागंज के किराना व्यापारियों ने रविवार को राम-जानकी झांकी निकाली। ढोल नगाड़े के बीच भगवान के झण्डे और श्रीराम के चित्र के साथ भव्य झांकी नेहरूक्रास से दालमण्डी, सुभाष मार्ग होते हुए राम मन्दिर सुभाष मार्ग पर समाप्त हुई।

अमरनाथ मिश्र ने बताया कि रामोत्सव के उपलक्ष्य में यह झांकी निकाली गयी। उन्होंने व्यापारियों से अपील करते हुए कहा कि अपनी-अपनी दुकान के साथ मकान को भी सजाकर दीप जलाएं और पास के मन्दिर में एक दीपक अवश्य जलाएं।



राम-जानकी यात्रा के दौरान यहियागंज के व्यापारी। अमृत विचार

प्रशान्त गर्ग ने बताया कि रामजानकी झांकी में सैकड़ों की संख्या में व्यापारियों ने श्रीराम जय घोष के साथ राम ध्वज लेकर यात्रा निकाली। यात्रा में बनवारी लाल कंछल, अमरनाथ मिश्र, रामशंकर अवस्थी, राजेन्द्र अग्रवाल, प्रशान्त गर्ग, समीर जैन, नीरज गुप्ता, दीपक अग्रवाल, मनीष अग्रवाल, विनय गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

### व्यापारियों ने मनाई दीपावली, हुई आतिशबाजी

भगवान राम के आगमन के एक दिन पूर्व राजधानी में व्यापारियों ने उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश कार्यालय अयोध्या रोड पर व्यापारियों ने दीपावली मनाई, दीप जलाए तथा जमकर आतिशबाजी की। महिला इकाई की व्यापारियों ने फूलों की रंगोली सजाई। इस मौके पर ट्रांस गोमती अध्यक्ष अंजलि मोरिया एवं उपाध्यक्ष रितु ढाकुर मौजूद रहीं। प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ने सभी व्यापारियों से अपने-अपने निवास स्थान एवं प्रतिष्ठानों पर दीपक जलाकर दीवाली मनाने की अपील की। उन्होंने बताया कि सोमवार को प्रदेश के सभी जिलों में संगठन के पदाधिकारी जगह-जगह भंडारे लगाएंगे तथा एलईडी स्क्रीन लगाकर सजीव प्रसारण करेंगे।



फैजुल्लागंज के नायक नगर में संकीर्तन प्रभात फेरी में शामिल लोग। अमृत विचार

# निकाली गई संकीर्तन प्रभात फेरी

**अमृत विचार, लखनऊ :** बाल महिला सेवा संगठन के तत्वावधान में रविवार को फैजुल्लागंज के नायक नगर में श्रीराम दरबार संकीर्तन प्रभात फेरी निकाली गई। प्रभात फेरी का विश्राम अग्रसेन नगर के हनुमान मंदिर पर किया गया। सैकड़ों की संख्या में श्रीराम भक्तों ने हनुमान के मंदिर पर भजनों की प्रस्तुति देकर वातावरण को राममय बना दिया। प्रभात फेरी के मार्ग में स्थानीय निवासियों ने घंटा व शंख बजा कर प्रभात फेरी का स्वागत किया व जय श्री राम के नारे लगाए। प्रभात फेरी के संयोजक संगठन के वार्ड अध्यक्ष अमित शुक्ल ने बताया की प्रभात फेरी में मुख्य रूप से सामाजिक कार्यकर्ता ममता त्रिपाठी, बेबी शुक्ला संगठन के महासचिव अंजनी कुमार शर्मा पुष्पेंद्र शुक्ल आरएस गुप्ता, अखिलेश अवस्थी, विश्वगौरव त्रिपाठी, मुरली प्रसाद वर्मा, रामविलास शर्मा, अभिषेक मिश्रा, अनूप सिंह, तारा श्रीवास्तव, आशा मौर्य, प्रियंका बाजपेई, संगीता यादव, ज्ञांती शर्मा, बीएन गुप्ता, सौरभ शुक्ला, अजय मिश्रा, अर्चना शुक्ला, वेद तिवारी, संजय मिश्रा, राजू द्विवेदी, पवन मिश्रा, अखिलेश शुक्ला, रीता मिश्रा, ललित द्विवेदी, अनुज शुक्ला, ओमकार शुक्ला, अरविंद सिंह, ओमप्रकाश द्विवेदी, अनुपम शुक्ला, वर्षा शुक्ला, आकृति सिंह, अंशिका सिंह ,अवनी सिंह शामिल हुए।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा का हजरतगंज में हुआ स्वागत

**लखनऊ :** हजरतगंज राम तीर्थ वार्ड पहुंचने पर विकसित भारत संकल्प यात्रा का क्षेत्रीय लोगों ने भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता नीरज सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का संकल्प है कि भारत को विकसित देश बनाना है। प्रधानमंत्री का यह मानना है कि जब तक देश में अभाव का जीवन जी रहे गरीब व्यक्तियों को बेहतर और आर्थिक रूप से सुदृढ़ जीवन यापन का अवसर नहीं मिलेगा तब तक देश विकसित नहीं हो सकता। विकसित भारत संकल्प को पूरा करने के लिए पूरे देश में विकसित भारत यात्रा चल रही है, जिसमें लखनऊ का प्रदर्शन नंबर वन है। मोदी की गारंटी गाड़ी शहर के हर एक मोहल्ले जा रही है, जिसमें 13 विभाग अपने स्टाल लगाकर, रजिस्ट्रेशन करके वंचित और पात्र लोगों को सरकारी योजनाओं की जानकारी एवं लाभ दिलाने के लिए मौके पर पंजीकरण कर रहे हैं। कार्यक्रम में अभियान संयोजक अभिषेक खरे, रजनीश गुप्ता, किसान मोर्चा अध्यक्ष प्रमोद सिंह, मंडल अध्यक्ष आनंद पांडेय, सुमित रावत व बड़ी संख्या में सरकारी योजनाओं में पंजीकरण कराने के लिए क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# अयोध्या में आयुर्वेदिक, होम्योपैथी व यूनानी इलाज भी मिलेगा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** अयोध्या स्थित श्रीराम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में आने वाले श्रद्धालुओं एवं आगन्तुकों को ऐलोपैथिक इलाज के साथ ही आयुर्वेदिक, होम्योपैथी व यूनानी पद्धति के इलाज की भी सुविधा मिलेगी। इसके लिए आयुर्वेद निदेशालय द्वारा आयुष चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए तैयारियां पूरी कर ली गईं हैं। अयोध्या समेत आस-पास के जिलों में कैंप लगाकर चिकित्सकों की तैनाती कर दी गई है। यह जानकारी देते हुए आयुष राज्य मंत्री ( स्वतंत्र प्रभार) डॉ. दयाशंकर मिश्र दयालु ने कहा कि अयोध्या समेत आसपास के जिलों में आयुष अस्पतालों को सक्रिय कर दिया गया है। बाराबंकी, अम्बेडकरनगर, बस्ती, गोण्डा, सुल्तानपुर तथा अमेठी में 201 आयुर्वेद चिकित्सक, 146 चिकित्साधिकारी तथा 140 फार्मासिस्ट, 158 होम्योपैथ चिकित्सक तथा 132 चिकित्साधिकारी एवं 156 फार्मासिस्ट के अलावा 32 यूनानी चिकित्सक एवं 25 चिकित्साधिकारी तथा 21 फार्मासिस्ट तैनात किए गए हैं। उन्होंने बताया कि विभिन्न जिलों में आयुष कैम्प बनाए गए हैं। अयोध्या, बाराबंकी, अम्बेडकरनगर, बस्ती में 3-3 कैम्प, गोण्डा में चार, सुल्तानपुर व अमेठी में दो-दो कैम्पों की स्थापना की गई है। इनमें चिकित्साधिकारी तथा फार्मासिस्ट लगाए गए हैं। कैम्पों में आयुर्वेद, होम्योपैथी एवं यूनानी औषधियां पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं। आयुष मंत्री ने बताया कि अयोध्या समेत सात जिलों के कैम्पों में इलाज जारी है, इन कैंपों में अब तक छह हजार से ज्यादा मरीजों को स्वास्थ्य लाभ दिया जा चुका है।

### 10 अधिकारी बने नोडल अधिकारी

डॉ. दयालु ने बताया कि सभी पद्धतियों के चिकित्सालयों में चिकित्सकीय सेवाओं के पर्यवेक्षण के लिए 10 नोडल अधिकारी नामित किए गए हैं। सभी चिकित्सक एवं स्टाफ को निर्धारित समय पर ड्यूटी पर उपलब्ध रहने के निर्देश दिए हैं। नोडल अधिकारियों में आयुर्वेद निदेशक डॉ. प्रकाश चन्द्र सक्सेना, होम्योपैथी निदेशक डॉ. अरविन्द कुमार वर्मा, निदेशक यूनानी प्रो. अब्दुल वहीद, उप निदेशक आयुर्वेद डॉ. जुगल किशोर राणा, डॉ. नारायण दास, आयुर्वेद निदेशालय के डॉ. ब्रजेश गुप्ता, संयुक्त निदेशक होम्योपैथी डॉ. अरुण कुमार सिंह, डॉ. सीमा यादव, यूनानी निदेशालय के डॉ. अरशद जमाल लारी व डॉ. वसीम शामिल हैं।

# ...अवधपुरी प्रभु आवत जानी... भई सकल शोभा कै खानी

**कवेंद्र नाथ पांडेय, बाराबंकी : अमृत विचार :** पांच सौ साल बाद अयोध्या के नव्य श्री राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का इंतजार पूरा हुआ। त्रेता युग की तरह पूरा अवध क्षेत्र राम ज्योति ओर भगवामय हो गया है। प्राण प्रतिष्ठा को लेकर हर गली, हर सड़क व छोटे-बड़े मंदिर कोई भी जगह अछूती नहीं है, जिसकी सुंदरता में चार चांद न लगाए गए हों। यह हाल पूरे अवध का है। लेकिन जरा सोचिए कि जब त्रेतायुग में सच में भगवान राम 14 वर्षों के वनवास के बाद लौटकर अयोध्या आए होंगे, तब अयोध्या को किस कदर सजाया गया होगा। जब इस कदर तकनीक नहीं थी कि रंग-बिरंगी रोशनी से किसी शहर को नहलाया जा सके। इस पल के गवाह बनने वाले अपने जीवन को धन्य मानते है। सभी ने अपने-अपने घरों में मंगल के लिए बंदनवार, ध्वजा और पताकाएं लगा रखी हैं।



आशियाना स्थित कांशीराम स्मृति उपवन में भारत हस्तशिल्प महोत्सव के दौरान मंच पर प्रस्तुति देता कलाकार। अमृत विचार

# राम के रंग में रंगा नजर आया भारत हस्तशिल्प महोत्सव

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रगति पर्यावरण संरक्षण ट्रस्ट की ओर से आशियाना स्थित कांशीराम स्मृति उपवन में चल रहे भारत हस्तशिल्प महोत्सव में माहौल पूरी तरह से राममय दिखाई दिया। ठंड के बावजूद राम के रंग में हर कोई रंगा दिखाई दिया।

सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत कृष्णानन्द राय ने मर्यादा पुरुषोत्तम राम पर गए बहुत ही मनमोहक भजन के साथ हुई। राइजिंग डांस अकादमी ने राम कथा एवं महाभारत का सुंदर चित्रण प्रस्तुत किया। कलाकारों ने सजा दो घर को गुलशन से, राम आएंगे नगरी हो अयोध्या सी, सांसों की माला जैसे गीतों को शुभम पांडे ने उत्कर्ष शर्मा और वेद तिवारी की विभिन्न वाद्ययंत्रों की संगत में प्रस्तुत किया।

हर्षित पाठक ने मेरे घर राम आए हैं को अच्छे अंदाज में प्रस्तुत किया। रजनी ने सुनाया :- लगन तुमसे लगा बैठी। भारत हस्तशिल्प महोत्सव में झूले पर बच्चों ने खूब मौज मस्ती की और फूड जोन में लोग लजीज व्यंजनों का आनन्द लेते रहे।

**आयोजन** | एमएलसी ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की

# उत्तरायणी कौथिग में कलाकारों ने बांधा समां

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** पर्वतीय महापरिषद द्वारा आयोजित 10 दिवसीय उत्तरायणी कौथिग के सातवें दिन विभिन्न क्षेत्रों से आए झोड़ा दलों के नृत्य की धूम रही। एमएलसी डॉ. महेन्द्र सिंह ने दीप प्रज्वलित कर सांयकालीन कार्यक्रम शुरू किया।

रविवार को यहां अपनी बोली अपनी भाषा प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। झुमिगो सीजन-2 के तहत छपेली प्रतियोगिता का फाइनल राउंड हुआ। डीडीहाट उत्तराखण्ड से आए लोकगायक चन्द्र प्रकाश ने मैं जांछु कमला काली गंगा पारा गीत के साथ कई प्रस्तुतियां दीं। मेहमान कलाकारों में मनोज सावंत ने घुघुती, ललित गित्यार ने ब्वारी चाहा बना दे, यो डाना का पारा, टीम घुघुती जागर ने अपण मन में पहाड़ ला रयुं से गीत एवं नृत्य की सांस्कृतिक बेला में चार चांद लगा दिए। चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया।



पर्वतीय महापरिषद द्वारा आयोजित 10 दिवसीय उत्तरायणी कौथिग में लोकनृत्य प्रस्तुत करते कलाकार। अमृत विचार

**विद्युत वितरण मण्डल-द्वितीय**
**मध्यॉंचल विद्युत वितरण निगम लि०**
**गोरा बाजार रायबरेली**

**ई-निविदा सूचना:** अधोहस्ताक्षरी द्वारा सम्बन्धित कार्य में दक्ष जिन्हे निविदागत् सम्बन्धित कार्य का पूर्व में अनुभव हो या वर्तमान में कार्य कर रहे हो, आयकर तथा जी0एस0टी0 प्रमाण पत्र धारक अनुभवी ठेकेदारों/फर्मो/कार्यदायी ऐंजेन्सियों एवं सामग्री आपूर्ति हेतु निर्माता कम्पनी/अधिकृत डीलर से विभागीय निविदा विशिष्टीकरण के सम्मुख अंकित कार्य एवं सामग्री आपूर्ति हेतु ई-निविदायें अलग-अलग दो भागों में, ई-टेण्डरिंग के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र एवं निविदा की अवधि, निविदा विस्तारण, पुर्नप्रकाशन, शुद्धिपत्र, संशोधन की सूचना UP Govermemt की वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर डाउनलोड/देखें जा सकते है, एवं डाउनलोड करते हुये मूलरूप में प्रयोग किये जायेंगे। निविदा प्रपत्रों को एडिट करके अलग से टंकित कराकर प्रयोग किये हुए मान्य नही होगें। निविदा प्रपत्र का निर्धारित मूल्य जो कि अप्रतिदेय है एवं प्रत्येक की निर्धारित धरोहर धनराशि अलग-अलग **EXECUTIVE ENGINEER ELECTRICITY TEST DIVISION-II, U.P POWER CORPORATION LTD. RAEBARELI** के **ICICI BANK** के खाता सं0 **081205500344/ IFS Code ICIC0000812** में **RTGS/NEFT** के माध्यम से ऑन-लाइन जमा किया जायेगा एवं साक्ष्य यथा योज्य यू0टी0आर0 संख्या, पे-इन स्लिप की मूल प्रति निविदा के साथ प्रस्तुत करना होगा। निविदा से सम्बन्धित अन्य सम्पूर्ण वितरण निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। निविदा खुलने की तिथि 06.02.2024 निर्धारित है। (1) **अल्पकालीन ई-निविदा सं0: 143/विविमद्विरा/2023-24 :-** विद्युत वितरण खण्ड-सलोन, रायबरेली के अर्न्तगत 33/11 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्रों पर विभिन्न मेक के स्थापित ब्रेकरों में से खराब ब्रेकरों के स्पेयर्स पार्ट्स की क्रय/आपूर्ति किया जाना। निविदा प्रपत्र का मूल्य रू0 1180.00 (जी0एस0टी0 सहित)। धरोहर धनराशि रू0 10000.00। (2) **अल्पकालीन ई-निविदा सं0: 144/विविमद्विरा/2023-24 :-** विद्युत वितरण खण्ड -ऊँचाहार, रायबरेली के भौगालिक कार्यक्षेत्र में 33/11 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्र-जगतपुर मे स्थापित 5 एम0वी0ए0 एवं 10 एम0वी0ए0 पावर परिवर्तकों की गैस किट बदलने एवं आयल सेण्ट्रीफ्यूजिंग तथा अन्य कार्य। निविदा प्रपत्र का मूल्य रू0 1180.00 (जी.एस.टी. सहित), धरोहर राशि रू0 2000.00। (3) **अल्पकालीन ई-निविदा सं0: 145/विविमद्विरा/2023-24 :-** विद्युत वितरण खण्ड-ऊँचाहार, रायबरेली के भौगालिक कार्यक्षेत्र में 33/11 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्र -इटौरा बुजुर्ग मे स्थापित 5 एम0वी0ए0 एवं 33/11 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्र-रसूलपुर मे स्थापित 5 एम0वी0ए0 पावर परिवर्तकों की गैस किट बदलने एवं आयल सेण्ट्रीफ्यूजिंग तथा अन्य कार्य। निविदा प्रपत्र का मूल्य रू0 1180.00 (जी.एस.टी. सहित), धरोहर राशि रू0 2000.00। **''बल्ब एवं सी0एफ0एल के स्थान पर एल0ई0डी0 जलायें, राष्ट्रहित में बिजली बचायें।''** अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण मण्डल-द्वितीय रायबरेली, पत्रांक: 2970/विविमद्विरा/विज्ञापन/तद दिनांक: 20.01.2024

**कार्यालय, नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा, अम्बेडकरनगर**

पत्राक मेमो / न0प0 कि0/विज्ञापन /2023-24 दिनांक 20-01-2024

**नागरिक सुविधाओं के सुदृढीकरण के साथ-साथ समावेशी विकास का संकल्प**

दिनांक-22.01.2024 को श्री राम लला मन्दिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के उपलक्ष्य में आम जनता से अपील




स्वच्छ भारत — स्वच्छ अशरफपुर किछौछा

**अपील**

1. समस्त नगर वासियों से अपील की जाती है कि अपने अपने घरों व मंदिरों में दीप जलाये
2. दैनिक प्रयोग से पालीथीन बन्द करें। पालीथीन के स्थान पर कपड़े के थैले का प्रयोग करें।
3. आमजन के सहयोग से ही पालीथीन का प्रयोग बन्द हो सकता है एवं नगर को प्रदूषण व गन्दगी से मुक्त किया जा सकता है।
4. नगर को स्वच्छ रखने के लिए कूडे को कूड़ेदान में ही डाले। किसी भी दशा में कूड़े को नाला / नाली, सड़क अथवा खुले स्थान पर न फेके, और न ही कूड़ा जलाये।
5. खुले में शौच न जाये, शौचालय का प्रयोग करें।
6. जन्म-मृत्यु का पंजीकरण 21 दिन के अन्दर अवश्य करायें।
7. जल ही जीवन है. इसे अनावश्यक न बहाये।
8. नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा के समस्त करों का भुगतान समय से करें।
9. नगर पंचायत सीमान्तर्गत बिना नक्शा पास कराये भवन / दुकान का निर्माण न करायें।
10. सार्वजनिक पोखरों, तालाब, मैदान, सड़क, नाला एवं नाली के ऊपर अवैध अतिकमण न करें।

अधिशाषी अधिकारी, नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा, अम्बेडकरनगर
समस्त सभासदगण, नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा, अम्बेडकरनगर
अध्यक्ष, नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा, अम्बेडकरनगर

## एक नजर

### मूक बधिर से मोबाइल लूटकर भागे बदमाश

**अमृत विचार, लखनऊ :** गोमतीनगर थाना अंतर्गत दयाल चौराहा निवासी मुन्ना यादव ने बताया उसका बेटा दुर्गेश मूक बधिर है। उसे मोबाइल पर गेम खेलने की लत है। इसी के चलते वह मोबाइल उठा कर घर से कुछ दूरी पर गेम खेल रहा था। इसी दौरान एक स्कूटी पर आये तीन बदमाश मोबाइल लूट कर भाग निकले। घर पहुंचे बेटे ने इशारों से आपबीती बतायी। पिता घर से बाहर निकल कर घटना स्थल तक पहुंचे तब तक आरोपी लापता हो चुके थे। पीड़ित पिता ने थाने में तहरीर दी है। इंस्पेक्टर गाजीपुर दीपक कुमार पांडेय ने बताया अज्ञात बदमाशों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### किशोरी घर से लापता, पिता ने जताई अपहरण की आशंका

**अमृत विचार, लखनऊ :** बीबीडी इलाके में रहने वाली 15 वर्षीय किशोरी घर से लापता हो गयी। पीड़ित पिता ने अपहरण की आशंका जताते हुये पुलिस से बेटी की बरामदगी की गुहार लगायी है। थाना क्षेत्र निवासी पीड़ित पिता ने बताया वह मूलत: गोंडा का रहने वाला है। वर्तमान में बीबीडी इलाके में परिवार संग रह कर ई-रिक्शा चलाता है। कहा कि 19 की देर शाम बेटी घरेलू काम से बाहर निकली थी। काफी देर नहीं लौटने पर उसकी खोजबीन की, लेकिन सुराग नहीं लगा। पीड़ित ने बेटी के संग अनहोनी की आशंका जतायी है। पीड़ित ने थाने में तहरीर दी है। इंस्पेक्टर ने बताया अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### कार की टक्कर से घायल दो बाइक सवार गंभीर

**अमृत विचार, निगोहां :** नगराम थाना अंतर्गत सलेमपुर निवासी अनुज साथी नंदलाल संग शनिवार देर रात निगोहां कस्बे से घर लौट रहा था। भगवानपुर मोड़ के समीप कार ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों गंभीर घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एम्बुलेंस से घायलों को सीएचसी बछरावां भेजा।

# फर्नीचर गोदाम में लगी आग, लाखों का सामान जला

## दमकल कर्मियों ने पांच टैंकर पानी खर्च कर दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद पाया आग पर काबू

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** शार्ट सर्किट से ग्राउंड फ्लोर पर फर्नीचर के गोदाम में लगी आग पहली मंजिल पर बने कमरे तक पहुंच गयी। समय रहते परिजन घर से बाहर निकल आये। सूचना पर पहुंची दमकल की पांच गाड़ियों से आग पर काबू पाया जा सका। जब तक आग पर काबू पाया गया, दुकान में रखा लाखों का सामान जलकर खाक हो गया।

ठाकुरगंज इलाके में लालबाग स्थित जेआरएन लॉन के समीप अनिल कुमार के एक मंजिल मकान के ग्राउंड फ्लोर पर फर्नीचर हाउस है। रविवार दोपहर ढाई बजे घर में सो रही बेटी की कमरे में धुआं भरने से आंख खुल गयी। बाहर निकली को फर्नीचर की दुकान में आग की लपटें उठती देख मदद के लिये चीख पुकार मचायी। मौके पर पहुंचे पड़ोसियों ने दमकल को सूचना दे आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू किया और उनको बाहर निकाला। मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने दो घंटे की मशक्कत कर पांच टैंकरों से आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक लाखों का सामान जल कर खाक हो गया। एसएचओ चौक के अनुसार हादसे में जनहानि नहीं हुई है। आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगी।



आग से धू-धू कर जलता सामान



आग बुझाने का प्रयास करते दमकलकर्मी

▶▶ दुकान के ऊपर बने कमरे में पहुंची आग, परिवार के चार सदस्यों को सुरक्षित निकाला

### क्या बोले जिम्मेदार

एफएसओ चौक प्रशांत कुमार ने बताया दुकान में आग बुझाने के उपकरण नहीं लगे थे। दुकान में लकड़ी का सामान और ज्वलनशील पदार्थ के कारण आग भड़क उठी। परिसर में धुआं भरने से दमकल कर्मियों को आग बुझाने में परेशानी हुयी।

### सीढ़ी से चढ़ तोड़ी खिड़की...

ऊंची-ऊंची लपटें ग्राउंड फ्लोर से पहली मंजिल के कमरे तक पहुंच गयीं। आग पर काबू पाने के लिये दमकल कर्मियों ने दो टीमें बनायीं। एक टीम गोदाम की आग बुझाने में जुटी, तो दूसरी टीम सीढ़ी लगा कमरे की खिड़की तोड़ अंदर पहुंची। समय रहते कमरे की आग बुझने से पूरा घर चपेट में आने से बाल बाल बचा।

# संवेदनशील जगहों पर बढ़ी सतर्कता, ड्रोन से ली तस्वीर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** राजधानी के संवेदनशील स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है। रविवार को सभी जोन में पुलिस ने रूट मार्च कर लोगों को सुरक्षा का एहसास दिलाया। संवेदनशील स्थानों पर ड्रोन से भी नजर रखी जा रही है।

अयोध्या में सोमवार को प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दौरान राजधानी में शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए पुलिस चौकन्नी है। किसी भी तरह की गड़बड़ी को रोकने के लिए पश्चिम जोन के 25 संवेदनशील क्षेत्रों को चिह्नित कर सुरक्षा के इंतजाम किए गए हैं। यहां ड्रोन से निगरानी की जा रही है। मुख्यालय से उपलब्ध हुई फोर्स को भी तैनात किया गया है। संवेदनशील इलाकों में वजीरगंज, बाजारखाला, सआदतगंज, ठाकुरगंज, अमीनाबाद, काकोरी, मलिहाबाद-रहीमाबाद, चौक, समेत सेंट्रल जोन से कैसरबाग, नाका हिंडोला व अन्य शामिल हैं। जेसीपी कानून एवं व्यवस्था उपेंद्र कुमार अग्रवाल ने बताया कि रूट मार्च के निर्देश दिए थे। रविवार को डीसीपी पश्चिम राहुल राज ने पुराने लखनऊ के नक्खास, चौक आदि इलाके में रूट मार्च किया। इंस्पेक्टरों को थाना क्षेत्र में गश्त करने के लिए कहा गया है। पूर्वी जोन में डीसीपी आशीष श्रीवास्तव, उत्तरी जोन में डीसीपी सै. कासिम आब्दी और दक्षिण जोन में एडीसीपी शशांक सिंह ने सुरक्षा की तैयारियां परखीं।

# इलाज का झांसा देकर समझौता पत्र पर लगवाया अंगूठा, अब बेटे के इलाज को भटक रही मां

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** आरोपी कार सवार के झांसे में आकर समझौता पत्र पर अंगूठा लगाने वाली मां कोमा में पड़े बेटे के इलाज के लिये भटक रही है। कार की टक्कर से गंभीर बेटा इलाज के दौरान कोमा में चला गया था। आरोपी ने इलाज कराने का भरोसा दिया था। अब रुपये मांगने पर धमकी दे रहा है। पीड़िता की शिकायत पुलिस मामले की जांच कर रही है।

चिनहट थाना अंतर्गत न्यू कांशीराम कॉलोनी निवासी लक्ष्मी देवी ने बताया 4 दिसंबर को कालोनी के सामने स्कॉर्पियो सवार ने उसके बेटे प्रमोद कुमार को टक्कर मार दी थी। हादसे में बेटे के सिर में गंभीर चोटें आईं थी। इलाज के दौरान बेटा कोमा में चला गया। वर्तमान में उसका इलाज कमता स्थित एक निजी अस्पताल में चल रहा है। हादसे के समय आरोपी कार चालक ने बेटे के इलाज में जो भी रुपये खर्च होंगे देने को कहा था। तब उसने कुछ रुपये दिये थे। झांसे में आकर उसने समझौता पत्र पर उसका अंगूठा लगवा लिया था। अब आरोपी रुपये नहीं दे रहा है। जबकि निजी अस्पताल में काफी रुपये खर्च हो रहे हैं। रुपये मांगने पर आरोपी गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दे रहा है। पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ थाने में तहरीर दी है। इंस्पेक्टर चिनहट अश्वनी कुमार चतुर्वेदी ने बताया कार नंबर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की गयी है। मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

▶▶ कोमा में है बेटा, कार से टक्कर मारने वाले ने दिया था इलाज का आश्वासन

▶▶ अब आरोपी सुनने को तैयार नहीं कर रहा है परेशान

▶▶ पीड़िता ने चिनहट थाने में आरोपी पर दर्ज कराई धोखाधड़ी की रिपोर्ट

### शिकायत करना पड़ा भारी युवती ने युवक को पीटा

**अमृत विचार, लखनऊ :** महानगर थाना अंतर्गत निशातगंज निवासी अवधेश कुमार पाठक ने बताया कि वह किसी काम से गाजीपुर एसीपी न्यायालय गया था। इसी दौरान इंदिरा नगर के मायावती कालोनी निवासी दिव्या सिंह और पुरुषोत्तम सिंह पहुंचे। अवधेश का आरोप है कि दिव्या यह कहते हुये कि उसके मंगेतर व भाई की थाने में शिकायत की थी विवाद करने लगी। मना करने के बाद भी नहीं माने, उसके संग मारपीट करने लगी। किसी तरह उसने भाग कर खुद को बचाया। पीड़ित का आरोप है कि महिला ने उसे झूठे मामले में फंसाने की धमकी दी है। इससे वह काफी डरा है। अवधेश ने थाने में तहरीर दी है। इंस्पेक्टर महानगर अखिलेश कुमार मिश्र ने कहा दिव्या के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# पिता को भेजे युवती के आपत्तिजनक फोटो

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** संबंध बनाने पर इंकार करने पर आरोपी द्वारा युवती की आपत्तिजनक फोटो उसके पिता के पास भेजने का मामला सामने आया है। आरोपी ने युवती को भरोसे में लेकर उसकी मेल आईडी और मोबाइल हैक कर लिया। आरोपी ने युवती का आपत्तिजनक वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर अपलोड कर दिया। शिकायत पर विकासनगर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

विकासनगर थाना क्षेत्र निवासी युवती मुंबई के सर्वोदय नगर निवासी निखिल के संग पढ़ती थी। निखिल ने युवती से दोस्ती कर विश्वास में लेकर उसके मेल आइडी और मोबाइल हैक कर लिया। युवती को इसकी भनक नहीं लगी। युवती का जब पासवर्ड बदला गया तो उसे मामले का पता चला। पीड़ित पिता ने बताया कि बेटी के नाम से उसके ऑनलाइन आर्डर आने शुरू हो गये और उसके खाते से रुपये कटने शुरू हो गये। इसके साथ ही बेटी व निखिल के आपत्तिजनक फोटो पिता के नाम उसके घर भेज दिये गये। 31 दिसंबर को अनजान नंबर से निखिल ने युवती के पास फोन कर मिलने व संबंध बनाने का दबाव बनाया। युवती ने इंकार किया तो आपत्तिजनक फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करने का प्रयास किया। इसके बाद यूट्यूब समेत सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर आपत्तिजनक सामग्री वायरल कर दी।

पिता ने बताया कि घटना से बेटी मानसिक परेशान है, हर समय उसके आत्मघाती कदम उठाने की आशंका बनी रहती है। इसके चलते उस पर बराबर नजर रखनी पड़ रही है। इंस्पेक्टर विपिन सिंह ने बताया आरोपी निखिल सिंह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

▶▶ आरोपी ने युवती से दोस्ती के बाद झांसे में लेकर मेल आईडी व मोबाइल किया हैक

▶▶ पीड़ित की शिकायत पर विकासनगर पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी



फतेहगंज कुएश्वर मंदिर से रविवार को निकाली गई शोभा यात्रा में शामिल भक्त। अमृत विचार

# भाई-बहन पर युवकों ने किया हमला

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** कॉलेज से घर लौट रहे भाई-बहन पर कार सवार युवकों द्वारा हमला कर मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित ने पूर्व में भी आरोपियों पर जान से मारने की नीयत से हमला करने का आरोप लगाया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

गाजीपुर थाना अंतर्गत मुंशीपुरवा निवासी अर्जुन ने बताया कि वह और उसकी बहन एक निजी इंटर कॉलेज में पढ़ते हैं। 20 जनवरी की दोपहर करीब 12.30 बजे बहन के संग कॉलेज से घर के लिये निकला। कुछ दूरी पर रास्ते में दो गाड़ियों से आये करीब 4 से 5 युवकों ने दोनों को घेर कर गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने भाई-बहन पर लात घूसों व डंडों से हमला कर दिया। आसपास के लोगों को आता देख आरोपी जान माल की धमकी देते हुये भाग निकले। पीड़ित ने थाने में दी तहरीर में बताया कि आरोपी पूर्व में भी उन पर हमला कर चुके हैं। उसने आरोपियों से जानमाल के खतरे की आशंका जतायी है। इंस्पेक्टर गाजीपुर विकास राय ने बताया मुंशीपुरवा निवासी करन राजपूत, अर्जुन व कार सवार पांच अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज की है। मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

▶▶ पीड़ित भाई की शिकायत पर गाजीपुर पुलिस ने शुरू की मामले की जांच

### युवकों ने पिता-पुत्र को पीटा

**अमृत विचार, लखनऊ:** गाजीपुर थाने में अलीगंज निवासी संजीव त्रिपाठी ने तहरीर देकर बताया कि वह अपने पिता अश्वनी श्रीवास्तव व उनके मित्र के साथ कार से जा रहा था। रास्ते में तेज रफ्तार ब्रेजा कार डाला में टक्कर मारते हुए उसकी कार से टकरा गई। संजीव ने कार से उतर कर सवार से गाड़ी ठीक से चलाने की बात कही। इस पर ब्रेजा से उतरे करीब आधा दर्जन युवकों ने संजीव उसके पिता व उनके मित्र पर धारदार हथियारों से हमला कर दिया। पीड़ितों ने भाग कर जान बचायी। इसके बाद आरोपी कार में तोड़फोड़ कर फरार हो गए। हमले में संजीव व उसके पिता घायल हो गए। पीड़ित ने थाने में दी तहरीर में घटना स्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी दी हैं। इंस्पेक्टर ने बताया कार नंबर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

## सार-संक्षेप



ब्लड कलेक्शन सेंटर की शुरुआत करते लोकेश गुप्ता व रीजनल मैनेजर अनंत कुमार।

### मेदांता ने शुरू किया ब्लड जांच कलेक्शन सेंटर

**अमृत विचार, मोहनलालगंज :** मेदांता ने मोहनलालगंज कस्बे में ब्लड कलेक्शन सेंटर की शुरुआत की है। जिसका उद्घाटन रविवार को एसोसिएट डारेक्टर एंव हेड इमरजेंसी मेडिसिन एंव ट्रामा सेंटर मेदांता हॉस्पिटल लखनऊ के लोकेश गुप्ता एंव रीजनल मैनेजर अनंत कुमार ने किया। डॉक्टर आरपी सिंह ने बताया कि रविवार मोहनलालगज कस्बे में कालेबीर मंदिर के पास मेदांता ने लैब कलेक्शन सेंटर खोला है। इस सेंटर का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को भी लाभ देना है। जिसमें काफी कम कीमत पर ब्लड जांच के पैकेज रखे गए हैं और इसी सेंटर के माध्यम से मेदांता डॉक्टरों द्वारा ऑनलाइन ओपीडी शुरू कर मरीजों को देखा जाएगा। डॉक्टर आरपी सिंह ने बताया कि पूरे प्रदेश में 39 सेंटर खोले गए हैं। साथ ही आठ सौ कलेक्शन सेंटर प्रदेश के विभिन्न जिलों के कस्बों में खोले जा रहे हैं।



जरूरतमंदों को कंबल वितरित करतीं ग्राम प्रधान रीना सिंह, साथ में अन्य।

### जरूरतमंद की मदद ही मानवता की सच्ची सेवा: रीना सिंह

**अमृत विचार, निगोहां :** बढ़ती सर्दी को देखते हुए सरल केयर फाउंडेशन ट्रस्ट और बाबू सुंदर सिंह फाउंडेशन की तरफ से नंदौली गांव में 300 जरूरतमंद लोगों को कंबल दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बाबू सुंदर सिंह इंजीनियरिंग कॉलेज की वाइस चेयरपर्सन ने कहा जरूरतमंद लोगों की मदद में हम लोग अभियान चला कर कंबल वितरण कर रहे हैं। नंदौली गांव के पंचायत भवन में आयोजित कंबल वितरण कार्यक्रम के दौरान गांव के लोगों को जागरूक करते हुए सरल केयर फाउंडेशन की अध्यक्ष रीता सिंह ने कहा कि लगातार 5 साल से नंदौली गांव में कंबल वितरण का कार्यक्रम होता आ रहा है। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान रीना सिंह, पूर्व प्रधान राम बहादुर, शिक्षक समाजसेवी आईपी सिंह, अनुराग महाजन, अनामिका मौर्या और अधिवक्ता सत्यम प्रताप सिंह सहित तमाम लोग मौजूद थे।

### विकसित भारत यात्रा: मंडल अध्यक्ष ने वितरित किए प्रशस्ति पत्र

**अमृत विचार, निगोहां :** विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के अंतर्गत निगोहां के हरिहरपुर पटसा गांव में पशु चिकित्सा, आंगनवाड़ी, कृषि केंद्र सहित कई विभागों स्टाल लगाये गए, जिसमें पशुपालकों को निशुल्क दवाइयां वितरित कर अन्य जानकारियां दी गई। रविवार को हरिहरपुर पटसा गांव में विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली गई, जिसमें मुख्य अतिथि मंडल अध्यक्ष निगोहां दीपू बाजपेयी ने दीप प्रज्वलित कर मौजूद ग्रामीणों को योगी और मोदी सरकार की योजनाओं की जानकारियां दी गयीं और 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर अपने - अपने घरों और गांव के मंदिरों में दीप जलाकर पूजा-अर्चना करने की अपील की। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान उर्मिला द्विवेदी, व्यापार मंडल अध्यक्ष निगोहां सुरेंद्र दीक्षित, व्यवसायी सत्य प्रकाश द्विवेदी, उमाशंकर त्रिवेदी, प्रधानाध्यापक शिखा त्रिवेदी, कृषि विभाग के धर्मेंद्र साहू, सीएचओ प्रतिमा श्रीवास्तव सहित ग्रामीण व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### किशोरी से दुष्कर्म का प्रयास, आरोपी पर रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार, लखनऊ :** नगराम इलाके में शौच के लिये निकली किशोरी से दुष्कर्म के प्रयास का मामला सामने आया है। 14 वर्षीय किशोरी ननिहाल में आई थी। परिजन के अनुसार शनिवार रात किशोरी अपनी ममेरी बहन के साथ शौच के लिए निकली। रास्ते में अमरजीत ने किशोरी से दुष्कर्म का प्रयास किया। विरोध करने पर आरोपी किशोरी के गाल पर दांत से काट लिया। इंस्पेक्टर विवेक चौधरी ने बताया कि अमरजीत के खिलाफ छेड़छाड़ समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### युवती से दुष्कर्म करने वाले आरोपी को भेजा जेल

**अमृत विचार, लखनऊ :** बंथरा इलाके में मानसिक बीमार युवती से दुष्कर्म करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इंस्पेक्टर हेमंत राघव ने बताया कि 17 जनवरी को 20 वर्षीय युवती पिता के लिये पान मसाला खरीदने दुकान पर गयी थी। जहां आरोपी अजीत उर्फ जीतू कहार दुष्कर्म कर फरार हो गया था। जानकारी पर परिजन ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करायी थी। रविवार को आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

# किराये के कमरे में फंदे से लटका मिला युवक का शव

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** शापिंग मॉल में काम करने वाले युवक का किराये के कमरे में फंदे से शव लटका मिला। मकान मालिक कमरे में पहुंचा तब घटना का पता चला। परिजन ने आरोप से इनकार किया है।

गुडम्बा थाना अंतर्गत गौराबाग निवासी मनीष उर्फ राहुल (30) ने शनिवार देर रात मकान में फंदा लगाकर जान दे दी। इंस्पेक्टर नीतिश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि मनीष डेढ़ साल से किराए के मकान में पत्नी आरती व एक बेटी संग रहता था। वह शापिंग मॉल में नौकरी करता था। कुछ दिन पहले पत्नी- बेटी संग मायके गई थी। पत्नी ने सुबह मनीष को फोन किया, लेकिन बात नहीं हो सकी। तो पत्नी ने मकान मालिक से कमरे पर जाकर बात कराने को कहा। मकान मालिक पहुंचा तो मनीष का शव फंदा से लटका मिला। चाचा अमरनाथ ने बताया कि कुछ दिन पहले बेटी के अन्नप्राशन में मनीष गांव आया था। उसने यह कदम क्यों उठाया पता नहीं। इंस्पेक्टर ने कहा पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

▶▶ गुडम्बा क्षेत्र का मामला, परिजन ने किसी पर नहीं लगाया आरोप

### लेखपाल बन हड़प लिए 12.70 लाख रुपये

**अमृत विचार, लखनऊ :** गोमतीनगर विस्तार कोतवाली में 13 लाख रुपये हड़पने की रिपोर्ट दर्ज की गयी है। आरोपी राम नारायण ने लेखपाल बन जमीन खरीदने के नाम पर रुपये ठगे थे। वरदानखंड में संचालित गोल्डन राइज इंफ्रा के निदेशक राजदेव ने बताया जनवरी 2023 में देवरिया बरहज निवासी रामनारायण ने उनसे मुलाकात की थी। खुद को लेखपाल बता कम्पनी में निवेश की बात कही। उसने कई ऐसे लोगों से सम्पर्क होने की बात कही तो जमीन खरीदना चाहते थे। वह खुद भी उनकी कंपनी में निवेश करने की बात कही। झांसे में लेकर आरोपी ने निदेशक को कई बार साइट पर पहुंच लोगों को जमीन भी दिखाई। भरोसा जीतने के बाद राम नारायण ने आर्थिक दिक्कतें बता कई बार में राजदेव से 12 लाख 70 हजार रुपये ले लिये। रुपये लौटाने में टाल मटोल करने पर उसके बारे में पता किया ठगी का पता चला।

# दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर घर से निकाला

संवाददाता, मलिहाबाद

**अमृत विचार:** कार और 6 लाख रुपयों की मांग पूरी नहीं होने पर सुसरालीजनों ने महिला को घर से निकाल दिया। इसके बाद डेढ़ वर्ष की मासूम बच्ची उठा ले गये। पीड़िता ने आरोपियों के खिलाफ दहेज प्रताड़ना की रिपोर्ट दर्ज करायी है।

रहीमाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम कुशलखेड़ा जमोलिया निवासिनी निधि प्रजापति का विवाह ढाई वर्ष पूर्व आशियाना के अंबिका बिहार बंगला बाजार निवासी अभिषेक प्रजापति के संग हुआ था। शादी के बाद से ही ससुरालीजन महिला को दहेज के लिये प्रताड़ित करने लगे। पीड़िता का आरोप है पिछले वर्ष 30 अगस्त को पति अभिषेक उसे मायके में घर के बाहर छोड़कर चला गया था। चार दिन बाद ससुर राजकुमार, सास सरिता, पति अभिषेक व देवर ने मायके आकर उसके साथ मारपीट कर डेढ़ वर्ष की बच्ची कृषा को उठा ले गये थे। इसके बाद मायके वालों से 6 लाख और मारुति कार की मांग की। मांग पूरी नहीं होने पर ससुराल आने पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता की तहरीर पर पति अभिषेक प्रजापति, सास, ससुर, देवर, व ननद सुरभि पर रिपोर्ट दर्ज कराते हुये बच्ची को वापस दिलाने की गुहार लगायी है।

### कार्ड चुरा एटीएम से रुपये निकालने वाला गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** कार्ड चुराकर एटीएम से रुपये निकालने वाले आरोपी चालक को पीजीआई पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर लिया है। इंस्पेक्टर पीजीआई ब्रजेश चन्द्र तिवारी ने बताया आशियाना निवासी आरोपी वीरेन्द्र कुमार उर्फ राजा पहाड़ी को गिरफ्तार किया है। शुक्रवार रात ऑटो में बैठी सवारी ने एटीएम से पैसे निकालने तेलीबाग में रोका था। बूथ से पैसे निकालते समय उसने पासवर्ड देख लिया था। जब वह दोबारा ऑटो में बैठा तो आरोपी ने उसका एटीएम चुरा कर 80 हजार रुपये निकाले थे। इंस्पेक्टर ने बताया आरोपी को जेल भेज दिया है।

**आक्रोश** किसानों ने मेमर्स केजर फूड्स कम्पनी द्वारा फैलाए जा रहे प्रदूषण से बचाने की लगाई गुहार

# बिना परमिशन के चल रही फैक्ट्री पर कार्रवाई कब

संवाददाता, बख्शी का तालाब

**अमृत विचार :** बख्शी का तालाब तहसील क्षेत्र के कन्हईपुर मजरा कुम्हरावा में प्लाट गाटा संख्या 842 पर बीते कई वर्षों से मेमर्स केजर फूड्स कम्पनी संचालित की जा रही है। जिसमें आटा मिल व चोकर के साथ अन्य वस्तुओं का भी उत्पादन किया जाता है, और पैकेजिंग का कार्य किया जाता है तथा कंपनी द्वारा किसी प्रकार का अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रदूषण विभाग से प्राप्त नहीं किया गया है।

उक्त कम्पनी में नियमों के विपरीत मनमाने ढंग से श्रमिकों से कार्य करवाया जा रहा है जिससे श्रमिकों के हक व सुरक्षा पर भी गम्भीर प्रश्न चिन्ह है। किसानों ने कहा कि उपरोक्त कम्पनी द्वारा प्रदूषण नियन्त्रण के यन्त्र भी नहीं लगाए गये हैं। ऐसा जानकारी में आया है। वहीं कम्पनी के द्वारा बड़े पैमाने पर प्रदूषण फैलाया जा रहा है। जिससे ग्रामीणों को विभिन्न बीमारियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं धुए से फसलों को भी भारी नुकसान हो रहा है। भाकियू संगठन के अमरेंद्र सिंह ने शनिवार को अपर जिलाधिकारी आपूर्ति साहेब लाल को शिकायती पत्र देकर प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से फैक्ट्री की जांच कराने व फर्जी तरीके से संचालित होने की दशा में कार्रवाई कराने की गुहार लगाई है।



फैक्ट्री से पैकिंग का सामान लेकर निकलता वाहन। अमृत विचार

> शिकायत पर जांच के आदेश दिए गए हैं, नायब तहसीलदार से एक सप्ताह में जांच रिपोर्ट मांगी गई है। तत्पश्चात आगे की कार्रवाई की जायेगी
>
> – साहेब लाल
> अपर जिलाधिकारी आपूर्ति

# नकली नोट थमा महिला के गहने उतरवा ले गए टप्पेबाज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** नकली नोट थमा टप्पेबाज महिला के गहने उतरवा कर फरार हो गये। इमरजेंसी में बात करने को बोल टप्पेबाज महिला का मोबाइल भी ले गये। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

महानगर थाना अंतर्गत रहीमनगर निवासी सुनीता कनौजिया पत्नी स्व. नंद किशोर ने बताया 19 जनवरी को ई-रिक्शा पर चिनहट से घर लौट रहीं थी। अकबरनगर के समीप मिले दो युवकों ने बहन से इमरजेंसी बोल बात करने के लिये उनका मोबाइल ले लिया। मोबाइल पर बात करते हुये धीरे-धीरे दोनों रेलवे स्टेशन के पीछे निकल गये। जहां महिला को झांसे में लेकर नकली नोट थमा उसके टप्स व मोबाइल लेकर आरोपी फरार हो गये। उनके जाने के बाद महिला को ठगी का एहसास हुआ। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर दी है। इंस्पेक्टर महानगर ने अखिलेश कुमार मिश्र ने बताया अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी व चोरी की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

▶▶ महानगर थाना क्षेत्र का मामला पीड़िता ने पुलिस से की शिकायत

# रामलला हो रहे विराजमान, देश भर में हो रहा गुणगान

## राममय हुए काशी विश्वनाथ, सालासर बालाजी धाम, महाकालेश्वर उज्जैन जैसे पौराणिक मंदिरों के सोशल मीडिया हैंडल

**राज्य ब्यूरो, अयोध्या**

**अमृत विचार :** देश भर के पौराणिक महत्व वाले मंदिरों में भी उत्सव हो रहे हैं। विभिन्न पौराणिक मंदिरों की ओर से भगवान राम का गुणगान करते हुए भक्तों से इस दिन दीपोत्सव, भजन-कीर्तन एवं श्रीराम साधना की अपील की गई है।

उल्लेखनीय है कि सीएम योगी और पीएम मोदी भी इस आयोजन से पहले लोगों से अपने करीब के मंदिरों में साफ सफाई और राम संकीर्तन की अपील कर चुके हैं। साथ ही सभी से आग्रह किया गया है कि लोग अपने घरों में दीपोत्सव के माध्यम से राम ज्योति अवश्य प्रज्ज्वलित करें।

### 500 वर्षों के बाद आई यह घड़ी

सालासर बालाजी धाम मंदिर के एक्स हैंडल से पूरे देश को इस नई दीपावली की शुभकामनाएं दी गईं। हैंडल से किए गए पोस्ट में कहा गया है कि 500 वर्षों से जिस घड़ी का हम सब को इंतजार था वो आ गई है। अपने प्रभु के दर्शन हो गए हैं। प्रभु अपने सिंहासन पर विराजमान हो गए हैं। आज हर एक रामभगत 'जय श्री राम' लिखकर प्रभु को समर्पित करें।

इसी तरह, श्री महाकालेश्वर उज्जैन के एक्स हैंडल से श्रीरामलला की छवि को पोस्ट करते हुए उनके दर्शनों का वर्णन किया गया है। वहीं, केदारनाथ टेंपल श्राइन बोर्ड की ओर से प्राण प्रतिष्ठा किए जाने वाले श्रीरामलला के विग्रह की तस्वीर साझा करते हुए लिखा गया है मेरे राघव। एक अन्य पोस्ट में 500 वर्षों की प्रतीक्षा का जिक्र किया गया है तो एक पोस्ट में छवि साझा करते हुए कहा गया है प्रथम दर्शन बालस्वरूप भगवान।



अद्भुत, अलौकिक, अविस्मरणीय : हर मन को मोह लेने को तैयार फूलों से सजा और लाइटों से रोशन राम मंदिर। अमृत विचार

**▸▸ मंदिरों के एक्स हैंडल से साझा की जा रहीं श्रीराम लला विग्रह एवं नव्य राम मंदिर की तस्वीरें, राम भक्तों से दीपोत्सव और भजन कीर्तन करने की अपील**

### धूमधाम से उत्सव मनाने की अपील

काशी विश्वनाथ मंदिर के ऑफिशियल हैंडल से सभी रामभक्तों को 22 जनवरी को होने जा रहे प्राण प्रतिष्ठा के ऐतिहासिक अवसर के लिए बधाई दी गई है। साथ ही अपील की गई है कि सभी देशवासी इस उत्सव को धूमधाम से मनाएं। मंदिरों से जुड़े विभिन्न हैंडल्स से भी उत्सव की अपील की गई है। 12 ज्योतिर्लिंग ऑफ महादेव के अकाउंट से श्रीरामलला के भव्य मंदिर की तस्वीर साझा की गई और लिखा गया कि श्रीरामलला के स्वागत हेतु श्रीरामजन्मभूमि फूलों से सुसज्जित हो रही है। वहीं, भगवत गीता की ओर से श्रीरामलला के विग्रह की छवि साझा करते हुए फॉलोअर्स से अपील की गई है कि क्या हम इस ऐतिहासिक छवि को लेकर जय श्री राम के 1008 कमेंट्स कर सकते हैं।

### समारोह के लिए पहुंचे विशिष्ट मेहमान

क्रिकेट विराट कोहली, सचिन तेंदुलकर अमिताभ बच्चन और अभिषेक बच्चन, रजनीकांत, रवीन्द्र जडेजा रामनगरी पहुंच गए हैं, सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ भी अयोध्या पहुंचे। रविवार की शाम को पूर्व पीएम एचडी देवगौड़ा, पूर्व सीएम चंद्र बाबू नायडू के अलावा फिल्म अभिनेत्री कंगना रनौत, साउथ सुपर स्टार रजनीकांत, फिल्म निर्देशक सुभाष घई, सिंगर सोनू निगम भी पहुंच चुके हैं।

## योगी ने किए राम मंदिर और हनुमानगढ़ी के दर्शन

**राज्य ब्यूरो, अयोध्या, अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को ही रामनगरी पहुंच गए। यहां उन्होंने प्राण प्रतिष्ठा की तैयारियों का फाइनल निरीक्षण किया और अयोध्या की व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने संघ कार्यालय साकेत निलयम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने रामलला व हनुमानगढ़ी में दर्शन व पूजन किया। इसके बाद श्रीराम मंदिर गए और यहां की तैयारियों को देखा। मुख्यमंत्री कारसेवकपुरम भी गए, यहां तीर्थ क्षेत्र की तरफ से बनाई गई टेंट सिटी का अवलोकन किया।

### वीआईपी मूवमेंट के लिए किए गए इंतजाम

प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर वीवीआईपी मूवमेंट को देखते हुए अयोध्या-लखनऊ, अयोध्या-गोरखपुर, अयोध्या-प्रयागराज और अयोध्या-वाराणसी हाईवे को ग्रीन कॉरिडोर में बदला गया है। स्वयं के हेलिकॉप्टर व प्राइवेट चार्टर्ड प्लेन से आने वाले वीवीआईपी के लिए महर्षि वाल्मीकि अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा अयोध्या धाम के साथ-साथ 5 राज्यों के 12 शहरों के एयरपोर्ट्स में पार्किंग की व्यवस्था की गई है।



पद्मश्री सुदर्शन पटनायक द्वारा रेत से बनाई गई राम की आकृति के साथ सेल्फी लेते योगी।

# रेत शिल्प पर पहुंचकर योगी ने ली सेल्फी

**राज्य ब्यूरो, अयोध्या**

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को पद्मश्री सुदर्शन पटनायक द्वारा उकेरी गई रेतशिल्प से बनाई गई राम की आकृति देखी। योगी ने यहां सेल्फी भी ली। रेत शिल्प पर बनाई गई इस आकृति को वर्ल्ड रिकॉर्ड्स बुक ऑफ इंडिया की तरफ से श्रीराम के सबसे बड़े रेत शिल्प का सर्टिफिकेट दिया गया है। योगी ने रविवार को यह सर्टिफिकेट राज्य ललित कला अकादमी की निदेशिका श्रद्धा शुक्ला को प्रदान किया।

**▸▸ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स बुक ऑफ इंडिया की तरफ से दिया गया प्रमाण पत्र मुख्यमंत्री ने राज्य ललित कला अकादमी को सौंपा**

बता दें कि रामोत्सव 2024 के अवसर पर राज्य ललित कला अकादमी, उत्तर प्रदेश संस्कृति विभाग की तरफ से रेतशिल्प कला शिविर का आयोजन किया गया था। रेतशिल्प के प्रख्यात कलाकार ओडिशा के पुरी निवासी पद्मश्री सुदर्शन पटनायक ने अपनी टीम संग इसका निर्माण किया था। इसमें उनके सहयोगी संतोष कुमार नायक, बुलू मोहंती, जितेंद्र, प्रमोद बिसवाल, महेश्वर, केनी कावासी एवं बनामबार पटनायक भी शामिल रहे। सुदर्शन पटनायक की टीम ने 55 फीट लंबी, 35 फीट चौड़ी, 23 फीट ऊंची रेत शिल्प कलाकृति सृजित की। मुख्यमंत्री के साथ कैबिनेट मंत्री सूर्य प्रताप शाही, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र, अवनीश अवस्थी आदि मौजूद रहे।

# बुद्धेश्वर विहार कॉलोनी में धूमधाम से निकाली गई राम बरात

**संवाददाता, काकोरी**

**अमृत विचार :** बुद्धेश्वर विहार कालोनी स्थित महाकालेश्वर मंदिर से रविवार शाम राम बरात निकाली गई। राम बरात में शामिल मनमोहक झांकियां देखने के लिए भीड़ जुट गई। रास्ते में लोगों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा की और जय श्रीराम के जयकारे लगाए।

राम बरात बुद्धेश्वर विहार कॉलोनी से होते हुए विभिन्न गलियों का भ्रमण करते हुए बुद्धेश्वर मंदिर पर पहुंची। राम बरात में झांकियां लोगों के आकर्षण का केंद्र रहीं। हनुमान का वेश धारण किए कलाकार हाथों में गदा लेकर भक्ति गीतों पर उनकी लीलाओं का सजीव अभिनय करते हुए चल रहे थे। गोपियों संग रास लीला रचाते भगवान श्रीकृष्ण और नृत्य करती हुईं गोपियां सड़क से निकलीं तो हर कोई उनकी एक झलक पाने के लिए बेताब हो उठा। राम बरात में सबसे आगे और सबसे पीछे पुलिस की जीपें चल रही थीं।

इस दौरान कार्यक्रम के आयोजक अरविंद कुमार गुप्ता, पंछी प्रेमी महेश साहू पार्षद धर्मेंद्र सिंह बुद्धेश्वर विकास महासभा के मुख्य संरक्षक रामशंकर राजपूत समेत हिमांशु गुप्ता, शिव कुमार यादव, शुभम गुप्ता सहित अन्य कई लोग मौजूद रहे।



राम बरात में भगवान का रूप धारण किए बच्चे रहे आकर्षण का केन्द्र। अमृत विचार

## बाइक से अयोध्या पहुंचीं संध्या

**राज्य ब्यूरो, अयोध्या, अमृत विचार :** इंदौर से लगभग 1100 किलोमीटर का सफर मोटरसाइकिल से अकेले तय कर अयोध्या पहुंची संध्या की आत्मिक खुशी उसके चेहरे से बयां हो रही थी। रविवार को लता मंगेशकर चौराहे पर पहुंचते ही मीडियाकर्मियों ने उन्हें घेर लिया। सभी में उत्सुकता इस बात की थी कि, इस कदर जाड़ा और कोहरा उस पर अकेली महिला बाइकर कैसे इतना लंबा सफर कर सकी? संध्या के मुताबिक, वो किसी पुलिस या आर्मी फोर्स से नहीं है। अपना स्कूल चलाती है। मोटरसाइकिल चलाना मेरा शौक है और इस शौक मैंने रामलला प्राण प्रतिष्ठा के ऐतिहासिक छड़ से जोड़ने का केवल जुनून पाला जो अब पूरा हो रहा है।



लता मंगेशकर चौराहे पर अपनी बाइक के साथ संध्या। अमृत विचार

## प्राण प्रतिष्ठा में अनेक परंपराओं को मिलेगा स्थान

**अमृत विचार, अयोध्या :** प्राण प्रतिष्ठा में विभिन्न परंपराओं के लोगों को भी स्थान दिया गया है। शैव, वैष्णव, शाक्त, गाणपत्य, पात्य, सिख, बौद्ध, जैन, दशनाम शंकर, रामानंद, रामानुज, निम्बार्क, माध्व, विष्णु नामी, रामसनेही, घिसापंथ, गरीबदासी, गौड़ीय, कबीरपंथी, वाल्मीकि, शंकरदेव (असम), माधव देव, इस्कॉन, रामकृष्ण मिशन, चिन्मय मिशन, भारत सेवाश्रम संघ, गायत्री परिवार, अनुकूल चंद्र ठाकुर परंपरा, ओडिशा के महिमा समाज, अकाली, निरंकारी, नामधारी (पंजाब), राधास्वामी और स्वामीनारायण, वारकरी, वीर शैव इत्यादि कई सम्मानित परंपराएं इसमें भाग लेंगी। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के पूर्ण होने के बाद, सभी साक्षी महानुभावों को दर्शन कराया जाएगा।



सरयू किनारे जमीन पर बैठकर बेर बेचता विक्रेता। अमृत विचार

# सरयू किनारे शबरी नहीं, सोनू के बेर चखिए

**संवाददाता, अयोध्या**

**चर्चा का विषय**

**▸▸ यहां चंडीगढ़ से आया युवा बेर बेचकर ही गदगद हो रहा**

**▸▸ सोनू जैसे देश भर से आए और भी हैं जिन्हें न पैसे की चिंता, न जान की, बस चले आए अयोध्या**

**अमृत विचार :** सरयू किनारे जमीन पर बैठकर बेर बेचता सोनू बरबस नजरें खींच लेता है। आखिर रामायण में शबरी के बेर का घटनाक्रम चर्चित विषय रहा है। सीता की खोज में राम की शबरी से मुलाकात गुजरात के आसपास हुई थी, जब शबरी ने अपने प्रिय भगवन राम को मीठे बेर खिलाने के लालच में बेरों को झूठा कर खिलाया था।

बहरहाल, यहां अयोध्या में शबरी झूठे बेर तो नहीं लेकिन चंडीगढ़ से आए सोनू के बेर बड़े स्वादिष्ट हैं। सच पूछा जाय तो पूरे राममय वातावरण को एक छोटा सा बेर बेचने वाला सम्पूर्ण करता दिखता है। सोनू बताता है कि वह यहां कोई कमाई करने नहीं आया। बेर तो मैं कहीं भी बेच लेता लेकिन मैं रामोत्सव में अयोध्या आने की आत्मसंतुष्टि महसूस करना चाहता था। यहां आकर मुझे बहुत अच्छा लग रहा है और एक नया अनुभव मिल रहा है।

सोनू जैसे यहां तमाम युवा हैं जो अलग-अलग राज्यों से आकर कुछ न कुछ काम कर रहे हैं। इन युवाओं में न तो धन कमाने का लालच है और न ही इतनी दूर साइकिल, पैदल, बस की यात्रा में जान की परवाह ही की। बस सभी के दिलों में राम बसे हैं।

सरयू घाट पर तनिक भी कोई कूड़ा फेंकता तो एक सभ्य सी नजर आने वाली महिला उसे तुरंत उठा लेती। सोचा वह या तो किसी एनजीओ की सदस्य है या फिर नगर निगम की। पूछने पर पता लगा कि, वह वाराणसी से आयी है और उनका वास्ता किसी भी संस्था से नहीं, वह स्वप्रेरित होकर यह कार्य पहले स्वयं करना चाहती है और फिर औरों को संदेश देना चाहती है।

# हजार किलो से अधिक सामग्री से तैयार किया गया महाप्रसाद

**संवाददाता, अयोध्या**

**अमृत विचार :** श्रीराम जन्भूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के मार्गदर्शन में गुजरात की भगवा सेना भारती गरवी गुजरात व सन्त सेवा संस्थान की ओर से महाप्रसाद तैयार किया जा रहा है, जिसे प्राण प्रतिष्ठा कार्यकम के बाद मेहमानों को वितरित किया जाएगा।

संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष कमल भाई रावल ने बताया कि ट्रस्ट की ओर से उन्हें तीन दायित्व सौंपे गये हैं। इसके तहत उन्हें महाप्रसाद तैयार करने के साथ संतों के ठहरने और खाने-पीने की व्यवस्था का दायित्व सौंपा गया है। उन्होंने बताया कि करीब 200 लोगों की टीम द्वारा 5 हजार किलो से अधिक सामग्री से महाप्रसाद को तैयार किया गया है। महाप्रसाद को शुद्ध देशी घी, बेसन, शक्कर और पंच मेवे से तैयार किया गया है। महाप्रसाद की शुद्धता का भी विशेष ध्यान रखा गया है, जिसमें सभी सामग्रियों को खुद संस्थान की ओर से निर्मित किया गया। महाप्रसाद की किसी भी सामग्री को बाजार से रेडीमेड नहीं लिया गया है। उन्होंने बताया कि महाप्रसाद के 20 हजार से अधिक पैकेट को तैयार किया गया है। इस पैकेट में दो लड्डू, सरयू नदी का जल, अक्षत, सुपारी की थैली और कलावा होगा। महाप्रसाद के पैकेट को सनातनी परंपरा को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। संस्थान की ओर से 21 जनवरी को महाप्रसाद के पैकेट को ट्रस्ट को सौंप दिया गया है।

# 51 सौ दीयों से जगमग होगी पंचमुखी हनुमान गढ़ी

**संवाददाता, बख्शी का तालाब**

**अमृत विचार :** कठवारा गांव स्थित चंद्रिका देवी मंदिर में स्थित प्राचीनतम पातालपुरी पंचमुखी हनुमान गढ़ी में आज राम मंदिर में भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर शाम को 51 सौ मिटटी के दीये शुद्ध सरसों के तेल से प्रज्ज्वलित किए जाएंगे। मंदिर के पुजारी ने क्षेत्रीय लोगों से भी दीप प्रज्वलित करने की अपील की है।

बख्शी का तालाब अंतर्गत कठवारा गांव में आदि गंगा गोमती नदी के किनारे मां चंद्रिका देवी मंदिर स्थापित है, जहां पातालपुरी पंचमुखी हनुमान मंदिर भी है, इस मंदिर पर बीते कई वर्षों से चौदह साल तक चलने वाला सीताराम का जप भी अनवरत क्षेत्रीय लोगों के द्वारा किया जा रहा है। मंदिर के महंत निर्मल दास ने बताया कि आज राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के समय दिन में करीब 11 बजे मंदिर में सामूहिक रूप से सुंदरकांड का पाठ किया जाएगा ततपश्चात अनवरत चल रहा सीताराम जप होगा और शाम करीब साढ़े पांच बजे 51 सौ मिटटी के दिए जलाए जाएंगे और प्रभु राम के गर्भगृह में विराजमान होने की खुशी में उत्सव मनाया जायेगा। महंत से क्षेत्रीय लोगों से हनुमान गढ़ी में आकर सुख, समृद्धि और विश्व कल्याण के लिए प्रार्थना करने की अपील की है।





पंचमुखी हनुमान गढ़ी मंदिर। अमृत विचार

# भुइया माता व बैजामाई मंदिर में की सफाई

**संवाददाता, काकोरी**

**▸▸ हर मंदिर राम मंदिर, हर मंदिर स्वच्छ मंदिर**

**अमृत विचार :** भुइयां माता मंदिर और बैजामाई मंदिर में अनादि सेवा समिति की राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा मंडल उपाध्यक्ष नीलम श्रीवास्तव के द्वारा रविवार को साफ सफाई की गई। नीलम श्रीवास्तव ने बताया कि श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर सिर्फ भाजपा या संघ के कार्यकर्ताओं में ही नहीं बल्कि जन मानस के अंदर इतना उत्साह है जिसे बताया नहीं जा सकता।

काकोरी ही नहीं आस - पास के क्षेत्र में भी ऐसा कोई मंदिर नहीं बचा जिसकी विधिवत साफ-सफाई क्षेत्रीय लोगों ने न की हो। जिन लोगों ने प्राण प्रतिष्ठा का मजाक उड़ाया है या आमंत्रण ठुकराया है उनको पश्चाताप करने का अवसर भी नहीं मिलेगा। ये कोई पार्टी या संघ का उत्सव नहीं है ये तो जन मानस की आस्था और भावना का उत्सव है और भारतीय होने के नाते सभी को मिल - जुल कर इसमें शामिल होना चाहिए। यह शुभ अवसर हमारे जीवन काल में हमें देखने को मिला इसके लिए मैं स्वयं को भाग्यशाली समझती हूं। इस स्वच्छता अभियान में मंडल अध्यक्ष रविराज लोधी, नगर पंचायत अध्यक्ष रोहित साहू, मंडल उपाध्यक्ष कौशिक राजपूत, मंडल महामंत्री विपिन राजपूत (गोपी), सेक्टर संयोजक दिनेश कुमार श्रीवास्तव, दयाराम, बूथ अध्यक्ष राजकुमार कश्यप सहित नगर पंचायत के सफाई कर्मियों का सहयोग प्राप्त हुआ।

# प्राण प्रतिष्ठा : दीप उत्सव किट का वितरण

**संवाददाता, आलमबाग**

**अमृत विचार :** कानपुर रोड मानसरोवर मार्केट के व्यापारियों द्वारा मानसरोवर ज्योतिर्लिंग मंदिर के प्रांगण में रविवार सायं मानसरोवर व्यापार मंडल पदाधिकारियों एवं केपी ट्रस्ट द्वारा अयोध्या में प्रभु श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा की पूर्व संध्या पर दीप उत्सव किट लोगो में वितरित किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में स्थानीय पार्षद सौरभ सिंह मोनू एवं रामजी लाल वार्ड पार्षद गिरीश मिश्रा व लखनऊ व्यापार मंडल के वरिष्ठ उपाध्यक्ष राम कुमार वर्मा में लोगो में दीपो किट वितरित किया। अतिथियों का स्वागत कार्यक्रम आयोजक अध्यक्ष उमेश श्रीवास्तव संजय सिंह द्वारा श्रीराम के अंग वस्त्र एवं माल्यार्पण कर किया गया। इस दौरान जमकर प्रभु श्रीराम के नारे लगे।

कार्यक्रम में अन्य अतिथियों के रूप में के पी ट्रस्ट के वीके श्रीवास्तव, राकेश श्रीवास्तव आनंद विमल एवं राज उपस्थित रहे। मंच का संचालन महेश चौरसिया द्वारा किया गया। इस दौरान मानसरोवर व्यापारी अध्यक्ष ने घोषणा किया कि अयोध्या में श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा उपलक्ष्य में आज मंदिर प्रांगण में सुन्दर काण्ड एवं भव्य भंडारे का आयोजन व्यापार मंडल द्वारा किया जायेगा।



दीप उत्सव किट वितरित करते मानसरोवर व्यापार मंडल के पदाधिकारी।


श्री रामलला के विग्रह की
प्राण प्रतिष्ठा
22 जनवरी 2024
के शुभ अवसर पर
समस्त देशवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
पहले खुद से कहते थे, अब दुनियां से कहेंगे
राम के थे, राम के हैं और राम के रहेंगे ...
स्मृति ईरानी
(सांसद अमेठी)
भाजपा
केन्द्रीय मंत्री महिला एवं बाल विकास, भारत सरकार

## एक नजर

### प्राण प्रतिष्ठा पर न्यायिक कार्य से विरत रहेंगे अधिवक्ता

**प्रयागराज :** अयोध्या में मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के नवीन विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में प्रयागराज सहित पूरे देश में हर्षोल्लास का वातावरण है। चारों ओर धर्मार्थ संबंधी विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कारण सोमवार दिनांक 22 जनवरी 2024 को जनपद में यातायात भी परिवर्तित रहेगा, जिससे बहुत से अधिवक्ता समय से न्यायालय पहुंचने में असमर्थ रहेंगे। इसके साथ ही बड़ी संख्या में अधिवक्तागण प्राण-प्रतिष्ठा के कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए अयोध्या भी रवाना हो चुके हैं। अतः सुरक्षा कारणों तथा अधिवक्ताओं के अनुरोध पर हाईकोर्ट बार एसोसिएशन की कार्यकारिणी द्वारा सर्वसम्मति से उक्त तिथि पर अधिवक्ताओं द्वारा न्यायिक कार्य से विरत रहने का निर्णय लिया गया है। यह जानकारी हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह द्वारा जारी की गई हैं।

### बाइक सवार किसान पर बाघ का हमला

**पूरनपुर, अमृत विचार :** शारदा पार गन्ने के खेत में घात लगाए बैठे बाघ ने बाइक सवार किसान पर हमला कर दिया, जिसमें वह जख्मी हो गया। पीछे से आ रहे राहगीरों ने किसी तरह किसान को बचाया। घायल को सीएचसी में भर्ती कराया है। हजारा थाना क्षेत्र के गांव जुटपुरा निवासी कुलदीप सिंह (53) रविवार को गांव भुर्जनिया में अपने एक परिचित के यहां कार पहुंचाने गए थे। बाइक से घर लौट रहे थे। तभी शारदा नदी के पक्के पुल के पास गन्ने के खेत में बैठे बाघ ने उनकी बाइक पर हमला कर दिया। कुलदीप सिंह बाइक समेत सड़क पर गिर गए। इस बीच बाघ ने उनकी कूंच और जांघ पर दो वार करके जख्मी कर दिया। कुछ लोग उनके पीछे कार से आ रहे थे। कुलदीप के मुताबिक गाड़ियां आने पर बाघ उन्हें छोड़कर भाग गया। दोपहर करीब डेढ़ बजे कुलदीप सिंह को सीएचसी पहुंचाया गया।



### पूर्व संध्या पर 1.50 लाख दीपों से जगमग हुआ परेड मैदान

**देहरादून।** श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की पूर्व संध्या पर परेड ग्राउंड में 1.5 लाख से अधिक दीप प्रज्वलित किए गए। इस दीपोत्सव में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भी लोगों के बीच पहुंचकर दीप जलाए और राम भक्ति में लीन होकर श्रीराम भजन गाया। कहा कि, लंबे इंतजार के बाद भगवान श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का शुभ अवसर हम सबको देखने मिल रहा है। सौभाग्य भरे क्षण के हम सभी साक्षी होंगे। ● अमृत विचार

## फरवरी तक पूरा करें सैन्यधाम निर्माण

**देहरादून, अमृत विचारः** देहरादून के गुनियाल गांव में निर्माणाधीन सैन्यधाम के निर्माण कार्यों की प्रगति की मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को समीक्षा की।

इस दौरान उन्होंने उत्तराखंड पेयजल निगम के प्रबंध निदेशक रणवीर सिंह चौहान को निर्देश दिए कि फरवरी माह तक योजना को पूरा कर लिया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड सैनिक बाहुल्य प्रदेश है। इस लिहाज से यह सैन्यधाम राज्य के लिए महत्वपूर्ण योजना है। सैनिकों की दृष्टि से भी यह काफी महत्वपूर्ण प्रदेश है। मुख्यमंत्री ने सैनिक कल्याण विभाग को निर्देश दिए कि योजना को फरवरी माह तक पूरा कराया जाए जिसके लिए आवश्यक धनराशि कार्यदायी संस्था उत्तराखंड पेयजल निगम को शीघ्र उपलब्ध कराई जाए।

# मसूरी के होटल में मुठभेड़, दरोगा के पेट में मारी गोली, अपराधी भी घायल

संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचारः** राजधानी के रायपुर थाना क्षेत्र में महिला के सिर में गोली उसके पति ने मारी थी। इससे पहले वह अपने पिता की सोनीपत में हत्या कर चुका था, जिसका राज पत्नी जान गई थी। शनिवार देर रात मसूरी के एक होटल में आरोपी के छिपे होने की सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी की तो उसने दरोगा के पेट में गोली मार दी। जवाबी फायरिंग में हमलावर भी घायल हो गया।

एसएसपी अजय सिंह के अनुसार, बीती 13 जनवरी को रायपुर-थानों रोड स्थित बड़ासी पुल के नीचे घायल मिली महिला की पहचान हरिद्वार



मौके पर पड़ी मिली पिस्टल।

▸▸ **पिता की हत्या करने के बाद पत्नी के सिर में मारी थी गोली**

निवासी काव्या ने अपनी बहन तान्या राजपूत पुत्री हेमराज चौहान के रूप में की थी। काव्या ने बताया था कि तान्या ने सोनीपत निवासी शुभम से प्रेम विवाह किया था। शुभम के परिवार में प्रॉपर्टी को लेकर विवाद चल रहा था, जिसके चलते पहले तान्या का ससुर प्रभु दयाल और फिर शुभम और तान्या संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गए थे। पुल के नीचे घायल मिली तान्या के सिर में गोली फंसी थी, जिसे ऑपरेशन कर निकाला गया था।

तान्या को गोली मारने के मामले में पुलिस उसके पति शुभम को तलाश कर रही थी। शनिवार देर रात पुलिस को सूचना मिली कि शुभम मसूरी के एक होटल में छिपा है। इस पर मालदेवता चौकी प्रभारी एसआई मिथुन के साथ पुलिसकर्मियों ने होटल सर्च करने शुरू किए तो इस दौरान एक होटल के कमरे में शुभम से पुलिस की मुठभेड़ हो गई। शुभम ने पुलिस पर हमला कर दिया, जिसमें एक गोली एसआई मिथुन के पेट में लगी। पीछा करने के दौरान जंगल में पुलिस की जवाबी फायरिंग में एक गोली शुभम के पैर में लगी।

# अयोध्या धाम में आधुनिक तकनीक से होगा कचरे का निस्तारण

राज्य ब्यूरो, अयोध्या

▸▸ **अयोध्या नगर निगम ने शुरू की प्रक्रिया**

**अमृत विचार :** अयोध्या को दुनिया की सुंदरतम नगरी बनाने के विजन से कार्य कर रही योगी सरकार स्वच्छता के सभी मानकों को अयोध्या में लागू कर पुरातन वैभव युक्त नगरी की दशा-दिशा बदलने के लिए प्रयासरत हैं।

इस क्रम में, अयोध्या में अपशिष्ट निस्तारण व सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्रक्रियाओं के कुशल प्रबंधन की जो कार्यप्रणाली विस्तृत कार्ययोजना के जरिए सीएम योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में स्वीकृत हुई थी उसे क्रियान्वित कर दिया गया है। अयोध्या नगर निगम द्वारा सीएम योगी की मंशा अनुरूप अयोध्या में 200 टन प्रति दिन (टीपीडी) कैपेसिटी युक्त सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट फैसिलिटी की स्थापना की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इस क्रम में, अयोध्या नगर निगम द्वारा 7 वर्षों की अवधि के लिए सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट फैसिलिटी की स्थापना व संचालन एजेंसी व कॉन्ट्रैक्टर्स के माध्यम से किया जाएगा। इस कार्य अवधि को प्रदर्शन के आधार पर 4 वर्षों के लिए बढ़ाया भी जा सकता है तथा इसके अंतर्गत जीरो वेस्ट डिस्चार्ज पैटर्न के अनुरूप वेट वेस्ट प्रोसेसिंग, ड्राई वेस्ट प्रोसेसिंग व सैनिटरी लैंड फिल जैसी प्रक्रियाओं की पूर्ति के जरिए अपशिष्ट निस्तारण को पूर्ण किया जाएगा।

### साइट के भीतर ही होगी लैंडफिल की व्यवस्था

अयोध्या नगर निगम द्वारा तैयार की गई कार्य योजना के अनुसार, गीला कचरा और सूखा कचरा प्रसंस्करण दोनों के लिए अलग-अलग व्यवस्था के साथ स्वच्छ भारत मिशन के मानकों का पालन करते हुए अपशिष्ट प्रबंधन संयंत्र स्थापित किया जाएगा। इसमें साइट के भीतर एक सैनिटरी लैंडफिल स्थापित करना भी शामिल है। इस फैसिलिटी को अयोध्या के पिखरौली में स्थापित किया जाएगा तथा इसमें वेस्ट मैनेजमेंट प्रक्रियाओं को पूर्ण करने के लिए रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल माध्यम से आवेदन मांगे गए हैं। इस फैसिलिटी की स्थापना को जीरो वेस्ट डिस्चार्ज प्रक्रिया के अनुरूप बनाया जाएगा तथा यहां अपशिष्ट निस्तारण के साथ ही रीसाइक्लिंग की भी प्रक्रिया पर जोर दिया जाएगा।

## दहशत फैलाने वाली बाघिन 11 वें दिन पिंजड़े में फंसी

**पीलीभीत, अमृत विचारः** जंगल से बाहर आकर जानवरों का शिकार कर शहर के आसपास रिहायशी इलाकों के पास घूमकर सैकड़ों लोगों में दहशत फैलाने वाली बाघिन 11 दिन वें वन विभाग के पिंजड़े में फंस गई। रविवार दोपहर पिंजड़े में फंसी बाघिन को वाहन में लादकर पीलीभीत टाइगर रिजर्व (पीटीआर) मुख्यालय ले जाया गया। इस दौरान बाघिन को देखने के लिए बड़ी लोगों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए वनकर्मियों और पुलिस वालों को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी।

पीटीआर के डिप्टी डायरेक्टर नवीन खंडेलवाल की देखरेख में 17 जनवरी को नगर पंचायत की आबादी से 150 मीटर दूर डबरी में पिंजड़ा लगाया गया था। रविवार दोपहर करीब 12.50 बजे निगरानी टीम पहुंची तो उन्हें पिंजड़े में बाघिन फंसी मिली।

# 24 घंटे में भाई-बहन समेत तीन बच्चों की मौत

संवाददाता, कछला/उझानी

▸▸ **श्मशान घाट से जलती चिता के पास से उठाकर कुछ खाने की भी चर्चा**

**अमृत विचार :** गंगा नदी किनारे श्मशान घाट के पास खेलने के बाद उझानी क्षेत्र के गांव मजरा नूरगंज पूर्वी के रहने वाले सगे भाई-बहन समेत तीन बच्चों की ऐसी हालत बिगड़ी कि 24 घंटे में तीनों की मौत हो गई। चर्चा है कि बच्चों ने श्मशान घाट में जलती चिता के पास से कोई चीज उठाकर खा ली थी। उसके बाद बच्चों की एक-एक कर हालत बिगड़ती गई। परिजनों ने पुलिस को बिना बताए शवों को दफन करा दिया। इससे बच्चों की मौत का राज भी दफन हो गया।


ग्राम पंचायत खजुरारा पुख्ता के गांव नूरगंज पूर्वी निवासी नन्हें का सात वर्ष का बेटा अमित अपनी पांच वर्षीया बहन बबिता और अपने फुफेरे भाई जिला बरेली के थाना आंवला क्षेत्र के गांव कुआ गौटिया निवासी सोनू (8) पुत्र महेश के साथ गुरुवार शाम गांव के पास बह रही गंगा नदी किनारे खेलने गया था। यहां श्मशान घाट भी है। बताते हैं कि खेलने के कुछ समय के बाद अचानक अमित दौड़ते हुए घर पहुंचा तो वह अजीब तरह की हरकतें कर रहा था। खुद कपड़े फाड़ते हुए चीख रहा था। परिजनों ने उझानी के एकनिजी अस्पताल में भर्ती कराया। शुक्रवार सुबह अमित की मौत हो गई। इसी दौरान सोनू की हालत बिगड़ गई। परिजन उसे राजकीय मेडिकल कॉलेज ले गए। तबीयत ज्यादा बिगड़ने पर बरेली के निजी अस्पताल लेकर गए। रात में सोनू की मौत हो गई। इसके बाद शनिवार सुबह बबिता की तबीयत ऐसी बिगड़ी कि शाम उसकी भी मौत हो गई। थी।

# रामनगरी में होंगे समूचे भारत के दर्शन

राज्य ब्यूरो, अयोध्या

**अमृत विचार :** आज रामनगरी में समूचे भारत के दर्शन होंगे। संस्कृति मंत्रालय के क्षेत्रीय सांस्कृतिक केंद्रों के 200 कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां होंगी। इनमें यहां आंध्र प्रदेश, सिक्किम, हिमाचल प्रदेश, तेलंगाना, राजस्थान, मेजबान उत्तर प्रदेश की झलक प्रस्तुत होगी। वहीं मालिनी अवस्थी-कन्हैया मित्तल सरीखे कलाकार भी सुरमयी सांझ सजाएंगे। राम की पैड़ी पर इको फ्रेंडली आतिशाबाजी व लेजर शो भी होगा।

प्राण-प्रतिष्ठा के उपरांत अनेक आयोजन होंगे। शाम छह बजे से श्रीराम भारती कला केंद्र की तरफ



से रामकथा पार्क में रामलीला होगी। वहीं पर्यटन विभाग के तत्वावधान में शाम 6.30 बजे से सात बजे तक राम की पैड़ी पर सरयू आरती होगी। सात बजे तक यहीं प्रोजेक्शन शो का आयोजन किया गया है। शाम साढ़े सात से 7.45 तक राम की पैड़ी पर लेजर शो होगा। इसके पश्चात इको फ्रेंडली आतिशबाजी का नजारा प्रस्तुत किया जाएगा।

### क्षेत्रीय सांस्कृतिक केंद्रों के 200 कलाकार देंगे प्रस्तुतियां

उप्र के विभिन्न अंचलों के लोकनृत्यों के कलाकारों के साथ ही संस्कृति मंत्रालय के क्षेत्रीय सांस्कृतिक केंद्रों के 200 कलाकारों की तरफ से अयोध्या के 100 चिह्नित स्थलों पर सांस्कृतिक शोत्रायात्रा होगी। इसमें हिमाचल प्रदेश, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, राजस्थान समेत कई राज्यों के कलाकार भी हिस्सा लेंगे।

### मालिनी, कन्हैया के कार्यक्रमों से सुरमयी होगी सांझ

रामनगरी में प्राण-प्रतिष्ठा की सांझ पद्मश्री मालिनी अवस्थी तथा कन्हैया मित्तल सरीखे कलाकारों से सुरमयी होगी। तुलसी उद्यान पर रात्रि 8 से 9 बजे तक मालिनी अवस्थी का कार्यक्रम होगा। इसी अवधि में कन्हैया मित्तल रामकथा पार्क में प्रस्तुति देंगे। तुलसी उद्यान में शाम सात से आठ बजे तक उज्जैन के शर्मा बंधु भजनों की सुर गंगा में डुबकी लगाएंगे।

### मेहमानों को परोसा जाएगा सात्विक शाकाहारी भोजन

ट्रस्ट की ओर से रोजाना पांच हजार से अधिक संतों को प्रतिदिन भोजन कराया जा रहा है। साथ ही, उन्हें उदासीन आश्रम रानोपाली में ठहराया जा रहा है। इस दौरान संतों को एक किट दी जा रही हैं, जिसमें कंबल, तकिया और चादर शामिल है। इसके अलावा ट्रस्ट की ओर से प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल होने वाले मेहमानों के लिए मंदिर परिसर में भोजन की व्यवस्था की गई हैं। मेहमानों को फलाहारी, बाजरा आधारित व्यंजन के साथ सात्विक शाकाहारी भोजन परोसा जाएगा। इन व्यंजनों को वाराणसी और दिल्ली के शेफ तैयार करेंगे। इसके अलावा मेहमानों को थेपला, बादाम बर्फी और मटर कचौरी भी परोसी जाएगी।

### 51 स्थानों पर 23 हजार वाहनों की पार्किंग व्यवस्था

योगी सरकार ने आने वाले मेहमानों के वाहनों की पार्किंग के लिए भी पुख्ता इंतजाम किए हैं। पार्किंग के लिए 51 स्थानों को चिन्हित किया गया है। इन पार्किंग में करीब 23 हजार वाहनों को पार्क किया जा सकेगा। इतना ही नहीं पार्किंग के लिए किसी को भटकना न पड़े इसके लिए पार्किंग स्थलों को गूगल मैप पर अपलोड किया गया है।

### आपात स्थिति में मिलेगी बेहतर स्वास्थ्य सेवा

सीएमओ डॉ. संजय जैन ने बताया कि विभाग द्वारा आयोजन क्षेत्र के सोलह स्थानों पर श्रीराममंदिर तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के साथ मिलकर फर्स्ट एड यूनिट बनाई गई है। इस यूनिट में एक डॉक्टर, एक फार्मासिस्ट व एक वॉर्ड बॉय की मौजूदगी रहेगी। इनके अलावा दो अस्पताल भी बनाए गए हैं, जिसकी क्षमता 10 व 20 बेड की होगी। इसके अलावा 40 एम्बुलेंस की भी व्यवस्था की गई है। 190 बेड आपातकालीन स्थिति के लिए आरक्षित रखे गए हैं।

# प्रयागराज में राम मंदिर और राम लला की विश्व की सबसे बड़ी रंगोली

संवाददाता, प्रयागराज

▸▸ **माघ मेला क्षेत्र में विश्व हिंदू परिषद के शिविर में बन रही अद्भुत रंगोली**

**अमृत विचार :** अयोध्या में सोमवार को राम लला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा का उत्सव यहां अनोखे अंदाज में मनाने की तैयारी छात्र-छात्राओं ने की है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) से जुड़े विद्यार्थी राम मंदिर और राम लला की विश्व की सबसे बड़ी रंगोली बना रहे हैं जिसे सोमवार को पूर्वाह्न 11 बजे प्रदर्शित किया जाएगा।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रदेश मीडिया संयोजक अभिनव



मिश्र ने बताया कि अभाविप से जुड़े विद्यार्थी माघ मेला क्षेत्र में विश्व हिंदू परिषद के शिविर में विश्व की सबसे बड़ी रंगोली बना रहे हैं जिसकी लंबाई 50 फुट और चौड़ाई 30 फुट है। उन्होंने बताया कि इलाहाबाद विश्वविद्यालय से कुल 40 विद्यार्थी रंगोली बनाने के इस कार्य में लगे हुए हैं, जिनमें 30 छात्राएं तथा 10 छात्र हैं।

उन्होंने बताया कि यह रंगोली अयोध्या में निर्माणाधीन राम मंदिर और राम लला की है तथा सोमवार को सुबह 11 बजे इसे प्रदर्शित किया जाएगा। उनका कहना था कि इसे गिनीज बुक में सबसे बड़ी रंगोली के रूप में दर्ज करने के लिए आवेदन किया गया है। मिश्र का दावा है कि श्री राम एवं राम मंदिर की इतनी बड़ी रंगोली सम्पूर्ण विश्व में अभी तक नहीं बनाई गई है। उन्होंने बताया कि इसके अलावा, अभाविप के कार्यकर्ता माघ मेला क्षेत्र को दिये से जगमग करने के लिए कुल 51,000 दिये बांट रहे हैं। उनके अनुसार माघ मेला क्षेत्र में शिविर में रह रहे परिवारों को ये दिए और बाती दी जा रही है जिससे वे भी रामोत्सव में शामिल हो सकें।


## वर्ग पहेली-320

**बाएं से दाएं**

2. जंगली भैंसा, वन्य पशु।
4. 1. हित या भलाई के विचार से किया गया कथन, हितवचन 2. वह विचारधारा जो हित
6. 1. यक्ष की स्त्री 2. यक्षिणी 3. दुर्गा की एक अनुचरी।
7. पान बेचने वाला व्यक्ति, पनवाड़ी, बरई, तंबोली।

**ऊपर से नीचे**

1. किसी विषय पर एक राय रखने वाले, समान विचार वाले, सहमत।
2. सूर्योदय के पहले का समय जब आसमान में लाली छा जाती है, उषाकाल, भोर, तड़का।
3. हस्तिनापुर का एक नाम।
4. 1. हिफ़ाज़त संबंधी 2. हिफ़ाज़त या रक्षा करने वाला।
5. 1. गहरा, बेहद करीबी, अंतरंग (मित्र) 2. जिगर संबंधी, जिगर का 3. हार्दिक, दिली 4. अभिन्न, घनिष्ठ।




### वर्ग पहेली - 319 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 बो | ■ | ■ | 2 अ | ■ | 3 ना |
| ड़ा | ■ | 4 अ | भि | रा | म |
| ■ | ■ | ■ | वं | ■ | ची |
| 5 ऐ | ■ | ■ | चि | ■ | न |
| 6 त | बी | य | त | ■ | ■ |
| बा | ■ | ■ | ■ | ■ | 7 छाँ |
| 8 र | हा | ई | ■ | ■ | टा |

## सुडोकू -37

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 8 | 5 | | | 9 | | |
| | 2 | | | 7 | 3 | 1 | 8 | |
| 6 | | | | 8 | | | 4 | |
| | 5 | | | 2 | | | | 3 |
| | | 2 | | | | 8 | | |
| 7 | | | | 9 | | | 6 | |
| | 1 | | | 5 | | | | 2 |
| | 6 | 9 | 4 | 3 | | | 7 | |
| | | 3 | | | 8 | 4 | | 1 |

### सुडोकू - 36 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 8 | 5 | 3 | 7 | 9 | 4 | 6 | 1 |
| 3 | 4 | 1 | 8 | 6 | 5 | 7 | 2 | 9 |
| 9 | 7 | 6 | 4 | 2 | 1 | 5 | 8 | 3 |
| 6 | 2 | 9 | 7 | 4 | 3 | 1 | 5 | 8 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 5 | 2 | 3 | 9 | 7 |
| 5 | 3 | 7 | 1 | 9 | 8 | 6 | 4 | 2 |
| 1 | 9 | 2 | 5 | 3 | 4 | 8 | 7 | 6 |
| 7 | 5 | 3 | 2 | 8 | 6 | 9 | 1 | 4 |
| 8 | 6 | 4 | 9 | 1 | 7 | 2 | 3 | 5 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 22 जनवरी, सोमवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-पौष, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-द्वादशी 19.51 तक तत्पश्चात त्रयोदशी।

**मेष** — आज धन उधार देने से बचें, क्योंकि फंसने की पर्याप्त संभावना है। शैक्षणिक कार्यों में आपकी रुचि बढ़ेगी। कंप्यूटर, मीडिया और मार्केटिंग की पढ़ाई कर रहे छात्रों को अच्छी जॉब का ऑफर मिल सकता है। इसलिए चारो ओर ध्यान बनाए रखे।

**वृष** — आज का दिन आराम में बीतेगा। पति-पत्नी के रिश्तों में कड़वाहट आएगी, लेकिन समय रहते सुलझ भी जाएगी। परिवार में किसी बात को लेकर चिंता रह सकती है। व्यवसाय में आपको बड़ा धन लाभ हो सकता है।

**मिथुन** — आज आर्थिक स्थिति थोड़ी कमजोर रहेगी। दोस्तों के साथ ज्यादातर समय व्यतीत होगा जिससे काम पर ध्यान नहीं दे पाएंगे। कहीं पार्टी करने का प्लान भी बन सकता है। शुभचिंतकों के सुझावों को गंभीरता से लें।

**कर्क** — आज उच्च शिक्षा ग्रहण कर रहे विद्यार्थियों के लिए दिन काफी अनुकूल है। आर्थिक दृष्टि से शुभ हैं और आप जो भी निर्णय लेंगे उसका अच्छा परिणाम ही मिलेगा। ऐसे में उत्तेजित होने से बचें और सोच-समझ कर ही कोई निर्णय ले।

**सिंह** — आज लंबे समय से रुके कार्यों के पूरे होने से मन में संतुष्टि होगी। सरकारी नौकरी करते हैं तो काम का बोझ ज्यादा रहेगा और किसी बात को लेकर तनाव भी रह सकता है। ऐसे में धैर्य से काम लें। आर्थिक स्थिति काफी अच्छी रहेगी।

**कन्या** — आज का दिन आपके लिए बाहर जाना शुभ नही है। इसलिए इसका मुख्यतया ध्यान रखें। जितना हो सके घर में रहने का प्रयास करें और घर से बाहर न निकले। जीवनसाथी आपका काफी ध्यान रखेगा।

**तुला** — आज किसी महत्वाकांक्षी योजना को शुरू करने के लिए दिन हितकारी है। विवाहित लोगों को अपने जीवन में कुछ नया करने का अनुभव मिलेगा और आप दोनों किसी बात को लेकर कोई ठोस निर्णय भी ले सकते हैं, जो दोनों के मन को खुश कर देगा।

**वृश्चिक** — आज व्यर्थ के तर्क-वितर्क में अपना समय बर्बाद करने से बचें। ज्यादा समय केवल सोचने में निकलेगा जिस कारण मन किसी काम में नहीं लगेगा। घर में कोई शुभ कार्य भी हो सकता है और पारिवारिक माहौल धार्मिक रहेगा।


**धनु** — आज धन के लेन-देन में सावधानी रखनी चाहिए। प्रेम संबंध मजबूत बनेंगे और आपसी रिश्तों को लेकर कोई ठोस निर्णय लिया जा सकता है। सभी के साथ आपका स्वभाव मधुर रहेगा। अपनी कार्यशैली में बदलाव लाने का विचार बना सकते हैं।

**मकर** — आज किसी उत्सव में सम्मिलित होने का अवसर मिल सकता है। परिवार में किसी सदस्य के साथ पुरानी अनबन चल रही है तो उससे खुलकर बात करें। सभी गलतफहमी मिट जाएगी और रिश्ते मजबूत बनेंगे।

**कुंभ** — आज आपकी दैनिक आय में कमी आ सकती है। सोशल मीडिया पर किसी के साथ अच्छी दोस्ती हो सकती है और आप उनके साथ पहली बार में ही बहुत कुछ साझा भी कर सकते हैं, जो कि आपके लिए अच्छा नहीं है।

**मीन** — आज परिवार में आपको लेकर कोई बात होगी जो आपको पसंद नहीं आएगी। ऐसे में अपने बारे में कुछ बुरा सोचने की बजाए इस बारे में अपने माता-पिता से खुलकर बात करें और उन्हें अपने दिल की बात कह डाले। स्वादिष्ट भोजन का आनंद उठाएंगे।

## आज का पंचांग




**त्योहार/व्रत/दिवस**-श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा। **मुहूर्त**-अभिजित-11.56-12.39 तक। दुर्मुहूर्त अशुद्ध-12.39-13.22, 14.48-15.31 तक। **दिशाशूल**-पूर्व। **ऋतु**-शिशिर।
चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, सिंह, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-मृगशिरा 23 जनवरी 04.58 तक तत्पश्चात आर्द्रा।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
**बादशाह** सुबह : 10.45
**अनाड़ी** रात : 07.00

SONY MAX
**हिंदी मीडियम** सुबह : 09.00
**मेरे डैड की मारुति** रात : 07.00

SONY PIX
**जस्टिस लीग** सुबह : 09.57
**रैमपेज** रात : 09.00

ZEE CINEMA
**खिलाड़ी** सुबह : 10.30
**बमफाड़** रात : 07.30

colors CINEPLEX
**गृहस्थी** सुबह : 08.00
**गोलमाल 3** शाम : 04.16

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर सुबह-10.30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

बालक अपने पड़ोस में जाता है और दरवाजे की घंटी बजाता है। महिला दरवाजा खोलती है।
महिला- बेटा क्या हुआ ?
बालक- आंटी मम्मी ने एक कटोरी चीनी मंगाई है।
महिला मुस्कुराकर- अच्छा और क्या कहा है तेरी मम्मी ने?
बालक-कहा है कि अगर वो डायन न दे तो सामने वाली चुड़ैल से ले आना।

पहला कुत्ता- कल मेरे मालिक ने 3:30 बजे चोर को पकड़ा।
दूसरा कुत्ता- तो उस टाईम तू कहां था?
पहला कुत्ता- कुत्ता हूं, इंसान नहीं, जो सारी रात नेट चलाता रहूं। मैं तो भाई, आराम से सो रहा था।

# एक्शन में फोर्स, नभ, थल और जल में कड़ा पहरा

## फ्लीट रिहर्सल के साथ पुलिस तैयार, अब पीएम के आगमन का इंतजार

अयोध्या कार्यालय


रामपथ पर तैनात आरएएफ के जवान। अमृत विचार

**अमृत विचार:** प्राण प्रतिष्ठा समारोह की सुरक्षा और व्यवस्था को लेकर फोर्स एक्शन में आ गई है। जिले की सीमाओं को सील कर नभ,जल और थल पर कड़ा पहरा लगा दिया गया है। आमंत्रित अतिथियों आदि के अलावा अन्य के वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित है। पीएम मोदी के आगमन को लेकर रविवार को दो बार फ्लीट रिहर्सल कराई गई। संदिग्धों की सघन निगरानी के साथ कार्यक्रम से जुड़े स्थलों को सुरक्षा एजेंसियों ने अपने घेरे में लिया है। सघन जांच और तलाशी कराई जा रही है। सुरक्षा बलों की रूफ टॉप पर ड्यूटी लगाई गई है और स्नाइपर को भी सक्रिय किया गया है।

मुख्य कार्यक्रम स्थल समेत इससे जुड़े स्थलों और इलाके में एसपीजी के जवान निगरानी में जुटे हैं। प्रधानमंत्री समेत तमाम विशिष्ट अतिथियों के हवाई अड्डे से आना है और पीएम,सीएम के लिए साकेत कॉलेज में भी अस्थाई हेलीपैड बनाया गया है। एसपीजी और एनएसजी के अधिकारियों के नेतृत्व में हवाई अड्डे से रामजन्म भूमि और साकेत कॉलेज तक रविवार को दो बार फ्लीट रिहर्सल कराया गया। सेना के हेलीकॉप्टर ने एक बार फिर हवाई निगरानी और उतरने का पूर्वाभ्यास किया। उच्चाधिकारियों ने पूर्वाभ्यास की समीक्षा कर आवश्यक हिदायत दी है।

आईजी प्रवीण तिवारी ने बताया कि विभिन्न एजेंसियों के समन्वय से पुख्ता सुरक्षा रणनीति और निर्धारित प्रोटोकाल के अनुपालन की कवायद कराई जा रही है। आमंत्रित अतिथियों के आगमन,स्वागत और विदाई के लिए टीम लगाई गई है और जरूरी इंतजाम किए गए है। उन्होंने लोगों से 23 जनवरी के बाद ही अयोध्या आने और सुरक्षा व्यवस्था में सहयोग की अपील की है।

### उत्साही भीड़ पर नियंत्रण पाना बड़ी चुनौती

पीएम से लेकर सीएम और अधिकारियों की ओर से अपील और रोक के बावजूद उत्साही भीड़ का रेला थमने का नाम नहीं ले रहा है। कई किलोमीटर की पैदल यात्रा कर 1990 और 1992 के कारसेवकों की भांति भीड़ का गलियों और कूंचों के माध्यम से अयोध्या आगमन जारी है। उत्साही श्रद्धालुओं की भीड़ ने राम जन्मभूमि के समक्ष जन्मभूमि पथ समेत अन्य मार्गों से लेकर धर्मपथ तक डेरा डाल रखा है। सुरक्षा एजेंसियों ने भीड़ को लेकर चिंता भी जताई है। खबर लिखे जाने तक होटल, धर्मशालाओं को खाली कराने के लिए खुफिया एजेंसियों ने अभियान छेड़ रखा था।

## तीन संदिग्ध व्यक्तियों से हुई पूछताछ

सुरक्षा में तैनात एजेंसियों और सुरक्षाबलों ने विभिन्न स्थानों से तीन संदिग्धों को हिरासत में लिया है। एक को शनिवार देर रात स्वामी रामभद्राचार्य के कार्यक्रम स्थल से पकड़ा गया।,जो शराब के नशे में उत्पात कर रहा था। वहीं एक को रविवार सुबह हनुमानगढ़ी चौराहे के पास मोबाइल पर आपत्तिजनक वार्ता करते और एक को अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन से पकड़ा है। स्टेशन से पकड़ा गया मानसिक पीड़ित मिला है। फिलहाल अभी तीनों से पूछताछ में कोई खास आपत्तिजनक बात सामने नहीं आई है।



सरयू नदी में गश्त करती पुलिस। अमृत विचार

## मोदी पीएम न होते तो न मंदिर का फैसला होता और न ही निर्माण : आचार्य प्रमोद कृष्णम

**अयोध्या। अमृत विचार :** प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में शिरकत करने रविवार को अयोध्या पहुंचे कांग्रेस नेता एवं कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम राम रंग में रंग दिखे। पार्टी की रीति-नीति के इतर उन्होंने कहा कि वह चाहे किसी धर्म का उपासक ही लेकिन भगवान राम के निमंत्रण को अस्वीकार नहीं कर सकता। राम भारत की आत्मा हैं। राम के बिना, भारत की कल्पना भी नहीं की जा सकती। निमंत्रण अस्वीकार करने का मतलब भारत की सभ्यता और संस्कृति का अपमान करना है। भारत के गौरव और अस्तित्व को चुनौती देना है। राममंदिर का निर्माण करवा पीएम मोदी ने साबित कर दिया कि मोदी हैं तो मुमकिन है। कोई दूसरा प्रधानमंत्री होता तो न मंदिर का फैसला होता और न ही निर्माण होता। वह मीडिया से वार्ता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मैं सभी विपक्षी दलों से आग्रह करना चाहता हूं, बीजेपी से लड़ें लेकिन राम से, सनातन से और भारत से नहीं। राम मंदिर निर्माण का श्रेय देने के सवाल पर आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा कि यह ठीक है कि मंदिर का निर्माण सर्वोच्च अदालत के फैसले से हो रहा है। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा हो रही है, लेकिन अगर मोदी देश के प्रधानमंत्री न होते तो मंदिर का फैसला न हो पता और निर्माण संभव न हो पाता। इसलिए वह राम मंदिर के निर्माण और प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर का श्रेय प्रधानमंत्री मोदी को देना चाहेंगे। इससे पूर्व भी वह कांग्रेस नेतृत्व की ओर से प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के आमंत्रण को अस्वीकार किये जाने पर अपनी प्रतिक्रिया दे चुके हैं और कांग्रेस नेतृत्व से अपने फैसले पर पुनर्विचार की अपील कर चुके हैं।


कांग्रेस नेता एवं कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम।

## स्वामी अमृतास्वरुपनंद पुरी का रामनगरी में हुआ स्वागत


माता अमृतानंदमयी मठ अमृतपुरी केरला के न्यासी परिषद के उपाध्यक्ष का स्वागत करते लोग

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में सम्मिलित होने के लिए आमंत्रित अतिथियों का रामनगरी में आगमन शुरू हो गया है। इसी क्रम में माता अमृतानंदमयी मठ अमृतपुरी केरला के न्यासी परिषद के उपाध्यक्ष स्वामी अमृतस्वरुपनंद पुरी एवं स्वामी निजामृतानंदा पुरी का रविवार को यहां पहुंचने पर स्वागत किया गया। पूर्व विधायक इंद्र प्रताप तिवारी उर्फ खब्बू तिवारी के नेतृत्व में लोगों ने अम्मा की जयकार के साथ फूल-माला पहनाकर उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पवन तिवारी, रविंद्र तिवारी, चन्द्रेश, महासचिव सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के पदाधिकारी सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## भोजपुरी अभिनेत्री अक्षरा सिंह ने ट्रस्ट अध्यक्ष से की मुलाकात


मणिरामदास छावनी में ट्रस्ट अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास से मुलाकात करतीं भोजपुरी अभिनेत्री।

**अयोध्या कार्यालय अमृत विचार :** रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के पूर्व रविवार को रामनगरी पहुंची भोजपुरी अभिनेत्री अक्षरा सिंह ने श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट अध्यक्ष व मणिराम दास छावनी के महंत नृत्य गोपाल से मुलाकात की। अभिनेत्री ने उनका कुशलक्षेम जाना और राम भजन गाकर अपनी श्रद्धा निवेदित की। ट्रस्ट अध्यक्ष ने उन्हें आशीर्वाद दिया। भोजपुरी अभिनेत्री ने रामनगरी में ही तुलसी पीठाधीश्वर जगद्गुरु रामानंदाचार्य स्वामी श्री रामभद्राचार्य से भी मुलाकात की। अक्षरा सिंह ने उनके जन्मदिवस की खुशी में सोहर गीत जुग-जुग जिया तू ललनवा गाकर उन्हें बाधाई। अक्षरा को भजन गाते देख जगद्गुरु रामभद्राचार्य भी खुद को रोक न सके और उन्होंने सोहर गीत गाया। इस दौरान उन्होंने अभिनेत्री को आशीर्वाद दिया।

## बोले मुस्लिम : देश के सम्मान का उत्सव है रामोत्सव

**कहा - मर्यादा पुरुषोत्तम ने दिया था सामाजिक समरसता का संदेश, अब नहीं है कोई गिला - शिकवा, बस सबका साथ बना रहे**

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर एक ओर जहां चहुंओर उत्सव और उल्लास का माहौल है। वहीं अयोध्या का मुस्लिम समुदाय भी गंगा - जमुनी तहज़ीब का संदेश देने के लिए तैयार है। यहां के मुस्लिमों का कहना है कि रामोत्सव देश के सम्मान और स्वाभिमान का उत्सव है, हमारी भी सहभागिता रहेगी। कहा सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद खाई पट चुकी है। अब सौहार्द की डोर को मजबूत करना है। मुस्लिमों का कहना है कि मजहब के नाम पर सियासत न हो, सबका साथ-सबका विकास हम भी चाहते हैं। मंदिर निर्माण से व्यवसाय में बढ़ोत्तरी की बड़ी उम्मीद है।


22 जनवरी का दिन महत्वपूर्ण है। यह सामाजिक समरसता का भी दिन है। अब कोई गिला - शिकवा नहीं। सौहार्द की डोर और मजबूत हो सभी को साझा प्रयास करना चाहिए। मंदिर निर्माण से व्यापार को रफ्तार मिलेगी। **-अब्दुल खालिक, व्यवसायी**


यह देश के सम्मान और स्वाभिमान का उत्सव है। मंदिर मस्जिद का अब कोई झगड़ा नहीं है। हम भी प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के स्वागत में शामिल होना चाहते हैं। रामभक्तों का भी स्वागत कर रहे हैं। **-मोहम्मद अहमद, नागरिक**


रामोत्सव को अयोध्या का मुसलमान बहुत सुकून से देखता है। इसी सुकून को अब आगे बढ़ाया जाना चाहिए। बस अब कोई राजनीति न हो। राम जब सबके हैं तो सब में हम कहां अलग हैं। **-मोहम्मद आजम कादरी, नागरिक**


22 जनवरी विवाद समाप्त होने का भी उत्सव है। अब कोई विरोध नहीं कर रहा है। कोर्ट का फैसला स्वीकार कर लिया गया है। अब जो भी है वह सबका है। योजनाओं का लाभ हमको भी तो मिल रहा है। **-मेराज अहमद, नागरिक**


रामोत्सव का अर्थ केवल एक समाज के लोगों के लिए नहीं है। बल्कि सभी समाज के जुड़ाव का अर्थ है। प्रधानमंत्री और रामभक्त हमारे मेहमान हैं। हम मेजबान, जिस प्रकार भी स्वागत कर सकेंगे करेगें। **-मोहम्मद इरफान नागरिक**



सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते कलाकार।



लता मंगेशकर चौंक पर रेत पर आकृति उकेरता कलाकार।


श्रीराम सीता लक्ष्मण के वेश में घूम रहे भक्त।

## तेजी के साथ बदला विवि का स्वरूप : डॉ. परौदा


निदेशक का स्वागत करते कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति।

**कुमारगंज, अयोध्या। अमृत विचार :** प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने के लिए उत्तर प्रदेश कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली के पूर्व महानिदेशक व टास के चेयरमैन डॉ. आर. एस परौदा रविवार को कृषि विश्वविद्यालय पहुंचे। उन्होंने कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह के साथ विश्वविद्यालय के विभिन्न प्रक्षेत्रों का भ्रमण भी किया। उन्होंने कहा कि इतने कम समय में विश्वविद्यालय ने विभिन्न क्षेत्रों में जो मुकाम हासिल किया है वह अकल्पनीय है। संयोजन डॉ. प्रतिभा सिंह ने किया।

## रामोत्सव पर रुदौली के साकिब के घर होगा 'ईदोत्सव'

शैलेन्द्र शर्मा, भेलसर


रुदौली में साकिब मुमताज का परिवार खुशी का इजहार करते हुए।

**अमृत विचार :** प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर गंगा - जमुनी तहज़ीब की सरजमीं से सौहार्द का संदेश भी जाएगा। रुदौली के रहने वाले एक मुस्लिम परिवार 22 जनवरी को न केवल नए कपड़े पहन उत्सव में शामिल होगा बल्कि मोहल्ले में सेवईं भी वितरित करेगा। परिवार का कहना है कि मर्यादा पुरुषोत्तम राम सामाजिक समरसता के प्रतीक हैं, ऐसे में उत्सव में सहभागिता भी जरुरी है।

व्यापारी साकीब मुमताज ने कहा कि प्रभु राम हम सबके के दिल में हैं। परिवार इस खुशी को मिल कर मनाने की तैयारी कर रहा है। साकीब की पत्नी शाहीन बानों ने बताया कि हम लोग खुशी के मौके पर सेवईं बनाते हैं। बताया 22 जनवरी को भी हम सभी लोग नये कपड़े पहनकर न सिर्फ खुशी मनायेगें बल्कि पूरे मोहल्ले मे सेवई भी बाटेंगे। महात्मा गाँधी वार्ड के सभासद मोहमद शाहिद भुलई ने बताया कि वार्ड में आने वाले सभी मंदिरों को वह अपनी निगरानी में साफ करवा चुकें हैं। व्यापारी नसीर अहमद ने कहा कि 22 जनवरी को घर-घर मिठाई बांट कर उत्सव में शामिल होगें।

**▸▸ पत्नी शाहीन बानों बोलीं - पूरे मोहल्ले में बांटेंगे सेवईंयां, पहनेंगे नए कपड़े**


कांची कामकोटि पीठम के पूज्य जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी विजयेंद्र सरस्वती महाराज श्री राम जन्मभूमि मंदिर की अनुष्ठान यज्ञशाला में पहुंचे।

## रामचरित मानस को मिले राष्ट्रीय ग्रंथ का दर्जा

**अयोध्या, अमृत विचार :** जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य ने रामलला से पांच कामनाएं की हैं। उनकी कामना है कि रामचरित मानस को राष्ट्रीय ग्रंथ का दर्जा मिले। गोवध बंद हो और पाक अधिकृत कश्मीर और चीन के कब्जे का 800 वर्ग मील हिस्सा देश को मिले और भारत विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बने। अमृत महोत्स्व के तहत आयोजत 1008 कुंडीय हनुमन महायज्ञ और अपनी रामकथा के लिए अयोध्या के बड़ा भक्तमाल बगिया में मौजूद वह रविवार को महर्षि वेद विज्ञान विद्यापीठ में पत्रकारों से संवाद कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज मैं वैसे ही देख रहा हूँ, जैसा त्रेता युग में महर्षि वशिष्ठ ने देखा था। उस समय राम 14 वर्ष के लिए वनवास गए थे और इस युग में उनको 496 वर्षों का संत्रास झेलना पड़ा, कभी ताले में रहे तो कभी टाट में। राम के ज्येष्ठ पुत्र कुश ने मंदिर बनवाया था, जिसको 6 जून 1528 को बाबर के सेनापति मीर बाकी ने तोड़ दिया। मंदिर के लिए 6640 बार ईंट पूजा कराई, डंडे खाये और जेल की यातना सही, लेकिन इस शुभ दिन को देख यही अहसास होता है कि तमाम हिन्दू बलिदानियों, अशोक सिंघल, महंत रामचंद्र, महंत अवैद्यनाथ समेत अन्य का संघर्ष सफल हुआ। सोमवार को 12.29 बजे बालकरूप रामलला गर्भगृह में प्रवेश करेंगे। प्राण-प्रतिष्ठा का दिन 22 जनवरी सनातनियों के लिए आध्यात्मिक स्वतंत्रता का दिवस है। पत्रकारों के हिन्दू राष्ट्र के सवाल पर उन्होंने कहा कि पाकिस्तान,ईरान,कुवैत आदि से किसी को कोई आपत्ति नहीं है तो आखिर भारत में हिन्दू राष्ट्र से क्या आपत्ति ? अकामा को उद्धृत किया और कहा कि अभी काशी और मथुरा बाकी है। इसके बाद जैसी भारतवंशियों की इच्छा। शंकराचार्य के बाबत सवाल पर उन्होंने बताया कि बल्लभाचार्य तक चयन की परंपरा ठीक से चलती रही, जो तीन ग्रंथों पर भाष्य लिखता था, वही शंकराचार्य बनता था, लेकिन अब विसंगति आ गई है। सभी को पूर्वाग्रह,प्रमाद,प्रतिशोध और प्रतिक्रिया से परे रहना चाहिए।

**▸▸ रामलला से स्वामी राम भद्राचार्य की पांच कामनाएं**


जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य

## 22 को एडवर्स ऑर्डर न करने का अनुरोध

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष आदीश अग्रवाला सोमवार को अयोध्या पहुंचे। उन्होंने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा वाले दिन 22 जनवरी को एडवर्स ऑर्डर न पास करने का चीफ जस्टिस से अनुरोध किया है। आह्लादित अग्रवाला ने कहा कि प्राण प्रतिष्ठा भारत सहित विश्व के बहुत से देशों में उल्लास से मनाए जाने की तैयारी है। सुखद व अविस्मरणीय पल बताते हुए उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट बार की ओर से चीफ जस्टिस से लिखित अनुरोध किया है कि अयोध्या में हो रहे प्राण प्रतिष्ठा का अंतरराष्ट्रीय महापर्व होने के कारण यदि कोई अधिवक्ता या क्लाइंट 22 को कोर्ट न पहुंच सके तो उसके लिए एडवर्स ऑर्डर न पास किया जाए।

## घाट व मंदिर सजे, उतारी जा रही भक्तों की आरती

**गोसाईगंज, अयोध्या। अमृत विचार :** प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर अयोध्या धाम का कस्बा पूरा राममय हो गया है। सभी मंदिर, मठ व घाट सज गए हैं। महादेवाघाट से सभासद रविन्द्र यादव की अगुवाई में सोमवार को एक शोभायात्रा निकलेगी। कस्बे से अयोध्या के लिए गुजरने वाले रामभक्तों का स्वागत चेयरमैन डॉ. विजयलक्ष्मी जायसवाल तिलक लगाकर व आरती उतार कर रहीं है।

## एक रुपये के 111 नोट सौंपे

**अयोध्या, अमृत विचार :** श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र, अयोध्या जी धाम को मानस पर्यावरण संरक्षण संस्थान के संस्थापकाध्यक्ष व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा सम्मानित सबसे कम उम्र के गंगा सेवक मानस चिरविजय सांकृत्यायन की ओर से रविवार को एक रुपये के 111 नोटों का संकलन उपहार स्वरूप भेंट किया गया। इन नोटों का उपयोग 22 जनवरी को भगवान श्रीरामलला जी के प्राण प्रतिष्ठा के समय, प्राण प्रतिष्ठा के मुख्य यजमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा मुख्य दान दक्षिणा को देते समय जहां जहां भी शगुन के तौर पर एक रुपये की आवश्यकता होगी, वहां उपयोग में लाया जाएगा। इस बात की जानकारी श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र, अयोध्या जी धाम के महासचिव चंपत राय के विशेष सहयोगी रास बिहारी पांडेय ने दी। मानस ने इन नोटों के संकलन के स्वीकार किए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि संग्रह किए गए इन एक रुपये के नोटों के संकलन का इससे अच्छा उपयोग नहीं हो सकता था।



## रामधुन के साथ निकली शोभायात्रा

**पूराबाजार, अयोध्या। अमृत विचार :** प्राण प्रतिष्ठा को लेकर रविवार को प्रधान संघ के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष अभिषेक सूर्यवंशी अंकुर के नेतृत्व में ग्राम पंचायत रामपुर सरधा के सभी मजरों में रामधुन के साथ शोभा यात्रा निकाली। पूजित अक्षत वितरित किया गया। शोभायात्रा राम जानकी मंदिर से प्रारंभ होकर भोलेनाथ मंदिर, डिहवा, काली चौरा, सुरजी बिरवा हनुमान मंदिर होते हुए ग्राम सभा के 20 मंदिरों व देवस्थानों तक गई। अभिषेक सूर्यवंशी अंकुर ने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा के दिन राम जानकी मंदिर पर भजन, कीर्तन व भंडारे के लिए आमंत्रित किया गया। सभी मंदिरों पर सजावट व भजन कीर्तन और भंडारे होंगे। ग्राम प्रधान हेमलता सिंह, सूर्यभान सिंह, राम बहादुर सिंह, चंद्रमौलि सिंह एडवोकेट आदि मौजूद रहे।


**इतिहास के झरोखे से**

# 1984 में पहली बार गर्भगृह में हुआ था हवन ढांचे पर फहराई गयी थी हनुमान पताका

**▸▸ इसी के बाद विहिप ने दिल्ली में आयोजित की थी धर्म-संसद,गूंजा था अयोध्या,मथुरा,काशी की मुक्ति का नारा**

अयोध्या कार्यालय


विवादित ढांचा स्थित गर्भगृह में वर्ष 1984 में आयोजित हवन-पूजन में मौजूद लोग।


वर्ष 1984 के कार्यक्रम के संयोजक एवं सूत्रधार विंग कमांडर धीरेन्द्र सिंह जफ़ा।

**अमृत विचार:** जन्मभूमि पर भव्य राममंदिर आकार ले रहा है। गर्भगृह में बालक रूप रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के लिए अनुष्ठान जारी है। सोमवार को शुभ मुहूर्त में गर्भगृह में प्राण-प्रतिष्ठा होनी है, लेकिन पहली बार गर्भगृह में वर्ष 1984 में चार जनवरी को हवन हुआ था और विवादित ढांचे के बीच वाले बुर्ज पर हनुमान पताका फहराई गई थी। जिसके मुख्य सूत्रधार विंग कमांडर धीरेन्द्र सिंह जफ़ा थे। मौका था रामलला के प्राक्ट्य उत्सव की 34 वीं वर्षगांठ का। इसी के बाद वर्ष 1984 में सात अप्रैल से नई दिल्ली में विश्व हिन्दू परिषद की ओर से दो दिवसीय धर्म-संसद का आयोजन हुआ था और अयोध्या के साथ काशी और मथुरा की मुक्ति का नारा गूंजा था।

भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। विवादित स्थल को बिजली के झालरों से सजाया गया। आंदोलन के इतिहास में पहली बार विवादित ढाँचे के बीच के मुख्य बुर्ज पर हनुमान पताका फहराई गई और गर्भगृह में पहली बार हवन किया गया। जिसकी खबर जंगल में आग की तरह फैली और इसका असर दिल्ली तक हुआ। इस कार्यक्रम ने राम मंदिर आंदोलन को एक अहम पड़ाव दिया और राष्ट्रीय स्तर पर राम मंदिर निर्माण की चर्चा जीवंत हो उठी। जिसके दूरगामी परिणाम हुए। इस घटना का उल्लेख कांग्रेस के पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव ने अपनी पुस्तक अयोध्या 6 दिसंबर 1992 में किया है। मंदिर आंदोलन पर नामचीन व्यक्तियों की ओर से लिखी गई अपनी-अपनी पुस्तकों में इस ऐतहासिक घटना को उद्धृत किया गया है। नेतृत्व क्षमता के धनी धीरेन्द्र सिंह जफ़ा वर्ष 1954 में भारतीय वायु सेना में फाइटर पायलट के रूप में भर्ती हुए। जनवरी 1971 में भारतीय वायु सेना प्रमुख के परिसहायक अफसर (एडीसी) बने। पाकिस्तान के साथ युद्ध के हालात में उन्होंने मातृभूमि की रक्षा के लिए प्रतिष्ठित पद एवं परिवार को पीछे छोड़ युद्ध के मोर्चे के अग्रिम पंक्ति में खड़े होने का निर्णय लिया। युद्ध के दौरान विमान दुर्घटनाग्रस्त होने पर एक वर्ष तक पाकिस्तान में युद्धबंदी रहें। बाद में स्वदेश वापसी पर वीर चक्र से सम्मानित हुए।



अयोध्या में सड़क पर राम नाम जाप करती महिला।



शंख बजाते दशमहाविद्या उपासक डॉ. शैलेश तिवारी।

# एक और आजादी के उत्सव में डूबी अयोध्या

## रामनगरी में जय हिंद के साथ गूंज रहा जय श्री राम

अजय दयाल, अयोध्या

**अमृत विचार :** सुबह के छह बज रहे हैं सर्द हवा के बीच सड़कों पर सन्नाटा पसरा है। दुकाने खुलीं नहीं, आवाजाही भी बंद है, फिर भी पूरे वातावरण में अद्भुत उत्साह का एहसास हो रहा है। हर भवन पर श्रीराम का लहराता झंडा इस ठंड में भी महौल को ताजगी से भर रहा है। यह नजारा लता मंगेष्कर चौक से 10 किलोमीटर दूर देवकाली मार्ग का है।

इसी बीच एक 12 साल का बच्चा गली से निकल कर अपनी साइकिल से सड़क पर आता दिखता है। उसके हाथ में राम लिखा झंडा है। वह जैसे-तैसे साइकिल पर सवार हो एक हाथ से झंडा संभालते हुए पैडल मारने की कोशिश में है। जैसे ही आगे बढ़ता है जोर से नारा लगाता है जय श्री राम। इसके साथ मानों माहौल जीवंत हो उठा। धीरे-धीरे दुकानों के शटर उठने लगते हैं। सड़कों पर आवाजाही भी तेज हो जाती है।

वहीं लता मंगेश्कर चौक का नजारा ही अदृभुत है। यहां जश्न मनाया जा रहा है। कोई सड़क पर रंगोली बना रहा है। तो कोई, गिटार बजाकर गीत गा रहा है। पूरे चौराहे पर अलग-अलग टोलियों में लोग खड़े नजर आ रहे हैं। अचानक कानों में सो जहां से अच्छा वाली धुन सुनाई देती है। सभी उसकी ओर आकर्षित हो जाते हैं।

**सड़कों पर नजर आ रहीं राम के गीत गाते साधु-संतों की टोलियां**

लता चौक पर बने सितारा वाले प्लेटफार्म पर पीएसी बैंड के जवान देशभक्ति का संगीत बजाने में मगन हैं। जय श्री राम के नारे को इस संगीत के साथ जय हिंद का बल मिल गया। दोनों नारे माहौल को गुंजायमान होने लगे। मानों हर किसी पर एक नयी आजादी मिलने का सुरुर हावी हो। यहां देश-दुनिया के मीडिया का जमावड़ा भी देखने वाला रहा। राह चलते आम लोंगों और दूर दराज से आए आगंतुकों का वे साक्षात्कार करते नजर आ रहे हैं। इनकी प्रतिक्रिया में राम के गुणगान के साथ इस ऐतिहासिक क्षण का गवाह बनने का उत्साह साफ सुनायी देता है।

रविवार का दिन प्राण प्रतिष्ठा समारोह के ठीक एक दिन पहले का है। लता चौक से अब सरयू नदी के तट की तरफ बढ़ते हैं। रास्ते में भीड़ उमड़ती ही जा रही है। राममय संगीत तेज होता जाता है। कहीं भीड़ को चीरते साधु-संतों के तो कहीं पुलिस और आरएफ जवानों के वाहन का दृश्य दिखता है। जगह-जगह सड़क के दोनों तरफ छोटे-छोटे स्टेज बने हैं। इन पर अलग-अलग राज्यों से आए कलाकार अपनी-अपनी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दे रहे हैं। जहां तहां भीड़ लगाकर इस नजारे को अपने मोबाइल कैमरे में कैद कर रहे हैं। उधर सरयू किनारे की जीवंतता देखते बन रही है। फूलों से सजी नाव, स्नान करते लोग, दूर खड़ा एक शानदार क्रूज और इतना ही नहीं बीच नदी में जल में उतराते एक बड़े प्लेटफार्म पर लगी लगभग 70 फीट लंबी एलईडी स्क्रीन अपनी ओर आकर्षित करती है। यहां लाउडस्पीकर पर रामगीत लगातार बज रहे हैं। आगे बढ़िए तो एक तरफ किशन टैटू वाले के यहां कुछ युवा अपने बांह और छाती पर श्रीराम का टैटू बनवाते दिखते हैं। वहीं बगल में रामनामी कुर्ता- टोपी और शॉल वाले की दुकान संस्कार प्वॉइंट पर भी ग्राहकों की खासी भीड़ जमा है। आगे हनुमानगढ़ी का रास्ता और भी राममय है। यहां वीवीआईपी के वाहन प्रवेश को आतुर हैं। पुलिस के जवान सभी की आईडी चेक करके ही आगे बढ़ने की अनुमति देते हैं। पूजा सामग्रियों और प्रसाद बेचने वालों की दुकानों पर भीड़ नजर आती है। इस बीच एक गीत यहां टहल रहे सभी के दिलों में गहरा समाता जा रहा है...आज मनवा में उठे हिलोर सजनीए राम आए हैं अवध की ओर सजनी...।

**अवध पुरी प्रभु आवत जानी, भई सकल सोभा कै खानी...**

# आराध्य के आतिथ्य के लिए तैयार अयोध्या

## चहुंओर बह रही आस्था की बयार, उल्लास में डूबे लोग

## रामधुन के साथ कल-कल बहती सरयू लोगों में कर रही आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार

विवेक सक्सेना, अयोध्या

**अमृत विचार :** आज दोपहर 12:20 बजे रामलला अपने भव्य मंदिर के गर्भगृह में विराजमान हो जाएंगे। अपने आराध्य के आतिथ्य के लिए उल्लास और उमंग में डूबी अयोध्या संज और सवार चुकी है। हर तरफ केवल प्रेम, भावना और आराध्य के प्रति आस्था की बह रही बयार लोगों को भाषाई ज्ञान से परे आध्यात्मिक रूप से जोड़ रही है। हर तरफ रामधुन और कल-कल बहती सरयू का निर्मल धारा लोगों को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दे रही है। रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव पर रामनगरी में त्रेगायुगीन छठा बिखरी तो यहां पहुंचे श्रद्धालुओं के मुख से सहज की रामचरित मानस की 'अवधपुरी प्रभु आवत जानी, भई सकल सोभा कै खानी। बहइ सुहावन त्रिभिध समीरा, भई सरजू अति निर्मल नीरा।।' का भाव निकल पड़ा।

दिव्यता के श्रृंगार से सुसज्जित अयोध्या धाम में रविवार को आस्था का आवेग रामपथ पर दिखता रहा। लता मंगेशकर चौक से लेकर धर्मपथ और रामपथ दोनों पर श्रद्धालुओं का रेला अनवरत राम नाम संकीर्तन और गुंजायमान राम स्तुतियों के बीच उमड़ते हुए अयोध्या कोतवाल कहे जाने वाले हनुमंत लला के दरबार में श्रद्धा निवेदित करने के लिए उमड़ता रहा। रामपथ पर तीन से चार बार पुलिस की ओर से घोषणा की गई कि जिन्हें प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण है वहीं रुके। इसके बाद भी रामपथ पर लोगों के पग नहीं थमे। राजस्थान, आंध्र प्रदेश, जम्मू कश्मीर, पंजाब, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ समेत अनेक प्रदेशों से श्रद्धालु अयोध्या में देर शाम तक रामोत्सव के साक्षी बनते रहे। रामपथ और धर्मपथ पर सजे उत्तर प्रदेश सांस्कृतिक विभाग के लगभग सौ मंचों पर विभिन्न प्रदेशों के लोक कलाकारों की प्रस्तुतियों ने श्रद्धालुओं को ऐसे आह्लादित किया कि मंचों के सामने लोग भी थिरकते रहे। रामकथा संग्रहालय के निकट कुछ छोटे बच्चे भी रामोत्सव में नृत्य करते दिखे तो लोग ठिठक गए। देर शाम तक अयोध्या की अलौकिता चरम पर दिखी। राजसदन के समक्ष श्रद्धालुओं का एक समूह ढोल मंजीरे की गूंज के साथ नृत्य में डूबा रहा।

**उल्लास**



धर्मपथ पर भगवा झंडे लिए भक्तों की भीड़।



प्रभु श्रीराम जन्मस्थली पर आकर धन्य हो गई हूं। हमारे आराध्य अब अपने महल में विराजमान होने जा रहे है। इससे बढ़कर खुशी हमारे लिए कुछ और नहीं हो सकती। – नरसिम्हा, निवासी तेलंगाना



रामनगरी में आकर मन बहुत आह्लादित है। ऐसा लग रहा है मानो हम कलयुग में नहीं त्रेतायुग में जी रहे हैं। हर तरह उल्लास का माहौल आधात्मिक ऊर्जा का संचार कर रहा है। – रामबाबू प्रसाद, राजस्थान



प्रभु श्रीराम अपने भव्य महल में विराजने जा रहे हैं। यहां का वातावरण पूरी तरह आध्यात्मिक ऊर्जा की अनुभूति करा रहा है। हमें यहां आकर बहुत अच्छा लग रहा है। – वेणुगोपाल, निवासी तेलंगाना



रामलला अब अपने महल में विराजमान होने जा रहे हैं तो ऐसा लग रहा है, जैसे श्रीराम का फिर से राज्याभिषेक हो रहा है और हमें उस पल का साक्षी बनने का सौभाग्य मिला। – डॉ. अरविंद कुमार, निवासी छत्तीसगढ़

### प्राण-प्रतिष्ठा समारोह का साक्षी बनने के लिए हर कोई लालायित

प्राण-प्रतिष्ठा समारोह का साक्षी बनने के लिए देश के विभिन्न राज्यों से रामभक्त रामनगरी पहुंचे हैं। हालांकि ट्रस्ट की ओर से की गई अपील का उन्हें भली-भांति अहसास है। रामनगरी की सड़कों पर चहलकदमी करते दिखे विभिन्न प्रांतों के लोगों का कहना था कि आस्था और विश्वास से बड़ी को कोई चीज नहीं होती है। प्रेम का भाव ही आराध्य के लिए सबसे बड़ा समर्पण है। उनका कहना था कि श्रीराम की नगरी में आकर उन्हें अपार सुख और शांति की अनुभूति हो रही है। श्रद्धालुओं का कहना है कि प्रभु श्रीराम तो कण-कण में विराजमान हैं लेकिन उनकी जन्मभूमि पर आकर उनके साक्षात दर्शन करने अभिलाषा हमें यहां खींच लाई हैं। अयोध्या का विकास देख हम बहुत खुश हैं।

### जगमग हुए महानगर के 60 वार्ड और आनंदोत्सव में डूबीं 835 पंचायते

रामोत्सव को लेकर रविवार सांझ होते ही महानगर के सभी साठ वार्ड जगमग होने लगे हैं। वहीं जिले की 835 पंचायतों में आनंदोत्सव शुरू हो गया है। शासन के निर्देश के तहत रविवार सुबह सभी पंचायतों में शोभायात्रा निकाली गई और मठ-मंदिरों में सुंदरकांड का पाठ शुरू हो गया है। समन्वयक जिला पंचायती राज विभाग दीपक कुमार के अनुसार सभी 11 ब्लॉकों के खंड विकास अधिकारियों के नेतृत्व में रोजगार सेवक और सचिवों द्वारा निर्धारित कार्यक्रम शुरू करा दिए गए हैं। यह सभी धार्मिक कार्यक्रम 22 जनवरी को सांयकाल तक चलेगें। वहीं महानगर के सभी 60 वार्डों में भी राम नाम संकीर्तन और घरों में दीपोत्सव का शुभारंभ हौ गया है। सभी वार्डों के पार्षदों को संयोजन की जिम्मेदारी दी गई है। जुड़वा शहरों के मुख्य मार्ग खासकर रामपथ पर पड़ने वाले आवासों को शासन के निर्देश पर फूलों की लड़ियों और झालरों से सजाया गया है।



रामपथ पर करतब दिखाते नागा बाबा।

## नामचीन हस्तियां पहुंचीं रामनगरी समारोह की बनेंगी साक्षी





अयोध्या पहुंचे प्रख्यात कवि डॉ. कुमार विश्वास एवं अभिनेता विवेक ओबरॉय।

**अयोध्या कार्यालय अमृत विचार :** रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह का साक्षी बनने के लिए देश की नामचीन हस्तियां अयोध्या पहुंच गई हैं। मुंबई के उद्योगपति और अभिनेता से लेकर बड़े-बड़े संतों ने समारोह से एक दिन पहले ही पहुंचकर अपनी उपस्थित दर्ज करा दी है। कुछ अतिथियों के सोमवार को समारोह से पहले पहुंचने की संभावना जताई जा रही है। वीवीआईपी के अयोध्या पहुंचते ही सुरक्षा व्यवस्था और भी बढ़ा दी गई है। अयोध्या एयरपोर्ट पर रविवार सुबह से समारोह के अतिथियों का पहुंचना शुरू हो गया था। शाम ढलते-ढलते कई 100 से भी महत्वपूर्ण हस्तियां अयोध्या पहुंच गईं। जिनमें फिल्मी कलाकार रजनीकांत, बहुबली प्रभाश, बाबा रामदेव, जेके सीमेंट के मालिक निधिपति सिंघानिया, विश्व जागृति मिशन दिल्ली से सुधांशु महाराज, सूरत के प्रसिद्ध हीरा व्यापारी गोविंद ढोलकिया, दिल्ली विहिप के राजीव साहनी, महामंडलेश्वर महाराष्ट्र राहुलेश्वरानंद, श्रीश्री रविशंकर, लंदन से रामबाबा सनातन धर्म संस्था की भारती देवी और आनंद, प्रसिद्ध कवि कुमार विश्वास, टी सिरीज के भूषण कुमार के मैनेजर अरुण शर्मा, चेन्नई से भरत गोयनका और प्रकृति गोयनका, पुणे से कथावाचक रवींद्र पाठक, मिर्जापुर से शिवधारी महाराज, प्रसिद्ध फिल्म प्रोड्यूसर व डायरेक्टर मधुर भंडारकर, मेडिकल एजुकेशनलिस्ट उदयपुर से राहुल अग्रवाल, प्रीती अग्रवाल, तमिलनाडु से माता शक्ति मई और शबरी, कथावाचक मुरारी बापू, सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस एनवी रमन्ना, एके गोयल, सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष आदीश अग्रवाला, सुप्रीम कोर्ट अधिवक्ता परिषद के लगभग एक दर्जन सदस्य शामिल रहे।



रामनगरी में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष व मणिराम दास छावनी के महंत नृत्य गोपाल दास से मुलाकात करते सर संघ चालक मोहन भागवत।



रामनगरी पहुंचे योग गुरु बाबा रामदेव।

## कंगना ने हनुमन महायज्ञ में डालीं आहुतियां



**अयोध्या, अमृत विचार।** प्राण प्रतिष्ठा समारोह से एक दिन पहले रविवार को अभिनेत्री कंगना रानौत ने अयोध्या हनुमानगढ़ी में दर्शन किया। इसके बाद उन्होंने परिसर में ही झाड़ू लगाकर सफाई अभियान चलाया। इसके बाद वह बड़ा भक्तमाल की बगिया में पहुंची, जहां उन्होंने आयोजित 1008 कुंडीय हनुमन महायज्ञ में आहुतियां दी। कंगना ने कहा कि मेरा मन था कि मैं हनुमानगढ़ी में स्वच्छता अभियान के माध्यम से लोगों को प्रेरित करूं। यहां पर झाड़ू लगाई है। कहा कि लोगों को भक्ति व भजन में लीन देखकर अच्छा लगा।

## लंदन के 40 मंदिरों में प्राण प्रतिष्ठा पर रामोत्सव की तैयारी

**अयोध्या। अमृत विचार :** लंदन में राम नाम जप की अलख जगाने वाली रामबाबा सनातन धर्म संस्था की भारती देवी व विनोद कुमार रविवार को राम लला की प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होने सात समुद्र पार लंदन से अयोध्या पहुंचे। महर्षि बाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर अमृत विचार से खास बातचीत में भारती ने कहा कि प्राण प्रतिष्ठा समारोह के इस ऐतिहासिक पल का साक्षी बना जीवन का परम सौभाग्य है। आह्लादित व गौरवान्वित महसूस करती भारती ने बताया कि यहां आकर सचमुच विशेष सकारात्मक ऊर्जा की अनुभूति हो रही है। लंदन में 40 वर्षों से राम बाबा के अनुयाई 40 मंदिरों में प्रतिदिन सात घंटे राम नाम व हनुमान मंत्र जाप करते आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस पुनीत पर्व पर लंदन के सभी 40 मंदिरों में दीपोत्सव के साथ दीपावली मनाई जाएगी और रामनाम संकीर्तन, भजन आरती और जप के साथ रामोत्सव की भव्य तैयारी है। लंदन में राम भक्तों के उत्साह को देखकर आसपास सारा वातावरण राम मई हो गया है।



रामबाबा सनातनधर्म संस्था लंदन की भारती देवी।



रामनगरी पहुंच श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष व मणि रामदास छावनी के महंत नृत्य गोपाल दास से मुलाकात करते श्रीश्री रविशंकर।



रामनगरी पहुंचे सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष आदीश अग्रवाला व अन्य।

**रामोत्सव** | चार्टर्ड प्लेन से पहुंचे प्रमुख उद्योगपति, होटलों को भी किया गया सील

# होटल में बाहुबली, टेंट में रजनीकांत व सरयू पार हेमा

पुनीत श्रीवास्तव, अयोध्या

**अमृत विचार :** प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने के लिए आने वालों का ठिकाना भी अलग-अलग है। कोई होटल में ठहरा है तो कोई टेंट सिटी में जाकर शरण लिया है। अयोध्या के 10 बड़े होटलों और टेंट सिटी में फिल्मी स्टारों और उद्योगपतियों का जमावड़ा लगा हुआ है। होटलों के सभी कमरे पहले से ही बुक हो चुके हैं। दक्षिण भारतीय फिल्मों के अभिनेता प्रभास (बाहुबली)शहर के बेनीगंज स्थित एक होटल में ठहरे हैं। सुपरस्टार रजनीकांत ने अयोध्या धाम स्थित ब्रह्मकुंड के समीप बनी टेंट सिटी में शरण ली है। हालांकि टेंट सिटी भी किसी लग्जरी होटल से कम नहीं है। अभिनेत्री हेमा मालिनी और सुभाष घई, कलाकार सोनल मान सिंह समेत कई हस्तियां अयोध्या नए पुल के आगे सरयू पार एक प्रतिष्ठित होटल में रुकी हैं।

सिविल लाइंस स्थित एक होटल मालिक शरद कपूर ने बताया कि उनके यहां बैल कोल्हू तेल के मालिक घनश्याम खंडेलवाल, सिक्युरिटी कंपनी एसआईएस के मालिक रविन्द्र किशोर, भाजपा के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद, अनुराधा प्रसाद, एडवोकेट प्रसन्न, पूर्व लोकसभा उपाध्यक्ष करिया मुंडा, पूर्व सीएम कल्याण सिंह के पुत्र राजवीर सिंह समेत कई प्रमुख लोग रुके हैं। बेनीगंज स्थित प्रतिष्ठित होटल के एक स्टाफ के अनुसार उनके यहां प्रभास (बाहुबली) के अलावा, अभिनेता कमल हासन, सेफ संजीव कपूर, गायक हरिहरन समेत 60 कमरों में अतिथि ठहरे हैं। देवकाली बाईपास स्थित होटल के पदाधिकारी धनंजय वर्मा ने बताया कि उनके यहां पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा व उनके परिवार के लिए कमरा बुक है। इसके अलावा कई एनआरआई भी रुके हैं। ब्रह्मकुंड स्थित टेंट सिटी में आदित्य बिड़ला ग्रुप के अध्यक्ष कुमार मंगलम, रेमंड के सीएमडी गौतम हरि सिंघनिया, प्रेसीडेंट संजीव सरीन, कसाब को फांसी की सजा दिलाने वाले वकील उज्जवल निगम, महाराष्ट्र विधानसभा के सदस्य मंगल् प्रभात लोढ़ा, सिन्नी पंखों के निर्माता का परिवार, दिल्ली के बड़े व्यापारी कन्हैया लाल जैन, लता मंगेशकर के भतीजे आदी मंगेशकर व उनकी पत्नी कृष्णा मंगेशकर, पूर्व क्रिकेटर वेंक्टेश प्रसाद के रुकने के इंतजाम हैं।



डॉ. ज्योत्सना सूरी, श्री कुलभूषण अहूजा एंड अंजू अहूजा, किरण चोपड़ा, आदित्य चोपड़ा आदि प्रमुख वीआईपी पहुंचे।

### मोहन भागवत व भैया जी जोशी भी पहुंचे

आरएसएस के सरसंघचालक मोहन भागवत और आरएसएस के पूर्व सरकार्यवाह सुरेश भैया जी जोशी समेत संघ के कई पदाधिकारी भी समारोह से एक दिन पहले ही अयोध्या पहुंच गए। वह लखनऊ सड़क मार्ग से फ्लीट के साथ संघ के कार्यालय साकेत निलयम में दोपहर 12 बजे के करीब पहुंचे।

### मां कोकिलाबेन, पत्नी व बच्चों के साथ शामिल होंगे मुकेश अंबानी

रिलायंस इंडस्ट्रीज के प्रेसीडेंट मुकेश अंबानी भी प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होंगे। सूत्रों के मुताबिक वह अपनी मां कोकिलाबेन, पत्नी नीता अंबानी, बेटा अनंत अंबानी, बहू राधिका मर्चेंट, आकाश भी कार्यक्रम के साक्षी बनेंगे। वे अपने परिवार के साथ अयोध्या-गोरखपुर हाईवे स्थित एक बड़े होटल में ठहरेंगे। उन्हें अपने चार्टर्ड प्लेन से ही अयोध्या पहुंचना था, लेकिन खबर लिखे जाने तक वह अयोध्या नहीं पहुंच सके थे।

### रेमंड के चार्टर्ड प्लेन से पहुंचीं हेमा व उनके दामाद

रेमंड के प्रेसीडेंट संजीव सरीन अपने 13 सीटर चार्टर्ड प्लेन से अयोध्या पहुंचे हैं। उनकी कंपनी के चंद्रकांत ने बताया कि उसी प्लेन से हेमा मालिनी और उनके दामाद वैभव बोरा भी पहुंचे हैं। अभिनेत्री आलिया और रणबीर भी चार्टर्ड प्लेन से अयोध्या आकर समारोह में शामिल होंगे। अभिनेता विवेक ओबराय भी देर शाम अयोध्या पहुंच गए थे।

### पुष्पराज चौराहे के पास बने होटल में ठहरेंगे अमिताभ

समारोह का हिस्सा अमिताभ बच्चन भी बनेंगे। वह पुष्पराज चौराहे के निकट स्थित एक प्रतिष्ठित होटल में ठहरेंगे। जैकी श्राफ समारोह से कुछ देर पहले लखनऊ सड़क मार्ग से होते हुए अयोध्या पहुंचेंगे। वहीं वाराणसी और लखनऊ के एयरपोर्ट पर भी अतिथि उतरे। कई चार्टर्ड प्लेन भी दोनों जगहों पर उतरे। वहां से अतिथि सड़क मार्ग से होते हुए अयोध्या पहुंचे हैं।

### होटल व टेंट सिटी में भव्य स्वागत, दवाओं का भी इंतजाम

अतिथियों के होटल और टेंट सिटी में पहुंचने पर उनका भव्य स्वागत किया गया। जैसे ही कोई अतिथि होटल या फिर टेंट सिटी के बाहर पहुंचता, ढोल बजने शुरू हो जाते थे। महिलाएं आकर टीका लगाती थीं। सीताराम बोलकर उनका स्वागत किया जाता रहा। दोनों ही जगहों पर चिकित्सा के भी पर्यापत इंतजाम हैं।

### श्रद्धालुओं की सेवा में जुटे मुरादाबाद के मेयर





मुरादाबाद के मेयर विनोद अग्रवाल व उनकी पुत्र वधु प्रिया अग्रवाल।

**अयोध्या।** अयोध्या में देश की बड़ी-बड़ी संस्थाएं ही नहीं बल्कि राजनेता भी श्रद्धालुओं की सेवा में जुटे हैं। यहां कारसेवकपुरम में मुरादाबाद के मेयर विनोद अग्रवाल ने भंडारे का आयोजन कराया है, जिसमें प्रतिदिन करीब 20 हजार श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण कर रहे हैं। 14 जनवरी से शुरू हुआ भंडारा 15 फरवरी तक चलेगा। जिसमें तीन लाख श्रद्धालुओं को प्रसाद ग्रहण कराने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए तीन ट्रकों में 30 लाख की खाद्य सामग्री पहुंच चुकी है। मेयर की पुत्रवधु व भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश कोषाध्यक्ष प्रिया अग्रवाल ने की श्रद्धालुओं की सेवा में किसी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी। अमृत विचार के रविवार के अंक में प्रिया अग्रवाल का नाम मेयर की पत्नी के रूप में प्रकाशित हो गया था, जिसका खेद व्यक्त करते हैं।

# राम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा समारोह देश के पुनर्निर्माण की शुरुआत : भागवत

## आरएसएस प्रमुख ने संघ की वेबसाइट पर लिखा-अब होना चाहिए कड़वाहट का अंत

नई दिल्ली, एजेंसी



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने रविवार को कहा कि अयोध्या में रामलला का उनके जन्मस्थान में प्रवेश और मंदिर में ''प्राण प्रतिष्ठा'' समारोह भारतवर्ष के पुनर्निर्माण के अभियान की शुरुआत होगी। भागवत ने यह भी कहा क भारतवर्ष का पुनर्निर्माण सद्भाव, एकता, प्रगति, शांति और सभी की भलाई के लिए जरूरी है। संघ प्रमुख ने राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) की वेबसाइट पर पोस्ट किए गए एक लेख में अयोध्या में मंदिर निर्माण के लिए हिंदू समाज के निरंतर संघर्ष का उल्लेख किया और कहा कि इस विवाद पर टकराव और कड़वाहट का अब अंत होना चाहिए।

उन्होंने कहा कि वर्षों के कानूनी संघर्ष के बाद उच्चतम न्यायालय ने सच्चाई और तथ्यों की पड़ताल करने और मामले में सभी पक्षों की दलीलें सुनने के बाद नौ नवंबर, 2019 को संतुलित फैसला सुनाया। भागवत ने कहा कि धार्मिक दृष्टिकोण से भगवान राम देश के बहुसंख्यक समाज के सबसे अधिक पूजे जाने वाले देवता हैं और उन्हें आज भी पूरा समाज मर्यादा के प्रतीक के रूप में स्वीकार करता है। इसलिए अब इस विवाद को लेकर पक्ष और विपक्ष में जो टकराव पैदा हुआ है, उसे खत्म किया जाना चाहिए।

### इस्लाम के नाम पर हुए हमलों ने पैदा किया अलगाव

मोहन भागवत ने कहा कि शुरुआती आक्रमणों का उद्देश्य लूटपाट करना था और कभी-कभी, सिकंदर के आक्रमण की तरह यह उपनिवेशीकरण के लिए होता था। उन्होंने कहा, लेकिन इस्लाम के नाम पर पश्चिम से हुए हमलों ने समाज का पूर्ण विनाश किया और इसमें अलगाव पैदा किया। भागवत ने कहा कि उन आक्रांताओं का उद्देश्य भारतीय समाज को हतोत्साहित करना था, ताकि वे 'कमजोर समाज वाले भारत पर बेरोकटोक शासन कर सकें। उन्होंने आगे कहा, अयोध्या में श्रीराम मंदिर का विध्वंस भी इसी इरादे और मकसद से किया गया था। आक्रांताओं की यह नीति सिर्फ अयोध्या या किसी मंदिर तक ही सीमित नहीं थी, बल्कि पूरे विश्व के लिए एक युद्ध रणनीति थी।

## गडकरी ने बालोतरा में आरओबी रामसेतु का किया लोकार्पण

**जयपुर।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने रविवार को राजस्थान में बाड़मेर जिले के बालोतरा में रेलवे ओवरब्रिज रामसेतु का वर्चुअली लोकार्पण किया। यह ओवरब्रिज राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-112 जोधपुर-बाड़मेर रेलवे सेक्शन पर 102 करोड़ रुपये की लागत से दो किलोमीटर लंबाई में दो लेन का बना है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा मुख्यमंत्री निवास से समारोह में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए शामिल हुए। उन्होंने कहा कि सेतु निर्माण से राज्य के विकास को गति मिलेगी। बालोतरा में लेवल क्रॉसिंग पर यातायात जाम और शहर के बीच से गुजरने वाले भारी वाहनों से संभावित दुर्घटनाओं से निजात मिलेगी। आमजन के लिए रेलवे स्टेशन तक पहुंचने की राह आसान होगी।

# राहुल ने भाजपाइयों को दिया फ्लाइंग किस

नगांव (असम), एजेंसी

» कांग्रेस नेता ने एक्स पर लिखा, हमारी मोहब्बत की दुकान सभी के लिए खुली



नगांव में राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा बस के सामने जैसे ही भाजपा कार्यकर्ताओं के एक समूह ने जय श्री राम और मोदी, मोदी के नारे लगाए, कांग्रेस नेता ने उन्हें हाथ हिलाया, फ्लाइंग किस दिया और उनसे मिलने के लिए बस से नीचे उतर गए। राहुल गांधी ने घटना का वीडियो एक्स पर साझा करते हुए कहा, हमारी मोहब्बत की दुकान सभी के लिए खुली है। जुड़ेगा भारत, जीतेगा हिंदुस्तान।

बाद में यहां एक जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस सांसद गांधी ने घटना के बारे में बताया और दावा किया कि कांग्रेस न तो प्रधानमंत्री मोदी से और न ही असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा से डरती है। उन्होंने आरोप लगाया कि असम की सरकार लोगों को भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल न होने के लिए धमका रही है।

इधर, भाजपा की आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने वीडियो को एक्स पर टैग करते हुए कहा, यदि वह (राहुल) इतने से ही परेशान हैं, तो आने वाले दिनों में वह इस देश के लोगों का सामना कैसे करेंगे, क्योंकि हिंदू विरोधी कांग्रेस ने अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा समारोह का निमंत्रण अस्वीकार कर दिया था।

भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि यात्रा के दौरान कुछ लोगों ने जय श्री राम और मोदी मोदी के नारे लगाए, तो राहुल गांधी ने अहंकारपूर्ण रवैया अपनाया। उन्होंने कहा कि सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें (राहुल) रोका। उन्होंने भीड़ के सामने 'फ्लाइंग किस' की हरकतें भी कीं।

### अब जयराम रमेश और भूपेन पर हमले का आरोप

**गुवाहाटी।** कांग्रेस की असम इकाई के अध्यक्ष भूपेन कुमार बोरा पर रविवार को पार्टी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान सोनितपुर के जमुगुरीहाट इलाके में अज्ञात लोगों ने हमला किया। असम प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता बेदब्रत बोरा के अनुसार जैसे ही वह कार से उतरे उनकी नाक पर मुक्का मारा गया, जिससे खून बहने लगा। पार्टी ने सोनितपुर जिले में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश के वाहन पर भी हमले का आरोप लगाया है।

## एक नजर

### ढांगरी आतंकवादी हमले में किशोर पकड़ा

**जम्मू।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने 2023 में जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में ढांगरी आतंकवादी हमले के संबंध में एक किशोर को पकड़ा है। हमले में सात लोगों की मौत हो गई थी। पिछले साल एक जनवरी को आतंकवादियों ने ढांगरी गांव पर हमला किया था और अंधाधुंध गोलीबारी की थी। घटना में 13 लोग घायल हुए थे। एनआईए के प्रवक्ता ने कहा कि किशोर पहले से ही एक अन्य मामले में जम्मू जिले के आर एस पुरा इलाके में एक पर्यवेक्षण गृह में बंद था। एनआईए की जांच में गिरफ्तार व्यक्तियों-निसार अहमद और मुश्ताक हुसैन के साथ किशोर की संलिप्तता का पता चला है। हुसैन और अहमद को पिछले साल 31 अगस्त को गिरफ्तार किया गया था और वे जम्मू के केंद्रीय कारागार में बंद हैं।

### अयोध्या मंदिर को उड़ाने की धमकी देने वाला धरा

**अररिया।** बिहार के अररिया जिले में पुलिस को फोन कर 22 जनवरी को राम मंदिर को उड़ाने की धमकी देने वाले 21 वर्षीय एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। अररिया के पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी इंतेखाब आलम को शनिवार की देर रात पलासी थानाक्षेत्र के बलुआ कलियागंज गांव में उसके घर से गिरफ्तार किया गया।

## मडिगा समुदाय के कल्याण पर सिफारिश को बनी समिति

**नई दिल्ली।** तेलंगाना, आंध्र प्रदेश और कुछ अन्य दक्षिणी राज्यों में फैले गरीब दलित मडिगा समुदाय के आर्थिक, सामाजिक उन्नयन के लिए कुछ ठोस कदम उठाने के प्रधानमंत्री मोदी के वादे को आगे बढ़ाते हुए सरकार ने कैबिनेट सचिव की अध्यक्षता में सचिव स्तरीय अधिकारियों की पांच सदस्यीय समिति का गठन किया है। सूत्रों के अनुसार इस उच्च स्तरीय समिति का गठन इसी माह किया गया है। समिति में गृह, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, जनजातीय मामले और कानून मंत्रालय के सचिवों को शामिल किया गया है। सूत्रों ने कहा कि समिति मुख्यत: चमड़े के काम में लगे गरीब मडिगा समुदाय के लोगों को सरकारी योजनाओं और सुविधाओं का लाभ दिलाने के विशेष उपाय करने की सिफारिश करेगी। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नवंबर में तेलंगाना विधानसभा के चुनाव के दौरान मडिगा समुदाय की समस्याओं को विशेष रूप से उठाया था और इस समुदाय के साथ उचित न्याय का आश्वासन दिया था।

## शिबू सोरेन की अर्जी पर अदालत का फैसला आज

नई दिल्ली, एजेंसी

» मुख्यमंत्री पर लोकपाल की ओर से कार्रवाई का मामला

झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के प्रमुख शिबू सोरेन की उस याचिका पर दिल्ली उच्च न्यायालय सोमवार को आदेश सुनाएगा, जिसमें उन्होंने लोकपाल द्वारा उनके खिलाफ शुरू की गई कार्रवाई को चुनौती दी है। लोकपाल ने सोरेन के खिलाफ कार्यवाही भाजपा के सांसद निशिकांत दुबे की एक शिकायत के आधार पर शुरू की है, जिसमें उन्होंने (दुबे) भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है। फैसला न्यायमूर्ति सुब्रह्मण्यम प्रसाद की एकल पीठ द्वारा सुनाया जाएगा। अगस्त 2020 में की गई शिकायत में, भाजपा नेता दुबे ने दावा किया कि शिबू सोरेन और उनके परिवार के सदस्यों ने सरकारी खजाने का दुरुपयोग करके भारी संपत्ति अर्जित की और भ्रष्टाचार में लिप्त हुए। 12 सितंबर, 2022 को उच्च न्यायालय ने यह कहते हुए लोकपाल की कार्यवाही पर रोक लगा दी थी कि मामले पर विचार की आवश्यकता है।

## राजस्थान उच्च न्यायालय ने दुष्कर्म पीड़िता की गर्भावस्था समाप्त करने की याचिका खारिज की

**जयपुर।** राजस्थान उच्च न्यायालय ने 11 वर्षीय दुष्कर्म पीड़िता की 31 सप्ताह की गर्भावस्था को समाप्त करने की याचिका को खारिज कर दिया और कहा कि पूर्ण विकसित भ्रूण को भी जीवन का अधिकार है और वह बिना किसी परेशानी के स्वस्थ जीवन जी सकता है। अदालत ने कहा कि इस अवस्था में गर्भावस्था को समाप्त करने के किसी भी प्रयास से समय से पहले प्रसव होने की संभावना है और यह अजन्मे बच्चे के विकास को प्रभावित कर सकता है। पीड़िता के साथ उसके पिता ने दुष्कर्म किया था और उसने अपने मामा के माध्यम से याचिका दायर की थी। न्यायमूर्ति अनूप कुमार ढांड की पीठ ने बुधवार को दिए आदेश में कहा कि अदालत आने में पीडिता की देरी ने गर्भावस्था को समाप्त करने के पहलू को और चिंताजनक कर दिया है।




भारतीय सेना के जवानों ने रविवार को नई दिल्ली में परेड रिहर्सल के दौरान 105 मिमी लाइट फील्ड गन से फायर किया। जिसका इस्तेमाल गणतंत्र दिवस परेड 2024 के लिए 21-गन सलामी के लिए किया जाएगा। ● एजेंसी

# देश में ही शादी करने को दें प्राथमिकता : मोदी

अहमदाबाद, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीयों द्वारा विदेश में जाकर शादी रचाने के बढ़ते चलन का मुद्दा उठाया और कहा कि लोगों को भारत में ही शादी करने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए ताकि देश का धन देश में ही बना रहे। गुजरात के अमरेली शहर में बनने वाले खोडलधाम ट्रस्ट कैंसर अस्पताल के शिलान्यास समारोह को डिजिटल तरीके से संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने लोगों से देश में पर्यटन को बढ़ावा देने में मदद करने की भी अपील की।

मोदी ने कहा कि लोगों को कैंसर के इलाज में कठिनाइयों का सामना न करना पड़े, यह सुनिश्चित करने के लिए उनकी सरकार ने कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा कि इस बीमारी के लिए चिकित्सा देखभाल प्रदान करने और सस्ती कीमतों पर दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए लगभग 30 नए अस्पताल स्थापित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि बीमारी के शीघ्र निदान में मदद के लिए ग्रामीण स्तर पर 1.5 लाख से अधिक आयुष्मान आरोग्य मंदिर (स्वास्थ्य केंद्र) भी बनाए गए हैं।

श्री खोडलधाम ट्रस्ट-कागवाड का प्रबंधन करने वाले लेउवा पाटीदार समुदाय के सदस्यों की सभा को संबोधित करते मोदी ने कहा, क्या विदेश में शादी करना उचित है? क्या हमारे देश में शादी नहीं हो सकती। भारत का कितना धन बाहर चला जाता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आपको ऐसा माहौल बनाना चाहिए कि विदेश में शादी करने की बीमारी आपके समुदाय में न आए।



प्रधानमंत्री ने रामेश्वरम के कोठंडारामास्वामी मंदिर में पूजा-अर्चना की। ● एजेंसी

» प्रधानमंत्री ने गुजरात के अमरेली में कैंसर अस्पताल के शिलान्यास समारोह को किया संबोधित

### तमिलनाडु में राम मंदिर में पूजा-अर्चना की

**रामेश्वरम (तमिलनाडु)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को अरिचल मुनाई के पास राम मंदिर में पूजा करके देश के दक्षिणी हिस्सों में रामायण से संबंध वाले मंदिरों की अपनी आध्यात्मिक यात्रा पूरी की। प्रधानमंत्री मोदी रविवार को तमिलनाडु के अरिचल मुनाई पहुंचे और उन्होंने समुद्र तट पर पुष्प अर्पित किए।

## कारोबार/कृषि

## एक नजर

### विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 618.9 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में बढ़ोतरी होने से 12 जनवरी को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 1.6 अरब डॉलर बढ़कर 618.9 अरब डॉलर हो गया। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 12 जनवरी को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 1.9 अरब डॉलर की बढ़ोतरी लेकर 548.5 अरब डॉलर पर पहुंच गईं।

### राज्यों की कर्ज गारंटी तीन गुना हुई

**मुंबई।** देश के 17 प्रमुख राज्यों द्वारा अपनी इकाइयों को दी गई कुल ऋण गारंटी वित्त वर्ष 2022-23 तक तीन गुना से अधिक होकर 9.4 लाख करोड़ रुपये हो गई है। यह वित्त वर्ष 2016-17 में तीन लाख करोड़ रुपये थी। इक्रा रेटिंग्स की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने रिपोर्ट में कहा कि देश के 17 प्रमुख राज्यों द्वारा अपनी इकाइयों को दी गई कुल ऋण गारंटी तीन लाख करोड़ रुपये से तीन गुना होकर 9.4 लाख करोड़ रुपये हो गई है।

### नवीन ऊर्जा गीगा परिसर इसी साल शुरू

**नई दिल्ली।** उद्योगपति मुकेश अंबानी की रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड इस साल की दूसरी छमाही में नवीन ऊर्जा गीगा परिसर शुरू करेगी। कंपनी ने तिमाही नतीजों की घोषणा के दौरान निवेशक कॉल में यह जानकारी दी। रिलायंस गुजरात के जामनगर में 5,000 एकड़ क्षेत्र में गीगा परिसर बना रही है। इसमें फोटोवोल्टिक पैनल, ईंधन सेल प्रणाली, हरित हाइड्रोजन, ऊर्जा भंडारण और पावर इलेक्ट्रॉनिक्स के लिए पांच गीगा कारखाने शामिल हैं।

# वस्तु एवं सेवा निर्यात 0.4 प्रतिशत बढ़कर 765.6 अरब डॉलर पर

## भारतीय रिजर्व बैंक ने जारी किए सेवा क्षेत्र के नवंबर 2023 तक के आंकड़े

नई दिल्ली, एजेंसी

वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के बावजूद बीते साल (2023 में) देश का वस्तुओं और सेवाओं का निर्यात मामूली 0.4 प्रतिशत की बढ़त के साथ 765.6 अरब अमेरिकी डॉलर रहा है। वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। भारत के निर्यात को इलेक्ट्रॉनिक, दवा, सूती धागा, कपड़े और मेड-अप सिरेमिक उत्पाद, मांस, डेयरी और पॉल्ट्री उत्पाद, फल और सब्जियां और सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) क्षेत्र से मदद मिली है।

आंकड़ों के अनुसार, पिछले कैलेंडर साल में वस्तुओं का निर्यात 4.71 प्रतिशत घटकर 431.9 अरब डॉलर पर आ गया। वहीं सेवाओं का निर्यात 7.88 प्रतिशत बढ़कर 333.8 अरब डॉलर पर पहुंचने अनुमान है। वस्तुओं का आयात भी पिछले साल सात प्रतिशत घटकर 667.73 अरब डॉलर रहा। 2022 में यह 720.2 अरब डॉलर था। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा जारी सेवा क्षेत्र के नवंबर 2023 तक के आंकड़े जारी किए गए हैं। दिसंबर 2023 का आंकड़ा मंत्रालय का एक अनुमान है।



### व्यापार घाटा 5.7 फीसदी कम

आर्थिक शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने कहा कि भारत का निर्यात और आयात 2022 के 1,651.9 अरब डॉलर की तुलना में 2023 में 2.6 प्रतिशत घटकर 1,609 अरब डॉलर रह गया है। इस दौरान आयात और निर्यात का अंतर यानी व्यापार घाटा कम होकर 75.2 अरब डॉलर रहा है। 2022 में यह 141.3 अरब डॉलर था।

## सेंसेक्स की पांच कंपनियों का बाजार पूंजीकरण घटा

**नई दिल्ली।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से पांच के बाजार मूल्यांकन पिछले सप्ताह सामूहिक रूप से 1,67,936.21 करोड़ की गिरावट आई। सबसे अधिक नुकसान एचडीएफसी बैंक को हुआ। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1,144.8 अंक 1.57 प्रतिशत नीचे आया। एनएसई और बीएसई पर 20 जनवरी यानी शनिवार को सामान्य कारोबारी सत्रों का आयोजन किया।

» सबसे अधिक नुकसान एचडीएफसी बैंक को

समीक्षाधीन सप्ताह में रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), एचडीएफसी बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर और भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के बाजार पूंजीकरण में गिरावट आई। वहीं आईसीआईसीआई बैंक, इन्फोसिस, भारती एयरटेल, भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) और आईटीसी की बाजार हैसियत बढ़ गई। सप्ताह के दौरान एचडीएफसी बैंक का बाजार मूल्यांकन 1,22,163.07 करोड़ रुपये घटकर 11,22,662.76 करोड़ रुपये रह गया। एचडीएफसी बैंक के शेयर में शुक्रवार को लगातार तीसरे दिन गिरावट आई।

# शून्य उत्सर्जन कारें ही वायु प्रदूषण घटाने में मददगार

नई दिल्ली, एजेंसी

» शैलेश चंद्रा ने कहा-ईंधन आयात घटाने में भी सहायक टाटा मोटर्स की ये कारें

टाटा मोटर्स पैसेंजर वेहिकल्स के प्रबंध निदेशक शैलेश चंद्रा का मानना है कि केवल शून्य उत्सर्जन वाली कारें ही वायु प्रदूषण में कमी लाने, ईंधन आयात घटाने और शुद्ध शून्य उत्सर्जन के लक्ष्य को हासिल करने में मदद कर सकती हैं। उद्योग के एक वर्ग द्वारा हाइब्रिड कारों पर लगाए गए करों में कटौती की मांग के बीच चंद्रा ने कहा कि ऐसे वाहन शुद्ध शून्य उत्सर्जन लक्ष्य को प्राप्त करने, वायु गुणवत्ता के स्तर में सुधार और जीवाश्म ईंधन आयात को कम करने के प्रमुख राष्ट्रीय उद्देश्यों के साथ मेल नहीं खाते हैं।

उन्होंने कहा कि कारों में हाइब्रिड और सीएनजी प्रौद्योगिकियां ईंधन दक्षता में सुधार करने और उत्सर्जन-संबंधी नियामकीय अनुपालन को पूरा करने में मदद करती हैं, लेकिन इसकी तुलना शुद्ध बैटरी इलेक्ट्रिक वाहनों से नहीं की जा सकती।

### टाटा मोटर्स एक फरवरी से बढ़ाएगी वाहनों के दाम

**नई दिल्ली।** टाटा मोटर्स ने अगले महीने से इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) सहित अपने सभी यात्री वाहनों की कीमतों में औसतन 0.7 प्रतिशत की बढ़ोतरी करने की घोषणा की है। टाटा मोटर्स की ओर से जारी बयान के अनुसार, यह मूल्यवृद्धि एक फरवरी, 2024 से प्रभावी होगी। उत्पादन लागत में बढ़ोतरी की आंशिक भरपाई के लिए कंपनी यह कदम उठा रही है। कंपनी पंच, नेक्सॉन और हैरियर सहित कई यात्री वाहन बेचती है।

# सोना, तराशे हीरों पर आयात शुल्क में कटौती की मांग

मुंबई, एजेंसी

» जीजेईपीसी ने बजट से पहले सरकार से किया आग्रह

आम बजट से पहले रत्न एवं आभूषण निर्यात संवर्द्धन परिषद (जीजेईपीसी) ने सरकार से सोने और कटे व पॉलिश हीरे (सीपीडी) पर आयात शुल्क कम करने का आग्रह किया है ताकि क्षेत्र को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बने रहने में मदद मिल सके। भारत का रत्न और आभूषण उद्योग सोने, हीरे, चांदी और रंगीन रत्नों सहित कच्चे माल के लिए आयात पर निर्भर है।

जीजेईपीसी कीमती धातुओं पर आयात शुल्क को मौजूदा 15 प्रतिशत से घटाकर चार प्रतिशत करने की मांग कर रही है। इसमें सीपीडी पर सीमा शुल्क को मौजूदा पांच प्रतिशत से घटाकर 2.5 प्रतिशत करने की मांग की गई है। निकाय ने सरकार से डायमंड इंप्रेस्ट लाइसेंस को फिर से शुरू करने और आयात शुल्क में कटौती करने का आग्रह किया। जीजेईपीसी ने कहा कि यह एमएसएमई से जुड़े हीरा निर्यातकों को उनके बड़े समकक्षों के साथ समान अवसर प्रदान करेगा।



## एफपीआई ने शेयरों से 13,000 करोड़ रुपये निकाले

**नई दिल्ली।** विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने इस महीने के पहले तीन सप्ताह में अब तक काफी सतर्क रुख अपनाते हुए भारतीय शेयर बाजारों से 13,000 करोड़ रुपये से अधिक की निकासी की है। भारतीय शेयरों के ऊंचे मूल्यांकन और अमेरिका में बॉन्ड पर प्रतिफल बढ़ने की वजह से एफपीआई बिकवाल बने हुए हैं। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार, इस रुख के उलट विदेशी निवेशक ऋण या बॉन्ड बाजार को लेकर उत्साहित हैं। उन्होंने समीक्षाधीन अवधि में बॉन्ड बाजार में 15,647 करोड़ रुपये डाले हैं।

उम्मीद — अर्थशात्रियों ने लोकसभा चुनाव से पहले पेश होने वाले बजट पर दी राय

# बजट में कर मोर्चे पर मिल सकती है कुछ राहत

नई दिल्ली, एजेंसी




वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण अगले कुछ दिन में आम बजट पेश करेंगी। बजट में खासकर नौकरीपेशा लोगों की नजर मुख्य रूप से आयकर के मोर्चे पर होने वाली घोषणाओं और राहत पर होती है।

अर्थशास्त्रियों की राय इस पर अलग-अलग है। कुछ का कहना है कि सरकार आम चुनावों से पहले अगले महीने पेश होने वाले अंतरिम बजट में मानक कटौती की राशि बढ़ाकर आयकरदाताओं को राहत देने के साथ महिलाओं के लिए अलग से कुछ कर छूट दे सकती है। हालांकि, कुछ यह भी मानते हैं कि आयकर मामले में बदलाव की उम्मीद नहीं है।

वित्त मंत्री सीतारमण लोकसभा में एक फरवरी को 2024-25 का अंतरिम बजट पेश करेंगी। सेंटर फॉर डेवलपमेंट स्टडीज के चेयरमैन सुदिप्तो मंडल ने कहा, बजट में नौकरीपेशा और मध्यम वर्ग को आयकर मोर्चे पर राहत मिल सकती है। मानक कटौती की राशि बढ़ाकर कुछ राहत दिये जाने की उम्मीद है।

अर्थशास्त्री और वर्तमान में बेंगलुरु के डॉ. बी आर आंबेडकर स्कूल ऑफ इकनॉमिक्स यूनिवर्सिटी के कुलपति एनआर भानुमूर्ति ने कहा, यह अंतरिम बजट होगा। ऐसे में कर व्यवस्था में ज्यादा बदलाव की उम्मीद नहीं है क्योंकि इसका मकसद पूरे साल का बजट पेश होने तक केवल व्यय बजट पर मंजूरी लेने का होता है।

### महिलाओं को अलग से मिल सकती है छूट

आर्थिक शोध संस्थान, नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ पब्लिक फाइनेंस एंड पॉलिसी में प्रोफेसर लेखा चक्रवर्ती ने कहा, महिला मतदाताओं पर जोर को देखते हुए आयकर कानून की धारा 88सी के तहत महिलाओं के लिए कुछ अलग से कर छूट मिल सकती है। चूंकि आयकरदाता भारतीय आबादी का एक छोटा हिस्सा हैं, ऐसे में महिलाओं और पुरुषों के लिए कर राहत से जुड़ी घोषणाओं का कम ही प्रभाव पड़ता है।

## मान सिंह ने एशियाई मैराथन में जीता सोना

### चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाले दूसरे भारतीय बने

**हांगकांग, एजेंसी**

मान सिंह रविवार को एशियाई मैराथन चैंपियनशिप में अपने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन से स्वर्ण पदक जीतने वाले दूसरे भारतीय एथलीट बने। मान सिंह (34) ने दो घंटे 14 मिनट और 19 सेकंड का समय निकाला, इससे पहले उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पिछले मुंबई मैराथन में दो घंटे 16 मिनट 58 सेकंड का था, जिससे वह 11वें स्थान पर रहे थे। चीन के हुआंग योंगझेंग ने दो घंटे 15 मिनट 24 सेकंड से रजत पदक, जबकि किर्गिस्तान के टियापकिन इलिया ने दो घंटे 18 मिनट 18 सेकंड से तीसरा स्थान हासिल किया। एक अन्य भारतीय एपी बेलियाप्पा दो घंटे 20 मिनट 20 सेकंड के समय से छठे स्थान पर रहे।



**चीन के हुआंग योंगझेंग दूसरे और किर्गिस्तान के टियापकिन इलिया तीसरे स्थान पर रहे**

महिलाओं की मैराथन रेस में अश्विनी मदान जाधव (2:56:42) आठवें और ज्योति गवाटे (3:06:20) 11वें स्थान पर रहीं। गोपी थोकानल पहले भारतीय एथलीट हैं, जिन्होंने 2017 में एशियाई मैराथन चैंपियनशिप खिताब जीता था। उन्होंने चीन के डोंगगुआन में दो घंटे 15 मिनट 48 सेकंड से पहला स्थान हासिल किया था। मान सिंह का समय हालांकि पेरिस ओलंपिक के क्वालीफाइंग मार्क से नीचे रहा, जो दो घंटे आठ मिनट 10 सेकंड का है। वह पिछले साल 2:16:59 के समय से हांगझोऊ एशियाई खेलों में आठवें स्थान पर रहे थे।

## ब्रेन ट्यूमर को हराकर श्यामली ने मैराथन में जीता कांस्य

### पश्चिम बंगाल की श्यामली सिंह का कुछ साल पहले ही हुआ था ऑपरेशन

**प्रतियोगिता के दौरान तबीयत बिगड़ी तो चला था बीमारी का पता**

**मुंबई, एजेंसी**

पश्चिम बंगाल की श्यामली सिंह ने सभी बाधाओं को पार करते हुए रविवार को टाटा मुंबई मैराथन में कांस्य पदक जीता, जबकि कुछ साल पहले उनके ब्रेन ट्यूमर का ऑपरेशन हुआ था।

चार साल पहले इसी प्रतियोगिता में श्यामली ने 42 किलोमीटर की दूरी के आधे रास्ते में उल्टी की शिकायत की थी। उनके पति संतोष सिंह और उन्होंने पाया कि ऐसा लगातार हो रहा था। अलग-अलग अस्पतालों कई जांच के बाद उन्हें समस्या का कारण पता चला जो ब्रेन ट्यूमर था।

संतोष ने गोल्ड लेबल रेस के 19वें चरण के बाद मीडिया को बताया कि उन्होंने टीसीएस रेस में भाग लिया और रजत पदक जीता। फिर मुंबई में हिस्सा लिया। 25-26 किलोमीटर के बाद वह उल्टी करने लगीं। सिर पर दबाव बढ़ने लगता था लेकिन वजह पता नहीं थी।

**सीएम से पीएम तक मांगी मदद पर कोई नहीं आया आगे**

संतोष ने बताया कि पिछले कुछ वर्षों में उन्हें काफी वित्तीय संकट का सामना करना पड़ा। इसका खुलासा करते हुए संतोष ने कहा कि लेकिन श्यामली अपने लक्ष्य पर डटी रहीं और खुद में सुधार करती रहीं। संतोष ने कहा कि उसके ऑपरेशन के दौरान उन्होंने विधायक से लेकर मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री तक सभी को मेल किया, लेकिन कहीं से कोई जवाब नहीं मिला। श्यामली को फिर से अपने पैरों पर खड़ा होने में कुछ समय लगा लेकिन वह खुश हैं कि उसे सही डॉक्टर मिला जो अब भी उनकी सेहत पर नजर रखता है। संतोष ने कहा कि जिस डॉक्टर ने सर्जरी की थी, उन्हें भरोसा था कि वह फिर से दौड़ना शुरू कर देगी और उसने दौड़ना भी शुरू कर दिया।

**लेमी और मिनेसेवो ने जीता मुंबई मैराथन का खिताब**

गत चैंपियन हेले लेमी बेरहानू और अबराश मिनसेवो ने रविवार को क्रमशः पुरुष और महिला स्पर्धा खिताब अपने नाम किए। भारतीय पुरुष धावकों में श्रीनू बुगाथा ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। उनके बाद गोपी थोनाकल दूसरे और शेर सिंह तंवर तीसरे स्थान पर रहे। महिलाओं में मिनसेवो ने स्वर्ण पदक जीता, जबकि मुलुहाबत तसेगा दूसरे और मेधिन बेजेने तीसरे स्थान पर रहीं। एलीट रेस में निरमाबेन ठाकोर भरतजी प्रथम, रेशमा केवटे द्वितीय और श्यामली सिंह तृतीय रहीं। हाफ मैराथन में सावन बरवाल ने स्वर्ण, किरण मात्रे ने रजत और मोहन सैनी ने कांस्य पदक जीता। हाफ मैराथन में अमृता पटेल ने पहला स्थान हासिल किया। पूनम सोनोन ने रजत और कविता यादव ने कांस्य पदक जीता।



# सात्विक-चिराग हारे, दक्षिण कोरिया की जोड़ी बनी चैंपियन

### इंडिया ओपन फाइनल में कैंग-सियो की जोड़ी से करना पड़ा हार का सामना

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत के सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी को कैंग मिन ह्युक और सियो सेयुंग जेइ की दक्षिण कोरिया की विश्व चैंपियन जोड़ी के खिलाफ रविवार को पुरुष युगल फाइनल में पहला गेम जीतने के बावजूद हार के साथ इंडिया ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में उप विजेता बनकर संतोष करना पड़ा। सात्विक और चिराग की एशियाई खेलों और राष्ट्रमंडल खेलों की स्वर्ण पदक विजेता जोड़ी को फाइनल में कैंग और सियो की जोड़ी से 21-15, 11-21, 18-21 से हार का सामना करना पड़ा।

कैंग और सियो के खिलाफ अच्छी शुरुआत करने के बाद भारतीय जोड़ी ने लय गंवा दी और लगातार सहज गलतियां की, जिसका खामियाजा मेजबान जोड़ी को खिताब गंवाकर चुकाना पड़ा। भारत और कोरिया की जोड़ी के बीच शुरुआत से ही कड़ी टक्कर देखने को मिली। सात्विक और चिराग ने पहले तीन अंक शटल को नेट के पार कराने में नाकाम रहने के कारण गंवाए। सात्विक ने शुरुआत में काफी गलतियां की जिससे कैंग और सियो को कुछ आसान अंक मिले। खेल की गति काफी तेज थी इसलिए गलती की गुंजाइश भी काफी कम थी।



**ब्रेक के बाद खोई लय**

सात्विक और चिराग ब्रेक तक 11-9 से आगे रहे। ब्रेक के बाद भारतीय जोड़ी ने स्कोर 13-9 किया और फिर बढ़त बरकरार रखते हुए इसे 18-13 किया।चिराग के स्मैश से भारतीय जोड़ी ने छह गेम प्वाइंट हासिल किए। कोरिया की जोड़ी ने एक अंक बचाया लेकिन फिर चिराग के शॉट को वापस भेजने में नाकाम रही, जिससे सात्विक-चिराग ने पहला गेम 18 मिनट में 21-15 से जीत लिया। दूसरे गेम में कोरिया की जोड़ी ने बेहतर शुरुआत करते हुए 5-1 की बढ़त बनाई। चिराग ने अपने तूफानी स्मैश से दो अंक जुटाकर स्कोर 4-6 किया। सात्विक और चिराग ने इस बीच कुछ शॉट बाहर और नेट पर मारे जिससे कैंग और सियो ब्रेक तक 11-5 की मजबूत बढ़त बनाने में सफल रहे।

**गलतियों पर अंकुश नहीं लगा पाई भारतीय जोड़ी**

सात्विक और चिराग गलतियों पर अंकुश नहीं लगा पा रहे थे और कोरिया की जोड़ी ने लगातार नौ अंक के साथ स्कोर 16-5 किया और फिर आसानी से गेम जीतकर मुकाबला 1-1 से बराबर कर दिया। तीसरे और निर्णायक गेम में भी सात्विक और चिराग ने लगातार सहज गलतियां कीं, जिससे कैंग और सियो ने 6-3 की बढ़त बनाई। सात्विक और चिराग ने कई शॉट नेट पर और बाहर मारे, जबकि विरोधी जोड़ी को नेट से पीछे भी नहीं धकेल पाए। कोरियाई जोड़ी ब्रेक तक 11-6 से आगे रही। भारतीय जोड़ी ने ब्रेक के बाद वापसी करते हुए स्कोर 10-12 किया लेकिन कोरिया की जोड़ी लगातार अंक जुटाकर बढ़त बरकरार रखने में सफल रही। कोरिया की जोड़ी ने दो चैंपियनशिप प्वाइंट हासिल किए जब सात्विक ने शटल को बाहर मार दिया और फिर चिराग ने नेट पर शॉट मारकर खिताब कैंग और सियो की झोली में डाल दिया।

## शी युकी-ताइ जू ने जीता एकल खिताब

**नई दिल्ली, एजेंसी**

चीन के दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी शी युकी और चीनी ताइपे की दुनिया की तीसरे नंबर की खिलाड़ी ताइ जू यिंग ने रविवार को फाइनल में सीधे गेम में जीत के साथ इंडिया ओपन सुपर 750 बैडमिंट टूर्नामेंट का पुरुष और महिला एकल का खिताब जीता। युकी ने फाइनल में हांगकांग के ली च्युक यीयू को 54 मिनट में 23-21, 21-17 से हराकर दूसरी बार इंडिया ओपन जीता।

ताइ जू को चीन की ओलंपिक चैंपियन और दुनिया की दूसरे नंबर की खिलाड़ी चेन यू फेई को सीधे गेम में हराने के दौरान अधिक पसीना नहीं बहाना पड़ा। तोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता और चौथी वरीय ताइ जू ने दूसरी वरीय यू फेई को 41 मिनट में 21-16, 21-12 से हराकर खिताब अपने नाम किया। टूर्नामेंट में ताइ जू यिंग के दबदबे का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि उन्होंने पूरे टूर्नामेंट के दौरान एक भी गेम नहीं गंवाया। यू फेई ने भी फाइनल से पहले कोई गेम नहीं गंवाया था लेकिन चीनी ताइपे की खिलाड़ी के आगे वह बेबस नजर आईं।




शी युकी। • एजेंसी

**ताइ जू को चीन की चेन यू फेई को हराने के लिए करनी पड़ी काफी मशक्कत**

## खेल डायरी

### एमबापे के गोलों की मदद से जीता पीएसजी



**पेरिस।** किलियान एमबापे ने दो गोल करने में मदद की और दो गोल दागे, जिससे पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने शनिवार को ओरलियांस को 4-1 से हराकर फ्रेंच कप के राउंड 16 में प्रवेश किया। एमबापे ने 16वें और 62वें मिनट में दो गोल दागे, जिससे इस सत्र के 26 मैच में उनके गोल की संख्या 28 हो गई। फिर एमबापे ने 71वें मिनट में क्रास से गोंकालो रामोस को और 88वें मिनट स्थानापन्न मिडफील्डर सेनी मायुलु को गोल करने में मदद की। अनुभवी स्ट्राइकर विसाम बेन येडर की हैट्रिक की बदौलत मोनाको ने रोडेज पर 3-1 की जीत से पीएसजी के साथ अगले दौर में प्रवेश किया लेकिन 2022 के विजेता नानटेस को लावाल से 0-1 से हार का सामना करना पड़ा। राउंड 32 के अन्य मुकाबले में नाइस ने बोर्डेक्स पर 3-2 से जीत हासिल की। ब्रेस्ट ने भी ट्रेलिसाच पर 2-1 की जीत से अगले दौर में प्रवेश किया।

### मैग्डेलेना को हराकर कोको क्वार्टर फाइनल में

**मेलबर्न।** अमेरिकी टेनिस स्टार कोको गॉफ रविवार को महिला एकल मुकाबले में मैग्डेलेना फ्रेच को सीधे सेटों में 6-1, 6-2 से हराकर पहली बार ऑस्ट्रेलियन ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई है। कोको का अगला मुकाबला पहली बार ग्रैंड स्लैम क्वार्टर फाइनलिस्ट यूक्रेन की मार्टा कोस्त्युक से होगा। कोस्त्युक ने रविवार को किआ एरेना में क्वालीफायर मारिया टिमोफीवा को 6-2, 6-1 से हराकर अंतिम आठ में पहुंची है। इसके साथ ही कोको ने सत्र में अपनी जीत के क्रम को जारी रखा है। अमेरिकी खिलाड़ी ने वर्ष के पहले सप्ताह में अपने ऑकलैंड खिताब का सफलतापूर्वक बचाव किया और अब 2024 में अब तक 9-0 शुरुआत को बरकरार रखा है।



### नोवाक जोकोविच की लगातार 32वीं जीत

**मेलबर्न।** सर्बिया के नोवाक जोकोविच पुरुष एकल मुकाबले में एड्रियन मन्नारिनो को 6-0, 6-0, 6-3 से हराकर 14वीं बार ऑस्ट्रेलियन ओपन के क्वार्टरफाइनल में पहुंच गए हैं। इस जीत के साथ ही जोकोविच ने मन्नारिनो के खिलाफ अपने अजेय रिकॉर्ड को 5-0 कर दिया। यह मेलबर्न पार्क में बाएं हाथ के खिलाड़ियों के खिलाफ अपने अपराजित रिकॉर्ड में एक और का इजाफा करते हुए 11-0 कर दिया है और यह उनकी लगातार 32वीं ऑस्ट्रेलियाई ओपन जीत है। इस जीत के साथ वह अपने 58वां ग्रैंड स्लैम क्वार्टरफाइनल में पहुंच गए। जोकोविच ने फ्रांसीसी खिलाड़ी को हराकर दुनिया के नंबर वन खिलाड़ी रोजर फेडरर के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है।



### डैन लॉरेंस इंग्लैंड टीम में, ब्रुक स्वदेश लौटे

**लंदन।** इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने रविवार को घोषणा की कि हैरी ब्रुक भारत के खिलाफ पांच मैच की टेस्ट श्रृंखला में नहीं खेलेंगे और उनकी जगह मध्यक्रम बल्लेबाज डैन लॉरेंस को टीम में शामिल किया गया है। ब्रुक निजी कारणों से तुरंत स्वदेश लौट जाएंगे। ईसीबी ने कहा कि लॉरेंस सोमवार को टीम से जुड़ेंगे।

### आईटीएफ ओपन : दार्जा सेमिनिस्टाजा बनी चैंपियन

**बेंगलुरु।** लाटविया की शीर्ष वरीयता प्राप्त दार्जा सेमेनिस्टाजा ने रविवार को आईटीएफ महिला ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में छठी वरीयता प्राप्त फ्रांस की कैरोल मोनेट को हराकर खिताब जीता। लाटविया की खिलाड़ी ने पहला सेट 6-1 से जीता और दूसरे सेट में जब वह 3-0 से आगे चल रही थी तब फ्रांसीसी खिलाड़ी ने पीठ की चोट के कारण मैच से हटने का फैसला किया। यह 21 वर्षीय दार्जा का 15वां आईटीएफ खिताब है। उन्होंने शनिवार को युगल खिताब भी जीता था।

## रवि दहिया ने ग्रैंड प्रिक्स डी फ्रांस में जीता कांस्य पदक

**नीस, एजेंसी**



**कुश्ती**

टोक्यो ओलंपिक के रजत पदक विजेता रवि कुमार दहिया ने ग्रैंड प्रिक्स डी फ्रांस हेनरी डेग्लेन 2024 कुश्ती टूर्नामेंट में कांस्य पदक जीता है। शनिवार को फ्रांस के नीस में पुरुषों के 61 किग्रा फ्रीस्टाइल वर्ग के कांस्य पदक मुकाबले में भारत के स्टार पहलवान रवि दहिया ने कजाकिस्तान के कैरात अमिरतायेव के खिलाफ 10-4 से जीत दर्ज की। हालांकि दहिया पहले मिनट में 2-4 से पिछड़ गए लेकिन उन्होंने अपने अनुभव का इस्तेमाल करते हुए मुकाबला जीत लिया।

इससे पहले दहिया ने 16वें राउंड में तकनीकी श्रेष्ठता (13-2) के आधार पर जर्मनी के जूलियन जिंसर को हराया, इसके बाद क्वार्टर फाइनल में कजाकिस्तान के जंगार काबिलबेकोव को 12-6 से हराया। भारतीय पहलवान को सेमीफाइनल में फ्रांस के अरमान एलॉयन के खिलाफ 6-3 से हार का सामना करना पड़ा और वह कांस्य पदक मुकाबले में पहुंच गए।

## गुकेश ने वार्मरडैम को हराया

**विज्क आन जी (नीदरलैंड)।** भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए रविवार को टाटा स्टील मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट के सातवें दौर में नीदरलैंड के मैक्स वार्मरडैम को हराकर लगातार तीसरी जीत हासिल की, जिससे वह संयुक्त बढ़त पर पहुंच गए।



**गुकेश की टाटा स्टील मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट में लगातार तीसरी जीत**

इस जीत से गुकेश ने संभावित सात में से 4.5 अंक हासिल कर लिए हैं और अब वह उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तारोव और नीदरलैंड के अनीश गिरी के साथ संयुक्त बढ़त पर हैं। भारत के एक अन्य खिलाड़ी विदित गुजराती ने फ्रांस के फिरोजा अलीरेजा को हराकर टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत दर्ज की। इस जीत से गुजराती के चार अंक हो गए हैं और वह हमवतन आर प्रज्ञाननंदा और अलीरेजा के साथ संयुक्त चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं। प्रज्ञाननंदा ने नीदरलैंड के जॉर्डन वान फॉरेस्ट के साथ ड्रॉ खेला, लेकिन गिरी को अब्दुसत्तारोव के हाथों हार का सामना करना पड़ा।

## रेजा-गुरजोत को टीम स्पर्धा में कांस्य

**कुवैत सिटी, एजेंसी**

भारत के लिए पेरिस ओलंपिक कोटा हासिल करने वाली युवा निशानेबाज रेजा ढिल्लों ने रविवार को गुरजोत खंगुरा के साथ मिलकर स्कीट मिश्रित टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीता जो उनका एशिया ओलंपिक क्वालीफिकेशन शॉटगन प्रतियोगिता में तीसरा पदक है। भारतीय जोड़ी ने अब्दुल्ला अलराशिदी और इमान अल शमा की स्थानीय जोड़ी को 41-39 से हराया।

शनिवार को रेजा ने महिलाओं के स्कीट व्यक्तिगत वर्ग में रजत पदक जीतकर पेरिस ओलंपिक का कोटा हासिल किया था। पुरुष स्कीट में यही कारनामा अनंतजीत सिंह नरूका ने किया था। रेजा ने इसके अलावा महिला स्कीट टीम स्पर्धा में भी स्वर्ण पदक जीता था। भारत ने इस तरह से एक स्वर्ण पदक, तीन रजत पदक और चार कांस्य पदक जीतकर तालिका में चौथे स्थान पर रहते हुए अपने अभियान का अंत किया। स्कीट मिश्रित टीम स्पर्धा को पहली बार ओलंपिक में शामिल किया गया है और भारतीयों ने इससे पहले इस स्पर्धा में अच्छा प्रदर्शन किया।





**निशानेबाजी**

रेजा और गुरजोत ने क्वालिफिकेशन में 150 में से 138 अंक बनाए और आखिर में कांस्य पदक के मुकाबले में अपनी जगह बनाई। भारतीय जोड़ी ने इस मुकाबले में अच्छी शुरुआत की और पहली दो सीरीज के बाद वह बढ़त पर थी। कुवैत की टीम ने इसके बाद अच्छी वापसी की लेकिन पांचवीं सीरीज में उसका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा, जबकि भारतीय जोड़ी ने अपने चारों निशाने सही लगाए। छठी सीरीज में दोनों जोड़ियां बराबरी पर रही।



# बॉलीवुड हलचल

## फिल्म सितारे जमीन पर की शूटिंग फरवरी में शुरू करेंगे आमिर खान

बॉलीवुड अभिनेता आमिर खान अपनी आने वाली फिल्म सितारे जमीन पर की शूटिंग फरवरी में शुरू कर सकते हैं। आमिर खान ने फिल्म लाल सिंह चड्ढा की फ्लॉप के बाद से फिल्मों से दूरी बना ली थी। आमिर बहुत जल्द फिल्मों में वापसी करने जा रहे हैं। बेटी आइरा खान की शादी के बाद अब आमिर खान पूरी तरह से अपने कॅरिअर की तरफ ध्यान देने वाले हैं। चर्चा कि आमिर 2 फरवरी से फिल्म सितारे जमीन पर की शूटिंग शुरू कर सकते हैं। इसके लिए आमिर खान ने अपना लुक भी तय कर लिया है। कहा जा रहा है कि फिल्म सितारे जमीन पर की अधिकांश शूटिंग आमिर खान दिल्ली में करने वाले हैं। आमिर खान बतौर निर्माता फिल्म लाहौर 1947 बनाने जा रहे हैं। इस फिल्म के काम की शुरुआत भी आमिर अगले महीने से कर सकते हैं। राजकुमार संतोषी के निर्देशन में बनने वाली लाहौर 1947 में सन्नी देओल की मुख्य भूमिका होगी।



### फिल्म कलाकंद यूट्यूब पर रिलीज

भोजपुरी अभिनेता दिनेशलाल यादव निरहुआ और अभिनेत्री आम्रपाली दुबे की फिल्म कलाकंद यूट्यूब पर रिलीज हो गई है। फिल्म में निरहुआ एक ऐसे युवक का किरदार निभा रहे हैं, जो किसी फर्म में नौकरी करता है लेकिन उसके पिता की मृत्यु हो जाती है। पिता का सपना था कि उनकी कलाकंद की दुकान फिर चालू हो लेकिन लाखों का कर्ज चुकाए बिना नहीं खोल सकता है।

### आलिया जॉय अवॉर्ड्स से सम्मानित

सऊदी अरब के रियाद में जॉय अवॉर्ड्स में आलिया भट्ट को मानद मनोरंजन निर्माता के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार उन्हें शनिवार को आयोजित समारोह में दिया गया। आलिया ने इंस्टाग्राम पर पुरस्कार ग्रहण करने के दौरान का एक वीडियो पोस्ट किया। साथ ही कई तस्वीरें भी साझा की हैं।

## ईद पर अक्षय के सामने मैदान में होंगे अजय देवगन

इस साल अजय देवगन की बैक-टू-बैक कई फिल्मों की रिलीज होने वाली हैं। अजय देवगन की फिल्म मैदान की रिलीज की तारीख सामने आ गई है। कई बार रिलीज की तारीख बदलने के बाद अब फिल्म मैदान ईद पर रिलीज होगी। ईद पर ही अक्षय कुमार की फिल्म बड़े मियां छोटे मियां भी सिनेमाघरों में रिलीज होगी। ऐसे में दोनों फिल्में एक-दूसरे को सीधी चुनौती देती नजर आएंगी। ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श ने एक्स पर ट्वीट कर मैदान की रिलीज की तारीख का खुलासा किया है। उनके मुताबिक अमित शर्मा के डायरेक्शन में बनी अजय देवगन फिल्म मैदान ईद पर रिलीज होने वाली है। इस फिल्म को बोनी कपूर और जी स्टूडियो प्रोड्यूस कर रहे हैं।



### फुटबॉल कोच सैयद अब्दुल रहीम की जिंदगी पर आधारित है फिल्म

अजय देवगन की फिल्म मैदान फुटबॉल कोच सैयद अब्दुल रहीम की जिंदगी पर आधारित है। सैयद अब्दुल रहीम 1950 से 1963 तक भारतीय राष्ट्रीय फुटबॉल टीम के साथ जुड़े रहे। फिल्म में अजय देवगन फुटबॉल कोच सैयद अब्दुल रहीम का किरदार निभाएंगे। अजय देवगन के वर्क फ्रंट की बात करें तो साल 2024 में उनकी मैदान, शैतान, औरों में कहां दम था, सिंघम अगेन, रेड 2 जैसी फिल्में सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

## रोहित ने शाहरुख से मनमुटाव की खबरों को किया खारिज

शाहरुख खान के साथ चेन्नई एक्सप्रेस और दिलवाले जैसी हिट फिल्में देने के बाद निर्माता रोहित शेट्टी ने कभी किंग खान के साथ दोबारा काम नहीं किया। ये दोनों दोबारा कब साथ काम करेंगे इसके दूर-दूर तक कोई आसार नजर नहीं आ रहे हैं। इस बीच रोहित शेट्टी और शाहरुख खान के बीच मनमुटाव की खबरें भी काफी सुर्खियों में रही थीं। इन पर खुद कभी दोनों सितारों ने कोई सफाई नहीं दी। अब हाल ही में एक एंटरटेनमेंट पोर्टल के साथ बातचीत के दौरान रोहित शेट्टी ने इन खबरों पर रिएक्ट किया है।

एक इंटरव्यू में फैन के सवाल पर रोहित शेट्टी से किंग खान के साथ हुए विवाद को लेकर पूछा तो उन्होंने हंसते हुए कहा कि ऐसा कुछ नहीं है। उन्होंने कहा कि कोई अच्छी कहानी मिलने पर उनके साथ काम जरूर करूंगा। रोहित शेट्टी और शाहरुख खान की फिल्म दिलवाले की रिलीज के वक्त चर्चा थी कि दोनों के बीच किसी मुद्दे पर मतभेद हुआ है। फिल्म भी सिनेमाघरों से अच्छा प्रदर्शन नहीं किया था। बताया जाता है कि इसी वजह से दोनों ने फिर कभी साथ काम नहीं किया।



### फिल्म फाइटर के कई सीन पर चली कैंची

ऋतिक रोशन की फिल्म 'फाइटर' 25 जनवरी को रिलीज होगी। इस फिल्म के कुछ सीन पर कैंची चली है। फिल्म में पहला, धूम्रपान विरोधी संदेश को हिंदी में बताने के लिए कहा गया है। दूसरा, एक अपमानजनक शब्द के दो डायलॉग में म्यूट कर दिया या बदल दिया गया। तीसरा, सेशुअस सीन हटा दिए गए हैं। चौथा, एक टीवी न्यूज के सीन के 25 सेकेंड के ऑडियो को हटाकर 23 सेकेंड का ऑडियो लगाया गया।

### हनु-मैन के मेकर्स ने राम मंदिर में किया दान

फिल्म हनु-मैन इन दिनों चर्चा में है। प्रशांत वर्मा के डायरेक्शन में बनी यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर जमकर कमाई कर रही है। फिल्म के मेकर्स ने हाल ही में अयोध्या में राम मंदिर के लिए प्रत्येक टिकट की बिक्री पर पांच रुपये देने का वादा किया था। इस हिसाब से मेकर्स ने अयोध्या में राम मंदिर के लिए 2.66 करोड़ रुपये से ज्यादा का दान किया है।

### अनन्या पांडे को मिली नई फिल्म

अनन्या पांडे हाल ही में फिल्म खो गए कहां हम में नजर आई थीं। उनकी ये फिल्म ओटीटी पर रिलीज हुई थी। अब अनन्या पांडे के हाथ एक फिल्म लगी है। वह डायरेक्टर विक्रमादित्य मोटवानी की फिल्म साइबर थ्रिलर में नजर आएगी और शुरुआती तौर पर इसका नाम क्रंट्रोल होगा। अनन्या पांडे ने बताया है कि जब उन्हें फिल्म का हिस्सा बनने के बारे में पता चला तो वह शॉक्ड रह गईं।




स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित। संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharlucknow@gmail.com आर.एन.आई नं0-50986/1989 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

# चकाचौंध अयोध्या के रंग में भाव-विभोर देश






राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह की पूर्व संध्या पर नई दिल्ली में गुलजार हुआ जनपथ बाजार।



नागपुर में राम मंदिर अभिषेक समारोह की पूर्व संध्या पर भगवान श्रीराम और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विशाल रंगोली तैयार करता युवक।



## वीआईपी ड्यूटी के दौरान पहली बार सूट-बूट में दिखाई देंगे जवान

रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर देश भाव-विभोर है। मंदिरों को फूलों से सजाया गया है। चकाचौंध अयोध्या के रंग में पूरा देश जगमगाने लगा है। रामलला के दर्शन के लिए रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की पूर्व संध्या पर श्रद्धालुओं के जत्थे आना शुरू हो गए हैं। समारोह के दौरान सुरक्षाकर्मी अलग-अलग स्थानों पर सुरक्षा जिम्मा संभाले हुए हैं। बीआईपी अतिथियों की सुरक्षा का जिम्मा संभालने वाले 300 जवान पहली बार सूट-बूट में दिखाई देंगे। हमेशा खाकी वर्दी में सुरक्षा का जिम्मा संभालने वाली पुलिस पहली बार अयोध्या में समारोह में बदली नजर आएगी। वीआईपी ड्यूटी के दौरान ये गहरा नीला कोट, आसमानी नीली शर्ट और से रंग की पेंट पहनेंगे।

## अयोध्या में सूरत के हीरा व्यापारी ने 101 किलोग्राम सोना दान किया



सूरत गुजरात-मुंबई में हीरा कारोबार करने वाले लाखी परिवार ने अयोध्या में श्रीराम मंदिर के दरवाजों के लिए 101 किलोग्राम सोना अर्पित किया है। इससे पहले लाखी परिवार सोमनाथ ज्योर्तिलिंग महादेव मंदिर में 110 किलोग्राम स्वर्ण दान कर चुका है। इससे सोमनाथ मंदिर के गर्भगृह, त्रिशूल, नागदंश, स्तंभ और दरवाजों को मढ़ा गया है।

## रामनगरी में भक्तों का सैलाब, अयोध्या छावनी बना

**अयोध्या।** आज अयोध्या में होने वाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले भगवान रामलला के दर्शन के लिए रविवार तड़के से श्रद्धालुओं के जत्थे आना शुरू हो गए हैं। सुबह से लेकर रात तक अयोध्या के राम पथ, भक्ति पथ, धर्म पथ सहित सभी गलियां राम भक्तों से गुलजार रहीं। इसी बीच, प्रशासन ने सुरक्षा बंदोबस्त बढ़ा दिए हैं। अयोध्या की सुरक्षा को लेकर प्रशासन अलर्ट मोड पर है। ऐसा लग रहा है पूरी अयोध्या छावनी में तब्दील हो गई है। अयोध्या के सभी चौराहों से लेकर मंदिरों के बाहर भारी संख्या में सुरक्षाकर्मी तैनात गए है। एटीएस से लेकर कमांडों तक सुरक्षा में लगे हुए हैं। एटीएस की गाड़ियां दिनभर मुख्य बाजारों में चक्कर लगाती हुई दिखीं। आरएएफ की महिला कमांडो भी तैनात हैं। अयोध्या में सेना के हेलीकॉप्टर से निगरानी की जा रही है। लता मंगेशकर चौराहे से लेकर हनुमान गढ़ी तक लोगों का काफिला चला जा रहा है। बाहरी गाड़ियों को इन रास्तों पर आने से रोक लग दी गई है। जिसके पास परमिशन है, केवल उन्हीं वाहनों को प्रवेश दिया जा रहा है।

## एक नजर

### रामलला प्राण प्रतिष्ठा: गोवा में आज सभी कसीनो रहेंगे बंद

**पणजी।** अयोध्या में भव्य राम मंदिर समारोह को लेकर गोवा में आज सभी कसीनो बंद रहेंगे। बता दें कि, राज्यों ने ड्राई डे तो किसी ने शैक्षणिक संस्थानों की छुट्टी का एलान कर दिया है। इसी क्रम में, गोवा में सभी कसीनो को आठ घंटे के लिए बंद रखने का फैसला लिया गया है। मैजेस्टिक प्राइड ग्रुप के निदेशक श्रीनिवास नायक ने कहा कि राम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा के सम्मान में गोवा में कसीनो के बंद रहने का फैसला किया है। बता दें, गोवा सरकार ने उत्तर प्रदेश के अयोध्या शहर में राम मंदिर अभिषेक समारोह के अवसर पर सभी सरकारी, अर्ध-सरकारी और स्वायत्त निकायों के लिए सोमवार को पहले ही अवकाश की घोषणा कर दी है।

### विश्व की भलाई के लिए भारत और अमेरिका संबंध महत्वपूर्ण: संधू

**वाशिंगटन।** अमेरिका में भारत के निवर्तमान राजदूत तरनजीत सिंह संधू ने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच संबंध न केवल दोनों देशों के लिए बल्कि पूरी दुनिया की भलाई के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं।



उन्होंने कहा कि इस साझेदारी को मजबूत करने में भारतीय समुदाय की महत्वपूर्ण भूमिका है। अमेरिका के प्रतिष्ठित भारतवंशियों के एक समूह को शनिवार को संबोधित करते हुए संधू ने उनसे यह सुनिश्चित करने का अनुरोध किया कि वे नियमित आधार पर भारत की यात्रा करते रहें। अपने 35 साल के शानदार करियर के बाद इस महीने के अंत में भारतीय विदेश सेवा से सेवानिवृत्त हो रहे संधू ने डिजिटल विदाई समारोह में करीब 200 भारतीय-अमेरिकियों को संबोधित किया।

# इजराइली हमले में 178 की मौत

## गाजा: 24 घंटे में 300 से ज्यादा लोग घायल, अब तक मृतकों का आंकड़ा 25 हजार पार

**गाजा, एजेंसी**

इजराइल और हमास का हिंसक संघर्ष पिछले साल शुरू हुआ था। सात अक्टूबर 2023 को इजराइल पर हमास के हमले के बाद इजराइल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) के जवान गाजा पट्टी पर हमास के आतंकी ठिकानों पर लगातार बमबारी कर रहे हैं।

हिंसक संघर्ष में पिछले 107 दिनों में 25 हजार से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक पिछले 24 घंटे में 178 लोगों की मौत हो चुकी है। शव बरामद होने के अलावा 300 से अधिक लोगों के घायल होने की खबर भी सामने आई है। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने रविवार को कहा कि इस्राइल और हमास शासकों के बीच तीन महीने से अदिक समय से युद्ध हो रहा है। हजारों फिलिस्तीन लोगों की मौत हुई है। आंकड़ा 25 हजार से अधिक हो चुका है।

### रूस नियंत्रित यूक्रेन में बड़ा हमला, मिसाइल अटैक में 13 की मौत



**कीव।** रूस के नियंत्रण वाले यूक्रेन के दोनेस्क शहर में रविवार को बड़ा मिसाइल हमला हुआ। यह हमला दोनेस्क के बाहरी इलाके में स्थित एक बाजार में हुआ। इस हमले में कम से कम 13 लोगों की मौत की खबर है। हमले में 10 लोग घायल भी हुए हैं। दोनेस्क के प्रशासनिक प्रमुख डेनिस पुशिलिन ने बताया कि यह हमला तेक्सतिलश्चिक इलाके में हुआ। डेनिस पुशिलिन ने आरोप लगाया कि यह हमला यूक्रेनी सेना की तरफ से किया गया। कीव ने अभी तक इस हमले को लेकर कोई बयान नहीं दिया है। वहीं हमले के बाद घटनास्थल पर राहत और बचाव कार्य जारी हैं। रविवार को रूस के यूएसटी-लुगा बंदरगाह पर एक केमिकल ट्रांसपोर्ट टर्मिनल में भी आग लग गई। स्थानीय मीडिया का दावा है कि यूक्रेन के ड्रोन हमले की वजह से एक गैस टैंक में विस्फोट हो गया और आग लग गई। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, जिस जगह आग लगी, उस पर रूस की दूसरी सबसे बड़ी प्राकृतिक गैस उत्पादन करने वाली कंपनी नोवाटेक का स्वामित्व है। इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है, लेकिन घटना के बाद पूरे इलाके को हाई अलर्ट पर रखा गया है।

### नाटो के युद्धाभ्यास में 90 हजार सैनिक होंगे शामिल, रूस ने जताया विरोध

**मॉस्को।** रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध को दो साल से अधिक वक्त हो गया है। इस जंग के बीच नाटो द्वारा सबसे बड़ा युद्धाभ्यास शुरू होने वाला है। कोल्ड वॉर के बाद ये सबसे बड़ा युद्धाभ्यास होगा, जिसमें करीब 90 हजार सैनिक शामिल होंगे। इस युद्धाभ्यास को लेकर रूस के उप विदेश मंत्री अलेक्जेंडर ग्रुश्को ने विरोध जताया है। उन्होंने कहा कि नाटो गठबंधन का युद्धाभ्यास कोल्ड वॉर योजनाओं की वापसी का प्रतीक है। ग्रुश्को ने कहा कि ये युद्धाभ्यास पश्चिमी देशों द्वारा रूस के खिलाफ छेड़ा गया हाइब्रिड युद्ध का एक और प्रमाण है। उन्होंने कहा कि ये युद्धाभ्यास शीत युद्ध की योजनाओं का वापसी का प्रतीक है। इस युद्धाभ्यास को रूस के साथ टकराव के लिए तैयार किया जा रहा है। हालांकि, रूस ने अपने इस युद्धाभ्याल को लेकर रूस का कोई जिक्र नहीं किया है। नाटो ने गुरुवार को कहा कि वह शीत युद्ध के बाद से अपना सबसे बड़ा युद्धाभ्यास शुरू कर रहा है।

## फ्रांस के राष्ट्रपति के साथ जयपुर में रोड शो करेंगे पीएम मोदी

**नई दिल्ली।** फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों गणतंत्र दिवस परेड में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने भारत आ रहे हैं। उनका पहला पड़ाव जयपुर है। उनके स्वागत के लिए पीएम मोदी मौजूद होंगे। मोदी मैक्रों के साथ यहां रोड शो करेंगे।



साथ ही किसी राजमहल में शाही अंदाज में फ्रेंच राष्ट्रपति के लिए भोज का आयोजन होगा। परेड में हिस्सा और मैक्रों की आधिकारिक लेने के बाद मोदी बातचीत होगी। इससे पहले मोदी की फ्रांस यात्रा के दौरान भारतीय नौसेना के रफाल-मरीन फाइटर जेट के सौदे पर सहमति बनी थी। यह 50 हजार करोड़ रुपए की डील है। वायु सेना भी 114 सिंगल इंजन फाइटर प्लेन लेने की इच्छुक है, लेकिन शर्त है कि ये लड़ाकू विमान भारत में बने होने चाहिए। इसके लिए रफाल बनाने वाली फ्रांस की दासौ कंपनी इनकी असेंबलिंग भारत में करने का प्रस्ताव दे रही है। मैक्रों की भारत यात्रा इस लिहाज से भी अहम है।

## विदेशी कॉल से सतर्क रहें, गृह मंत्रालय ने जारी किया अलर्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी**




▶▶ ऑनलाइन जालसाजों को लेकर पुलिस थिंक टैंक ने जारी की चेतावनी

सोशल मीडिया मैसेजिंग प्लेफॉर्म व्हाट्सएप पर होने वाले कई घोटालों के खिलाफ केंद्रीय गृह मंत्रालय के तहत काम करने वाले पुलिस थिंक टैंक ने सलाह और चेतावनी जारी की है। ब्यूरो ऑफ पुलिस रिसर्च एंड डेवलपमेंट (बीपीआरडी) ने सात तरह की ऐसी धोखाधड़ी की पहचान की है।

जिसमें मिस्ड कॉल, वीडियो कॉल, नौकरी की पेशकश और निवेश योजनाओं के नाम पर धोखाधड़ी, अपहरण और स्क्रीन शेयर शामिल हैं। आठ पेज की एडवाइजरी में कहा गया कि हाइजैकिंग घोटाले के हिस्से के रूप में घोटालेबाज पीड़ित के व्हाट्सएप खाते तक अनधिकृत पहुंच बनाते हैं और उनसे संपर्क कर पैसे की डिमांड करते हैं। यहां तक कि कुछ लोगों को अज्ञात नंबरों से व्हाट्सअप वीडियो कॉल भी आते हैं, आपत्तिजनक वीडियो बनाकर धमकाने के लिए इस्तेमाल किया जाता है। साथ ही ब्लैकमेल के बदले पैसे मांगते हैं। बीपीआरडी गृह मंत्रालय के तहत पुलिसिंग विषयों पर एक थिंक टैंक है। गौरतलब है कि प्रौद्योगिकी प्रमुख मेटा के स्वामित्व वाले प्लेटफॉर्म द्वारा लाए गए सुरक्षा सुविधाओं के बारे में जनता को विज्ञापन देने के लिए हाल ही में कई संदेश अभियान शुरू किए हैं।

बीपीआरडी ने कहा कि ज्यादातर वियतनाम, केन्या, इथियोपिया और मलेशिया से संबंधित देश कोड से शुरू होने वाले नंबरों से किए गए मिस्ड कॉल के जरिए हैकर्स उपयोगकर्ताओं को ढूंढने के लिए 'कोड स्क्रिप्टेड बॉट' का उपयोग करते हैं और फिर उन्हें विभिन्न साइबर खतरों के लिए लक्षित करते हैं। खास बात है कि घोटाले बाज एक फ्रॉड कॉल करके सीईओ या वरिष्ठ अधिकारी होने का दावा करते हैं, जिसके कारण पीड़ित व्यक्ति झांसे में आकर वित्तीय लेन-देन में फंस जाता है।

## अफगानिस्तान: बदख्शां में विमान हुआ क्रैश, बाल-बाल बचे यात्री


**इस्लामाबाद, एजेंसी**

▶▶ थाईलैंड से रूस जा रहे एयरक्राफ्ट में सवार थे छह लोग हताहत होने की सूचना नहीं

अफगानिस्तान के बदख्शां प्रांत में रविवार को एक यात्री विमान क्रैश होगा है। भारत के नागर विमानन महानिदेशालय के अधिकारियों ने विमान के भारत का होने से इनकार किया और बताया कि यह मोरक्को में रजिस्टर्ड डीएफ10 एयरक्राफ्ट था। फिलहाल हादसे में हताहतों की संख्या की जानकारी नहीं है।

सरकार ने कहा है कि जो विमान अफगानिस्तान में क्रैश हुआ था, वह एक एयर एंबुलेस थी। यह विमान थाईलैंड से रूस जा रहा था और बिहार के गया में सिर्फ ईंधन भरवाने के लिए उतरा था। इस बीच रूस के विमानन अधिकारियों ने बताया है कि अफगानिस्तान में जो विमान क्रैश हुआ, वह शनिवार देर शाम रडार से गायब हो गया था। इसमें छह लोग सवार थे। यह विमान फ्रांस में बना दसॉ का फैल्कन 10 जेट था। यह चार्टर प्लेन भारत से उज्बेकिस्तान के रास्ते मॉस्को आ रहा था। दूसरी तरफ केंद्र सरकार ने भी इस क्रैश पर मामला स्पष्ट किया। इसमें कहा गया है कि अफगानिस्तान में दुर्भाग्यपूर्ण घटना में शामिल एयरक्राफ्ट एक चार्टर प्लेन है और यह मोरक्को में रजिस्टर्ड छोटा विमान है। इससे पहले अफगानिस्तान की सूचना मंत्रालय के प्रमुख ने बताया कि यह विमान कुरान-मुंजान और जिबाक जिले में तोपखाना की पहाड़ियों पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। जांच के लिए एक टीम को रवाना किया गया है। स्थानीय लोगों का दावा है कि यह विमान रविवार सुबह क्रैश हुआ है।

## शुष्क मौसम...



**जम्मू-कश्मीर:** घाटी में शुष्क मौसम के कारण गर्म दिन और ठंडी रातें हो रही हैं। रविवार को श्रीनगर में तापमान माइनस 4.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। आईएमडी के अनुसार, घाटी में पहलगाम और गुलमर्ग में माइनस 6.5 डिग्री सेल्सियस के साथ सबसे ठंडे स्थान रहा। 25-26 जनवरी तक बादल छाए रहने और अलग-अलग पहाड़ी हिस्सों में हल्का हिमपात होने की संभावना है। ● एजेंसी

## लिंग परिवर्तन कराने वाले पुलिस कांस्टेबल पिता बने



**मुंबई।** महाराष्ट्र के बीड जिले की पुलिस कांस्टेबल ललिता साल्वे जो सर्जरी के बाद पुरुष बन गए थे, वह अब पिता बने हैं। उनकी पत्नी ने 15 जनवरी को एक बेटे को जन्म दिया है।

बता दें कि 2013 में ललिता साल्वे ने अपने शरीर पर कुछ बदलाव महसूस किये थे। जिसके बाद उन्होंने डॉक्टर से संपर्क किया। डॉक्टर ने उनसे कहा कि उनके अंदर पुरुष के हार्मोन विकसित हो रहे हैं। उन्हें सर्जरी की सलाह दी गई। इसके बाद 2018 से 2020 के बीच उनकी 3 सर्जरी हुई और 2020 में उन्होंने शादी की।

## जागो तो एक बार हिंदू जागो तो... फडणवीस ने मंच पर गाया गीत

**नागपुर, एजेंसी**



▶▶ नागपुर के कार्यक्रम में डिप्टी सीएम व जमकर झूमे लोग

महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस शनिवार को नागपुर में आयोजित हुए एक कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान डिप्टी सीएम ने मंच से लोगों को संबोधित करते हुए राम जन्मभूमि आंदोलन के दौरान गाए जाने वाले गीत 'जागो तो एक बार हिंदू जागो तो' गाया।

इस गीत को सुनकर कार्यक्रम में मौजूद लोग जोश से भर गए और ताली बजाकर डिप्टी सीएम का उत्साहवर्धन करते नजर आए। इसका वीडियो भी सामने आया है। राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के लिए पूरा देश भक्ति में डूबा नजर आ रहा है। जगह-जगह धार्मिक कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं। नागपुर में भी इसी उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इस कार्यक्रम में डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस भी शामिल हुए। इस दौरान भक्ति गीत गाए गए। मशहूर गायक हंसराज रघुवंशी भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए।

राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा में अब कुछ ही घंटे का समय बाकी है। सोमवार को अयोध्या के राम मंदिर में भगवान रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा होते ही करोड़ों हिंदुओं का सपना पूरा हो जाएगा। रामलला के स्वागत के लिए अयोध्या नगरी सजकर तैयार है।

## उद्धव को मिला राम मंदिर कार्यक्रम का न्योता संजय ने जताई नाराजगी

**मुंबई।** शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के नेता उद्धव ठाकरे को राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह से शामिल होने के लिए स्पीड पोस्ट से आमंत्रण मिला है। यह आमंत्रण राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम से सिर्फ दो दिन पहले मिलने स्पीड पोस्ट से मिलने पर शिवसेना ने नाराजगी जताई है। पार्टी का कहना है कि अब भाजपा को बालासाहेब ठाकरे का नाम लेने का कोई अधिकार नहीं है।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, शिवसेना (यूबीटी) के नेता संजय राउत ने स्पीड पोस्ट से आमंत्रण मिलने पर नाराजगी जताते हुए कहा कि भगवान राम उन्हें (आमंत्रण भेजने वालों को) श्राप देंगे। संजय राउत ने कहा कि 'आप मशहूर हस्तियों और फिल्मी सितारों को विशेष निमंत्रण दे रहे हैं, जबकि उनका राम जन्मभूमि से कोई लेना-देना नहीं है।

**राम मंदिर अभिषेक** | एचजीएच संगठन के प्रमुख ने कहा इसका उद्देश्य सकारात्मक भावनाओं और सनातन वैदिक धर्म की ऊर्जा प्रेरित करना

# अमेरिका में लगा 300 फुट ऊंचा राम मंदिर का भव्य बिलबोर्ड

**ह्यूस्टन, एजेंसी**

अयोध्या में राम मंदिर के अभिषेक से पहले दुनिया भर में जश्न देखने को मिल रहा है। इस बीच श्रीराम के सार को बताने वाला एक भव्य बिलबोर्ड अमेरिका के ह्यूस्टन में लगाया गया है जो कि हजारों मोटर चालकों का ध्यान आकर्षित कर रही है।

ये बिलबोर्ड 300 फीट ऊंचा है जिसपर मंदिर के उद्घाटन की जानकारी दी गई है। ग्रीन कुंभ यात्रा और सेव राम सेतु अभियान की संस्थापक, लिविंग प्लैनेट फाउंडेशन की डॉ. कुसुम व्यास द्वारा बिलबोर्ड प्रोजेक्ट को डिजाइन किया गया है। बता दें कि हिंदूज ऑफ ग्रेटर ह्यूस्टन, (एचजीएच), एक प्रमुख संगठन है जिसका उद्देश्य सकारात्मक भावनाओं और सनातन वैदिक धर्म की ऊर्जा को साझा करके समुदाय को प्रेरित और प्रोत्साहित करना है। इसी संगठन ने बिलबोर्ड के लिए फंड दिया है और बिलबोर्ड को ह्यूस्टन के सबसे प्रीमियम लोकेशन पर स्थापित किया गया है। एचजीएच-वित्त पोषित बिलबोर्ड 21 जनवरी को गुजराती समाज ऑफ ह्यूस्टन (जीएसएच) में एक उत्सव आयोजित कर रहा है जिसमें सभी ह्यूस्टन वासियों को निमंत्रण दिया गया है। बिलबोर्ड को डिजाइन करने वाली डॉ. कुसुम व्यास ने पीटीआई को बताया कि इसका मुख्य उद्देश्य एक ऐसा बिलबोर्ड बनाना था जो श्री राम और अयोध्या के लोकाचार से आकर्षक और दृष्टिगत रूप से जुड़ा हो क्योंकि दोनों अविभाज्य हैं। उन्होंने कहा कि हमारा डिजाइन बिलबोर्ड को स्वागत योग्य बनाने और दिन के उजाले को अधिकतम करके श्री राम और अयोध्या के वास्तविक सार और पवित्रता को उजागर करने पर केंद्रित है।

व्यास ने कहा कि इतिहास में पहली बार, अमेरिका के एक प्रमुख शहर का आसमान प्रभु श्री रामजी से सुशोभित होगा और अनुमानित 1.5 मिलियन साप्ताहिक लोगों को पूरे एक महीने तक श्री राम और अयोध्या मंदिर के दर्शन का सौभाग्य मिलेगा। बता दें कि अमेरिका के कई अन्य मंदिरों वडताल धाम, श्री स्वामी नारायण हिंदू मंदिर में भारतीय अमेरिकी प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के साथ शुरू होने वाले उत्सव में भाग ले रहे हैं। इसमें हवन, भव्य परेड, हनुमान चालीसा पाठ, सांस्कृतिक कार्यक्रम और महा दीप आरती के साथ आतिशबाजी होगी। ग्रेटर ह्यूस्टन के हिंदू श्री राम मंदिर के जश्न में दीये जलाएंगे।

### अमेरिका के 1100 मंदिरों में रामचरितमानस और सुंदरकाण्ड पाठ का आयोजन शुरू

**न्यूयॉर्क।** अयोध्या में राम मंदिर के भव्य शुभारंभ पर दुनिया के अलग-अलग देशों में भी जश्न की तैयारियां शुरू हो गई हैं।



अमेरिका, यूके, कनाडा, फ्रांस, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड समेत दक्षिण अफ्रीका और गल्फ देशों में भी राम मंदिर के शुभारंभ पर पूजा पाठ, भजन कीर्तन और सुंदरकांड समेत रामचरितमानस के पाठ शुरू कर दिए गए हैं। अमेरिका में बसे भारतीयों के समूह ने यहां के सभी छोटे बड़े 1100 मंदिरों में सुंदरकांड और रामचरितमानस का पाठ भी शुरू कर दिया है। अमेरिका के "सुंदरकांड परिवार समूह" ने मंदिरों में सुंदरकांड का पूरा आयोजन किया है। अमेरिका के सुंदरकांड परिवार समूह के तरुण शर्मा कहते हैं उनके ग्रुप ने अमेरिका के 1100 मंदिरों में सुंदरकांड और रामचरितमानस पाठ शुरू कराया है। वह कहते हैं कि अमेरिका के सभी छोटे-बड़े मंदिर जो उनके समूह से जुड़े हैं वहां पर इस तरीके की तैयारी शुरू हुई है। इसके अलावा यहां के अलग-अलग प्रांत के भी मंदिरों में तमाम तरह के आयोजन किए जा रहे हैं। तरुण कहते हैं कि लॉस एंजेलिस के कुछ सार्वजनिक जगहों पर उनके समूह ने अनुमति लेकर राम मंदिर के शुभारंभ का लाइव प्रसारण करने की तैयारी की है।

## पाकिस्तान में और बढ़ेगी अशांति और अराजकता: इमरान

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व पीएम इमरान खान ने चेतावनी दी है कि अगर आम चुनाव में पारदर्शिता नहीं बरती गई और उनकी पार्टी को भी प्रतिस्पर्धा के लिए समान मौके नहीं मिले तो चुनाव के बाद देश में अस्थिरता और अराजकता और बढ़ेगी।



पाकिस्तान की अडियाला जेल में बंद इमरान खान ने शनिवार को मीडिया से बात की। इसी दौरान उन्होंने ये चेतावनी दी। इमरान ने दावा कि पार्टी को चुनाव में प्रचार के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पाकिस्तानी मीडिया के अनुसार, इमरान खान ने कहा कि पीटीआई कार्यकर्ताओं को अथॉरिटीज द्वारा परेशान किया जा रहा है और उन्हें हिरासत में लिया जा रहा है।

## ट्रंप राष्ट्रपति पद के लिए बूढ़े और मानसिक रूप से अयोग्य: हेली

**वाशिंगटन, एजेंसी**



▶▶ भारतवंशी निक्की हेली का डोनाल्ड ट्रंप पर पलटवार

अमेरिकी राष्ट्रपति के चुनाव पर पूरी दुनिया की नजरें टिकी हैं। इस साल के अंत में अंतिम दौर के मतदान के बाद अमेरिका के अगले राष्ट्रपति का चुनाव होगा। ऐसे में आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है। भारतीय-अमेरिकी रिपब्लिकन नेता निक्की हेली भी अमेरिकी राष्ट्रपति पद की दौड़ में शामिल हैं। वह लगातार अपने प्रतिद्वंद्वियों पर निशाना साध रही हैं। उन्होंने पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को बूढ़ा बताया है।

दरअसल, 77 साल के ट्रंप ने हाल ही में हेली पर 2021 में अमेरिकी राजधानी के छह जनवरी के विद्रोह को रोकने में विफल रहने के लिए उन पर आरोप लगाया था। इसी को लेकर, संयुक्त राष्ट्र की राजदूत रह चुकीं हेली ने दावा किया था कि ट्रंप राष्ट्रपति का चुनाव लड़ने के लिए मानसिक रूप से ठीक नहीं हैं।

निक्की हेली ने कहा, ' कल रात एक रैली में ट्रंप ने कई बार मेरे बारे में बात की। उन्होंने पूछा कि मैंने कैपिटल दंगों के दौरान सुरक्षा क्यों नहीं ली, मैंने छह जनवरी को बिगड़े हालातों को बेहतर तरीके से क्यों नहीं संभाला। तो मैं बता दूं मैं छह जनवरी को वाशिंगटन में नहीं थी। मैं तब कार्यालय में भी नहीं थी।' हालांकि, हेली अभी तक पूर्व राष्ट्रपति पर सीधा हमला करने से बच रही थीं। पर जैसे-जैसे चुनाव पास आते जा रहे हैं सियासी माहौल गर्माता जा रहा है।